Downloaded from https:// www.studiestoday.com

लेखाशास्त्र

कक्षा 12

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर

राजकीय विद्यालयों में निःशुल्क वितरण हेतु

प्रकाशक

राजस्थान राज्य पाठ्यपुस्तक मण्डल, जयपुर

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

संस्करण : 2017

© माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर
© राजस्थान राज्य पाठ्यपुस्तक मण्डल, जयपुर

मूल्य :

पेपर उपयोग : 80 जी.एस.एम. मैफलीथो पेपर आर.एस.टी.बी. वाटरमार्क

कवर पेपर : 220 जी.एस.एम. इण्डियन आर्ट कार्ड कवर पेपर

प्रकाशक : **राजस्थान राज्य पाठ्यपुस्तक मण्डल 2–2 ए, झालाना डूंगरी, जयपुर**

मुद्रक :

मुद्रण संख्या :

सर्वाधिकार सुरक्षित

- प्रकाशक की पूर्व अनुमति के बिना इस प्रकाशन के किसी भाग को छापना तथा इलैक्ट्रानिकी, मशीनी, फोटोप्रतिलिपि, रिकॉर्डिंग अथवा किसी अन्य विधि से पुनः प्रयोग पद्धति द्वारा उसका संग्रहण अथवा प्रसारण वर्जित है।
- इस पुस्तक की बिक्री इस शर्त के साथ की गई है कि प्रकाशक की पूर्व अनुमति के बिना यह पुस्तक अपने मूल आवरण अथवा जिल्द के अलावा किसी अन्य प्रकार से व्यापार द्वारा उधारी पर, पुनर्विक्रय या किराए पर न दी जाएगी, न बेची जाऐगी।
- इस प्रकाशन का सही मूल्य इस पृष्ठ पर मुद्रित है। रबड़ की मुहर अथवा चिपकाई गई पर्ची (स्टिकर) या किसी अन्य विधि द्वारा अंकित कोई भी संशोधित मूल्य गलत है तथा मान्य नहीं होगा।
- किसी भी प्रकार का कोई परिवर्तन केवल प्रकाशक द्वारा ही किया जा सकेगा।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

पाठ्यपुस्तक निर्माण समिति

लेखाशास्त्र

कक्षा 12

संयोजक

डॉ. राधेश्याम अग्रवाल
पूर्व संयुक्त निदेशक,
कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर

लेखकगण

प्रोफेसर जी. सोरल
अधिष्ठाता एवं संकायाध्यक्ष
विश्वविद्यालय वाणिज्य एवं प्रबन्ध अध्ययन महाविद्यालय
मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर

डॉ. सुनील कुमार गर्ग
वरिष्ठ प्रवक्ता, लेखाशास्त्र
बी.बी.डी. राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
चिमनपुरा (शाहपुरा) जयपुर

डॉ. पुष्पकान्त शाकद्वीपी
सह आचार्य, प्रबन्ध अध्ययन संकाय
पेसेफिक विश्वविद्यालय, उदयपुर

रोशनलाल तोतला
पूर्व अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी
प्रधानाचार्य, श्री महेश शिक्षा सदन उ.मा.विद्यालय
भीलवाड़ा

कृष्णकान्त पानेरी
प्रधानाचार्य
राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय
सलूम्बर (उदयपुर)

नि:शुल्क वितरण हेतु

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

पाठ्यक्रम समिति

लेखाशास्त्र

कक्षा 12

संयोजक

प्रोफेसर जी. सोरल
अधिष्ठाता एवं संकायाध्यक्ष
विश्वविद्यालय वाणिज्य एवं प्रबन्ध अध्ययन महाविद्यालय
मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर

लेखकगण

डॉ. अशोक गुप्ता
वरिष्ठ प्राध्यापक, लेखा एवं व्यावसायिक सांख्यिकी
राजकीय वाणिज्य महाविद्यालय, कोटा

डॉ. पृथ्वीराज मीणा
राजकीय महाविद्यालय,
गंगापुर सिटी (सवाई माधोपुर)

डॉ. कैलाश चन्द्र शर्मा
राजकीय महाविद्यालय,
चौमूं (जयपुर)

कृष्णकांत पानेरी
प्रधानाचार्य
राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय,
सलूम्बर (उदयपुर)

प्रकाश चन्द्र पाठक
प्रधानाचार्य, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय,
बालाकुण्डा, कोटा

मोतीलाल गोयल
प्रधानाचार्य, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय,
सांतपुर, तहसील–आबूरोड (सिरोही)

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

दो शब्द

विद्यार्थी के लिए पाठ्यपुस्तक क्रमबद्ध अध्ययन, पुष्टीकरण, समीक्षा और आगामी अध्ययन का आधार होती है। विषय-वस्तु और शिक्षण-विधि की दृष्टि से विद्यालयी पाठ्यपुस्तक का स्तर अत्यन्त महत्त्वपूर्ण हो जाता है। पाठ्यपुस्तकों को कभी जड़ या महिमामण्डित करने वाली नहीं बनने दी जानी चाहिए। पाठ्यपुस्तक आज भी शिक्षण-अधिगम-प्रक्रिया का एक अनिवार्य उपकरण बनी हुई है, जिसकी हम उपेक्षा नहीं कर सकते।

पिछले कुछ वर्षों में माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के पाठ्यक्रम में राजस्थान की भाषागत एवं सांस्कृतिक स्थितियों के प्रतिनिधित्व का अभाव महसूस किया जा रहा था, इसे दृष्टिगत रखते हुए राज्य सरकार द्वारा कक्षा-9 से 12 के विद्यार्थियों के लिए माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान द्वारा अपना पाठ्यक्रम लागू करने का निर्णय लिया गया है। इसी के अनुरूप बोर्ड द्वारा शिक्षण सत्र 2016-17 से कक्षा-9 व 11 तथा सत्र 2017-18 से कक्षा-10 व 12 की पाठ्यपुस्तकें बोर्ड के निर्धारित पाठ्यक्रम के आधार पर ही तैयार कराई गई हैं। आशा है कि ये पुस्तकें विद्यार्थियों में मौलिक सोच, चिंतन एवं अभिव्यक्ति के अवसर प्रदान करेंगी।

प्रो. बी.एल. चौधरी
अध्यक्ष
माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर

नि:शुल्क वितरण हेतु

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

प्रस्तावना

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर 10 + 2 योजना के अन्तर्गत कक्षा 12 के वाणिज्य वर्ग के लेखाशास्त्र विषय के लिए स्वीकृत नवीनतम पाठ्यक्रमानुसार पुस्तक का प्रथम संस्करण पाठकों के समक्ष प्रस्तुत करते हुए हमें अत्यन्त प्रसन्नता का अनुभव हो रहा है।

लेखाशास्त्र वाणिज्य अध्ययन का एक महत्वपूर्ण अंग है। प्राचीन काल में लेखाशास्त्र का क्षेत्र अत्यन्त सीमित था परन्तु व्यापार एवं उद्योग, परिवहन, बैंकिंग, बीमा आदि के लिए लेखांकन एक अनिवार्य आवश्यकता बन गया है। अतः वाणिज्य वर्ग के विद्यार्थियों के लिए लेखाशास्त्र का गहन अध्ययन करना आवश्यक है। इसके अतिरिक्त वर्तमान में उच्च अध्ययन की विभिन्न शाखाओं का विस्तार व्यापक रूप से हो रहा है। इन तथ्यों को ध्यान में रखते हुए बोर्ड के नये पाठ्यक्रम में निर्दिष्ट अध्यायों का समावेश किया गया हैं। उसी अनुरूप लेखाशास्त्र की इस पुस्तक की रचना की गई हैं। प्रस्तुत पुस्तक की प्रमुख विशेषताएं निम्न प्रकार हैं–

1. पाठ्यक्रम से सम्बन्धित सम्पूर्ण सामग्री का समावेश तथा विषय वस्तु में सामंजस्य रखने का प्रयास किया गया है।
2. विद्यार्थियों में विषय के प्रति रुचि उत्पन्न करने एवं विषय की व्यापकता को ध्यान में रखते हुए छोटे–छोटे उदाहरणों के माध्यम से लेखांकन के सैद्धान्तिक पहलुओं को समझाया गया है।
3. लेखांकन के व्यावहारिक पहलूओं को समझने के लिए सरल से कठिन के क्रम में पर्याप्त उदाहरणों का समावेश विस्तृत कार्यशील टिप्पणियों सहित किया गया है।
4. प्रत्येक अध्याय के अन्त में विद्यार्थियों के अभ्यासार्थ बोर्ड के नवीन निर्देशानुसार बहुचयनात्मक, अति लघूत्तरात्मक, लघूत्तरात्मक, निबन्धात्मक तथा आंकिक प्रश्नों का पर्याप्त संख्या में समावेश किया गया है।
5. तकनीकी शब्दों को अंग्रेजी भाषा में भी लिखा गया है।
6. सीनियर सैकेण्डरी की पूर्व परीक्षाओं के प्रश्न–पत्रों में से भी प्रश्नों का चयन किया गया है।
7. पुस्तक को यथासम्भव त्रुटि रहित बनाने का प्रयास किया गया है।
8. स्थानाभाव व प्रस्तुतिकरण की सरलता हेतु इस पुस्तक में कतिपय स्थानों पर निर्धारित लेखा प्रारूप में हल नहीं दिये गये हैं किन्तु विद्यार्थियों को निर्धारित प्रारूपों का ही उपयोग करना होगा।
9. भारतीय चार्टर्ड लेखापाल संस्थान द्वारा जारी किये गये अनिवार्य लेखा मानकों के निर्देशों का भी यथास्थान पालन किया गया है।

अन्त में, हम अपने समस्त सहयोगियों, शुभचिन्तकों एवं परिजनों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हैं जिनके मार्गदर्शन एवं शुभकामनाओं से यह कार्य सम्पन्न हो सका। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, के अध्यक्ष प्रो. बी. एल. चौधरी के कुशल मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में यह कार्य सम्पन्न हो सका, एतदर्थ हम आपके आभारी है।

हमें पूर्ण विश्वास है कि हमारा यह प्रयास लेखाशास्त्र के ज्ञान–पिपासु विद्यार्थियों के लिए उपयोगी होगा। अध्ययन, अध्यापन व लेखन क्रिया अनन्त व अनवरत है। अतः शिक्षक बन्धुओं एवं विद्यार्थियों से अनुरोध है कि वे समय–समय पर अपने सकारात्मक सुझाव देकर पुस्तक को परिमार्जित करने में हमें सहयोग प्रदान करें।

लेखकगण

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

लेखाशास्त्र (ACCOUNTANCY)

समय 3.15 घण्टे | पूर्णांक–80

	अंक
भाग–(क)	
1. साझेदारी का सामान्य परिचय	
2. नये साझेदार का प्रवेश	
3. साझेदारी का अवकाश ग्रहण एवं मृत्यु पर लेखे	
4. साझेदारी फर्म का समापन	25
5. कम्पनी खाते, अंश एवं ऋण पत्रों का निर्गमन	
6. कम्पनी के वित्तीय विवरण परिचय	12
7. संयुक्त साहस खाते	7
8. प्रेषण खाता	8
9. गैर व्यापारिक संस्थाओं तथा पेशेवर व्यक्तियों के लेखे	8
भाग–(ख)	
1. वित्तीय विवरणों का विश्लेषण	7
2. अनुपात विश्लेषण	9
3. लेखाशास्त्र में नैतिकता	4
अथवा	
भाग–(ग)	
1. इलैक्ट्रॉनिक स्प्रैडशीट का लेखांकन में प्रयोग	10
2. कम्प्यूटरीकृत लेखांकन पद्वति	5
3. डेटाबेस मैनेजमेंट सिस्टम	5

नोट : खण्ड–ख अथवा ग में से एक का चयन करना है।

Details of the Syllabus

भाग–(क)

1. साझेदारी का सामान्य परिचय– अर्थ, आवश्यकताएं, साझेदारी के प्रकार, साझेदारी संलेख, संलेख के अभाव में सर्वमान्य नियम, साझेदारों के पूंजी खाते, स्थिर पूँजी पद्धति एवं परिवर्तनशील पूँजी पद्धति, पूँजी पर ब्याज की गणना, आहरण पर ब्याज की गणना, माह की प्रथम, अन्तिम एवं मध्य दिनांक से तथा गुणनफल विधि से, लाभों का बंटवारा, नये साझेदार को लाभ की गारन्टी, साझेदारी खाते बंद करने से पूर्व एवं खाते बंद करने के पश्चात समायोजन : एकल प्रविष्टि एवं प्रविष्टियों द्वारा, लाभ–हानि समायोजन खाता।

2. नये साझेदार का प्रवेश – नये साझेदार के अधिकार, लाभ–हानि विभाजन अनुपात, त्याग अनुपात, ख्याति का अर्थ एवं परिभाषा, ख्याति के प्रकार, ख्याति का मूल्यांकन एवं लेखांकन (गुप्त ख्याति सहित), अवितरित लाभ हानियों का बंटवारा, सम्पत्ति एवं दायित्वों का पुनर्मूल्यांकन, सम्पत्ति एवं दायित्वों के पुस्तक मूल्य में परिवर्तन न करने पर लेखे, पूँजी का समायोजन : नये साझेदार की पूँजी के आधार पर पुराने साझेदारों की पूँजी का समायोजन एवं पुराने साझेदारों की पूँजी के आधार पर नये साझेदार की पूँजी का निर्धारण, प्रवेश के बाद स्थिति विवरण, वर्तमान साझेदारों के लाभ विभाजन अनुपात में परिवर्तन एवं परिवर्तन के प्रभावों का लेखा।

3. साझेदारी का अवकाश ग्रहण एवं मृत्यु पर लेखे– समस्याएं एवं उनका लेखांकन, साझेदार के अवकाश ग्रहण करने या मृत्यु होने पर देय राशि का निर्धारण, देय राशि का भुगतान, फायदे का अनुपात, नया लाभ–हानि विभाजन अनुपात, ख्याति का लेखांकन, अवितरित लाभ एवं हानियों का बंटवारा, सम्पत्ति एवं दायित्वों का पुनर्मूल्यांकन, अवकाश/मृत्यु तक साझेदार को पूँजी पर ब्याज, पारिश्रमिक, लाभ में हिस्सा, संयुक्त बीमा पॉलिसी एवं पृथक–पृथक बीमा पॉलिसी की दशा में समायोजन (समर्पण मूल्य सहित), मृतक साझेदार के उत्तराधिकारी का पूंजी खाता एवं लेखे, देय राशि के भुगतान की विधियां– एकमुश्त भुगतान, किश्तों में भुगतान व वार्षिक विधि द्वारा भुगतान, किसी साझेदार के अवकाश ग्रहण या मृत्यु पर देय राशि का निस्तारण न करने पर धारा–37 के प्रावधान।

4. साझेदारी फर्म का समापन– फर्म के समापन के प्रकार, फर्म एवं साझेदारी के समापन में अन्तर, वसूली खाते एवं पुनर्मूल्यांकन खाते में अन्तर, फर्म के समापन पर की जाने वाली लेखांकन–(i) वसूली खाता, (ii) बैंक एवं रोकड़ खाता, (iii) साझेदारों के पूँजी खाते (iv) अन्य आवश्यक खाते।

सम्पत्ति एवं दायित्वों का हस्तान्तरण, दायित्वों का भुगतान, पुस्तकों में दर्ज नहीं हुई सम्पत्ति एवं दायित्वों का लेखा, साझेदार के दिवालिया होने पर लेखे (गार्नर बनाम मर्रे नियम सहित)

निःशुल्क वितरण हेतु

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

5. कम्पनी लेखे : **अंश एवं ऋण पत्रों का निर्गमन– अंश निर्गमन** : अंशों के प्रकार, अंश पूँजी के प्रकार एवं चिट्ठे में प्रकटीकरण। **अंश निर्गमन की प्रक्रिया** : अंश निर्गमन– सम मूल्य व प्रीमियम पर, रोकड़ के अतिरिक्त अन्य प्रतिफल में अंश निर्गमन, बकाया मांग, अग्रिम मांग, अधिकार अंश, स्वेट समता अंश, **ऋण पत्र का निर्गमन** : ऋण पत्र का अर्थ, प्रकार, अंश व ऋण पत्र में अंतर, ऋण पत्र का निर्गमन–सम मूल्य, बट्टा, प्रीमियम एवं समपार्श्विक प्रतिभूति के रूप में, निर्गमन पर बट्टा या हानि को अपलिखित करना, ऋण पत्र पर ब्याज का लेखांकन, चिट्ठे में प्रकटीकरण।

6. कम्पनी के वित्तीय विवरण परिचय–कम्पनी वित्तीय विवरण परिचय तथा उनमें दर्शायी जाने वाली विभिन्न मदों का अर्थ, लाभ–हानि विवरण का प्रारूप एवं इसे तैयार करने के लिए सामान्य निर्देश, चिट्ठा/स्थिति विवरण का प्रारूप एवं इसे तैयार करने के लिए सामान्य निर्देश।

7. संयुक्त साहस खाते–संयुक्त साहस का अर्थ, विशेषतायें, संयुक्त साहस व साझेदारी में अंतर, संयुक्त साहस सम्बन्धी व्यवहारों के लेखांकन की विधियां : **(i)** संयुक्त साहस का लेखा करने हेतु पृथक पुस्तकें रखना, **(ii)** पृथक लेखा पुस्तकें नहीं रखना–प्रत्येक सह साहसी द्वारा केवल स्वयं के व्यवहारों का लेखा करना, प्रत्येक सह साहसी द्वारा सभी व्यवहारों का लेखा करना।

8. प्रेषण खाता– प्रेषण का अर्थ, विशेषताएं, प्रेषण से सम्बंधी शब्दावली, सूचनार्थ बीजक व बीजक में अन्तर, प्रेषण तथा विक्रय में अंतर, प्रेषण व संयुक्त साहस में अंतर, प्रेषण सम्बंधी व्यवहारों का लेखा, प्रेषणी के पास बिना बिके स्टॉक का मूल्यांकन, प्रेषण पर भेजे माल की हानि : सामान्य व असामान्य, क्षतिग्रस्त माल, प्रेषणी की लापरवाही के कारण हानि, स्टॉक के बाजार मूल्य में कमी, आंशिक रुप से क्षतिग्रस्त माल की मरम्मत, क्षतिग्रस्त माल का प्रेषणी द्वारा विक्रय, बीजक मूल्य पर माल का प्रेषण व लेखा, प्रेषणी को लाभ में हिस्सा या विशेष कमीशन, प्रेषण का संयुक्त साहस में परिवर्तन।

9. गैर व्यापारिक संस्थाओं तथा पेशेवर व्यक्तियों के लेखे– परिचय, प्रयुक्त अभिलेख, सदस्यता रजिस्टर, स्टॉक रजिस्टर व रोकड़ बही, विशिष्ट मदें, **प्राप्ति एवं भुगतान खाता** : अर्थ, तैयार करने की विधि व बनाना, प्राप्ति एवं भुगतान खाता तथा रोकड़ बही में अंतर, **आय व्यय खाता** : अर्थ, तैयार करने की विधि व बनाना, चिट्ठा तैयार करना, प्राप्ति एवं भुगतान खाता व आय व्यय खाते में अंतर, प्राप्ति व भुगतान खाता एवं आय व्यय खाते से प्रारम्भिक व अन्तिम चिट्ठा तैयार करना, आय व्यय खाते एवं चिट्ठे से प्राप्ति एवं भुगतान खाता बनाना।

भाग–(ख)

1. वित्तीय विवरणों का विश्लेषण– प्रस्तावना, वित्तीय विवरणों का अर्थ, परिभाषा, उद्देश्य, प्रकृति विशेषताएं, उपयोगिता एवं सीमाएं। **वित्तीय विवरणों का विश्लेषण की प्रक्रिया** : वित्तीय विवरणों का विश्लेषण की तकनीकें, तुलनात्मक वित्तीय विवरण, समानाकार वित्तीय विवरण, प्रवृति विश्लेषण, अनुपात विश्लेषण।

2. अनुपात विश्लेषण– अनुपात विश्लेषण का अर्थ, अनुपातों की अभिव्यक्ति, उद्देश्य या महत्व, सीमाएं, अनुपातों के प्रयोग में सावधानियां, **अनुपातों का वर्गीकरण** : संरचनात्मक वर्गीकरण, कार्यात्मक वर्गीकरण, **अग्रलिखित के प्रमुख अनुपातों की गणना** : तरलता अनुपात, शोधन क्षमता अनुपात, क्रियाशीलता अनुपात, लाभदायकता अनुपात एवं विनियोग विश्लेषण अनुपात।

3. लेखाशास्त्र में नैतिकता– परिचय, नैतिकता की अवधारणा एवं अर्थ, स्वभाव, स्रोत, नैतिकता एवं पेशेवर लेखाकार, **लेखांकन में नैतिकता** : रोकड़ प्राप्ति के सम्बंध में, रोकड़ भुगतान के सम्बंध में, माल के सम्बंध में, अन्य सम्पत्तियों व दायित्वों के सम्बन्ध में दिखावटी लेनदेन।

अथवा

भाग–(ग)

1. इलैक्ट्रॉनिक स्प्रैडशीट का लेखांकन में प्रयोग : अवधारणा, उपयोगिता, विशेषताएं, पैरोल तैयार करना, तालिका, ग्राफ, फार्मूले, कर की गणना, ऋण पर ब्याज व किस्त की राशि की गणना, ह्रास की गणना, वित्तीय पूर्वानुमान।

2. कम्प्यूटरीकृत लेखांकन पद्धति : पद्धति की स्थापना की प्रक्रिया, लेखांकन सूचना प्रणाली, मानवीय व कम्प्यूटर लेखा प्रणाली में अंतर, विशेषाएं एवं सीमाएं, मूल संरचना सॉफ्टवेयर के प्रकार, कोडिंग एवं खातों का अनुक्रम, डेटा : लाभ–हानि खाता एवं चिट्ठा।

3. डेटाबेस मैनेजमेंट सिस्टम : उद्भव, अवधारणा, विशेषताएं, संरचना, लाभ, तत्व प्रकार,, व्यावसायिक उपयोग, तत्व–सारणी, क्वैरी एवं प्रतिवेदन (एम.एस.एक्सेस), विभिन्न लेखांकन सूचनाएं उत्पन्न करना, एस.क्यू.एल.।

निर्धारित पुस्तकें :

लेखाशास्त्र – मा.शि.बोर्ड, राज., अजमेर द्वारा प्रकाशित।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

अनुक्रमणिका

	अध्याय	पृष्ठ
	भाग—क	
1.	साझेदारी का सामान्य परिचय (General Introduction of Partnership)	1—29
2.	नये साझेदार का प्रवेश (Admission of a New Partner)	30—94
3.	साझेदार का अवकाश ग्रहण एवं मृत्यु पर लेखे (Accounting for Retirement & Death of Partner)	95—156
4.	फर्म का समापन (Dissolution of Firm)	157—177
5.	कम्पनी लेखे : अंशों व ऋण पत्रों का निर्गमन (Company Accounts : Issue of Shares & Debentures)	178—227
6.	कम्पनी के वित्तीय विवरण परिचय (Introduction of Financial Statements of Company)	228—254
7.	संयुक्त साहस खाते (Joint Venture Accounts)	255—279
8.	प्रेषण खाते (Consignment Accounts)	280—304
9.	गैर व्यापारिक संस्थाओं तथा पेशेवर व्यक्तियों के लेखे (Accounting for Non Trading Organisations & Professional Persons)	305—346
	भाग—ख	
10.	वित्तीय विवरणों का विश्लेषण (Analysis of Financial Statements)	347—378
11.	अनुपात विश्लेषण (Ratio Analysis)	379—410
12.	लेखाशास्त्र में नैतिकता (Ethics in Accounting)	411—416
	अथवा	
	भाग—ग	
13.	इलेक्ट्रॉनिक स्प्रेडशीट का लेखांकन में प्रयोग (Application of Electronic Spreadsheet in Accounting)	417—437
14.	कम्प्यूटरीकृत लेखांकन पद्धति (Computerised Accounting System)	438—455
15.	डेटाबेस मैनेजमेन्ट सिस्टम (Database Managment System)	456—475

नि:शुल्क वितरण हेतु

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

1

साझेदारी का सामान्य परिचय
(General Introduction of Partnership)

अध्ययन उद्देश्य

इस अध्याय का अध्ययन करने के पश्चात्, आप यह समझने योग्य हो जाते है:

- साझेदारी का अर्थ, परिभाषा, आवश्यकता, विशेषतायें व प्रकार
- साझेदारी संलेख का अर्थ, विषय–वस्तु, अभाव में लागू होने वाले नियम
- साझेदारों के पूँजी खाते, स्थिर परिवर्तनशील विधि से बनाना, अन्तर करना
- साझेदारों में लाभों का विभाजन तथा लाभ–हानि नियोजन खाता
- पूँजी तथा आहरणों पर विभिन्न स्थितियों के अन्तर्गत ब्याज का परिकलन व लेखा
- साझेदारी फर्म के बन्द हुए खातों का समायोजन
- साझेदार को न्यनूतम लाभ का आश्वासन या गारण्टी का समायोजन

साझेदारी का अर्थ और परिभाषा (Meaning & Definition of Partnership)

साझेदारी से सम्बंधित प्रावधान भारतीय साझेदारी अधिनियम 1932 में दिये गये है। भारतीय साझेदारी अधिनियम 1 अक्टूबर 1932 को लागू हुआ जो जम्मू कश्मीर को छोडकर सम्पूर्ण भारत पर लागू होता है। इस अधिनियम के लागू होने से पूर्व साझेदारी से संबंधित प्रावधान भारतीय संविदा (अनुबंध) अधिनियम 1872 में दिये गये थे।

साझेदारी का आशय व्यावसायिक संगठन के ऐसे स्वरूप से है जिसमें दो या दो से अधिक व्यक्ति स्वेच्छा से किसी वैधानिक व्यापार को चलाने के लिए सहमत होते है। व्यवसाय में पूँजी लगाते है, प्रबंधकीय योग्यता का सामूहिक प्रयोग करते है तथा लाभों को आपस में बांटते है।

सर फ्रेडरिक पालाक (**Sir Fredrick pollock**) के अनुसार "साझेदारी उन व्यक्तियों के बीच का संबंध है जिन्होंने सबके द्वारा अथवा सबकी ओर से उनमें से किसी के द्वारा किये जाने वाले व्यापार के लाभों में हिस्सा बंटाने के लिए ठहराव किया है।" भारतीय साझेदारी अधिनियम 1932 की धारा 4 के अनुसार "साझेदारी उन व्यक्तियों के मध्य पारस्परिक संबंध है जो किसी ऐसे व्यवसाय के लाभों को बांटने के लिए सहमत हुए है जिसका संचालन उन सभी के द्वारा या उन सभी की ओर से किसी एक के द्वारा किया जाता है।" साझेदारी में जो व्यक्ति शामिल होते है व्यक्तिगत रूप से साझेदार कहलाते हैं और सामूहिक रूप से फर्म कहलाते है। जिस नाम से साझेदारी का व्यवसाय किया जाता है, उसे फर्म का नाम कहा जाता है।

साझेदारी की आवश्यकता (Need of Partnership)

सीमित पूँजी, सीमित प्रबंध, क्षमता व चातुर्य, अनिश्चित अस्तित्व आदि एकाकी व्यापार की कमियों को दूर करने के लिए साझेदारी का उद्भव हुआ है। पूँजी, कार्यकुशलता, अनुभव की पूर्ति के लिए साझेदारी की स्थापना की जाती है। वास्तव में यह विकेंद्रित साधनों का केंद्रीयकरण है जैसे कहीं पर पूँजी है तो कहीं पर प्रतिभा। संक्षेप में साझेदारी की आवश्यकता एकाकी व्यापार की कमियों को दूर करने के लिए हुई हैं।

साझेदारी की विशेषताएँ (Characteristics of Partnership)

साझेदारी में निम्नलिखित विशेषताएं होती हैं –

1. दो या दो से अधिक व्यक्ति का होना (Two or More than Two Persons) : साझेदारी की स्थापना के लिए कम से कम दो व्यक्तियों का होना आवश्यक है क्योंकि कोई भी अकेला व्यक्ति स्वयं का **1.** साझेदार नही हो सकता। साथ ही ऐसे व्यक्ति अनुबंध करने की क्षमता रखते हो । अतः भारतीय अनुबंध अधिनियम 1872 के अनुसार एक अवयस्क, पागल व कानून द्वारा अयोग्य घोषित व्यक्ति फर्म में साझेदार के रूप में शामिल नहीं हो सकते है। इसी विशेषता के आधार पर यदि भविष्य में साझेदारों की संख्या घटकर एक रह जाये तो साझेदारी स्वतः समाप्त हो जाती है।

भारतीय साझेदारी अधिनियम में साझेदारों की अधिकतम संख्या का कहीं उल्लेख नहीं किया गया है । कम्पनी अधिनियम की धारा 464 के अनुसार एक साझेदारी संस्था में साझेदारो की अधिकतम संख्या वह होगी जो निर्धारित की जायेगी, जो 100 से अधिक नहीं होगी। लेकिन कम्पनी (विविध) नियम 2014 के नियम 10 के अंतर्गत यह संख्या 50 तक सीमित कर दी गयी हैं।

2. साझेदारों के मध्य समझौता या अनुबंध होना (Agreement Among Partners): – साझेदारी का जन्म समझौते द्वारा होता है अतः साझेदारों के मध्य समझौता होना आवश्यक है । समझौता लिखित अथवा मौखिक हो सकता है लेकिन भविष्य में किसी भी विवाद से बचने के लिए लिखित समझौता उचित रहता है। भारतीय अनुंबध अधिनियम की धारा 5 के अनुसार

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

''साझेदारी का जन्म अनुबंध से होता है किसी स्थिति के कारण नही'' बिना ठहराव के साझेदारी का जन्म नहीं हो सकता है। केवल दो पक्षकारों द्वारा मिलकर कारोबार करने मात्र से वे साझेदार नही बन जाते हैं। इसी प्रकार साझेदारी का जन्म कानून के प्रभाव से तथा उत्तराधिकार से भी नही होता है । यह तो केवल ठहराव से ही उत्पन्न होता है।

3. लाभों का विभाजन (sharing of profits):– साझेदारी का प्रमुख उद्देश्य लाभ कमाना व उसे साझेदारों के मध्य बांटना हैं। कोई भी संस्था जिसका उद्देश्य लाभ कमाना नही हो अर्थात परोपकार करना हो, कानूनी रूप से साझेदारी नहीं हो सकती है। साझेदार का लाभ में हिस्सा होना महत्वपूर्ण है, परन्तु हानि में हिस्सा होना आवश्यक नहीं है। जैसे अवयस्क साझेदार का केवल फर्म के लाभों में हिस्सा होता है हानियों में नही। विपरीत अनुंबध के अभाव में हानियों को भी लाभों के अनुपात में बांटा जाता है।

4. व्यवसाय का होना (carrying on a business) :– साझेदारी के गठन का उद्देश्य किसी वैध व्यवसाय को चलाना होना चाहिए। व्यवसाय शब्द में प्रत्येक व्यापार, धंधा व पेशा (Trade, Vocation & Profession) शामिल है। यदि किसी भी संस्था का गठन धार्मिक या सामूहिक कार्यो के लिए किया जाता है तब उसे साझेदारी नही माना जाता है ।

5. व्यवसाय का संचालन सभी के द्वारा या उन सभी की और से किसी एक द्वारा किया जा सकता है (Business carried on by all or any of them acting for all) :– कानूनी रूप से व्यवसाय के संचालन में सभी साझेदार भाग ले सकते हैं परन्तु व्यवसाय का संचालन उन सभी की सहमति से कोई भी साझेदार कर सकता है। क्योंकि प्रत्येक साझेदार फर्म का ऐजेन्ट भी होता है और स्वामी भी। ऐजेन्ट इसलिए क्योंकि वह अपने कार्यो सें अन्य साझेदारों को बाध्य कर सकता है और स्वामी इसलिए क्योंकि वह स्वयं अन्य साझेदारों के कार्यों से बाध्य होता हैं।

6. अधिनियम (Act) :– साझेदारी व्यवसाय भारतीय साझेदारी अधिनियम, 1932 द्वारा संचालित होता है।

7. असीमित दायित्व (Unlimited liability) :– साझेदारी में प्रत्येक साझेदार का दायित्व असीमित होता है। अन्य शब्दों में साझेदार के समस्त दायित्व के लिए प्रत्येक साझेदार संयुक्त व पृथक दोनो प्रकार से उत्तरदायी होता है ।

8. पृथक अस्तित्व नहीं (No Separate Existence) :– साझेदारी फर्म का साझेदारों से पृथक अस्तित्व नहीं होता है। अस्तित्व अलग न होने से आशय यह है कि फर्म से संबंधित सभी अनुबंध फर्म पर लागू होने के साथ – साथ प्रत्येक साझेदार पर भी संयुक्त व व्यक्तिगत रूप से लागू होते है ।



1. दायित्व के अनुसार साझेदारी:

(अ) सीमित दायित्व साझेदारी (Limited Liability Partnership) LLP- सीमित दायित्व साझेदारी अधिनियम 2008 के अन्तर्गत स्थापित एक निगम हैं। यह एक कृत्रिम व्यक्ति है, इसका पृथक वैधानिक अस्तित्व है तथा शाश्वत जीवन है, जिसकी सार्व–मुद्रा है जो सीमित दायित्व पर आधारित है, सीमित दायित्व साझेदारी में साझेदारों का दायित्व सीमित होता है। साझेदारों की निजी सम्पत्तियों पर साझेदारी फर्म का कोई अधिकार नहीं होता हैं।

(ब) असीमित दायित्व साझेदारी (Unlimited Liability Partnership) जिस साझेदारी में सभी साझेदारों का दायित्व असीमित होता है अर्थात जब फर्म के दायित्वों को चुकाने के लिए सभी साझेदार सयुंक्त व व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी होते है तो ऐसी साझेदारी असीमित दायित्व साझेदारी कहलाती हैं।

2. समयानुसार साझेदारी (Partnership According to Time)

(अ) निश्चितकालीन साझेदारी (Fixed Time Partnership)

ऐसी साझेदारी जिसकी स्थापना एक निश्चित समय के लिए की गई हो, निश्चितकालीन साझेदारी कहलाती हैं तथा उस समय के समाप्त होते ही साझेदारी स्वतः समाप्त हो जाती हैं।

(ब) अनिश्चितकालीन साझेदारी (Non Fixed Time Partnership)

ऐसी साझेदारी जिसकी स्थापना निश्चित समय के लिए नहीं की जाती अनिश्चितकालीन साझेदारी कहलाती हैं।

3. उद्देश्यानुसार साझेदारी (Partnership according to objects)

(अ) ऐच्छिक साझेदारी (Partnership at will)

यदि सभी साझेदार निश्चित अवधि की साझेदारी को अवधि समाप्त होने के बाद भी जारी रखना चाहते है तो वह साझेदारी ऐच्छिक साझेदारी बन जाती हैं।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

(ब) विशेष साझेदारी (Particular Partnership)
किसी विशेष कार्य अथवा उद्देश्य के लिए स्थापित साझेदारी विशेष साझेदारी कहलाती हैं। उद्देश्य के पूर्ण होने पर ऐसी साझेदारी स्वतः समाप्त हो जाती हैं।

4. वैधता के अनुसार साझेदारी (Partnership According to Legality)

(अ) वैध साझेदारी (Legal Partnership) देश के प्रचलित नियमों से अनुसार स्थापित साझेदारी वैध साझेदारी कहलाती है।
(ब) अवैध साझेदारी (Illegal Partnership) यदि किसी साझेदारी की स्थापना प्रचलित नियमों के अनुसार न हो तो ऐसी साझेदारी अवैध साझेदारी कहलाती है। निम्न दशाओं में एक साझेदारी अवैध कहलाती है।

(1) जबकि साझेदारी की स्थापना का उद्देश्य गैर कानूनी हो।
(2) जबकि साझेदारों की संख्या दो से कम हो जाये व अधिकतम संख्या 50 से अधिक हो जाये।
(3) जबकि साझेदारी का व्यापार लोक नीति या अंतर्राष्ट्रीय नीति के विरूद्ध हो।
(4) जबकि किसी साझेदार में शत्रु राष्ट्र का नागरिक बना दिया जाये।

साझेदारी संलेख में सम्मिलित होने वाली बातें **(Contents of Partnership Deed)** : साझेदारों के मध्य लिखित समझौता साझेदारी संलेख कहलाता है। साझेदारी संलेख में निम्न बातों का उल्लेख किया जाता है।

(1) फर्म का नाम व पता।
(2) साझेदारों के नाम व पते।
(3) साझेदारी व्यवसाय की प्रकृति व कार्यक्षेत्र।
(4) लाभ विभाजन अनुपात।
(5) साझेदारों की पूँजी।
(6) पूँजी पर ब्याज के संबंध में प्रावधान।
(7) आहरण की राशि।
(8) आहरण पर ब्याज के संबंध में प्रावधान।
(9) फर्म की लेखा पुस्तके रखने की विधि।
(10) साझेदारों को देय वेतन, बोनस व कमीशन आदि।
(11) खातों का अंकेक्षण
(12) साझेदारी की अवधि
(14) साझेदारों के ऋण व उस पर ब्याज की दर
(14) पूँजी खाते रखने की विधि
(15) साझेदारों के अधिकार, कर्तव्य व दायित्व
(16) विवादों के निपटारे की विधि
(17) नये साझेदार के प्रवेश पर प्रावधान
(18) नये साझेदार के प्रवेश, अवकाश ग्रहण करने, मृत्यु होने व लाभ विभाजन अनुपात में परिवर्तन होने पर ख्याति का मूल्यांकन व लेखा।
(19) किसी साझेदार के अवकाश ग्रहण करने या मृत्यु पर हिसाब के निपटारे की विधि।
(20) फर्म के समापन की विधि व परिस्थितियां
(21) फर्म के समापन पर हिसाब के निपटारे की विधि
(22) किसी साझेदार के दिवालिया होने पर गॉर्नर v/s मर्रे नियम का प्रयोग

साझेदारी संलेख के अभाव में लागू होने वाले नियम (Rules applicable in absence of Partnership Deed)

1. लाभ विभाजन अनुपात– साझेदारों के मध्य लाभ विभाजन समान अनुपात (बराबर 2) में होगा।
2. पूँजी पर ब्याज– साझेदारों को पूँजी पर ब्याज नहीं दिया जायेगा।
3. आहरण पर ब्याज– साझेदारों द्वारा किये गये आहरण पर फर्म ब्याज नहीं लेगी।
4. साझेदारों को पारिश्रमिक– साझेदारों को पारिश्रमिक (वेतन, कमीशन) नहीं दिया जायेगा।
5. साझेदारों के ऋणो पर ब्याज– 6 प्रतिशत वार्षिक की दर से ब्याज दिया जायेगा।
6. प्रत्येक साझेदार को व्यापार संचालन व प्रबंध में हिस्सा लेने का अधिकार होगा।
7. प्रत्येक साझेदार को फर्म की पुस्तकों को देखने, निरीक्षण करने व उनकी प्रतिलिपि लेने का अधिकार होगा।

साझेदारों के पूँजी खाते (Capital A/c of Partners)
साझेदारों के पूँजी खाते बनाने की दो विधियां हैं
पूँजी खाते (Capital Accounts)

- **स्थिर (अपरिवर्तनशील) पूँजी खाता विधि**
  Fixed Capital A/c Method
  - **साझेदारों के पूँजी खाते** — **Partners Capital A/c**
  - **साझेदारों के चालू खाते** — **Partners Current A/c**
- **परिवर्तनशील पूँजी खाता विधि**
  Fluctuating Capital A/c Method
  - **साझेदारों के पूँजी खाता** — **Partners Capital A/c**

साझेदारों के पूँजी खाते (Partners Capital Accouts) –

1. स्थिर पूंजी खाता विधि–जब सभी साझेदार यह निश्चित कर लेते है कि उनकी पूँजी में कोई परिवर्तन नहीं किया जायेगा, तो ऐसी दशा में साझेदारों के पूँजी खाते स्थायी पूँजी खाते कहलाते हैं स्थायी पूंजी खाता विधि में साझेदारों के पूँजी से सम्बन्धित दो खाते खोले जाते है।

1. साझेदारों के पूँजी खाते **2.** साझेदारों के चालू खाते

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

1.साझेदारो के पूँजी खाते – इस खाते में केवल साझेदार द्वारा फर्म में लगायी गयी पूँजी का ही लेखा किया जाता हैं पूँजी खाते का शेष प्रतिवर्ष एक समान रहता है उस विशेष परिस्थिति को छोड़कर जब साझेदार अतिरिक्त पूँजी लगाये व स्थायी रुप से पूँजी निकाले अन्यथा साझेदारों के पूँजी खातों के प्रारम्भिक व अंतिम शेषों में कोई परिवर्तन नहीं होता है इस कारण से इस खाते का शेष सदैव क्रेडिट होता हैं।

2.साझेदारों के चालू खाते –साझेदारों के पूँजी लगाने व निकालने के अतिरिक्त अन्य सभी मदों का लेखा इस खाते में करते हैं। इस खाते के क्रेडिट पक्ष पर साझेदारों का वेतन, कमीशन, पूँजी पर ब्याज व लाभों में हिस्से का लेखा किया जाता है। इस खाते के डेबिट पक्ष पर साझेदारों के आहरण, आहरण पर ब्याज व हानि में हिस्से का लेखा किया जाता हैं। इस खाते का शेष डेबिट अथवा क्रेडिट हो सकता हैं।

Format

Dr. **Partner's Capital A/c** **Cr.**

Particulars	A ₹	B ₹	Particulars	A ₹	B₹
To Cash/Bank A/c	xx	xx	By Balance b/d	xx	xx
(Permanent withdraw of Capital)			By Cash/Bank	xx	xx
To Balance c/d	xx	xx	(Additional Capital introduced)		
	xx	**xx**		**xx**	**xx**

Dr. **Partner's Current A/c** **Cr.**

Particulars	A ₹	B ₹	Particulars	A ₹	B ₹
To Balance b/d	xx	xx	By Balance b/d	xx	xx
To Drawings	xx	xx	By interest on Capital	xx	xx
To interest on Drawings	xx	xx	By Salary	xx	xx
To P&L Appropriation A/c (Loss)	xx	xx	By Commission	xx	xx
To Balance c/d	xx	xx	By P & L Appropriation A/c	xx	xx
	xx	**xx**	(Profit)	**xx**	**xx**

नोटः यदि प्रश्न में चिट्ठे के अंतर्गत साझेदारों के चालू खातों का शेष दिया जाता है तो इसका आशय यह है कि साझेदारों के पूँजी खाते स्थिर पूँजी खाता विधि से रखे जाते हैं।

2..परिवर्तनशील पूंजी खाता विधिः–जब साझेदारों के पूँजी खातों के शेष प्रतिवर्ष बदलते रहते हैं तो उन्हें परिवर्तनशील पूँजी खाते कहते हैं। पूँजी तथा पूँजी को बढ़ाने वाली मदें (साझेदारों का वेतन, कमीशन, पूँजी पर ब्याज, लाभ में हिस्सा) क्रेडिट पक्ष में तथा पूँजी को घटाने वाली मदें (आहरण, आहरण पर ब्याज, हानि में हिस्सा) डेबिट पक्ष में दिखाते हैं जिसके परिणाम स्वरूप पूँजी खाते के प्रारम्भिक व अंतिम शेष हमेशा परिवर्तित होते रहते हैं।

नोट : प्रश्न में स्पष्ट सूचना के अभाव में साझेदारों के पूँजी खाते परिवर्तनशील पूँजी खाता विधि के अनुसार ही रखे जाते हैं।

Dr. **Partner's Capital A/c** **Cr.**

Particulars	A ₹	B ₹	Particulars	A ₹	B ₹
To Balance b/d	xx	xx	By Balance b/d	xx	xx
To Drawings	xx	xx	By Cash / Bank A/c	xx	xx
To Cash / Bank	xx	xx	(Additional Capital introduced)		
(Permanent withdrawl of Capital)					
To Interest on Drawing	xx	xx	By Interest on Capital	xx	xx
To P&L Appropriation A/c	xx	xx	By Salary	xx	xx
(Loss)			By Commission	xx	xx
To Balance c/d	xx	xx	By P & L Appropriation A/c	xx	xx
	xx	**xx**	(Profit)	**xx**	**xx**

नोटः अंतिम शेष विपरीत पक्ष में भी आ सकता है।

स्थिर व परिवर्तनशील पूँजी खाता विधियों में अंतर
Difference between Fixed Capital A/c & Fluctuating Capital A/c Method

अन्तर का आधार	स्थिर पूँजी खाता विधि	परिवर्तनशील पूँजी खाता विधि
1. खातों की संख्या	इस विधि में प्रत्येक साझेदार के दो खाते खोले जाते हैं (i) पूँजी खाता (ii) चालू खाता	इसमें प्रत्येक साझेदार के लिए केवल एक खाता है। अर्थात् पूँजी खाता ही बनाया जाता हैं।
2. पूँजी खाते के शेष में परिवर्तन	इसमें पूँजी खाते का शेष सामान्यतः अपरिवर्तित रहता हैं। जब तक कि अतिरिक्त पूँजी न लगायी जाये अथवा स्थायी रूप से पूँजी वापस न निकाली जाये।	इसमे पूँजी खाते का शेष प्रतिवर्ष बदलता रहता

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

3. पूँजी खातों का शेष	पूँजी खाते का शेष सदैव क्रेडिट होता है।	समायोजन लेखों के कारण पूँजी खाते का शेष क्रेडिट अथवा डेबिट हो सकता है।
4. व्यवहारों का लेखांकन	इसमें केवल पूँजी का लेखा किया जाता है। फर्म व साझेदारों के मध्य होने वाले पूँजी के अतिरिक्त अन्य व्यवहारों का लेखा चालू खाते में होता है।	इसमें फर्म व साझेदारों के मध्य होने वाले पूँजी सहित सभी व्यवहारों का लेखा पूँजी खातों में होता है।

साझेदारों के मध्य लाभों का बँटवारा (Distribution of Profits among the Partners)

साझेदारी फर्म की दशा में लाभ– हानि खाते द्वारा प्रकट शुद्ध लाभ / शुद्ध हानि का साझेदारी संलेख के अनुसार साझेदारों में विभाजन करने के लिए लाभ–हानि नियोजन खाता (P&L Appropiation A/c) बनाया जाता है।

लाभ–हानि नियोजन खाता : इस खाते में साझेदारी संलेख के अनुसार लाभों का नियोजन किया जाता है इसलिए इसे लाभ –हानि नियोजन खाता कहते है। यह एक नाममात्र का खाता होता हैं। और इसे लाभ–हानि खाते की तरह ही बनाया जाता है। यह खाता लाभ– हानि खाते का ही विस्तार है। इस खाते के क्रेडिट पक्ष पर चालू वर्ष का शुद्ध लाभ व आहरण पर ब्याज का लेखा करते है। इस खाते के डेबिट पक्ष पर चालू वर्ष की शुद्ध हानि, साझेदारी की पूँजी पर ब्याज, साझेदारी का पारिश्रमिक (वेतन, कमीशन आदि) संचय में हस्तान्तरण का लेखा करते है। दोनों पक्षों का अन्तर विभाजन योग्य लाभ–हानि होता है जिसे साझेदारों के मध्य लाभ विभाजन अनुपात में बांटा जाता है।

Format

Pofit & Loss Appropriation Account

For the year ended.....

Dr. **Cr.**

Particulars		Amount ₹	Particulars		Amount ₹
To P&L A/c (Net Loss for the year)			By P&L A/c (Net profit for the year)		
To Interest on Capital			By Interest on Drawings		
A	xx		A	xx	xx
B	xx	xx	B	xx	
To Partner's Salary			By Partner's Capital A/c /		
A	xx		Current A/c (share of Loss)		
B	xx	xx	A	xx	xx
To Partner's Commission			B	xx	
A	xx		(Balancing Figure)		
B	xx				
To Reserve A/c (Transfer)		xx			
To Partner's Capital A/c / Current A/c (share of Profit) (Balancing Figure)		xx			
A	xx				
B	xx				
		xx			xx

नोटः 1. यदि प्रश्न में किसी मद को चार्ज करने के पश्चात् (After charging) लाभ दिये गये है तो उस मद का लेखा लाभ–हानि नियोजन खाते में नहीं करते है। लेकिन साझेदार के पूँजी खाते या चालू खाते में उस मद का लेखा किया जायेगा।

2. यदि प्रश्न में किसी मद को चार्ज करने के पूर्व के लाभ (Before charging) लाभ दिये गये है तो उस मद का लेखा लाभ हानि नियोजन खाते व साझेदार के पूँजी खाते/चालू खाते में किया जाता हैं।

3. निम्न मदें लाभों पर प्रभार (charge on Profit) मानी जाती हैं अतः इन मदों को लाभ–हानि खाते में लिखा जाता है। (न कि लाभ–हानि नियोजन खाते में) मैनेजर कमीशन, साझेदारों के ऋण पर ब्याज व उस भवन का किराया जिसमें फर्म का व्यापार चलाया जाता हैं। **4.** यदि लेखे स्थिर पूँजी खाता विधि से बनाये जाते है तो पूँजी के अतिरिक्त अन्य सभी मदों का लेखा साझेदारों के चालू खातों के माध्यम से होगा।

जर्नल प्रविष्टियाँ (Journal Entries)

लाभ–हानि नियोजन खाते के सम्बन्ध में निम्नलिखित जर्नल प्रविष्टियाँ की जाती हैः

	लेन–देन (Transactions)	लेखांकन प्रविष्टियाँ (Accounting Entries)
1)	पूँजी पर ब्याज के लिए–	Interest on Capital A/c Dr. To Partner's Capital A/c (Being interest allowed on capital)

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

2)	ब्याज की रकम को लाभ–हानि नियोजन खाते में हस्तान्तरित करने के लिए–	Profit & Loss Appropiation A/c Dr. To Interest on Capital A/c (Being transfer of interest to P/L App. A/c)
	प्रविष्टि सं. 1 और 2 को मिलाकर एक प्रविष्टि की जा सकती है–	Profit and Loss Appropriation A/c Dr. To Partner's Capital A/c (Being interest on capital allowed to partners)
3)	आहरण पर ब्याज के लिए–	Partner's Capital A/c Dr. To Interest on Drawings A/c (Being interest on drawings transferred to Capital A/c)
4)	आहरण पर ब्याज को लाभ–हानि नियोजन खाते में हस्तान्तरित करने के लिए–	Interest on Drawings A/c Dr. To Profit & Loss Appropriation A/c (Being transfer of interest on drawings to P/L Appropriation A/c)
5)	प्रविष्टि सं. 3 और 4 को मिलाकर एक प्रविष्टि की जा सकती है–	Partner's Capital A/c Dr. To Profit & Loss Appropriation A/c (Being interest on drawings charged)
6)	साझेदारों को दिय गये वेतन/कमीशन के लिए–	Partner's Salary/Commission A/c Dr. To Partner's Capital A/c (Being Partner's Capital A/c credited with salary……..)
7)	साझेदारों को दिय गये वेतन/कमीशन को लाभ–हानि नियोजन खाते में हस्तान्तरित करने के लिए–	Profit and Loss Appropriation A/c Dr. To Partner's Salary A/c To Partner's Commission A/c (Being transfer of partner's salary/commission to P/L Appropriation A/c)
8)	संचय खाते में हस्तान्तरण के लिए–	Profit and Loss Appropriation A/c Dr. To Reserve/Reserve Fund A/c (Being transfer of profit to Reserve A/c)
9)	शुद्ध लाभ बांटने के लिए–	Profit and Loss Appropriation A/c Dr. To Partner's Capital A/c (Being profit distributed among/between partners)
10)	शुद्ध हानि को बांटने के लिए–	Partner's Capital A/c Dr. To Profit and Loss Appropriation A/c (Being Partner's Capital A/c debited with loss on P/L Appropriation A/c)

नोटः (1) यदि साझेदारों के पूँजी खाते स्थिर विधि से रखे गये है, तो साझेदारों के पूँजी खातों (Partners capital A/c) के स्थान पर साझेदारों के चालू खातों (Partners current A/c) का प्रयोग किया जायेगा।

उदाहरण 1:– अजय तथा विजय ने 1 अप्रेल 2016 को साझेदारी व्यवसाय शुरू किया। उनकी पूँजी क्रमशः ₹ 2,00,000 तथा ₹ 3,00,000 थी।

साझेदारी संलेख में निम्न बातों का वर्णन है:

(i) पूँजी पर 10 प्रतिशत वार्षिक दर से ब्याज दिया जाएगा। **(ii)** अजय को ₹ 2,000 प्रतिमास तथा विजय को ₹ 36,000 वार्षिक वेतन दिया जाएगा। **(iii)** आहरण पर ब्याज अजय से ₹ 2,000 तथा विजय से ₹ 3,000 वसूल किया जाएगा। (iv) लाभों को 3:2 के अनुपात में विभाजित किया जाएगा। **(v)** वर्ष के दौरान अजय और विजय के आहरण क्रमशः ₹ 30,000 तथा ₹ 40,000 थे। 31 मार्च 2017 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए उपरोक्त समायोजन करने से पहले फर्म को ₹ 2,45,000 का लाभ हुआ। लाभ–हानि नियोजन खाता बनाइए।

Ajay and Vijay started a partnership business on 1st April, 2016 their capital contributions were ₹ 2,00,000 and 3,00,000 respectively, The partnership deed provided:

(i) Interest on capital at 10% p.a.**(ii)** Ajay to get a salary of ₹ 2000 p.m. and Vijay ₹ 36000 p.a.**(iii)** Interest on drawing amounted ₹ 2000 for Ajay and ₹ 3000 for Vijay. **(iv)** Profits are to be shared in the ratio of 3:2 **(v)** During the year drawing of Ajay and Vijay amounted to ₹ 30000 and ₹ 40000 respectively. The profits for the year ended 31st March 2017 before making above appropriations ₹ 2,45,000. Prepare Profit and Loss Appropriation Account.

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

हल:

Profit and Loss Appropriation A/c

Dr. ***For the year ending 31st March, 2016*** **Cr.**

Particulars		Amount ₹	Particulars		Amount ₹
To Interest on Capital:			By Profit before Adjustments		2,45,000
Ajay	20, 000		By Interest on Drawings:		
Vijay	30, 000	50, 000	Ajay	2,000	
To Partner's Salaries:			Vijay	3,000	5,000
Ajay	24, 000				
Vijay	36, 000	60, 000			
To Partner's Capital:					
Ajay	84, 000				
Vijay	56, 000	1,40,000			
		2,50,000			**2,50,000**

उदाहरण 2: K और R 3:2 अनुपात में लाभ विभाजन करते हुए साझेदार थे, साझेदारों के मध्य निम्न शर्तें तय हुई – (1) पूँजी पर ब्याज 10 प्रतिशत वार्षिक की दर से (2) आहरण पर ब्याज 5 प्रतिशत वार्षिक की दर से (3) व्यापार को संचालित करने हेतु K को वेतन ₹ 5000 प्रति माह । 31-03-2017 को समाप्त होने वाले लेखा वर्ष के लिए निम्न सूचनाएं उपलब्ध है:

1-4-2016 को K की पूँजी ₹ 2,00,000 1-4-2016 को R की पूँजी ₹ 1,20,000

1-4-2016 को K का चालू खाता ₹ 1,2,000 (Cr.) 1-4-2016 को R का चालू खाता ₹ 4,000 (Dr.)

K द्वारा 1-10-2016 को अतिरिक्त पूँजी लगाई गई ₹ 80,000

वर्ष के दौरान आहरण –K ₹ 20,000, वर्ष के दौरान आहरण –R ₹ 20,000 वर्ष के लाभ ₹ 1,34,000

जर्नल प्रविष्टियाँ दीजिए तथा लाभ–हानि नियोजन खाता बनाईये। पूँजी खाते भी बनाईये यह मानते हुए कि स्थिर पूँजी खाता विधि अपनाई जाती हैं।

K and R were partners sharing profits in the ratio of 3:2. Following terms were agreed upon between the partners.

(1) Interest on Capital @ 10% per annum (2) Interest on drawings @ 5% per annum. (3) Salary to K for conducting business of the firm ₹5000 per month. Following informations are available for the accounting year ending 31st March, 2017

Capital of K on 01.04.2016 **₹ 2,00,000** Capital of Ron 01.04.2016 **₹ 1,20,000**

Current Account of K on 01.04.2016 **₹ 12,000 (Cr.)** Current Account of Ron 01.04.2016 **₹ 4,000 (Dr.)**

Additional Capital by K on 01.10.2016 **₹ 80,000** Drawings during the year by K **₹ 20,000**

Drawings during the year by R **₹ 20,000** Profit for the year` **₹ 1,34,000**

Pass journal entries, prepare Profit and Loss Appropriation Account and show Capital Accounts of Partners assuming capital are fixed.

हल :

Journal

Particulars		L.F.	Dr. Amount ₹	Cr. Amount ₹
Bank A/c	Dr.		80,000	
To K's Capital A/c				80,000
(Additional capital contributed)				
K's Drawings A/c	Dr.		20,000	
R's Drawings A/c	Dr.		20,000	
To Bank				40,000
(Drawing Made)				
Interest on Capital A/c	Dr.		36,000	
To K's Current A/c				24,000
To R's Current A/c				12,000
(Interest charged)				

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

K's Current A/c	Dr.		1,000	
R's Current A/c	Dr.		1,000	
To Interest on Drawings				2,000
(Interest charged on Drawings)				
K's Current A/c	Dr.		20,000	
To K's Drawings A/c				20,000
(Transfer Drawings to Partner's Current Accounts)				
R's Current A/c	Dr.		20,000	
To R's Drawings A/c				20,000
(Transfer Drawings to Partner's Current Accounts)				
K's Salary A/c	Dr.		60,000	
To K's Current A/c				60,000
(Salary payable to K)				
Profit and Loss A/c	Dr.		1,34,000	
To Profit and Loss Appropriation A/c				1,34,000
(Net Profit transferred to Profit and Loss Appropriation A/c)				
Profit and Loss Appropriation A/c	Dr.		96,000	
To Interest on Capital A/c				36,000
To K's Salary A/c				60,000
(Interest on Capital and salary transferrred to Profit and Loss Appropriation A/c)				
Interest on Drawings A/c	Dr.		2,000	
To Profit and Loss Appropriation A/c				2,000
(Interest on Drawings transferred)				
Profit and Loss Appropriation A/c	Dr.		40,000	
To K's Current A/c				24,000
To Rs Current A/c				16,000
(Balance of P & L Appropriation Account Transferred to Partners Current Account)				

Profit and Loss Appropriation A/c for the year ended 31st March 2017

Dr. **Cr.**

Particulars		Amount ₹	Particulars		Amount ₹
To Interest on Capital A/c			By Profit & Loss A/c (Net Profit)		1,34,000
K	24,000		By Interest on Drawings A/c		
R	12,000	36,000			
To K's Salary A/c		60,000	K	1,000	
To Profit Transferred to Current A/c			R	1,000	2,000
To K	24,000				
To R	16,000	40,000			
		1,36,000			1,36,000

Partner's Capital Account

Date	Particulars	K ₹	R ₹	Date	Particulars	K ₹	R ₹
2017				2016			
Mar.,31	To Balance c/d	2,80,000	1,20,000	Apr.,01	By Balance b/d	2,00,000	1,20,000
				Oct.,01	By Bank A/c	80,000	
		2,80,000	**1,20,000**			**2,80,000**	**1,20,000**

Partner's Current A/c

Dr. **Cr.**

Date	Particulars	K ₹	R ₹	Date	Particulars	K ₹	R ₹
2016				2016			
Apr.,1	To Balance b/d		4,000	Apr., 01	By Balance b/d	12,000	--
2017				2017			
Mar.,31	To Drawings A/c	20,000	20,000	Mar.,31	By Int. on capital A/c	24,000	12,000
Mar.,31	To Interest on			Mar.,31	By Salary A/c	60,000	--

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Mar,31	Drawings A/c To Balance c/d	1,000 99,000	1,000 3,000	Mar.,31	By Profit & Loss Appropriation A/c (Share of Profit)	24,000	16,000
		1,20,000	**28,000**			**1,20,000**	**28,000**

साझेदारों की पूँजी पर ब्याज
Interest on Partner's Capital

साझेदारी संलेख में स्पष्टतः उल्लेख होने पर ही पूँजी पर ब्याज दिया जाता है। पूँजी पर ब्याज समय के आधार पर प्रारम्भिक पूँजी पर लगाया जाता है। यदि वर्ष के दौरान अतिरिक्त पूँजी लगाई जाती हैं तो उस पर उसकी समय अवधि के अनुसार ब्याज की गणना की जायेगी। यदि अन्तिम पूँजी दी गयी हो तो प्रारम्भिक पूँजी की गणना निम्न प्रकार से की जायेगी।

	अन्तिम पूँजी (Capital at the end)	xxx
Add:	आहरण (Drawings)	xxx
Less:	अतिरिक्त पूँजी (Additional Capital)	xxx
Less	चालू वर्ष का लाभ (Current year Profit)	xxx
	प्रारम्भिक पूँजी Opening Capital)	xxx

पूँजी पर ब्याज = $\frac{\text{पूँजी की राशि x दर x अवधि}}{100 \times 12}$, Interest on Capital= $\frac{\text{Amount of Capital x Rate x Period}}{100 \times 12}$

यदि साझेदारों द्वारा वर्ष के दौरान अतिरिक्त पूँजी लगायी गयी है या पूँजी निकाली गयी है तो पूँजी पर ब्याज की गणना गुणनफल विधि से की जा सकती हैं।

Interest on Capital = $\frac{\text{Total of Products x Rate}}{100 \times 12}$, पूँजी पर ब्याज = $\frac{\text{गुणनफलों का योग x दर}}{100 \times 12}$

नोट –: यदि पूँजी स्थिर है तो ब्याज की गणना स्थिर पूँजी पर की जायेगी।

पूँजी पर ब्याज की गणना सम्बन्धी प्रावधान–:

स्थिति (Situation)	प्रावधान (Provision)
I. जब साझेदारी संलेख में पूँजी पर ब्याज देने के बारे में को ई उल्लेख न हो।	ऐसी दशा में पूँजी पर कोई ब्याज नहीं दिया जायेगा।
II. जबकि साझेदारी संलेख में पूँजी पर ब्याज देने का उल्लेख तो है किन्तु यह स्पष्ट नहीं है कि पूँजी पर ब्याज लाभों पर प्रभार (Charge on Profits) माना जायेगा या लाभों का नियोजन माना जायेगा।	इस स्थिति में पूँजी पर ब्याज तभी दिया जायेगा जबकि फर्म में लाभ हो। इसमें निम्न तीन परिस्थितियां हो सकती है– **i.** हानि की दशा में : पूँजी पर ब्याज नहीं दिया जायेगा **ii.** यदि फर्म के लाभ (ब्याज देने से पूर्व) ब्याज के बराबर है अथवा ब्याज से अधिक है : पूँजी पर पूरा ब्याज दिया जायेगा। **iii.** यदि फर्म का लाभ (ब्याज देने से पूर्व) ब्याज से कम हो: इस दशा में लाभों को पूँजी पर ब्याज के अनुपात में बांट लिया जायेगा।
III. जबकि साझेदारी संलेख में पूँजी पर ब्याज को लाभों पर प्रभार मानने का उल्लेख हो	इस स्थिति में फर्म को चाहे लाभ हो अथवा हानि पूँजी पर ब्याज ब्याज दिया जायेगा व लेखा लाभ–हानि खाते में Dr. में होगा।

उदाहरण 3: X और Y साझेदार है, जिनका लाभ विभाजन अनुपात 3:2 है तथा पूँजी क्रमशः ₹ 2,00,000 तथा ₹ 1,00,000 है। निम्न दशाओं में लाभ का विभाजन दिखाइए: –

(1) यदि साझेदारी संलेख में पूँजी पर ब्याज के सम्बन्ध में कोई प्रावधान नहीं है तथा वर्ष के लाभ ₹ 60,000 है।
(2) यदि साझेदारी संलेख में पूँजी पर ब्याज के लिए 10% प्रति वर्ष का प्रावधान है तथा वर्ष की हानि ₹ 60,000 है।
(3) यदि साझेदारी संलेख में पूँजी पर ब्याज के लिए 10% प्रति वर्ष का प्रावधान है तथा वर्ष के लाभ ₹ 60,000 है।
(4) यदि साझेदारी संलेख में पूँजी पर ब्याज के लिए 10% प्रति वर्ष का प्रावधान है तथा वर्ष के लाभ ₹ 18,000 है।
(5) यदि साझेदारी संलेख में पूँजी पर ब्याज के लिए 10% प्रति वर्ष का प्रावधान है तथा वर्ष के लाभ ₹ 18,000 है। पूँजी पर ब्याज को लाभों का प्रभार माना गया है। केवल पांचवीं दशा में।

X and Y are partners sharing the profits and lossed in the ratio of 3 : 2 with capitals of ₹ 2,00,000 and ₹ 1,00,000 respectively. Show the distribution of profits in each of the following alternative cases:

(1) If the partnership deed is silent as to the Interest on Capital and the profits for the year are ₹ 60,000.
(2) If the partnership deed provides for Interest on Capital @ 10% p.a. and the losses for the year are ₹ 60,000.
(3) If the partnership deed provides for Interest on Capital @ 10% p.a. and the profits for the year are ₹ 60,000.

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

(4) If the partnership deed provides for Interest on Capital @ 10% p.a. and the profits for the year are ₹ 18,000.
(5) If the partnership deed provides for Interest on Capital @ 10% p.a. and the profits for the year are ₹ 18,000. Interest on Capital is charged on Profit. in (5) Conditions only.

हल :

(1) **Dr.** **Profit and Loss Appropriation A/c** **Cr.**

Particulars	Amount ₹	Particulars	Amount ₹
To Partner's Capital (Profit)		By Profit & Loss A/c	60,000
X 36,000			
Y 24,000	60,000		
	60,000		60,000

(2) **Dr.** **Profit and Loss Appropriation A/c** **Cr.**

Particulars	Amount ₹	Particulars	Amount ₹
To P&L A/c (Loss)	60,000	By Partner's Capital A/c	
		X 36,000	
		Y 24,000	60,000
	60,000		60,000

नोटः पूँजी पर ब्याज लाभों में से ही दिया जाता है। हानि होने के कारण पूँजी पर ब्याज नहीं दिया गया है।

(3) **Dr.** **Profit and Loss Appropriation A/c** **Cr.**

Particulars	Amount ₹	Particulars	Amount ₹
To Interest on Capital		By P&L A/c	60,000
X 20,000			
Y 10,000	30,000		
To Partner's Capital A/c			
X 18,000			
Y 12,000	30,000		
	60,000		60,000

(4) **Dr.** **Profit and Loss Appropriation A/c** **Cr.**

Particulars	Amount ₹	Particulars	Amount ₹
To Interest on Capital A/c		By P&L A/c	18,000
X 18,000 x $\frac{2}{3}$	12,000		
Y 18,000 x $\frac{1}{3}$	6,000		
	18,000		18,000

नोटः कुल लाभ को साझेदारों के मध्य देय ब्याज के अनुपात में बांटा गया है।

(5) **Dr.** **Profit and Loss Appropriation A/c** **Cr.**

Particulars	Amount ₹	Particulars	Amount ₹
To Interest on Capital		By Profit for the year	18,000
X 20,000			
Y 10,000	30,000	By Partner's Capital A/c	
		X 12,000 x $\frac{3}{5}$	7,200
		Y 12,000 x $\frac{2}{5}$	4,800
	30,000		**30,000**

नोटः पूँजी पर ब्याज लाभों का प्रभार माना गया है। अतः लाभ–हानि खाते में पूँजी पर ब्याज दिखाया गया है।

उदाहरण : 4 राम, श्याम तथा मोहन ने साझेदारी में एक व्यवसाय प्रारम्भ किया, जिसमें राम ने पूरे वर्ष के लिए ₹ 1,00,000 लगाये, श्याम ने प्रारम्भ में ₹ 50,000 लगाए और 3 माह के अन्त में इस राशि को ₹ 60,000 तक बढ़ाया तथा 8 माह के अन्त में ₹ 5,000 निकाले। मोहन ने प्रारम्भ में ₹ 70,000 लगाए और 4 माह बाद ₹ 20,000 निकाले। फर्म का वर्ष भर का लाभ ₹ 5,10,000 है। साझेदारों में वर्ष भर में उनकी पूँजी के आधार पर लाभ का विभाजन कीजिए।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

हल : Calculation the ratio of effective Capital Employed during the year

Ram:	₹ 1,00,000	for 12 months	₹ 12,00,000
Shyam:	₹ 50,000	for 3 months	₹ 1,50,000
	₹ 60,000	for 5 months	₹ 3,00,000
	₹ 55,000	for 4 months	₹ 2,20,000
			₹ 6,70,000
Mohan:	₹ 70,000	for 4 months	₹ 2,80,000
	₹ 50,000	for 8 months	₹ 4,00,000
			₹ 6,80,000

Capital ratio = 120:67:68

Dr. **Profit and Loss Appropriation A/c** **Cr.**

Particulars	Amount ₹	Particulars	Amount ₹
To Partner's Capital		By Net Profit	5,10,000
Ram $\frac{5,10,000 \times 120}{255}$	2,40,000		
Shyam $\frac{5,10,000 \times 67}{255}$	1,34,000		
Mohan $\frac{5,10,000 \times 68}{255}$	1,36,000		
	5,10,000		5,10,000

आहरण पर ब्याज
(Interest on Drawings)

साझेदारों द्वारा फर्म से अपने निजी प्रयोग के लिए निकाली गयी नकद राशि या वस्तुएँ आहरण कहलाती है। साझेदारी संलेख में उल्लेख होने पर साझेदारों द्वारा किये गये आहरणों पर ब्याज वसूल किया जाता है। आहरण पर ब्याज फर्म की आय होती है।

आहरण पर ब्याज की गणना करने की विधियाँ
(Methods of calculation of Interest on Drawings)

- जबकि विभिन्न तिथियों पर असमान राशि आहरित की गयी हो
  - सरल विधि — Simple Methods
  - गुणनफल विधि — Product Methods
- जबकि नियमित अन्तराल पर समान राशि आहरित की गयी हो
  - औसत अवधि विधि
    - मासिक आधार पर आहरण
    - त्रैमासिक आधार पर आहरण

I जबकि विभिन्न तिथियों पर असमान राशि आहरित की गयी हो:

(1) सरल विधि– इस विधि में प्रत्येक आहरण की राशि पर दी गयी ब्याज दर से आहरण की तिथि से अंतिम खाते बनाने की तिथि तक की अवधि का ब्याज निकाला जाता है।

$$\text{ब्याज} = \frac{\text{आहरण की राशि}}{} \times \frac{\text{ब्याज की दर}}{100} \times \frac{\text{महीने}}{12} \text{ or } \frac{\text{दिनों की संख्या}}{365}$$

$$\text{Interest} = \frac{\text{Amount withdrawn}}{} \times \frac{\text{Rate of Interest}}{100} \times \frac{\text{months}}{12} \text{ or } \frac{\text{days}}{365}$$

(2) गुणनफल विधि – इस विधि में निम्नांकित तालिका बनाकर गणना की जाती है

आहरण की तिथि Date of Drawings	राशि ₹ Amount ₹	अवधि माह/दिनों में (आहरण की तिथि से अंतिम खाते बनाने की तिथि तक) Period (months/ days) from date of drawing to date of year ending	गुणनफल (राशि x अवधि) Product (Amount x Period)
			Total Product

Steps: i. अवधि की गणना: आहरण की तिथि से खाते बन्द करने की तिथि की अवधि

ii. अवधि को संबंधित धनराशि से गुणा करके गुणनफल ज्ञात करते है एवं उनका योग लगाते है।

iii. $\text{ब्याज} = \frac{\text{गुणनफल का योग} \times \text{ब्याज की दर}}{100 \times 12 \text{ or } 365}$

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

उदाहरण 5: राम एक फर्म में साझेदार है उसके द्वारा निम्न राशियां आहरित की गयी है। 31-05-2016 को ₹ 2,000 व 30-09-2016 को ₹ 3,000 आहरण पर ब्याज की दर 12% वार्षिक है, खाते 31-12-2016 को बन्द किये जाते है। सरल विधि से आहरण पर ब्याज की गणना कीजिये।

हल : $2,000 \times \frac{7}{12} \times \frac{12}{100} = 140$ $\quad$ $3,000 \times \frac{7}{12} \times \frac{12}{100} = 90$

उदाहरण 6:

एक साझेदार ने विभिन्न तिथियों को निम्न आहरण किये:–

Date of Drawings	Amount ₹	Date of Drawings	Amount ₹
01-04-16	1,000	30-06-16	1,200
31-12-16	1,500	31-03-17	2,0000

आहरण पर ब्याज की दर 12% वार्षिक है, खाते 31-3-17 को बन्द किये जाते है।

हल :

Date of Drawings	Amount ₹	Months	Product
01-04-16	1,000	12	12,000
30-06-16	1,200	9	10,800
31-12-16	1,500	3	4,500
31-03-17	20,000	0	0
			27,300

$$\text{आहरण पर ब्याज} = \frac{\text{गुणनफल का योग} \times \text{ब्याज की दर}}{100 \times 12}$$

= ₹ 273

II जबकि नियमित अन्तराल पर समान राशि आहरित की गयी हो: तब आहरण पर ब्याज की गणना औसत अवधि विधि के आधार पर की जाती है।

$$\text{आहरण पर ब्याज} = \frac{\text{कुल आहरण} \times \text{ब्याज की दर} \times \text{औसत अवधि}}{100 \times 12}$$

औसत अवधि गणना करने के सूत्र: –

1. पूँजी पर 5 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से ब्याज दिया जाना है। **2.** रूचि बिक्री पर 2 प्रतिशत कमीशन प्राप्त करेगी। वर्ष की बिक्री ₹ 1,25,000 थी। 3. प्रशान्त को प्रति माह ₹ 250. वेतन प्राप्त होगा। **4.** प्रशान्त उसके भवन का फर्म द्वारा प्रयोग किये जाने के लिए ₹ 625 प्रतिमाह किराया पाने का अधिकारी है। **5.** विभाजन योग्य लाभ का 10 प्रतिशत सामान्य संचय खाता में अन्तरित किया जाना है। आपको लाभ–हानि विनियोजन खाता तैयार करना है।

Ruchi and Prashant are partners sharing profits and losses in the ratio of 3:1. On 1st April 2016 their capitals were ₹ 50000, and ₹ 40,000 respectively . During the year ended 31st March 2017 The profit of the firm amounted to ? ₹ 57,500 before taking into consideration the following :

1- Interest on capital is to be allowed @ 5 % p.a. 2- Ruchi will get commission of 2% on sales. Sales for the year were ₹ 1,25,000 3- Prashant will get a salary of ₹ 250 p.m. 4- Prashant is entitled to a rent of ₹ 625 per month for the use of his premises by the firm 5-10% of the divisible profit is to be transferred to General Reserve. You are required to prepare the Profit and Loss Appropriation Account.

उत्तरः Profit Before P&L Appropriation ₹ 50,000, Profit Ruchi ₹ 27,000, Prashant ₹ 9000)

8. ए., बी. व सी. 3 : 2 : 1 के अनुपात में लाभ बांटते हुए साझेदार है। ए ने प्रत्येक माह के प्रारम्भ में ₹ 2,000, बी ने ₹ 1,000 प्रत्येक माह के मध्य में तथा सी ने ₹ 1,000 प्रत्येक माह के अन्त में आहरण किये। पूँजी व आहरण पर 10 प्रतिशत वार्षिक दर से ब्याज चार्ज किया जाता है। सी को ₹ 800 प्रति माह वेतन स्वीकृत किया गया है । वेतन घटाने के बाद किन्तु सभी तरह का ब्याज चार्ज करने से पूर्व 31 दिसम्बर, 2016 को लाभ ₹ 1,22,150 था लाभ हानि नियोजन खाता, साझेदारों के पूँजी व चालू खाते निम्नाकिंत अतिरिक्त सूचनाओं के आधार पर बनाइए :

	ए ₹	बी ₹	सी ₹
पूँजी 1 जनवरी 2016 को	2,00,000	1,50,000	1,00,000
अतिरिक्त पूँजी 1 अप्रेल, 2016 को लगाई गई	50,000	30,000	–
1 अक्टूबर, 2016 को पूँजी निकाली	–	–	20,000
चालू खाते का शेष 1 जनवरी, 2016 को	12,200(जमा)	5,500(जमा)	4,100(नाम)
ऋण खाते का शेष 1 जनवरी 2016 को	40,000		

A, B and C are partners sharing profit & loss in 3 : 2 : 1 ratio. , A withdraws ₹ 2,000 at the beginning of every month, B withdraws ₹ 1,500 in the middle of every month, whereas, C withdraws ₹ 1,000 at the end of every month. Interest on Capitals and drawings is to be charged @ 10% p.a.. C is also to be allowed a salary of ₹ 800 per month. After deducting salary but before allowing all types of interest, the profit for the year ending 31st December 2016 was ₹ 1,22,150. Prepare Profit and Loss Account and Capital Accounts and Current Accounts of the partners from the additional informations given below.

	A ₹	B ₹	C ₹
Capital as on 1st Jan., 2016	2,00,000	1,50,000	1,00,000
Additional Capital introduced on 1st April 2016	50,000	30,000	-
Withdraw on 1st Oct., 2016	-	-	20,000
Current Account on 1st Jan. 2016	12,200	5,500	4,100 (Dr.)
Loan Accounts on 1st Jan. 2016	40,000	-	-

(**उत्तरः** Profit before P&L Appropriation ₹ 1,19,750, Profit A ₹ 36,000 , B ₹ 24,000, C ₹12,000, Current A/c Balance A ₹ 46,650, B ₹ 27,850, C ₹ 14,450)

9. मनीष, नवन, तथा वैभव एक फर्म के साझेदार है। 1 अप्रैल 2016 को उनके पूँजी खातों के शेष क्रमशः ₹ 4,00,000, ₹ 3,00,000 तथा ₹ 2,00,000 थे। साझेदारी संलेख में यह व्यवस्था है –

अ) वैभव को ₹ 40,000. वेतन से प्रति वर्ष जमा किया जाएगा ।

ब) वैभव को वेतन, सभी साझेदारों को पूँजी पर 10 प्रतिशत वार्षिक ब्याज तथा इस पैराग्राफ ''ब'' में वर्णित अतिरिक्त पारिश्रमिक का प्रावधान करने के बाद वैभव ₹ 35,000 वार्षिक से अधिक समस्त लाभ पर 10 प्रतिशत का अधिकारी होगा ।

स) 'अ' ,'ब' एवं 'स' में वर्णित समस्त राशियों को चार्ज करने के बाद बचे हुए लाभ का 1/3 भाग नवन को मिलेगा ।

द) शेष लाभों को मनीष तथा वैभव में 4 :1 के अनुपात में बांटा जायेगा ।

31 मार्च 2017 को समाप्त हुये वर्ष के लिए (उपरोक्त का प्रावधान करने से पूर्व) लाभ ₹ 3,30,000 था। 31 मार्च 2017 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए आपको लाभ–हानि नियोजन खाता तथा साझेदारों के पूँजी खाते बनाने है । वर्ष भर में मनीष, नवन तथा वैभव के व्यक्तिगत उपयोग के लिए क्रमशः ₹ 20,000, ₹ 15,000, तथा ₹ 10,000 का आहरण किया है।

Manish, Navan and Vaibhav are partners in a firm, balance of their capital accounts as on 1st Aapril, 2016 were : ₹ 4,00,000, ₹ 3,00,000 and ₹ 2,00,000 respectively. The partnership agreement provides A.Vaibhav shall be credited for ₹ 40,000 of salary per annum.

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

B. After providing Vaibhav salary, 10% p.a. interest on capital to all partners and extra remuneration to Vaibhav as provided in this paragraph 'B' Vaibhav shall be entitled to 10% of all profits in excess of ₹ 35,000 p.a.. **C.** Navan is to have one third of the profits after charging all amount under 'A', 'B', 'C', **D** .The Balance is to be divided between Manish and Vaibhav in the ratio 4 : 1. The profits for the year ended 31st March, 2017 (before making any provision for the above) was ₹ 3,30,000. You have to prepare Profit & Loss Appropriation account and partners, Capital Accounts for the year ending 31st March, 2017. During the year Manish, Navan and Vaibhav withdrew the amount for personal use ₹ 20,000, ₹ 15,000 & ₹ 10,000 respectively.

(**उत्तर**: Vaibhav Remuneration ₹ 15,000, Profit Navan ₹. 46,250, Manish ₹ 1,11,000, Vaibhav ₹ 27,750, Capital Balance Manish ₹ 4,66,250, Navans ₹ 4,26,000, Vaibhav ₹ 2,92,750)

10. अ, ब और स एक फर्म में बराबर के साझेदार है। 1 जनवरी, 2016 को उनकी पूँजी क्रमशः ₹ 50,000, ₹ 40,000 तथा ₹ 30,000 थी । वर्ष 2016 के खाते बन्द करने के बाद यह पता चला कि साझेदारी समझौते के अनुसार साझेदारों की पूँजी पर 10 प्रतिशत वार्षिक दर से ब्याज, अ को ₹ 30,000 वार्षिक वेतन तथा स को ₹ 6,000 कमीशन का प्रावधान लाभ बॉटने से पूर्व नहीं किया गया है। साझेदारों में यह समझौता हुआ कि चिट्ठे को बदलने के बजाय अगले वर्ष के प्रारम्भ में समायोजन प्रविष्टि कर दी जाये।

यह मानते हुए कि पूँजी स्थिर है, समायोजन हेतु क्रिया दिखाते हुए, फर्म की पुस्तकों में एक जर्नल प्रविष्टि दीजिए।

A, B and C are equal partners in a firm. Their capitals on 1st January 2016 were ₹ 50,000, ₹ 40,000 and ₹ 30,000 respectively. After closing the accounts of the year 2016, it was found that according to the partnership agreement interest at 10% per annum on partners capitals, a salary of ₹ 3,000 per year to A and a commission of ₹ 6,000 to C were not provided before distribution of profits. It was agreed among the partners to make the adjustment entry at the beginning of the next year rather than to alter the Balance Sheet. Pass one Jounal entry in the books of the firm showing the working of Adjustments assuming that capitals are fixed.

(उत्तर: 'B' Dr. ₹ 3,000, 'A' Cr. ₹ 1,000, 'C' Cr. ₹ 2,000)

11. एक्स, वाई, जेड 2 : 2 : 1 के अनुपात में लाभ– हानि बॉटते हुये साझेदार है। 31मार्च 2017 को ₹ 30,000 रू. का लाभ बांटने एवं आहरणों का लेखा करने के बाद उनकी पूँजी क्रमशः ₹ 60,000, ₹ 45,000 व ₹ 30,000 है । बाद में ज्ञात हुआ कि पूँजी पर 5 प्रतिशत वार्षिक ब्याज आहरणों पर ब्याज लगाना भूल गये । आहरण इस प्रकार थे – एक्स के ₹ 6000., वाई के ₹ 4500 तथा जेड के ₹ 3600 जिन पर ब्याज क्रमशः ₹ 120., ₹ 90. तथा ₹ 45 होता है ˙ उपरोक्त भूलों को सुधारने हेतु 1 अप्रैल 2017 को आवश्यक जर्नल प्रविष्टियां दीजिए एवं साझेदारों के समायोजित पूँजी खाते बनाइये।

X, Y, and Z are partners in a firm sharing profit & loss in the ratio of 2 : 2: 1. On 31st March, 2006 after recording Drawings and distribution of profits ₹ 30,000, their capitals were ₹ 60,000, ₹ 45,000, and ₹ 30,000 respecively. After this it was found that 5% Interest on capital and Interest on Drawings was omitted to be recorded. Drawing were as follows X- ₹ 6,000, Y- ₹ 4,500, and Z- ₹ 3,600. Interest on which is to be charged ₹ 120, ₹ 90 and ₹ 45 respectively. Pass necessary Journal entries for the above ommissions and prepare adjusted partners capital accounts.

उत्तर : Opening Capital X ₹ 54,000, Y ₹ 37,500 and Z ₹ 27,600, Loss X ₹ 2,280, Y ₹ 2,280, Z ₹ 1,140 Capital Balance X ₹ 60,300, Y ₹ 44,505, Z ₹ 30,195)

12. पी, क्यू तथा आर एक फर्म में साझेदार है। 31 मार्च 2017 को उनके पूँजी खाते क्रमशः ₹ 90,000, ₹ 45,000, ₹ 45,000 थे। साझेदारी संलेख की व्यवस्थानुसार : **1.** आर को ₹ 9,000 प्रति वर्ष पारिश्रमिक दिया जाना था **2.** पूँजी पर 5 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से ब्याज दिया जाना था **3.** लाभों को 2 :2:1 के अनुपात में बॉटा जाना था। उपर्युक्त मदों पर ध्यान न देते हुए, 31.3.2017 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए ₹ 54,000 के शुद्ध लाभ को तीनों साझेदारों में समान रूप से बॉट दिया गया। अशुद्धि के सुधार हेतु एक समायोजन प्रविष्टि कीजिए, कार्यशील टिप्पणी दर्शायें।

P, Q and R partners in a firm. Their capital accounts stood at ₹ 90,000, ₹ 45,000 and ₹ 45,000 respectively on 31st March, 2017. 1- R was to be allowed a remuneration of ₹ 9000 p.a.. 2- Interest at 5% p.a. was to be provided on capitals 3- Profits were to be divided in the ratio of 2 : 2 : 1. Ignoring the above items, net profit of ₹ 54000 for the year ended 31.03.2017, It was divided among the three partners equally. Make journal entry for rectification & show workings.

(**उत्तर** : Opening Capital P ₹ 72000, Q ₹ 27000, R ₹ 27000, Q Dr. ₹ 1170, P Cr ₹ 1080, R Cr. ₹ 90)

13. सतीश, नितिन तथा अजय स्थिर पूँजी क्रमशः ₹ 1,00,000, ₹ 75,000 तथा ₹ 75,000 के साथ साझेदार है। उनके चालू खाते का शेष था सतीश – ₹ 5,000 (क्रेडिट), नितिन – ₹ 4,000 (क्रेडिट), तथा अजय – ₹ 2,500 (डेबिट)। साझेदारी संलेख में निम्नवत व्यवस्था थी।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

1. पूँजी पर 5 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से ब्याज। 2. नितिन अपने भवन को फर्म को देने के लिए ₹ 500 प्रति माह किराया पाने का अधिकारी है। 3. अजय ₹ 1,000 प्रति माह वेतन पाने के अधिकारी है।
फर्म के लाभों का वितरण निम्न प्रकार किया जाना था।
अ. प्रथम ₹ 20,000 उनकी पूँजी के अनुपात में, **ब.** अगले ₹ 20,000 2:2:1 के अनुपात में, **स.** शेष लाभों का विभाजन बराबर –बराबर, उपर्युक्त समायोजन से पूर्व वर्ष का लाभ ₹ 85,500 था। लाभ–हानि विनियोजन खाता, साझेदारों के पूँजी खाते व चालू खाते बनाइए।
Satish, Nitin and Ajay are partners with a fixed capital ₹ 1,00,000, ₹ 75,000, and ₹ 75,000 respectively. Their current account balances were Satish ₹ 5,000 (Cr.), Nitin ₹ 4,000 (Cr.), and Ajay ₹ 2,500 (Dr.). The partnership deed provided as under :
1. Interest on capital @ 5% p.a. **2.** Nitin was entitled for rent @ ₹ 500 p.m. for providing his premises to the firm.
3. Ajay was entitled to a salary of ₹ 1,000 p.m. The profits of the firm were to be distributed as follows:
A-The first ₹ 20,000 in proportion to their capitals. **B**-Next ₹ 20,000 in the ratio 2:2:1. **C**- Remaining profits to be shared equally. The net profit before the above adjustments for the year was ₹ 85,500. Prepare profit & Loss Appropriation Account, Capital Account and Current Accounts of the partners.
(**उत्तर:** Profit before P& L Appropritation ₹ 79,500, Profit Satish ₹ 21,000, Nititn ₹ 19,000, Ajay ₹ 15,000, Current Account Balance Satish ₹ 31,000, Nitin ₹ 32,750, Ajay ₹ 28,250)
14. एक्स, वाई व जेड एक फर्म में साझेदार है । उनके लाभ विभाजन का अनुपात 5 : 3: 2 था । जेड का प्रत्येक वर्ष लाभ में हिस्से के रूप में न्यूनतम राशि ₹ 10,000 की गारण्टी दी जाती है । कोई भी कमी होने पर इसकी भरपाई वाई के द्वारा की जायेगी। 31 दिसम्बर, 2015 तथा 2016 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए लाभ क्रमशः ₹ 40,000 तथा ₹ 60,000 था।
दो वर्षो के लिए लाभ हानि नियोजन खाता बनाइए ।
X, Y and Z are partners in a firm. Their profit sharing ratio is 5 : 3: 2. However, Z is guaranteed a minimum amount of ₹ 10,000 as share of profit every year. Any deficiency arising on that account shall be met by Y. The profit for the two year ending 31st December, 2015 and 2016 were ₹ 40,000 and ₹ 60,000 respectively. Prepare Profit & Loss Appropriation Account for the two years. Share of Profit 2015 - X ₹ 20,000 , Y ₹ 10,000, Z ₹ 10,000 ; 2016 -X ₹ 30,000, Y ₹ 18,000, Z ₹ 12,000

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

2
नये साझेदार का प्रवेश
(Admission of a New Partner)

अध्ययन के उद्देश्य

इस अध्याय का अध्ययन करने पश्चात् आप यह समझने योग्य हो जाते है –

- साझेदारी फर्म के पुनर्गठन की अवधारणा और विधियों का ज्ञान
- नये साझेदार के प्रवेश के प्रभाव
- नये लाभ विभाजन अनुपात व त्याग का अनुपात की गणना
- ख्याति – अर्थ, विशेषताएं, प्रभावित करने वाले कारण, स्वभाव, प्रकार, मूल्यांकन की विधियाँ व लेखांकन व्यवहार
- सम्पत्तियों का पुनर्मूल्यांकन एवं दायित्वों का पुनर्निधारण, पुनर्मूल्यांकन खाता व स्मरणार्थ पुनर्मूल्यांकन खाता
- अवितरित लाभों/हानियों व संचयों का बँटवारा
- पूँजी का समायोजन, नये के आधार पर पुराने साझेदारों की पूँजी का समायोजन, पुराने के आधार पर नये साझेदार की पूँजी का निर्धारण
- विद्यमान साझेदारों के लाभ विभाजन अनुपात में परिवर्तन का आशय व लेखा

साझेदारी फर्म का पुनर्गठन (Reconstruction of Partnership firm)

साझेदारों के मध्य विद्यमान समझौते में किसी प्रकार का परिवर्तन साझेदारी फर्म का पुनर्गठन कहलाता हैं। साझेदारी फर्म का पुनर्गठन निम्न परिस्थितियों में हो सकता हैं।

(i) नये साझेदार के प्रवेश पर
(ii) वर्तमान साझेदारों के मध्य लाभ विभाजन अनुपात में परिवर्तन होने पर
(iii) वर्तमान साझेदार के अवकाश ग्रहण करने पर
(iv) साझेदार की मृत्यु पर
(v) दो साझेदारी फर्मों का एकीकरण होने पर

नये साझेदार का प्रवेश (Admission of a new partner)

नये साझेदार के प्रवेश का अर्थ है साझेदारी के व्यवसाय में नये सदस्य का स्वामी के रुप में प्रवेश करना और साझेदारों की संख्या में वृद्धि होना। **भारतीय साझेदारी अधिनियम, 1932 की धारा 31** के अनुसार वर्तमान साझेदारों की सहमति से ही एक नये व्यक्ति को फर्म में साझेदार बनाया जा सकता हैं। एक नया साझेदार, साझेदार बनने के बाद फर्म द्वारा किये गये समस्त कार्यों के लिए उत्तरदायी हो जाता है, परन्तु वह साझेदार बनने से पूर्व फर्म द्वारा किये गये किसी कार्य के लिए उत्तरदायी नहीं होता।

नये साझेदार के अधिकार : एक नये साझेदार को निम्न दो अधिकार प्राप्त होते हैं।

1. फर्म की संपत्तियों में हिस्सा प्राप्त करने का अधिकार।
2. फर्म के भावी लाभों में हिस्सा प्राप्त करने का अधिकार।

सम्पत्तियों में हिस्सा प्राप्त करने के लिए नया साझेदार जो धनराशि लाता है, उसे पूँजी कहते हैं तथा भावी लाभों में हिस्सा प्राप्त करने के लिए, जो धनराशि लाता हैं। उसे ख्याति (प्रीमियम) कहते हैं।

नये साझेदार के प्रवेश पर मुख्य समायोजन (Main Adjustments at the time of Admission of a New Partner)

1. नये लाभ विभाजन अनुपात की गणना 2. त्याग अनुपात की गणना 3. ख्याति का मूल्यांकन व लेखांकन 4. संपत्तियों का पुनर्मूल्यांकन व दायित्वों का पुनर्निर्धारण 5. संचय, अवितरित लाभों व हानियों का समायोजन 6. पूँजी का समायोजन

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

नये लाभ विभाजन अनुपात व त्याग अनुपात की गणना

(Calculation of new profit sharing ratio & sacrificing ratio)

नया लाभ विभाजन अनुपात New Profit Sharing Ratio (NPSR):- नये साझेदार सहित सभी साझेदार जिस अनुपात में फर्म के भावी लाभों को आपस में बांटते है, उसे नया लाभ विभाजन अनुपात कहा जाता हैं। नया साझेदार अपना लाभ का हिस्सा पुराने साझेदारों से प्राप्त करता है, इस कारण उनका लाभ विभाजन अनुपात परिवर्तित हो जाता हैं। अतः नये लाभ विभाजन अनुपात की गणना की जाती है ।

त्याग अनुपात(Sacrificing Ratio):-नये साझेदार के प्रवेश पर पुराने साझेदार अपने लाभ के हिस्से का जिस अनुपात में त्याग करते है उसे त्याग अनुपात कहते हैं। नये साझेदार के प्रवेश पर ख्याति का बँटवारा त्याग अनुपात में ही करना होता हैं।

त्याग अनुपात =पुराना लाभ विभाजन अनुपात –नया लाभ विभाजन अनुपात

Sacrificing Ratio(S.R.)= Old Profit Sharing Ratio(OPSR)–New Profit Sharing Ratio (NPSR)

नया लाभ विभाजन अनुपात = पुराना लाभ विभाजन अनुपात – त्याग अनुपात

New Profit Sharing Ratio = Old Profit sharing Ratio – Sacrificing Ratio

नये लाभ विभाजन अनुपात व त्याग अनुपात की गणना विभिन्न परिस्थितियों में निम्न प्रकार की जाती है–

1 जब प्रश्न मे केवल नये साझेदार का अनुपात दिया गया हो –

i) Aव Bएक फर्म में साझेदार है जो 3 : 1 के अनुपात में लाभ विभाजन करते है । C लाभ में 1/4 हिस्से के लिए फर्म में प्रवेश करता हैं। नया लाभ विभाजन अनुपात व त्याग अनुपात ज्ञात करो।

माना कि फर्म का कुल लाभ 1 हैं। Cका हिस्सा 1/4 शेष लाभ 1 – 1/4 = 3/4

Aका हिस्सा = $\frac{3}{4}X\frac{3}{4}=\frac{9}{16}$ Bका हिस्सा = $\frac{3}{4}X\frac{1}{4}=\frac{3}{16}$

नया लाभ विभाजन अनुपात= $\frac{9}{16}:\frac{3}{16}:\frac{1}{4}=\frac{9:3:4}{16}$ = 9 : 3 : 4

त्याग अनुपात = पुराना लाभ विभाजन अनुपात – नया लाभ विभाजन अनुपात

A $\frac{3}{4}-\frac{9}{16}=\frac{3}{16}$; B $\frac{1}{4}-\frac{3}{16}=\frac{1}{6}$ = त्याग अनुपात 3 : 1

नोट – जब नये साझेदार का हिस्सा दिया गया हो व पुराने साझेदारों के त्याग का विवरण न हो तो पुराना अनुपात ही त्याग अनुपात कहलाता है ।

ii) जब नया साझेदार पुराने साझेदारों से समान अनुपात में अपना हिस्सा प्राप्त कर रहा हैं तो इस दशा में पुराने साझेदारों ने जितना त्याग किया है उसे उनके पुराने अनुपात में से घटाकर नया अनुपात ज्ञात करेगें।

जैसे A व B एक फर्म में साझेदार है जो 7 : 5 के अनुपात में लाभ बांटतें है । C को लाभों में 1/6 हिस्सा देकर साझेदार बनाया । C अपना हिस्सा A व B से बराबर –बराबर प्राप्त करता हैं। नया लाभ विभाजन अनुपात व त्याग अनुपात ज्ञात करों।

Cका हिस्सा 1/6 ; Aका त्याग = $\frac{1}{6}X\frac{1}{2}=\frac{1}{12}$; B का त्याग = $\frac{1}{6}X\frac{1}{2}=\frac{1}{12}$

नया लाभ विभाजन अनुपात = पुराना लाभ विभाजन अनुपात – त्याग अनुपात

Aका नया लाभ विभाजन अनुपात = $\frac{7}{12}-\frac{1}{12}=\frac{6}{12}$

Bका नया लाभ विभाजन अनुपात= $\frac{5}{12}-\frac{1}{12}=\frac{4}{12}$

तीनों का नया लाभ विभाजन अनुपात= $\frac{6}{12}:\frac{4}{12}:\frac{1}{6}=\frac{6:4:2}{12}=3:2:1$; त्याग का अनुपात= $\frac{1}{12}:\frac{1}{12}=1:1$

iii).जब नया साझेदार लाभों में अपना हिस्सा असमान अनुपात में प्राप्त करता है :

जैसे: A व B एक फर्म में साझेदार है, जो 3 : 2 के अनुपात में लाभ विभाजन करते है । वे C को लाभों में 1/5 हिस्से के लिए प्रवेश देते है जिसे वह A व B से 1 : 2 के अनुपात में प्राप्त करता है । नया लाभ विभाजन अनुपात व त्याग अनुपात ज्ञात करों।

Aका त्याग =$\frac{1}{5}X\frac{1}{3}=\frac{1}{15}$ Bका त्याग =$\frac{1}{5}X\frac{2}{3}=\frac{2}{15}$; त्याग का अनुपात = 1: 2

नया लाभ विभाजन अनुपात = पुराना लाभ विभाजन अनुपात – त्याग अनुपात

A = $\frac{3}{5}-\frac{1}{15}=\frac{8}{15}$; B = $\frac{2}{5}-\frac{2}{15}=\frac{4}{15}$

नया लाभ विभाजन अनुपात= $\frac{8}{15}:\frac{4}{15}:\frac{1}{5}=\frac{8:4:3}{15}$ = 8 : 4 : 3

iv). जब नया साझेदार अपना हिस्सा पूर्णतया किसी एक साझेदार से प्राप्त करता है :

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

1. Aव B एक फर्म में साझेदार है जो 7 : 3 में लाभ विभाजन करते हैं।C को प्रवेश दिया जाता है, Cअपना 1/10 हिस्सा पूर्णतः A से प्राप्त करता है । नये लाभ विभाजन अनुपात व त्याग अनुपात की गणना करो ।

   Aका त्याग $=\frac{1}{10}$ Aका नया लाभ विभाजन अनुपात $=\frac{7}{10}-\frac{1}{10}=\frac{6}{10}$

   तीनों का नया लाभ विभाजन अनुपात$=\frac{6}{10}:\frac{3}{10}:\frac{1}{10}=\frac{6:3:1}{10}=6:3:1$; त्याग का अनुपात$=\frac{1}{10}:0=1:0$

2. Aव B एक फर्म में साझेदार है जो 3 : 2 के अनुपात में लाभ विभाजन करते है, उन्होने C व Dको क्रमशः 1/5, 1/5 हिस्से के लिऐ प्रवेश दिया । C अपना पूरा हिस्सा Aसे व D अपना पूरा हिस्सा Bसे प्राप्त करता है, तो नया लाभ विभाजन अनुपात होगा।

   Aका त्याग $=\frac{1}{5}$Bका त्याग $=\frac{1}{5}$; Aका नया अनुपात$=\frac{3}{5}-\frac{1}{5}=\frac{2}{5}$;Bका नया अनुपात$=\frac{2}{5}-\frac{1}{5}=\frac{1}{5}$

   सभी का नया लाभ विभाजन अनुपात$=\frac{2}{5}:\frac{1}{5}:\frac{1}{5}:\frac{1}{5}=\frac{2:1:1:1}{5}=2:1:1:1$

v). जब नया साझेदार अपना हिस्सा पुराने साझेदारों से एक निश्चित अनुपात में प्राप्त करता है :

जैसे:A व B 3 : 2 के अनुपात में लाभ विभाजन करते हैं।वेC को 1/4 हिस्सा देकर प्रवेश देते है, जिसे वह 4/24 A से व 2/24 B से प्राप्त करता है । नया लाभ विभाजन अनुपात व त्याग का अनुपात होगा ।

Aका त्याग $=\frac{4}{24}$ Bका त्याग $=\frac{2}{24}$ त्याग का अनुपात = 4 : 2 = 2 : 1

नया लाभ विभाजन अनुपात= पुराना लाभ विभाजन अनुपात – त्याग अनुपात

A = $\frac{3}{5}-\frac{4}{24}=\frac{52}{120}$ B = $\frac{2}{5}-\frac{2}{24}=\frac{38}{120}$

नया लाभ विभाजन अनुपात$=\frac{52}{120}:\frac{38}{120}:\frac{1}{4}=\frac{52:38:30}{120}=26:19:15$

vi).जब पुराने साझेदार अपने हिस्से का एक निश्चित भाग नये साझेदार के पक्ष में त्याग(समर्पण) करते है :

1. A व B एक फर्म में साझेदार है जो 3 : 2 में लाभ विभाजन करते हैं। C को प्रवेश देते हैं। अपने हिस्से का 1/5 व B अपने हिस्से का 2/5 C के पक्ष में त्याग करते है । नया लाभ विभाजन अनुपात व त्याग अनुपात होगा ।

   A का त्याग $\frac{3}{5}X\frac{1}{5}=\frac{3}{25}$; B का त्याग $\frac{2}{5}X\frac{2}{5}=\frac{4}{25}$; त्याग अनुपात = 3 : 4

   नया लाभ विभाजन अनुपात = पुराना लाभ विभाजन अनुपात – त्याग अनुपात

   A$\frac{3}{5}-\frac{3}{25}=\frac{15-3}{25}=\frac{12}{25}$; B $\frac{2}{5}-\frac{4}{25}=\frac{10-4}{25}=\frac{6}{25}$; C का हिस्सा $\frac{3}{25}+\frac{4}{25}=\frac{7}{25}$

   नया लाभ विभाजन अनुपात$=\frac{12}{25}:\frac{6}{25}:\frac{7}{25}=\frac{12:6:7}{25}=12:6:7$

2. AवBसाझेदार है जो 3 : 2 में लाभ विभाजन करते है । वे Cको प्रवेश देते है,Aअपने हिस्से का 1/3 व Bअपने हिस्से में से 1/10 C को देते हैं। नया लाभ विभाजन अनुपात व त्याग का अनुपात होगा।

   Aका त्याग $\frac{3}{5}X\frac{1}{3}=\frac{3}{15}=\frac{1}{5}$; Bका त्याग $\frac{1}{10}$; त्याग अनुपात 2 : 1

   नया लाभ विभाजन अनुपात = पुराना लाभ विभाजन अनुपात – त्याग अनुपात

   A$\frac{3}{5}-\frac{1}{5}=\frac{2}{5}$; B$\frac{2}{5}-\frac{1}{10}=\frac{3}{10}$; Cका हिस्सा $\frac{1}{5}+\frac{1}{10}=\frac{3}{10}$

   $=\frac{2}{5}:\frac{3}{10}:\frac{3}{10}$ नया लाभ विभाजन अनुपात 4 : 3 : 3

विविध उदाहरण

1. **अ, ब** व **स** एक फर्म में साझेदार है, जो 3 : 2 : 1 के अनुपात में लाभ विभाजन करते हैं।**द** लाभ में 1/6 हिस्से के लिए प्रवेश करता हैं।**स** का हिस्सा पहले जितना ही रहेगा । नया लाभ विभाजन अनुपात ज्ञात करो।

   CवD का हिस्सा $\frac{1}{6}+\frac{1}{6}=\frac{2}{6}$;$1-\frac{2}{6}=\frac{4}{6}$(AवBका हिस्सा)

   Aका हिस्सा$=\frac{4}{6}X\frac{3}{5}=\frac{12}{30}$; B का हिस्सा$=\frac{4}{6}X\frac{2}{5}=\frac{8}{30}$

   नया लाभ विभाजन अनुपात $=\frac{12}{30}:\frac{8}{30}:\frac{1}{6}:\frac{1}{6}$; $\frac{12:8:5:5}{30}$; = 12:8:5:5

2. अ व ब एक फर्म में साझेदार है जो 3 : 2 के लाभ विभाजन करते हैं। स लाभों में 1/4 हिस्से के लिए प्रवेश करता हैं। अ व ब भविष्य में लाभ बराबर बांटते हैं। नया लाभ विभाजन अनुपात व त्याग का अनुपात होगा।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

$1-\frac{1}{4}=\frac{3}{4}$; Aका नया अनुपात= $\frac{3}{4}X\frac{1}{2}=\frac{3}{8}$; Bका नया अनुपात = $\frac{3}{4}X\frac{1}{2}=\frac{3}{8}$

नया लाभ विभाजन अनुपात = $\frac{3}{8}:\frac{3}{8}:\frac{1}{4}$ = 3 : 3 : 2

त्याग अनुपात = पुराना लाभ विभाजन अनुपात –नया लाभ विभाजन अनुपात

त्याग का अनुपात A= $\frac{3}{5}-\frac{3}{8}=\frac{24-15}{40}=\frac{9}{40}$; B= $\frac{2}{5}-\frac{3}{8}=\frac{16-15}{40}=\frac{1}{40}$; त्याग अनुपात= 9 : 1

3. अ व ब एक फर्म में 3 : 2 में लाभ विभाजित करते हुए साझेदार है, स को प्रवेश देते है । ब व स के मध्य वही अनुपात होगा जो अ व ब के मध्य है ।

A : B	B : C
3 : 2	3 : 2
x 3	x 2
9 : 6	6 : 4

= नया लाभ विभाजन अनुपात 9 : 6 : 4

4. अ व ब एक फर्म में 3 : 2 में लाभ विभाजित करते हुए साझेदार है स को लाभों में 1/5 हिस्से के लिए प्रवेश देते है स अपना 1/2 हिस्सा अ से व शेष हिस्सा अ व ब से बराबर–बराबर प्राप्त करता है, नया लाभ विभाजन अनुपात व त्याग का अनुपात होगा।

A का त्याग $\frac{1}{5}X\frac{1}{2}=\frac{1}{10}$; C का शेष हिस्सा $\frac{1}{5}-\frac{1}{10}=\frac{1}{10}$; शेष हिस्से में A का त्याग $\frac{1}{10}X\frac{1}{2}=\frac{1}{20}$

A का कुल त्याग $\frac{1}{10}+\frac{1}{20}=\frac{3}{20}$; B का त्याग $\frac{1}{10}X\frac{1}{2}=\frac{1}{20}$; त्याग अनुपात $\frac{3}{20}:\frac{1}{20}$ = 3 : 1

नया लाभ विभाजन अनुपात = पुराना लाभ विभाजन अनुपात – त्याग अनुपात

A= $\frac{3}{5}-\frac{3}{20}=\frac{12-3}{20}=\frac{9}{20}$; B= $\frac{2}{5}-\frac{1}{20}=\frac{8-1}{20}=\frac{7}{20}$

नया लाभ विभाजन अनुपात होगा = $\frac{9}{20}:\frac{7}{20}:\frac{1}{5}$; $\frac{9:7:4}{20}$; नया लाभ विभाजन अनुपात 9 : 7 : 4

5. अ, ब व स एक फर्म में साझेदार है जो 3 : 2 : 1 में लाभ विभाजन करते है । वे द को प्रवेश देते है । द अपने हिस्से का 1/4 भाग अ से प्राप्त करता हैं। ब अपने हिस्से का 1/4 व स अपने हिस्से का 1/5 द के पक्ष में समर्पण करते हैं। नया लाभ विभाजन अनुपात होगा ।

B का त्याग $\frac{2}{6}X\frac{1}{4}=\frac{2}{24}$; Cका त्याग $\frac{1}{6}X\frac{1}{5}=\frac{1}{30}$; B व Cका कुल त्याग $\frac{2}{24}+\frac{1}{30}$; $\frac{10+4}{120}=\frac{14}{120}$

चूंकि Aने Dके हिस्से का $\frac{1}{4}$ त्याग किया अर्थात् Bव Cने Dके हिस्से का $\frac{3}{4}$ भाग त्याग किया।

अतः Aका त्याग होगा $\frac{14}{120}X\frac{4}{3}X\frac{1}{4}=\frac{14}{360}$

त्याग का अनुपात A B C

$\frac{14}{360}:\frac{2}{24}:\frac{1}{30}$; $\frac{14:30:12}{360}$ = त्याग का अनुपात 7 : 15 : 6

नया लाभ विभाजन अनुपात = पुराना लाभ विभाजन अनुपात – त्याग अनुपात

A= $\frac{3}{6}-\frac{14}{360}=\frac{180-14}{360}=\frac{166}{360}$; B= $\frac{2}{6}-\frac{2}{24}=\frac{8-2}{24}=\frac{6}{24}$

C= $\frac{1}{6}-\frac{1}{30}=\frac{5-1}{30}=\frac{4}{30}$; Dका हिस्सा $\frac{14}{360}+\frac{2}{24}+\frac{1}{30}=\frac{56}{360}$

= $\frac{166}{360}:\frac{6}{24}:\frac{4}{30}:\frac{56}{360}$ = $\frac{166:90:48:56}{360}$ नया लाभ विभाजन अनुपात 83 : 45 : 24 : 28

6. अ व ब 3 :2 में लाभ विभाजित करते हुये साझेदार है, वे स को प्रवेश देते है । नया लाभ विभाजन अनुपात 5 : 3 : 2 है तो त्याग अनुपात होगा

त्याग का अनुपात = पुराना लाभ विभाजन अनुपात – नया लाभ विभाजन अनुपात

A= $\frac{3}{5}-\frac{5}{10}=\frac{1}{10}$; B= $\frac{2}{5}-\frac{3}{10}=\frac{1}{10}$; त्याग का अनुपात= 1 : 1

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

ख्याति (Goodwill)

ख्याति एक अदृश्य संपत्ति है, जिसका वर्णन करना सरल है लेकिन परिभाषा देना कठिन हैं। यह व्यवसाय के अच्छे नाम, प्रतिष्ठा एवं संबंधों से मिलने वाला लाभ है, यह वह आकर्षण शक्ति है जो ग्राहकों को लाती हैं। व्यवसाय की प्रतिष्ठा का मौद्रिक मूल्यांकन ही ख्याति हैं।

लार्ड एल्डनः "ख्याति इस संभावना के अतिरिक्त और कुछ नहीं है कि पुराने ग्राहक पुराने स्थान को ही चुनते हैं।"

लार्ड लिण्डलेः "ख्याति संबंधों तथा प्रसिद्धि से होने वाला लाभ हैं।"

ख्याति की विशेषताएं (Characteristics of Goodwill)

1. ख्याति व्यवसाय की अदृश्य (अमूर्त) सम्पत्ति है
2. यह एक मूल्यवान संपत्ति है
3. यह अधिक लाभार्जन में सहायक होती हैं।
4. यह एक ऐसी आकर्षण शक्ति है जो कि ग्राहकों को उनके पुराने स्थान पर लाती हैं।
5. इसका मूल्य परिवर्तित होता रहता हैं।

ख्याति के मूल्य को प्रभावित करने वाले तत्त्व (Factors affecting the value of Goodwill)

1. व्यवसाय का सुविधाजनक स्थान,
2. प्रबंध की कुशलता
3. व्यवसाय की दीर्घकालीन अवधि,
4. वस्तु की प्रकृति
5. लाइसेंस का होना,
6. एकाधिकार
7. जोखिम की मात्रा
8. लाभों की प्रवृति,
9. भावी प्रतिस्पर्धा
10. पूँजी की मात्रा
11. उत्पाद की किस्म

ख्याति के मूल्यांकन की आवश्यकता(need for the valuation of Goodwill)

एक साझेदारी फर्म में निम्न दशाओं में ख्याति के मूल्यांकन की आवश्यकता होती हैं।

1. जब एक नया साझेदार प्रवेश करता हैं।
2. जब वर्तमान साझेदारों के मध्य लाभ–विभाजन अनुपात में परिवर्तन होता हैं।
3. जब कोई साझेदार अवकाश ग्रहण करता है अथवा साझेदार की मृत्यु हो जाती हैं।
4. जब फर्म का व्यवसाय बेचा जाता हैं।
5. जब दो फर्मों का एकीकरण हो जाता हैं।

ख्याति के प्रकार (Types of Goodwill)

- क्रय की गई ख्याति (Purchased Goodwill)
- स्वअर्जित ख्याति (Self Generated Goodwill)

1. **क्रय की गई ख्याति–** किसी व्यवसाय को क्रय करते समय यदि क्रय प्रतिफल व्यवसाय की शुद्ध सम्पत्तियों के मूल्य से अधिक है तो यह आधिक्य ही क्रय की गई ख्याति कहलाती हैं।Goodwill=Purchase consideration - Net Assets
   - **(a)** यह किसी व्यवसाय के क्रय करने पर उत्पन्न होती हैं।
   - **(b)** पुस्तकों में इसका लेखा किया जाता है, क्योंकि इसके लिये प्रतिफल का भुगतान किया गया हैं।
   - **(c)** इसे चिट्ठे में संपत्ति के रूप में दिखाया जाता हैं।
2. **स्वअर्जित ख्याति–**
   - **(a)** यह एक व्यवसायिक संस्था के अच्छे सम्बंधों और यश का मूल्य है जो व्यवसाय में सृजित किया जाता हैं।
   - **(b)** लेखा मानक 26 व Indian A.S.38 के अनुसार इसका लेखा पुस्तकों में नहीं किया जाता हैं।
   - **(c)** इस प्रकार की ख्याति के मूल्यांकन का प्रश्न फर्म के पुनर्गठन के समय उत्पन्न होता है।

ख्याति की प्रकृति (Nature of Goodwill)

1. संस्थागत ख्याति या बिल्ली के स्वभाव की ख्याति **(Institutional Goodwill or Cat Goodwill)**
2. व्यक्तिगत ख्याति या कुत्ते के स्वभाव की ख्याति **(Personal Goodwill or Dog Goodwill)**
3. आकस्मिक घटना सम्बन्धी ख्याति या चूहे के स्वभाव वाली ख्याति **(Goodwill related to casual event or Rat Goodwill)**

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

1.**संस्थागत ख्याति:–** ऐसी ख्याति संस्था की प्रतिष्ठा अच्छे नाम, उसके माल की प्रसिद्धि के कारण बनती हैं। संस्था के स्वामी के परिवर्तन का उस पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता हैं। इस प्रकार की ख्याति का मूल्य सबसे अधिक होता हैं। इसे बिल्ली के स्वभाव की ख्याति भी कहा जाता है, क्योंकि बिल्ली अपना स्थान (घर) नहीं छोड़ती, चाहे उसका स्वामी बदल जाये।

2.**व्यक्तिगत ख्याति:–** जब किसी व्यवसाय की ख्याति उसके स्वामी के व्यक्तित्व, कुशलता व व्यवहार आदि के कारण होती है, तो उसे व्यक्तिगत ख्याति कहते हैं। व्यवसाय के मालिक बदल जाने पर ख्याति भी उनके साथ चली जाती हैं। ग्राहक उस संस्था से संबंध बना लेते है, जहां पुराना स्वामी चला जाता हैं। ऐसी ख्याति को कुत्ते के स्वभाव वाली ख्याति कहा जाता है, क्योंकि कुत्ता स्वामीभक्त होता है, जहां स्वामी जाता है, कुत्ता भी वहां चला जाता हैं। इस तरह की ख्याति का मूल्य संस्थागत ख्याति से कम होता हैं। ऐसी ख्याति पेशे (Profession) वाले व्यवसाय में होती हैं। जैसे डॉक्टर, सी.ए., एडवोकेट इत्यादि।

3.**आकस्मिक घटना सम्बंधी ख्याति:–** ऐसे व्यवसाय जिनकी ख्याति स्थिर नहीं होती हैं। अर्थात् छोटी–बड़ी घटना के साथ ख्याति का मूल्य बढ़ जाता है अथवा कम हो जाता है, आकस्मिक घटना संबंधी ख्याति कहलाती हैं। इसे चूहे के स्वभाव वाली ख्याति भी कहते हैं। चूहा न तो स्वामी का भक्त होता है और न ही किसी स्थान का। वह एक स्थान से दूसरे स्थान पर घूमता रहता हैं। चूहे के स्वभाव के ग्राहक किसी विशेष दुकान अथवा किसी विशेष व्यक्ति से लगाव नहीं रखते हैं। इस तरह की ख्याति का मूल्य बहुत कम होता हैं।

ख्याति के मूल्यांकन की विधियां :–

(1) वर्षों की क्रय विधि (Year's Purchase Method) :– ख्याति का मूल्यांकन व्यवसाय के लाभों के कुछ वर्षों के गुणा के आधार पर किया जाता हैं, जिसे वर्षों की क्रय विधि कहते हैं। इसके लिए व्यवसाय के लाभों की गणना दो आधारों पर की जाती है :–

1. औसत लाभ आधार (Average Profit Base): -

अ. सरल औसत लाभ (Simple Average Profit):– इस विधि के अन्तर्गत ख्याति का मूल्याकंन पिछले कुछ वर्षों के औसत लाभों (हानियों सहित) के आधार पर किया जाता हैं। औसत लाभों की गणना करते समय पिछले वर्षों के लाभों में निम्न समायोजन किये जाने चाहिए–

i. **असामान्य आय/लाभ :–** संबंधित वर्ष की आय में से कम कर देना चाहिए।
ii. **असामान्य व्यय/हानियां :–** संबंधित वर्ष की आय में जोड़ देना चाहिए।
iii. **गैर व्यापारिक विनियोगों पर आय :–** संबंधित वर्ष की आय में से कम कर देना चाहिए।

$$\text{Average Profit (AP)} = \frac{\text{Total Adjusted Profits}}{\text{No. of years}} \qquad \text{औसत लाभ} = \frac{\text{कुल समायोजित लाभ}}{\text{वर्षों की संख्या}}$$

वास्तविक औसत लाभ Actual Average Profit (AAP)= औसत लाभ – साझेदारों का पारिश्रमिक (वेतन)

Goodwill = Actual Average Profit x No. of year's purchase

ख्याति = वास्तविक औसत लाभ xवर्षों के क्रय की संख्या

इसे निम्नांकित उदाहरणों से समझ सकते हैं–

(1) एक फर्म की ख्याति गत 5 वर्षों के औसत लाभ के दो वर्षीय क्रय (दोगुने) के आधार पर मूल्यांकित की जाती हैं।

Years	2012	2013	2014	2015	2016
Profits (₹)	15,000	18,000	7,000 (Loss)	10,000	14,000

ख्याति की गणना कीजिए।

$$\text{औसत लाभ} = \frac{15000 + 18000 - 7000 + 10000 + 14000}{5} = \frac{50000}{5} = 10000$$

Goodwill = A.P. X No. of years purchased = ₹ 10000 X 2 = ₹ 20,000

(2) फर्म की ख्याति का मूल्यांकन पिछले 3 वर्षों के औसत लाभ के दो वर्षों के क्रय के आधार पर करना है।

Years	Profits ₹	
2014	40000	(इसमें ₹10000 असामान्य लाभ शामिल हैं।)
2015	30000	(इसमें ₹ 5000 असामान्य हानि चार्ज की गई हैं।)
2016	33000	(इसमें ₹ 8000 विनियोगों पर ब्याज शामिल हैं।)

$$\text{औसत लाभ} = \frac{30000 + 35000 + 25000}{3} = \frac{90000}{3} = 30,000$$

Goodwill = A.P. X No. of years purchase = 30000 X 2 = ₹ 60,000

(3) Years Profits ₹

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

2012	25000	(₹ 5000 सट्टे के लाभ शामिल)
2013	(–)5000	(₹40000 स्टॉक हानि चार्ज की गई)
2014	22000	(₹ 2000 सम्पत्ति के विक्रय के लाभ शामिल)

साझेदारों का वेतन₹5000 वार्षिक हैं। औसत लाभों के तीन वर्षों के क्रय के आधार पर ख्याति की गणना कीजिए।

$$\text{औसत लाभ} = \frac{20000 + 35000 + 20000}{3} = \frac{75000}{3} = ₹\ 25000$$

वास्तविक औसत लाभ=₹25,000–₹5,000=₹20,000; ख्याति=₹20,000x3=60,000

(ब) भारित औसत लाभ (Weighted Average Profit):- जब पिछले वर्षों के लाभों में निरन्तर घटने या बढ़ने की प्रवृत्ति हो तो साधारण औसत के बजाय भारित औसत के आधार पर ख्याति की गणना की जाती है। इस विधि में प्रत्येक वर्ष के लाभों का भार क्रमशः 1, 2, 3,4..... देकर गुणनफल ज्ञात किया जाता हैं। इसे निम्नांकित उदाहरणों से समझ सकते हैं :–

(i)

Years	Profits₹		Weight		Product (P X W)
2012	10000	X	1	=	10000
2013	12000	X	2	=	24000
2014	15000	X	3	=	45000
2015	20000	X	4	=	80000
2016	30000	X	5	=	150000
	Total of Weights→		15	Total Product of profits→	309000

$$\text{Weighted Average Profit (W.A.P.)} = \frac{\text{Total Product of profits}}{\text{Total of Weights}} = \frac{309000}{15} = ₹\ 20600$$

Goodwill = 20600 X 2 = ₹ 41200

(ii)एक फर्म के पिछले चार वर्षों के लाभ इस प्रकार हैं।भारित औसत लाभों के तीन वर्षों के क्रय के आधार पर ख्याति की गणना करें।

Years	Profits₹		Weight		Product (P X W)
2013	5000	X	1	=	5000
2014	7000	X	2	=	14000
2015	10000	X	3	=	30000
2016	15000	X	4	=	60000
		∑W	10	∑P	1,09,000

$$\text{Weighted Average Profit (W.A.P.)} = \frac{\text{Total Product of profits}}{\text{Total of Weights}} = \frac{109000}{10} = ₹10900$$

Goodwill = 10900 X 3 = ₹32700

(iii)एक फर्म की ख्याति का मूल्याकंन पिछले चार वर्षों के भारित औसत लाभ के तीन वर्षों के क्रय के आधार पर करें।

Years	Profits₹	Weight
2012-13	20200	1
2013-14	24800	2
2014-15	20000	3
2015-16	30000	4

लेखों के जांच से निम्नलिखित बातें प्रकट हुई– **(a)** 01 दिसम्बर, 2014 को प्लाट के संबंध में एक बड़ा मरम्मत का काम किया गया था जिस पर ₹ 6000 खर्च हुए थे। इस राशि को लाभ हानि खाते से चार्ज कर लिया गया था। यह तय हुआ कि ख्याति का मूल्यांकन करने के लिए इस राशि का पूँजीकरण किया जाए। लेकिन इस पर क्रमागत ह्रास विधि से 10 प्रतिशत वार्षिक दर से ह्रास का समायोजन करना हैं। **(b)** वर्ष 2013–14 में अंतिम स्टॉक का मूल्यांकन ₹2400 से अधिक किया गया। **(c)** ख्याति के मूल्यांकन के लिए प्रबंधकीय लागत के संबंध में ₹4800 वार्षिक चार्ज लगाना हैं।

हल :

Years	2012-13₹	2013-14₹	2014-15₹	2015-16₹
Profits	20200	24800	20000	30000
(-) Managerial Cost	4800	4800	4800	4800
(+) Capital Expenditure Charge to revenue	-	-	6000	-
(-) Dep. (Not Provided)	-	-	200	580

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

(-) Over Valuation of closing Stock	-	2400	-	-
(+) Over Valuation of Opening stock	-	-	2400	-
Adjusted Profits	**15400**	**17600**	**23400**	**24620**

Years	Profits₹	Weight		Product (P X W)
2012-13	15400 X	1	=	15400
2013-14	17600 X	2	=	35200
2014-15	23400 X	3	=	70200
2015-16	24620 X	4	=	98480
	Total of Weights→	10	Total Product of profits→	219280

भारित औसत लाभ (W.A.P.) = Total Product of profits / Total of Weights = 219280 / 10 = ₹ 21928;

Goodwill = 21928 x 3 = ₹ 65,784

2. **अधिलाभ आधार (Super profit base)**:–यदि फर्म सामान्य लाभ से अधिक लाभ कमाती है, तो उसे फर्म का अधिलाभ कहते हैं। व्यापार के वास्तविक औसत लाभ और सामान्य लाभ का अंतर अधिलाभ कहलाता हैं।

Super profit = Actual average profit - Normal Profit ; S.P. = A.A.P. - N.P.

अधिलाभ = वास्तविक औसत लाभ – सामान्य लाभ

सामान्य लाभ = विनियोजित पूँजी **x** सामान्य प्रत्याय दर Normal Profit = Capital Employed x NRR

Capital Employed Assets Employed – Outside Liabilities ; विनियोजित पूँजी= प्रयुक्त सम्पत्तियां – बाह्य दायित्व

प्रत्याय की सामान्य दर से आशय, उद्योग में लगी अन्य फर्मों द्वारा अर्जित लाभ की सामान्य दर जो प्रायः प्रश्न में दी गई होगी। प्रश्न विशेष में :

Normal Rate of return (NRR) = Rate of Interest + Risk Factor

सामान्य प्रत्याय दर = ब्याज की दर + जोखिम का तत्व

नोटः–यदि अधिलाभ **(S.P.)** शून्य हो या ऋणात्मक हो तो ख्याति का मूल्य शून्य होगा।

Goodwill = super profit x no. of year's purchase; ख्याति = अधिलाभ x वर्षों के क्रय की संख्या

विविध उदाहरण :

(1) एक फर्म की पूँजी ₹ 50000 हैं तथा सामान्य प्रत्याय दर 10 प्रतिशत हैं। फर्म के वास्तविक औसत लाभ ₹ 9000 हैं। अधिलाभों के चार गुने के बराबर ख्याति की गणना कीजिए।

Normal profit = Capital Employed x N.R.R. = 50000 X 10 /100 = ₹ 5000

S.P. = AAP - NP ; अधिलाभ = 9000 - 5000 = ₹ 4000

ख्याति = SP X 4 = 4000 X 4 = ₹ 16000

(2) ए व बी फर्म की पूँजी ₹2,00,000 और सामान्य प्रत्याय दर 10 प्रतिशत हैं। प्रत्येक साझेदार का वार्षिक वेतन ₹ 6000 है। फर्म के पिछले तीन वर्षों के लाभ इस प्रकार है–₹ 40000, ₹35000,₹45000 अधिलाभ के दो वर्ष के क्रय के आधार पर ख्याति की गणना करें –

वास्तविक औसत लाभ= (40000 + 35000 + 45000) / 3 = 120000 / 3 = 40000-12000 (Salary to partners) = ₹ 28000

Normal profit = Capital Employed x N.R.R. → = 2,00,000 x 10 /100 = ₹ 20000

अधिलाभ = 28000 - 20000 = ₹ 8000 ; ख्याति = SP X 2 = 8000 X 2 = ₹16000

(3) 1 अप्रैल 2017 को एक फर्म की सम्पत्तियां ₹2,00,000 थी, जिसमें ₹ 10000 रोकड़ भी शामिल थी। इस तिथि को लेनदार ₹ 10,000 के थे। साझेदारों के पूँजी खातों में ₹1,60,000 का शेष व संचय कोष ₹30000 का था। ब्याज की दर 8 प्रतिशत व जोखिम तत्व दो प्रतिशत था। अधिलाभों के तीन वर्षीय क्रय पर फर्म की ख्याति का मूल्य₹ 33000 हो तो वास्तविक औसत लाभ की राशि होगी।

Capital Employed = Assets - Liabilities =200000 - 10000 = ₹ 190000

Normal rate of return = rate of interest + Risk factor = 8% + 2% = 10%

Normal profit = Capital Employed x N.R.R. = 190000 X 10 /100 = ₹19000

अधिलाभ = वास्तविक औसत लाभ – सामान्य लाभ

11000 =वास्तविक औसत लाभ + ₹ 19000

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

19000 + 11000 = ₹ 30000 (वास्तविक औसत लाभ)

कार्यशील टिप्पणी

ख्याति = SP X 3 = 33000 ; 33000 = SP X 3 ; S.P. = 33000/3 = ₹ 11000

(4) एक फर्म के पिछले तीन वर्षों के लाभ इस प्रकार है–₹ 20000, ₹ 17000, ₹23000 विनियोजित पूँजी, ₹1,00,000 व सामान्य प्रत्याय दर 12 प्रतिशत हैं। अधिलाभों के तीन वर्षों के क्रय के आधार पर ख्याति की गणना कीजिए।

औसत लाभ $= \frac{20000 + 17000 + 23000}{3} = \frac{60000}{3} =$ ₹ 20000

सामान्य लाभ = Capital Employed x N.R.R. = 100000 x 12 /100 = ₹ 12000

अधिलाभ = AAP - NP = 20000 - 12000 = ₹ 8000; ख्याति = SP x 2 = 8000 x 3 = ₹ 24000

नोट : उपरोक्त दोनों आधार (औसत लाभ एवं अधिलाभ) अन्य विधियों में भी प्रयोग किये जाते हैं।

(2) पूँजीकरण विधि (Capitalisation method):– इस विधि के अन्तर्गत व्यवसाय द्वारा अर्जित लाभों का पूँजीकरण करके ख्याति का मूल्य ज्ञात किया जाता हैं। इस विधि की अन्तर्गत ख्याति का मूल्यांकन दो आधारों पर किया जा सकता हैं।

(अ) औसत लाभों की पूँजीकरण विधि

औसत लाभों का पूँजीकरण मूल्य $= \frac{\text{औसत लाभ x 100}}{\text{सामान्य प्रत्याय की दर}}$

ख्याति=लाभों का पूँजीकृत मूल्य – विनियोजित पूँजी Goodwill = capitalised value of profits - Capitalemployed

नोटः– यदि औसत लाभों का पूँजीकृत मूल्य व विनियोजित पूँजी का अन्तर शून्य या ऋणात्मक है तो ख्याति का मूल्य शून्य होगा।

(i) एक फर्म का औसत लाभ ₹15000 है और फर्म की पूँजी ₹1,00,000 हैं। सामान्य प्रत्याय दर 10 प्रतिशत हैं। औसत लाभों की पूँजीकरण विधि से ख्याति की गणना कीजिए।

ख्याति= $\frac{\text{औसत लाभ x 100}}{\text{सामान्य प्रत्याय की दर}}$ -विनियोजित पूँजी

Goodwill = $\frac{\{15000 \times 100\}}{10}$ - 100000 = 150000 - 100000 = ₹ 50000

(ii) वास्तविक औसत लाभ ₹46000; सामान्य प्रत्याय की दर =10%; सम्पत्तियां = ₹500000; दायित्व= ₹ 100000 औसत लाभों की पूँजीकरण विधि से ख्याति की गणना कीजिए।

ख्याति=$\left(\frac{46000 \times 100}{10}\right)$ - 400000 = ₹ 60000

(ब) अधिलाभों की पूँजीकरण विधि :– ख्याति = $\frac{\text{औसत लाभ x 100}}{\text{सामान्य प्रत्याय की दर}}$ Goodwill = $\frac{\text{S.P. x 100}}{\text{N.R.R}}$

(i) औसत लाभ = ₹100000, सामान्य प्रत्याय की दर 10%; विनियोजित पूँजी ₹ 800000

Normal profit = Capital Employed x N.R.R. = 800000 x 10 /100 = ₹ 80,000

अधिलाभ = औसत लाभ – सामान्य लाभ

S.P.=100000 - 80000 = ₹20000 ; ख्याति = $\frac{\text{S.P. X 100}}{\text{NRR}} = \frac{20000 \times 100}{10}$ = ₹ 2,00,000

(ii) Assets ₹ 300000, Liabilities ₹ 50000, NRR 10%, AAP ₹30000

Normal profit = Capital Employed x N.R.R. = 250000 X 10 /100 = ₹25,000

Capital Employed = Assets - Liabilities = 300000- 50000 = ₹ 2,50,000

अधिलाभ = औसत लाभ – सामान्य लाभ = 30000 . 25000 = ₹ 5000

ख्याति = $\frac{\text{S.P. x 100}}{\text{NRR}} = \frac{5000 \times 100}{10}$ = ₹ 50000

(iii) औसत लाभ ₹50,000, NRR 10%, Capital Employed ₹ 3,00,000

औसत लाभों की पूँजीकरण विधि व अधिलाभों की पूँजीकरण विधि से ख्याति की गणना करो।

(a) on the basis of Average Profit

ख्याति = $\left(\frac{\text{AP X 100}}{\text{NRR}}\right)$ – Capital Employed = $\left(\frac{50000 \times 100}{10}\right)$ - 300000 = ₹ 2,00,000

(b) on the basis of Super Profit

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

सामान्य लाभ = Capital Employed x N.R.R. = 300000 x 10 /100 = ₹ 30000

अधिलाभ = AP - NP = 50000 - 30000 = ₹ 20000

ख्याति = $\frac{\text{S.P. x 100}}{\text{NRR}}$ = $\frac{\text{20000 x 100}}{\text{10}}$ = ₹ 200000

(3) गुप्त (छिपी हुई) या अनुमानित ख्याति विधि (Hidden Goodwill Method):–

नये साझेदार के लाभ के हिस्से व उसके द्वारा लाई गई पूँजी के आधार पर फर्म की कुल पूँजी ज्ञात करते हैं।

फर्म की ख्याति = कुल पूँजी– पुराने साझेदारों की समायोजित पूँजी– नये साझेदार की पूँजी

समायोजित पूँजी का आशय : पूँजी शेष + संचय + लाभ – हानि

(i) ए, बी एक फर्म में साझेदार है जिनकी पूँजी क्रमशः₹20,000 व ₹30,000 हैं। सी को लाभों में 1/5 हिस्से के लिए प्रवेश दिया, जो पूंजी के रूप में ₹ 15,000 लाता हैं। उक्त सूचनाओं से ख्याति का मूल्य ज्ञात कीजिए।

सी की पूँजी के आधार पर फर्म की कुल पूँजी $15000 \times \frac{5}{1}$ = ₹75000

फर्म की ख्याति = फर्म की कुल पूँजी – ए व बी की समायोजित पूँजी – सी की पूँजी

75000 - 50000 – 15000 = ₹ 10000

(ii) ए व बी साझेदार है जिनकी पूँजी खातों के शेष ₹ 10,000 व ₹ 20,000 हैं। चिट्ठे में अवतरित संचय ₹10,000 का हैं। सी को 1/4 हिस्से के लिए फर्म में प्रवेश देते हैं। जो ₹ 20,000 पूँजी लाता हैं। उक्त सूचनाओं से ख्याति का मूल्य ज्ञात कीजिए।

सी की पूँजी के आधार पर फर्म की कुल पूँजी ₹

$20000 \times \frac{4}{1}$ = 80000

(–) ए व बी की समायोजित पूंजी

(10000 + 5000) + (20000 + 5000) = 40000

(–) सी की पूंजी = 20000

फर्म की ख्याति = 20000

(4) क्रय प्रतिफल विधि (Purchased Consideraton Method): -

ख्याति = क्रय प्रतिफल – शुद्ध सम्पत्तियां

उदाहरण : एक व्यवसाय की सम्पत्तियां ₹2,00,000 व दायित्व ₹ 50,000 के हैं। व्यवसाय का क्रय प्रतिफल ₹1,70,000 तय हुआ। तो ख्याति का मूल्य कितना होगा।

Net Assest = Assets - Liabilities = 200000 - 50000 = ₹ 1,50,000

ख्याति = Purchase Consideration - Net Assets = 170000 - 150000 = ₹ 20000

(5) वार्षिकी विधि (Annuity Method):–

ख्याति = Super Profit X Present value of Annuity

यदि वार्षिकी का वर्तमान मूल्य नहीं दिया गया है, तो उसकी गणना निम्न सूत्र से की जाती हैं।

$$\text{Present Value of Annuity} = \frac{1 - \left(\frac{100}{100+r}\right)n}{\frac{r}{100}}$$

n = वर्षों की संख्या r = सामान्य प्रत्याय दर

जैसे n = 3, r = 10% तो

$$\text{Present Value of Annuity} = \frac{1 - \left(\frac{100}{100+10}\right)^3}{\frac{10}{100}} = 2.487$$

(i) औसत लाभ = ₹20,000, विनियोजित पूँजी = ₹1,50,000, सामान्य प्रत्याय की दर=10%, वर्तमान मूल्य=2.487वार्षिकी विधि से ख्याति का मूल्य ज्ञात करों।

Normal profit = Capital Employed x N.R.R. = 150000 X 10 /10 = ₹15000

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

S.P. = AP - NP = 20000 - 15000 = ₹ 5000
ख्याति = S.P. x P.V. = 5000 x 2.487 = ₹ 12435

ख्याति (प्रीमियम) का लेखांकन व्यवहार (Accounting Treatment of Goodwill)

नये साझेदार के प्रवेश के समय ख्याति के व्यवहार से सम्बन्धित निम्नलिखित परिस्थितियाँ हो सकती है –

1. जब ख्याति की राशि का भुगतान निजी रूप से किया जाये।
2. जब नया साझेदार अपने हिस्से की ख्याति की राशि नकद लेकर आता हैं।
3. जब नया साझेदार अपने हिस्से की ख्याति की राशि नकद लेकर नहीं आता हैं।
4. जब नया साझेदार अपने हिस्से की ख्याति आंशिक रूप से नकद में लाता हैं।
5. जब नया साझेदार अपने हिस्से की ख्याति सम्पत्ति (In Kind)के रूप में लाता हैं।
6. छिपी हुई ख्याति का लेखा।
7. लाभ विभाजन अनुपात में परिवर्तन होने पर ख्याति का लेखा।

टिप्पणी: उपर्युक्त सभी परिस्थितियों में यदि पुस्तकों में ख्याति खाता खुला हुआ (विद्यमान) है तो उसे अपलिखित (बन्द) किया जायेगा।

Old Partner's Capital A/c Dr. (OPSR)
To Goodwill A/c
(Being Existing Goodwill A/c is written off in old profit sharing ratio)

(1) जब ख्याति की राशि का भुगतान निजी रूप से किया जाये (When amount of Goodwill is paid privately)–
यदि नया साझेदार अपने हिस्से की ख्याति की राशि का भुगतान पुराने साझेदारों को निजी रूप से कर देता है तो फर्म की पुस्तकों में कोई प्रविष्टि नहीं की जायेगी, क्योंकि ख्याति की राशि फर्म में नहीं लिखी जाती हैं।

(2) जब नया साझेदार अपने हिस्से की राशि नकद लेकर आता हैं। इस स्थिति में निम्न प्रविष्टियां की जाती है –

(i) ख्याति की राशि नकद लाने पर
Cash A/c Dr.
To Goodwill A/c
(Being amount of goodwill brought in cash)

(ii) ख्याति की राशि त्याग करने वाले साझेदारों के खातों में त्याग अनुपात में हस्तांतरित करने पर
Goodwill A/c Dr.
To Sacrificing partner's capital A/c
(Being amount of goodwill transferred to sacrificing partner's capital A/c)

(iii) ख्याति की राशि व्यापार से निकालने पर
Sacrificing partner's capital A/c Dr.
To Cash A/c
(Being amount of goodwill withdrawn by sacrificing partners)

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Accounting Treatment of Goodwill
(प्रीमियम) ख्याति के लेखांकन के व्यवहार

I — जबकि नया साझेदार ख्याति की रकम नकद लेकर आता है

- **Paid privately**
  निजी तौर पर भुगतान: पुस्तकों में कोई प्रविष्टि नहीं होगी
  Pass no Entry
- **Paid through Firm**
  फर्म में लाकर भुगतान
  - i) ख्याति की राशि नकद में लाये जाने पर
    Cash A/c Dr.
    To Goodwill A/c
  - ii) ख्याति की राशि त्याग करने वाले साझेदारों के खातों में हस्तान्तरित करने पर
    Goodwill A/c Dr.
    To Sacrificing Partner's Capital Account(SR)
  - iii) ख्याति की राशि व्यापार से निकालने पर
    Sacrificing Partner's Capital Account Dr.
    To Cash A/c

II — जबकि नया साझेदार ख्याति की रकम नकद लेकर नहीं आता है

नये साझेदार के ख्याति के हिस्से से
New Partner's Current A/c Dr.
To sacrificing partner's capital account

III — जबकि नया साझेदार अपने हिस्से की ख्याति आंशिक रुप से नकद में लाता है

Cash A/c Dr.
To Goodwill
Goodwill A/c Dr.
New partner's Current A/c Dr.
To Sacrificing Partner's Capital A/c

IV — जबकि नया साझेदार अपने हिस्से की ख्याति सम्पत्ति के रुप में लाता है

Asset Dr.
To Goodwill
Goodwill A/c Dr.
To Sacrificing Partner's Capital A/c

V — छिपी हुई ख्याति का लेखा

New Partner's Current A/c Dr.
To Sacrificing Partner's Capital Account
नये साझेदार की ख्याति के हिस्से से
सामान्यत: इस विधि का प्रयोग उस दशा मे किया जाता है जब नया साझेदार ख्याति की रकम नकद में नही लाता है

VI — लाभ विभाजन अनुपात में परिवर्तन होने पर ख्याति का लेखा

Gaining Partner's Capital A/c Dr.
To Sacrificing Partner's Capital A/c

नोट:– उपर्युक्त सभी परिस्थितियों में यदि पुस्तकों में ख्याति खाता खुला हुआ है तो उसे अपलिखित (बंद) किया जायेगा। जिसके लिए निम्न प्रविष्टि होगी।

Old Partner's Capital A/c Dr. (OPSR)
To Goodwill A/c

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

(3) जब नया साझेदार अपने हिस्से की ख्याति नकद लेकर नहीं आता है, इस दशा में त्याग अनुपात में निम्न प्रविष्टि होगी –

New partner's current A/c Dr.
To Sacrificing partner's capital A/c
(Being share of goodwill of new partner is adjusted through capital A/c)

टिप्पणी – इस दशा में नये साझेदार के पूँजी खाते के स्थान पर उसके चालू खाते को डेबिट किया गया है, ताकि उसकी पूँजी कम न हो।

(4) जब नया साझेदार अपने हिस्से की ख्याति आंशिक रूप से नकद में लाता है, इस दशा में निम्न प्रविष्टियां होगी –

(i) ख्याति का जो हिस्सा नकद लेकर आया है –

Cash A/c Dr.
To Goodwill A/c
(Being amount of goodwill brought in cash)

(ii) त्याग करने वाले साझेदारों के खातों में त्याग अनुपात में ख्याति का हस्तांतरण करने पर

Goodwill A/c Dr. (नकद लाया)
New partner's current A/c Dr. (नकद नहीं लाया)
To Sacrificing partner's capital A/c
(Being amount of goodwill is transferred to sacrificing partner's capital A/c)

(5) जब नया साझेदार अपने हिस्से की ख्याति सम्पत्ति (kind) के रूप में लाता है, इस दशा में निम्न प्रविष्टियां होगी –

(i) ख्याति के लिये सम्पत्ति लाने पर –

Asset A/c Dr.
To Goodwill A/c
(Being asset contribute by new partner for his share of goodwill)

(ii) ख्याति को त्याग करने वाले साझेदारों के पूँजी खातों में त्याग अनुपात में हस्तांतरित करने पर –

Goodwill A/c Dr.
To Sacrificing partner's capital A/c
(Being goodwill transfer to sacrificing partner's capital A/c)

(6) छिपी हुई ख्याति (Hidden Goodwill) का लेखा :–

सामान्यतः इस विधि का प्रयोग उस दशा में किया जाता है जब नया साझेदार ख्याति की राशि नकद लेकर नहीं आता हैं। नये साझेदार के ख्याति के हिस्से से :

New partner's current A/c Dr.
To Sacrificing partner's capital A/c
(Being amount of goodwill adjusted through sacrificing partner's capital A/c)

(7) साझेदारों के लाभ विभाजन अनुपात में परिवर्तन होने पर ख्याति के लिए लेखांकन प्रविष्टि :

Gaining partner's current A/c Dr.
To Sacrificing partner's capital A/c
(Being adjustment goodwill due to change in profit sharing ratio)

नोटः– (1) ख्याति के लिए प्रीमियम शब्द का भी उपयोग किया जा सकता हैं।

(2) नये साझेदार द्वारा लाई गयी ख्याति की राशि त्याग करने वाले साझेदारों में उनके त्याग अनुपात में बांटी जाएगी।

(3) **लेखा मानक 10, 26/Indian A.S. 38 के अनुसार ख्याति को पुस्तकों में तभी लिखा जाता हैं। जबकि इसको क्रय करने हेतु मुद्रा या मुद्रा तुल्य कोई प्रतिफल चुकाया गया हों। अतः केवल क्रय की गई ख्याति का लेखा पुस्तकों में होगा।**

स्वअर्जित ख्याति (Self Generated Goodwill) जो किसी साझेदार के प्रवेश अवकाश ग्रहण, मृत्यु अथवा वर्तमान साझेदारों के लाभ विभाजन अनुपात में परिवर्तन होने पर अर्जित होती है, का समायोजन साझेदारों के पूँजी खातों/ चालू खातों के माध्यम से किया जाना चाहिए। इस आधार पर पुस्तकों में ख्याति खाता नहीं खोला जा सकता हैं। क्योंकि इस दशा में कोई प्रतिफल नहीं चुकाया जाता हैं।

(i) ए व बी एक फर्म में साझेदार हैं। जो 3 : 2 के अनुपात में लाभ विभाजन करते हैं। सी को लाभ में 1/4 हिस्से के लिए प्रवेश देते हैं। सी ख्याति के लिए ₹ 20,000 नकद लाता हैं। यह मानते हुए जर्नल प्रविष्टियां कीजिए कि

(a) ख्याति को व्यवसाय में रहने दिया जाता हैं।

(b) ख्याति को व्यवसाय से निकाल दिया जाता हैं।

a. (i) Cash A/c Dr. 20000

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

To Goodwill A/c 20000
(Being amount of goodwill brought in cash)
(ii) Goodwill A/c Dr. 20000
To A'S Capital A/c 12000
To B'S Capital A/c 8000
(Being amount G/W distributed between sacrificing partners)

b. उपर्युक्त (i) & (ii) के अतिरिक्त, एक प्रविष्टि और होगी।

A'S Capital A/c Dr. 12000
B'S Capital A/c Dr. 8000
To Cash A/c 20000
(Amount of goodwill withdrawn by the sacrificing partners)

(ii) ए व बी एक फर्म में साझेदार हैं। जो 3 : 2 में लाभ विभाजन करते हैं। सी साझेदार के रूप में प्रवेश पाता हैं। ए व बी अपने लाभ के अंश का आधा भाग सी के पक्ष में समर्पित करते हैं। सी के प्रवेश की तिथि को फर्म की ख्याति का मूल्य ₹40,000 हैं। सी अपना हिस्सा नकद लाता हैं।

ए व बी ख्याति की तीन–चौथाई राशि व्यापार से निकाल लेते हैं। जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए।

सी का ख्याति में हिस्सा = 40000 X 1/2 = ₹ 20000

$A = \frac{3}{5} x \frac{1}{2} = \frac{3}{10}$ $B = \frac{2}{5} x \frac{1}{2} = \frac{2}{10}$ त्याग अनुपात 3 : 2 सी का लाभों में हिस्सा $\frac{3}{10} + \frac{2}{10} = \frac{5}{10} = \frac{1}{2}$

जर्नल प्रविष्टियां

Cash A/c Dr. 20000
To Goodwill A/C 20000
	(Balance of Current A/c transferred)			
Dec., 31	A's Capital A/c Dr.		1,550	
	To A's Current A/c			1,550
	(Balance on Current A/c transferred)			

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Dec., 31	A's Capital A/c Dr. B's Capital A/c Dr. To Cash A/c (Balance of Capital A/c paid off)		8,450 1,450	 9,900

Realisation A/c

Particulars	Amount ₹	Particulars		Amount ₹
To Furniture A/c	600	By Trade Creditor's		5,000
To Book Debt's A/c	4,000	By Cash A/c		21,500
To Stock A/c	1,600	Book Debt	2000	
To Investment A/c	4,000	Stock	1000	
To Land & Building A/c	21,000	Land & Building	18000	
To Goodwill A/c	500	Typewriter	500	
To Cash A/c (Creditor's)	4,500	By A's Current A/c		3,600
To A's Current A/c	800	By B's Current A/c		400
		By Current A/c		6500
		A	3250	
		B	3250	
	37,000			37,000

Partner's Capital A/c

Particulars	A ₹	B ₹	Particulars	A ₹	B ₹
To Current A/c	1,550	3,550	By Balance b/d	10,000	5,000
To Cash A/c	8,450	1,450			
	10,000	5,000		10,000	5,000

Partner's Current A/c

Particulars	A ₹	B ₹	Particulars	A ₹	B ₹
To Balance b/d	-	800	By Balance b/d	3,600	-
To Realisition A/c	3,250	3,250	By General Reserve	900	900
To Realisition A/c	3,600	400	By Realisation A/c	800	-
			By Capital A/c	1,550	3550
	6,850	4,450		6,850	4,450

Cash A/c

Particulars	Amount ₹	Particulars	Amount ₹
To Balance b/d	900	By Realisation A/c	4,500
To Realisation A/c	21,500	By B's Loan A/c	8,000
		By A's Capital A/c	8,450
		By B's Capital A/c	1,450
	22,400		22,400

उदाहरण 3 :– **X, Y, Z** ने 1 जनवरी 2013 को साझेदारी व्यापार प्रारम्भ किया। उन्होंने लाभ–हानि 5 : 3 : 2 अनुपात में विभाजन करना तय किया। उन्होंने पूँजी क्रमशः ₹ 80,000, ₹ 60,000 व ₹ 40,000 विनियोजित की थी। साझेदार संलेख में पूँजी पर 5 प्रतिशत ब्याज का प्रावधान था। वर्ष 2013 का लाभ (पूँजी पर ब्याज लगाने से पूर्व) ₹ 40,000 हुआ। वर्ष के दौरान साझेदारों के आहरण क्रमशः ₹ 12,000, ₹ 16,000 एवं ₹ 8,000 के थे। साझेदारों के सम्बन्ध अच्छे नहीं थे। अतः उन्होंने 31 दिसम्बर 2013 को फर्म के समापन का निर्णय लिया। सम्पत्तियों की बिक्री से ₹ 1,60,000 वसूल हुआ तथा रोकड़ ₹ 13,000 थी। ₹ 48,000 के लेनदार थे जिनको 10 प्रतिशत बट्टे पर भुगतान कर दिया गया। संचय ₹ 3000 थे। वसूली व्यय ₹ 1800 चुकाए। फर्म की पुस्तकें बन्द करने हेतु आवश्यक खाते तैयार कीजिए।

हल : **Profit & Loss Appropriation Account For the year ending 31 Dec., 2013**

To Interest on Capital		9000	By Net Profit	40,000
X	4,000			
Y	3000			
Z	2000			
To Capital Account		31,000		
X	15,500			
Y	9,300			
Z	6,200			
		40,000		40,000

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Partner's Capital A/c

Particulars	X ₹	Y ₹	Z ₹	Particulars	X ₹	Y ₹	Z ₹
To Drawings	12,000	16,000	8,000	By Balance b/d	80,000	60,000	40,000
To Balance c/d	87,500	56,300	40,200	By Interest on Capital	4,000	3,000	2,000
				By P & L App. A/c	15,500	9,300	6,200
	99,500	72,300	48,200		99,500	72,300	48,200
To Realisation	29,500	17,700	11,800	By Balance b/d	87,500	56,300	40,200
To Cash A/c	59,500	39,500	29,000	By Reserve A/c	1,500	900	600
	89,000	57,200	40,800		89,000	57,200	40,800

Memorandum Balance Sheet as on 31 Dec., 2013

Liabilites	Amount ₹	Assets	Amount ₹
Creditors	48,000	Cash	13,000
Reserve	3,000	Sundry Assets (B/F)	2,22,000
Capital	1,84,000		
X 87,500			
Y 56,300			
Z 40,200			
	2,35,000		2,35,000

Realisation Account

Particulars	Amount ₹	Particulars	Amount ₹
To Sundry Assets	2,22,000	By Creditor A/c	48,000
To Cash A/c (Creditor's)	43,200	By Cash A/c (Sundry Assets)	1,60,000
To Cash A/c (Real. Exp.)	1800	By Capital A/c	59,000
		X 29,500	
		Y 17,700	
	2,67,000	Z 11,800	2,67,000

Cash A/c

Particulars	Amount ₹	Particulars	Amount ₹
To Balance b/d	13,000	By Realisation A/c	43,200
To Realisation A/c	1,60,000	By Realisation A/c	1800
		By X Capital A/c	59,500
		By Y Capital A/c	39,500
		By Z Capital A/c	29,000
	1,73,000		1,73,000

उदाहरण 4 :– A, B तथा C साझेदार आपस में लाभ–हानि 3 : 1 : 1 के अनुपात में विभाजन करते हैं। 31 मार्च, 2010 को उन्होंने अपनी फर्म का समापन करने का निश्चय किया। इस तिथि को उनका चिट्ठा अग्र प्रकार है।

Balance Sheet As on 31 March, 2010

Liabilities	Amount ₹	Assets		Amount ₹
Creditors	6,000	Cash		3,200
Loan	1,500	Debtors	24,200	
Capital	44,500	Less : PBD	1200	23,000
A 27,500		Stock		7,800
B 10,000		Furniture		1,000
C 7,000		Sundry Assets		17,000
	52,000			52,000

यह निर्णय लिए गये :– (1) अ फर्नीचर ₹ 800 में लेता है और ₹ 20,000 के पुस्तक मूल्य के देनदारों को ₹ 17,200 में लेना स्वीकार करता है और साथ ही ₹ 6,000 के लेनदारों को भुगतान करता है। (2) ब स्टॉक ₹ 7,000 में तथा कुछ विविध सम्पत्तियों को ₹ 7,200 में लेता है। यह राशि पुस्तक मूल्य से 10 प्रतिशत कम है। (3) स शेष विविध सम्पत्तियों को उनके पुस्तक मूल्य के 90 प्रतिशत मूल्य जिसमें से ₹ 100 छूट के कम करने के पश्चात् लेता है तथा फर्म के ऋण का भुगतान ब्याज सहित करना स्वीकार करता है। ऋण पर ब्याज ₹ 30 देने है जिनका पुस्तकों में कोई लेखा नहीं हुआ है। (4) समापन के व्यय ₹ 270 है। शेष देनदारों को पुस्तक मूल्य के 50 प्रतिशत पर एक संग्रहण एजेन्सी को बेच दिया। फर्म की पुस्तकों को बन्द करने के लिए आवश्यक खाते तैयार कीजिए।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

हल :

Realisation A/c

Particulars		Amount ₹	Particulars	Amount ₹
To Sundry Assets		50,000	By Creditors	6,000
Debtor	24,200		By Loan	1500
Stock	7,800		By Provision for Bad debts	1200
Furniture	1000		By A's Capital A/c (800+17200)	18,000
Sundry Assets	17,000	6,000	By B's Capital A/c	14,200
To A's Capital Creditors		1,530	(Stock 7000+S. Assets 7200)	
To C's Capital A/c		270	By C's Capital A/c (S. Assets 8000)	8,000
(1500+30) Loan & Interest			By Cash A/c (Debtor 50% of 4200)	2,100
To Cash A/c (Exp.)			By Partners Capital A/c (Loss)	6,800
			A 4080, B 1360, C 1360	
		57,800		57,800

Partner's Capital A/c

Particulars	A ₹	B ₹	C ₹	Particulars	A ₹	B ₹	C ₹
To Realisation	18,000	14,200	8,000	By Balance b/d	27,500	10,000	7000
To Realisation	4080	1360	1360	By Real.	6,000	-	1530
To Cash A/c	11,420			By Cash A/c		5,560	830
	33,500	15,560	9360		33,500	15,560	9,360

Cash A/c

Particulars	Amount ₹	Particulars	Amount ₹
To Balance b/d	3200	By RealisationA/c	270
To Realisation A/c	2100	By A's Capital A/c	11420
To B's Capital A/c	5560		
To C's Capital	830		
	11,690		11,690

विशेष :– ₹ 7,200 की सम्पत्तियों का मूल्य 7200 × 100 / 90 = ₹ 8000

अतः सी द्वारा ली गई सम्पत्तियों का मूल्य : 17000 – 8000 = 9000 × 90 / 100 = 8100 – 100 = ₹ 8000

साझेदार का दिवालिया होना

साझियों के पूँजी खातों में विघटन सम्बन्धी प्रविष्टियाँ करने के बाद यह सम्भव हो सकता है कि किसी साझी का पूँजी खाता डेबिट शेष बताने लगे। यदि वह साझी साहूकार है तो अपने पूँजी खाते के डेबिट शेष के बराबर राशि वह फर्म में ले आएगा और अपना हिसाब चुकता कर देगा। लेकिन ऐसे साझेदार को दिवालिया घोषित किया जा चुका है, तो वह फर्म के प्रति अपने सम्पूर्ण दायित्व का भुगतान नहीं कर सकेगा। इस घाटे की पूर्ति शेष साहूकार साझेदारों को करनी पडेगी। अब एक महत्वपूर्ण प्रश्न यह उठता है कि इस घाटे को शेष साझी अपने लाभ विभाजन के अनुपात में वहन करे अथवा अपनी पूँजी के अनुपात में वहन करें।

सन् 1903 से पूर्व किसी दिवालिया साझेदार की पूँजी का घाटा अपने लाभ विभाजन के अनुपात में बांटते थे। लेकिन उस वर्ष इंग्लैण्ड के न्यायालय ने गार्नर बनाम मर्रे के मुकदमें में एक महत्वपूर्ण निर्णय देकर इस सम्बन्ध में साझेदार की पूँजी की कमी को शेष साहूकार साझेदार अपने पूँजी के अनुपात में वहन करेंगे, इस सिद्धान्त का प्रतिपादन किया। इस मुकदमें एवं सिद्धान्त का विवरण अग्र लिखित है–

गार्नर बनाम मर्रे के मुकदमें के तथ्य

गार्नर, मर्रे और विल्किन्स साझी थे, जिनका लाभ–हानि अनुपात बराबर था। 30 जून, 1900 को फर्म का विघटन हुआ और फर्म की सम्पत्तियों को बेच दिया गया तथा लेनदारों को भुगतान कर दिया गया। यह सब हो जाने के बाद फर्म की स्थिति इस प्रकार थी–

दायित्व	पौण्ड	सम्पत्तियाँ	पौण्ड
गार्नर की पूँजी	2500	नकद	1916
मर्रे की पूँजी	314	विल्किन्सन की पूँजी का घाटा	263
		वसूली की हानि	635
	2814		2814

विल्किन्सन को दिवालिया घोषित कर दिया गया और उससे कुछ भी वसूल न हो सका। फर्म के प्रति विल्किन्सन का कुल दायित्व 263 पौण्ड + 635 पौण्ड का 1 / 3 = 475 पौण्ड बना । न्यायालय के सामने प्रश्न आया कि विल्किन्सन की पूँजी की हानि गार्नर और मर्रे किस अनुपात में बाँटे।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

मुकदमें में दिया गया निर्णय :– इस मुकदमें में फैसला दिया गया कि दिवालिया साझी की पूँजी की कमी को शेष साझेदार उस पूँजी अनुपात में बाटेंगे, जो फर्म के विघटन से पूर्व बने अन्तिम आर्थिक चिट्ठे में दी हुई थी। यह फैसला इस आधार पर दिया गया था कि साझी के दिवालिया होने से जो हानि होती हैं वह व्यापारिक हानि से भिन्न होती है।

निर्णय का स्पष्टीकरण :– मुकदमें में दिए गए निर्णय के आधार पर दो बातें प्रकट होती हैं–

(1) दिवालिया साझी की पूँजी की कमी को शेष साहूकार साझी अपनी पूँजी के अनुपात में वहन करेंगे।

(2) साहूकार साझेदार वसूली की हानि में अपने भाग को नकद लाये।

पूँजी का अनुपात साहूकार साझेदारों की उस पूँजी के आधार पर निकाला जायेगा जो फर्म के विघटन से पूर्व बने नियमित चिट्ठे में दी हुई है।

उदाहरणार्थ :– यदि फर्म का चिट्ठा प्रतिवर्ष 31 दिसम्बर को बनता है तो अनुपात ज्ञात करने के लिए उस चिट्ठे में दी गई पूँजी ली जाएगी, जो फर्म के विघटन से पूर्व के 31 दिसम्बर को बनाया था। यह ध्यान रहे कि यह पूँजी अनुपात का आधार तभी बनेगा जबकि साझियों का पूँजी खाता अपरिवर्तनशील है।

यदि साझियों का पूँजी खाता परिवर्तनशील है तो साझियों के पूँजी खातों में चिट्ठे में दिए गए संचय लाभ–हानि खाते का शेष आदि का समायोजन किया जायेगा। (लेकिन समापन के समायोजन से पूर्व)। इसके बाद समायोजित पूँजी का जो अनुपात आएगा उसमें दिवालिया साझी की पूँजी का घाटा बांटा जाएगा। किन्तु यह ध्यान रहे कि वसूली के लाभ–हानि का वितरण करने से पूर्व किसी साझेदार के पूँजी खाते का डेबिट शेष है तो वह साझेदार दिवालिये साझेदार की न्यूनता वहन नहीं करेगा क्योंकि वह साहूकार है।

नोट :– स्पष्ट सूचना के अभाव में गार्नर बनाम मर्रे के नियम के आधार पर ही प्रश्न हल करना चाहिए।

गार्नर बनाम मर्रे नियम लागू न होने पर :–

भारतीय साझेदारी अधिनियम, 1932 में इस सम्बन्ध में कुछ नहीं कहा गया है अतः शेष साहूकार साझेदार, दिवालिये साझेदार की न्यूनता को अपने लाभ–विभाजन अनुपात में वहन करेंगे।

उदाहरण 5 :– दीपक, कपिल और भरत 3 : 2 : 1 के अनुपात में लाभ–हानि विभाजित करते हैं। 31 मार्च, 2014 को इनका चिट्ठा निम्न है–

Balance Sheet As on 31 March, 2014

Liabilities	Amount ₹	Assets	Amount ₹
Creditors	1,40,000	Cash	24,000
B/P	1,00,000	Debtors	1,20,000
General Reserve	54,000	Stock	1,80,000
P & L A/c	18,000	Building	3,84,000
Capital Deepak 2,64,000	4,20,000	Capital : Bharat	24,000
Kapil 1,56,000			
	7,32,000		7,32,000

उक्त तिथि को फर्म का समापन कर दिया गया, भवन एवं स्टॉक ₹ 5,28,000 में बेचे गए। वसूली व्यय ₹ 6000 है, देनदारों में से ₹ 3000 डूब गए, लेनदारों को पूर्ण भुगतान कर दिया गया। भरत दिवालिया हो गया तथा उसकी जायदाद से ₹ 5100 ही वसूल हुए। फर्म की पुस्तकों में वसूली खाता तथा साझेदारों के पूँजी खाते बनाइए। गार्नर बनाम मर्रे नियम लागू कीजिए। यह मानते हुए कि साहूकार साझेदार "वसूली की हानि" अपना हिस्सा नकद नहीं पायेंगे।

हल :

Realisation A/c

Particulars	Amount ₹	Particulars	Amount ₹
To Debtors A/c	1,20,000	By Creditors A/c	1,40,000
To Stock A/c	1,80,000	By B/P	1,00,000
To Building A/c	3,84,000	By Cash A/c (Assets Realised)	6,45,000
To Cash A/c	2,40,000	Building - 5,28,000	
Creditors 1,40,000		Debtor's - 1,17,000	
B/P 1,00,000		By Partners Capital A/c	45,000
To Cash A/c (Realisation Exp.)	6000	D 22,500, K-15,000, B- 7500	
	9,30,000		**9,30,000**

Partner's Capital A/c

Particulars	Deepak₹	Kapil₹	Bharat₹	Particulars	Deepak₹	Kapil₹	Bharat₹
To Balance b/d	-	-	24,000	By Balance b/d	2,64,000	1,56,000	
To Realisation	22,500	15,000	7,500	By Cash A/c			5,100
To Bharat Cap.	9000	5,400	-	By Gen.reserve	27,000	18,000	9000
To Cash A/c	2,68,500	1,59,600	-	By P&L A/c	9,000	6,000	3000
				By Deepak Cap.			9000
				By Kapil Cap.			5400
	3,00,000	**1,80,000**	**31,500**		**3,00,000**	**1,80,000**	**31,500**

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

कार्यशील टिप्पणी–भरत की पूँजी में कमी ₹14,400 को दीपक व कपिल के पूँजी अनुपात में (3,00,000 : 1,80,000), 5 : 3 में बाँटी गयी हैं।

पूँजी अनुपात की गणना

	दीपक ₹	कपिल ₹
Capital	2,64,000	1,56,000
+ Gen. Reserve	27,000	18,000
+ P&L A/c	9000	6000
	3,00,000	1,80,000

Cash A/c

Particulars	Amount₹	Particulars	Amount₹
To Balance b/d	24,000	By Realisation A/c (Creditors)	1,40,000
To Realisation A/c	6,45,000	By Realisation A/c (B/P)	1,00,000
To Bharat Capital A/c	5100	By Realisation A/c (Exp.)	6000
		By Deepak Capital	2,68,500
		By Kapil Capital	1,59,600
	6,74,100		6,74,100

उदाहरण 6 : A, B, C क्रमशः 5 : 3 : 2 के अनुपात में लाभ बाँटते हुए साझेदार हैं। 31 दिसम्बर 2013 को फर्म के समापन के पूर्व उनका चिट्ठा निम्न प्रकार है–

Balance Sheet As on 31 March, 2013

Liabilities	Amount ₹	Assets	Amount ₹
Bills Payable	40,000	Cash at Bank	8000
Creditors	1,00,000	Bill's Receivable	32,000
Capital :	1,20,000	Debtor's	1,40,000
A 80,000		Stock	60,000
B 40,000		Capital of C	20,000
	2,60,000		2,60,000

A को सम्पत्तियों की वसूली एवं प्राप्त राशि का वितरण करने हेतु नियुक्त किया। जिसे प्राप्य विपत्र, स्टॉक व देनदारों से प्राप्त राशि का 5 प्रतिशत पारिश्रमिक देय है, उसने वसूली परिणामों की निम्न सूचना दी है–

प्राप्य विपत्र ₹ 30,000, देनदार ₹ 1,20,000, स्टॉक ₹50,000, लेनदारों के पूर्ण भुगतान में ₹ 94,000 चुकाए। देय विपत्रों की पूरी राशि चुकायी गई। वसूली व्यय ₹ 4000 हुए। सी दिवालिया हो गया तथा उसकी निजी सम्पत्तियों से केवल ₹ 4000 ही वसूल हो सके, यह मानते हुए कि गार्नर बनाम मर्रे नियम लागू होता है। वसूली खाता एवं साझेदारों के पूँजी खाते बनाइए। साहूकार साझेदार वसूली की हानि की राशि नकद लेकर आयेंगे।

हल :

Realisation A/c

Particulars	Amount ₹	Particulars	Amount ₹
To Bill Receivable A/c	32,000	By Bill Payable A/c	40,000
To Debtors A/c	1,40,000	By Creditors A/c	1,00,000
To Stock A/c	60,000	By Cash A/c	2,00,000
To Cash A/c	1,34,000	B/R 30,000	
Creditors - 94,000		Debtors 1,20,000	
B/R - 40,000		Stock 50,000	
		By Partners Capital A/c (Loss)	40,000
To Cash A/c (Real. Exp.)	4000	A - 20,000	
To A's Capital	10,000	B - 12,000	
(Remuneration)		C - 8000	
	3,80,000		**3,80,000**

Partner's Capital A/c

Particulars	A ₹	B ₹	C ₹	Particulars	A ₹	B ₹	C ₹
To Balance b/d	-	-	20,000	By Balance b/d	80,000	40,000	-
To Realisation	20,000	12,000	8000	By Realisation	10,000	-	-
To C's Capital	16,000	8,000		By Cash A/c	20,000	12,000	4000
To Cash A/c	74,000	32,000		By A's Capital	-	-	16000
				By B's Capital	-	-	8000
	1,10,000	**52,000**	**28,000**		**1,10,000**	**52,000**	**28,000**

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Cash A/c

Particulars	Amount ₹	Particulars	Amount ₹
To Balance b/d	8000	By Realisation A/c	1,34,000
To Realisation A/c	2,00,000	By Realisation A/c	4000
To A's Capital A/c	20,000	By A's Capital A/c	74,000
To B's Capital A/c	12,000	By B's Capital A/c	32,000
To C's Capital A/c	4000		
	4,00,000		4,00,000

उदाहरण 7 :

A, B, व C बराबर के साझेदार थे। 31 मार्च, 2014 को उनकी पूँजी ₹ 2,40,000, ₹ 1,20,000 व ₹ 40,000 थी। इस तिथि को फर्म विघटन का निश्चय किया गया। विभिन्न सम्पत्तियों से ₹ 1,64,000 वसूल हुए। वसूली व्यय ₹4000, C दिवालिया घोषित हो गया तथा उससे ₹ 1 में से 40 पैसा ही वसूल हो सके। फर्म की पुस्तकें बन्द करने हेतु आवश्यक खाते तैयार कीजिए।

हल :

Balance Sheet As on 31 March, 2014

Liabilities	Amount ₹	Assets	Amount ₹
Capital A/c	4,00,000	Sundry Assets (B.F.)	4,00,000
A 2,40,000			
B 1,20,000			
C 40,000			
	2,60,000		**2,60,000**

Realisation A/c

Particulars	Amount ₹	Particulars	Amount ₹
To Sundry Asset's	4,00,000	By Cash A/c	1,64,000
To Cash A/c (Exp.)	4000	(Assets Realised)	
		By Partners Capital A/c	2,40,000
		A 80,000	
		B 80,000	
		C 80,000	
	4,04,000		**4,04,000**

Partner's Capital A/c

Particulars	A ₹	B ₹	C ₹	Particulars	A ₹	B ₹	C ₹
To Realisation	80,000	80,000	80,000	By Balance b/d	2,40,000	1,20,000	40,000
To C's Capital	16,000	8000		By Cash A/c	80,000	80,000	16,000
To Cash A/c	2,24,000	1,12,000		By A's Capital			16,000
				By B's Capital			8000
	3,20,000	**2,00,000**	**80,000**		**3,20,000**	**2,00,000**	**80,000**

Cash A/c

Particulars	Amount ₹	Particulars	Amount ₹
To Realisation A/c	1,64,000	By Realisation A/c	4000
To A's Capital A/c	80,000	By A's Capital A/c	2,24,000
To B's Capital A/c	80,000	By B's Capital A/c	1,12,000
To C's Capital A/c	16,000		
	3,40,000		**3,40,000**

फर्म के दिवालिया साझेदारों की स्थिति में अवयस्क साझेदार का दायित्व :–

साझेदारी अधिनियम के अनुसार फर्म के किसी अवयस्क साझेदार का दायित्व उसके द्वारा फर्म में लगाई गई पूँजी एवं अर्जित लाभों तक ही सीमित रहता है। फर्म के दायित्वों के भुगतान के लिए उसके द्वारा फर्म में लगी हुई पूँजी का ही प्रयोग किया जा सकता है। इस हेतु उसकी व्यक्तिगत सम्पत्तियों का प्रयोग नहीं किया जा सकता है, यदि अवयस्क साझेदार को छोडकर अन्य सभी साझेदार दिवालिया घोषित हो चुके हैं तथा अवयस्क साझेदार के पास पर्याप्त सम्पत्ति है तो भी अवयस्क साझेदार की व्यक्तिगत सम्पत्तियों का प्रयोग फर्म के दायित्वों के भुगतान हेतु नहीं किया जा सकता है।

उदाहरण 8 :

A, B, C क्रमशः 3 : 2 : 1 के अनुपात में लाभ–हानि विभाजित करते हैं। 31 दिसम्बर, 2014 को फर्म का विघटन करने को सहमत हुए। उस तिथि को फर्म का चिट्ठा निम्न प्रकार था–

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Balance Sheet As on 31 March, 2014

Liabilities	Amount ₹	Assets	Amount ₹
A's Capital A/c	25,000	Cash	600
B's Capital A/c	15,000	Sundry Assets	36,000
		C's Capital Overdrawn	3400
	40,000		**40,000**

सम्पत्तियों से ₹ 30,000 प्राप्त हुए। स दिवालिया हो गया तथा उसकी निजी सम्पत्तियों से केवल ₹ 1200 ही प्राप्त हो सके। फर्म की पुस्तकें बन्द कीजिए यदि गार्नर बनाम मर्रे नियम लागू नहीं होता है।

हल :

Realisation A/c

Particulars	Amount ₹	Particulars	Amount ₹
To Sundry Assets	36,000	By Cash A/c (Assets Realised)	30,000
		By Partners Capital A/c A 3000	
		B 2000	6,000
		C 1000	
	36,000		**36,000**

Partner's Capital A/c

Particulars	A ₹	B ₹	C ₹	Particulars	A ₹	B ₹	C ₹
To Balance b/d	-	-	3400	By Balance b/d	25,000	15,000	-
To Realisation	3000	2000	1000	By Cash A/c			1200
To C's Capital	1920	1280	-	By A's Capital			1920
To Cash A/c	20,080	11,720	-	By B's Capital			1280
	25,000	**15,000**	**4,400**		**25,000**	**15,000**	**4,400**

Cash A/c

Particulars	Amount ₹	Particulars	Amount ₹
To Balance b/d	600	By A's Capital A/c	20,080
To Realisation A/c	30,000	By B's Capital A/c	11,720
To C's Capital A/c	1200		
	31,800		**31,800**

सारांश (Summary)

फर्म व साझेदारी का समापन : (1) जब सभी साझेदार फर्म को समाप्त करने का समझौता कर ले, (2) जब सभी साझेदार या एक को छोड़कर अन्य सभी साझेदार दिवालिया घोषित हो जाये, (3) जब फर्म का कारोबार अवैध हो जावे, (4) जब किसी साझेदार ने ऐच्छिक साझेदारी को समाप्त करने की सूचना अन्य साझेदारों को दे दी हो, (5) जब न्यायालय द्वारा फर्म के समापन का आदेश दिया हो।

समापन के प्रकार : (1) समझौते द्वारा समापन, (2) अनिवार्य समापन, (3) नोटिस द्वारा समापन, (4) न्यायालय द्वारा समापन, (5) विशेष घटना होने पर समापन।

फर्म के समापन पर बनाये जाने वाले खाते : (1) वसूली खाता, (2) बैंक या रोकड़ खाता, (3) साझेदारों के पूँजी खाते, (4) अन्य आवश्यक खाते।

गार्नर बनाम मरे का नियम : इस नियम के अनुसार किसी साझेदार के दिवालिया होने पर शेष साहूकार साझेदार उसकी हानि पूँजी अनुपात में वहन करते हैं जिसकी गणना परिवर्तनशील पूँजी खाता निधि की दशा में समापन से सम्बन्धित मदों को छोड़कर शेष साहूकार साझेदारों के पूँजी शेष के आधार पर निकालते हैं।

फर्म के दिवालिया साझेदारों की स्थिति में अवयस्क साझेदार का दायित्व : साझेदारी अधिनियम के अनुसार फर्म के किसी अवयस्क साझेदार का दायित्व उसके द्वारा फर्म में लगाई गई पूँजी एवं अर्जित लाभों तक ही सीमित रहता है।

शब्दावली (Glossary)

फर्म का समापन (Dissolution of Firm) : समस्त साझेदारों के मध्य साझेदारी का समाप्त हो जाना।

साझेदारी का समापन (Dissolution of Partnership) : केवल साझेदारी समाप्त होती है, फर्म समाप्त होना आवश्यक नहीं।

वसूली खाता (Realisation Account) : समापन पर सम्पत्ति एवं दायित्वों का स्थानान्तरण कर वसूली का लेखा एवं विघटन पर जिस खाते के माध्यम से भुगतान किया जाता है। इस खाते का शेष साझेदारों में लाभ विभाजन अनुपात में वितरित किया जाता है।

"गार्नर बनाम मर्रे" (Garner vs. Murray) : यह दो साझेदारों का नाम है जिनके प्रसिद्ध वाद निर्णय के आधार पर विघटन राशि के वितरण हेतु नियम प्रतिपादित हुआ।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

अभ्यासार्थ प्रश्न (Questions for Exercise)

बहुचयनात्मक प्रश्न (Multiple Choice Questions)

1. समापन के समय डूबत ऋण खाते का शेष हस्तांतरित किया जाता है–
(अ) देनदारों के खाते में (ब) डूबत ऋण खाते में
(स) वसूली खाते में (द) पूँजी खाते में
At the time of dissolution of the firm balance of bad debts A/c is transferred to.
(a) Debtors A/c (b) Bad debts A/c
(c) Realisation's A/c (d) Capital A/c

2. साझेदारी फर्म के विघटन पर हानियाँ सबसे पहले चुकायी जाएगी–
(अ) लाभों में से (ब) साझेदारों के ऋण खातों में से
(स) साझेदारों की पूँजी में से (द) साझेदारों के निजी साधनों से
On the dissolution of partnership firm, losses will be charged first:
(a) Out of Profit (b) From Partner's Loan A/c
(c) From Partner's Capital A/c (d) From Partner's personal resources

3. फर्म के समापन पर ख्याति खाते को बन्द करने के लिए हस्तान्तरित किया जाता है–
(अ) पुनर्मूल्यांकन खाते में (ब) साझेदारों के पूँजी खाते में
(स) वसूली खाते में (द) लाभ–हानि खाते में
On the dissolution of firm, to close goodwill A/c it is transferred to-
(a) Revaluation's A/c (b) Partner's Capital A/c
(c) Realisation A/c (d) Profit & Loss A/c

4. गार्नर बनाम मर्रे नियम के अनुसार एक दिवालिया साझेदार के पूँजी की न्यूनता शेष साहूकार साझेदारों में बाँटी जाती है
(अ) लाभ–हानि अनुपात में (ब) वर्ष के आरम्भ के पूँजी अनुपात में
(स) समापन के लाभ–हानि के पूर्व के पूँजी अनुपात में (द) बराबर अनुपात में
In which ratio, capital deficiency of an insolvent partners is distributed among solvent partners, when Garner vs. Murray applies-
(a) Profit - Loss Ratio (b) Opening Capital Ratio
(c) Capital ratio before charging dissolution Profit & Loss (d) Equal Ratio

5. जब गार्नर बनाम मर्रे नियम लागू होता है तब वसूली की हानि साझेदार वहन करेंगे–
(अ) बराबर अनुपात में (ब) लाभ–हानि अनुपात में
(स) पूँजी अनुपात में (द) उपरोक्त में से कोई नहीं
When Garner vs. Murray law applies, realisation loss will bear by the partner's in-
(a) Equal Raito (b) Profit & Loss Ratio
(c) Capital Ratio (d) None of the above

अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न (Very Short Answer Type Questions)

1. एक फर्म के ₹ 50,000 के देनदारों से समापन पर ₹ 45,000 वसूल हुए। वसूली की जर्नल प्रविष्टि होगी ?
On the dissolution of the firm from debtors worth ₹ 50,000 realised ₹ 45,000. Make necessary journal entry at the time of dissolution of the firm.

2. गार्नर बनाम मर्रे के मुकदमें में दिवालिया साझेदार कौन था तथा उसका घाटा किस अनुपात में बाँटा गया?
What is the name of insolvent partner in Garner vs. Murray case, in which ratio his loss is distributed?

3. वसूली खाते से आप क्या समझते हैं ?
What is Realisation account?

4. फर्म के समापन से आप क्या समझते हैं ?
What is dissolution of partnership firm?

5. फर्म के समापन पर भुगतान का क्रम बताइए ?
What is the sequence for payment at time of dissolution of firms?

6. न्यायालय द्वारा समापन से क्या आशय है ?
What do you mean by dissolution by court ?

7. एक फर्म में साझेदारों की पूँजी ₹ 20,000, दायित्व ₹ 15,000 तथा रोकड शेष ₹ 1000, फर्म के समापन करने पर विविध सम्पत्तियों से ₹ 9000 वसूल हुए। वसूली से हानि होगी ?
At the time of dissolution capital of the partners of the firm ₹ 20,000, liabilities ₹ 15,000 & cash balance ₹ 1000; amount realized from sundry assets ₹ 9,000. What is loss on realization?
Ans. : ₹ 25,000

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

लघूत्तरात्मक प्रश्न (Short Answer Type Questions)

1. "गार्नर बनाम मर्रे" नियम को समझाइये?
   Explain Garner vs. Murray rule.
2. "साझेदारी का समापन फर्म के समापन से भिन्न हैं।" इस कथन की व्याख्या कीजिए ?
   "There is a difference between dissolution of partnership and dissolution of firm". Explain this statement.
3. ए, बी व सी का लाभ विभाजन अनुपात 1 : 2 : 2 है तथा वसूली की हानि डेबिट करने से पूर्व पूँजी खाते के शेष क्रमशः ₹ 3000 (Dr.) ₹ 6000 (Cr.) तथा ₹ 2000 (Cr.) है। वसूली की हानि ₹ 5000. ए दिवालिया हो गया उसकी न्यूनता वहन करने की प्रविष्टि बनाओ?
   A, B and C profit sharing ratio is 1:2:2. Before debiting realisation loss partners capital A/c balance are ₹ 3000 (Dr.) ₹ 6000 (Cr.) and ₹ 2000 (Cr.) and realisation loss ₹ 5000. A became insolvent, give journal entry for bearing deficiency of A.
4. हिमी व श्रीकान्त साझेदार है। 31 मार्च, 2012 को साझेदारों की पूँजी क्रमशः ₹ 1,00,000 व ₹ 50,000 है तथा लेनदार ₹ 30,000 है इसी तिथि को फर्म के समापन पर सम्पत्तियों का वसूली मूल्य ₹ 90,000 है। समापन पर वसूली खाता बनाइये?
   Himi and Shreekant are partners, as on 31 March, 2012 there capital ₹ 1,00,000 and ₹ 50,000 and creditors ₹ 30,000. On that date firm dissolved and realisation value of assets are ₹ 90,000. Prepare Realisation Account on dissolution.
5. अनिवार्य समापन किन परिस्थितियों में होता है ?
   In which circumstances compulsory dissolution is happen?
6. साझेदारी फर्म के विघटन की रीतियाँ बताइये ?
   State the modesa of dissolution of a partnership firm.
7. साझेदारी के विघटन पर पूँजी खाते किस प्रकार बन्द किये जाते हैं ?
   How capital Accounts are closed on dissolution of partnership firm?
8. कोई दो परिस्थितियाँ बताइये, जिसके अन्तर्गत साझेदारी को विघटित किया जाता है ?
   State any two circumstances under which partnership is deemed to be dissolved.
9. फर्म के विघटन के समय वसूली खाता बनाने के नियम लिखिये ?
   State the rules of preparation of realisation account on dissolution of partnership firm.
10. कोई दो आधार बताइये, जिन पर न्यायालय फर्म के विघटन के आदेश दे सकता है ?
    State any two grounds on which a court can pass order for dissolution of firm.
11. कपिल एक साझेदार, ₹ 25,000 के लेनदारों को ₹ 22,000 में लेने को सहमत हुआ। फर्म के विघटन के समय आवश्यक जर्नल प्रविष्टि दीजिये ?
    Kapil one of the partner, agreed to take over the creditor's of ₹ 25,000 for ₹ 22,000. Pass necessary journal entry at time of dissolution of the firm.

निबन्धात्मक प्रश्न (Essay Type Questions)

1. वसूली खाते एवं पूनर्मुल्यांकन खाते में अन्तर बताइये ?
   What is difference between realisation account and revaluation account ?
2. फर्म का विघटन किन–किन परिस्थितियों में किया जा सकता है ?
   Under what circumstances a firm may be dissolved ?
3. गार्नर बनाम मर्रे नियम से क्या समझते हैं? स्थायी एवं परिर्वतनशील पूँजी पद्धतियों के अन्तर्गत यह कैसे लागू होता है, समझाइये।
   What do you mean by Garner vs. Murray rule, how it is applicable in case of fixed capital method and fluctuating capital method. Explain.
4. फर्म के विघटन पर हिसाब का निपटारा करने की लेखांकन विधि समझाइये ।
   Explain the method of accounting for settlement of accounts at the time of dissolution.

बहुचयनात्मक प्रश्नों के उत्तर

प्रश्न सं.	1	2	3	4	5
उत्तर	C	A	C	C	B

आंकिक प्रश्न (Numerical Questions)

1. रमेश, नरेश एवं महेश 3 : 2 : 1 के अनुपात में लाभ का वितरण करते थे। 31 दिसम्बर 2014 को अपनी साझेदारी के समापन का निर्णय लेते हैं। इस दिन का चिट्ठा इस प्रकार हैं –

Balance Sheet As on 31 Dec., 2014

Liabilities	Amount ₹	Assets	Amount ₹
Creditors	20,500	Cash in Hand	6000

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Mrs. Ramesh Loan	8000	Debtors	9000
Joint Life Policy fund	20,000	Joint Life Policy	14,000
		Investment	20,000
Capital		Stock	8000
Ramesh 50,000		Machinery	40,000
Naresh 10,000	60,000	Mahesh Capital A/c	11,500
	1,08,500		**1,08,500**

समापन पर निम्नलिखित लेनदेन हुए : (1) संयुक्त जीवन बीमा पॉलिसी को ₹ 15,000 में समर्पण किया। (2) रमेश ने विनियोग ₹ 17,500 में लिए तथा अपनी पत्नी के ऋण का भुगतान करने के लिए सहमत हुए। (3) नरेश ने ₹ 7500 में स्टॉक लिया तथा ₹ 5000 के देनदारों को ₹ 4000 में लिया। (4) मशीन से ₹ 50,000 वसूल हुए तथा शेष देनदारों को पुस्तक मूल्य का 50 प्रतिशत ही प्राप्त हुआ। (5) वसूली व्यय ₹ 1000 हुए। (6) ₹ 3000 के मूल्य के विनियोग जिनका पुस्तकों में लेखा–जोखा नहीं हुआ उनसे यही मूल्य वसूल हुआ। फर्म की पुस्तकें बन्द करने हेतु जर्नल प्रविष्टियाँ एवं आवश्यक खाते बनाइए।

Ans. : वसूली खाते का लाभ – ₹ 27,000

2. गोपेश एवं राकेश साझेदार हैं लाभ–हानि बराबर बाँटते हैं। उन्होंने साझेदारी व्यवसाय को विघटित करने का निश्चित किया। 31 मार्च 2011 को चिट्ठा निम्न प्रकार था–

Balance Sheet As on 31 Dec., 2014

Liabilities	Amount ₹	Assets	Amount ₹
Creditors	30,000	Bank	20,000
General Reserve	20,000	Debtors	40,000
Capital		Stock	20,000
Gopesh 44,000		Furniture	8000
Rakesh 44,000	88,000	Plant & Machinery	50,000
	1,38,000		**1,38,000**

सम्पत्तियों से वसूली निम्न प्रकार हुई : (1) गोपेश ने प्लांट एवं मशीन तथा फर्नीचर पुस्तक मूल्य से 10 प्रतिशत कम पर लिया। (2) राकेश ने स्टॉक एवं ख्याति ₹ 35,000 में ली। (3) विविध देनदारों से ₹ 37,000 वसूल हुए। (5) लेनदारों को 5 प्रतिशत बट्टे पर भुगतान कर दिया। फर्म की पुस्तकें बन्द करने के लिए जर्नल प्रविष्टियां दीजिए तथा आवश्यक खाते बनाइए।

3. X, Y और Z साझेदार हैं, जो लाभ–हानि को 2 : 2 : 1 अनुपात में बाँटते हैं। 31 मार्च 2010 को साझेदारी के विघटन को सहमत हुए। उस तिथि को फर्म का चिट्ठा निम्न प्रकार था।

Balance Sheet As on 31 March, 2010

Liabilities	Amount ₹	Assets	Amount ₹
Creditors	2500	Cash at Bank	4500
General Reserve	5000	Debtors 6500	
Current A/c X	2500	Less P.F.B. & D.D. 500	6000
Current A/c Y	1500	Stock	5000
Capital	20,000	Investment	5000
X 10,000		Furniture	4000
Y 5000		Plant & Machinery	6000
Z 5000		Current A/c Z	1000
	31,500		**31,500**

प्लांट एवं मशीन से ₹ 10,000, फर्नीचर ₹ 5000, देनदारों से पूर्ण, स्टॉक से ₹ 4000 प्राप्त हुए। विनियोग Z द्वारा लिये गए (पुस्तक मूल्य पर)। लेनदारों को 10 प्रतिशत बट्टे पर भुगतान किया, वसूली व्यय ₹ 100 हुए। ₹ 550 की सम्पत्ति का पुस्तकों में लेखा नहीं किया गया था। जिसे X ने ₹ 450 में ले लिया। ₹ 100 का एक दायित्व पुस्तकों में दर्ज नहीं किया गया था। फर्म की पुस्तकें बन्द कीजिए और आवश्यक खाते बनाइये।

Ans. : वसूली खाते का लाभ – ₹ 2,500

4. तानु और मानु एक साझेदारी फर्म में 3 : 1 अनुपात में लाभों का विभाजन करते हैं। वे फर्म के समापन के लिए सहमत हुए। फर्म की सम्पत्तियों (₹ 2000 नकद को छोड़कर) से ₹ 1,08,500 वसूल हुए। समापन की तिथि पर फर्म के दायित्व व अन्य विवरण निम्न प्रकार थे– लेनदार ₹ 40,000, तानु का पूँजी खाता ₹ 1,00,000 (जमा), मानु का पूँजी खाता ₹ 10,000 (नामे), लाभ–हानि खाता ₹ 8000 नामे, वसूली खर्चे ₹ 1000। यह ज्ञात हुआ कि एक विनियोग जो कि ₹ 2000 के थे। पुस्तकों में नहीं लिखे थे, इसे एक लेनदार द्वारा ₹ 1500 में ले लिया। शेष लेनदारों को ₹ 36,500 का पूर्ण भुगतान किया गया। वसूली खाता, रोकड़ खाता एवं साझेदारों के पूँजी खाते बनाइये।

Ans. : वसूली खाते की हानि – ₹ 9,000

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

5. राम, रहीम और करीम 2 : 2 : 1 के अनुपात में लाभ विभाजित करते हुए साझी थे। उन्होंने 31 मार्च 2012 को समापन निर्णय लिया। उस दिन उनका चिट्ठा निम्न प्रकार था–

Balance Sheet As on 31 March, 2012

Liabilities		Amount ₹	Assets		Amount ₹
Creditors		4000	Cash in Hand		4000
Capital			Debtors	2600	2000
Ram	10,000	16,000	Less – P.F.B.D.	600	
Rahim	4000		Stock		4000
Karim	2000		Fixtures and other Assets		10,000
		20,000			**20,000**

वे साझेदारी के विघटन का निश्चय करते हैं। निम्नलिखित राशियाँ वसूल होती हैं– फिक्सचर्स व अन्य सम्पत्तियाँ ₹ 9000, स्टॉक ₹ 4520, देनदार ₹ 1800, लेनदारों को पूर्ण भुगतान में ₹3800 चुकाए। वसूली व्यय ₹ 120 हुए। फर्म की पुस्तकें बन्द करने के लिए आवश्यक खाते बनाइए।

Ans. : वसूली खाते की हानि – ₹ 600

6. निम्नलिखित चिट्ठा मैसर्स राकेश एवं दीपक की 31 दिसम्बर, 2012 को स्थिति बताता है। वे अपने व्यापार का विघटन करने का निश्चय करते हैं, उनका चिट्ठा निम्न है–

Balance Sheet As on 31 December, 2012

Liabilities		Amount ₹	Assets	Amount ₹
Creditors		1900	Stock	3600
General Reserve		1000	Book Debts	6000
Capital		9500	Furniture	200
Rakesh	5500		Plant & Machinery	900
Deepak	4000		Profit & Loss A/c	1700
		12,400		**12,400**

पुस्तक ऋण 7.5 प्रतिशत की हानि पर वसूल किये गये। स्टॉक ₹ 3000 में बेचा गया। प्लांट व मशीन ₹ 700 में बेचे गये और फर्नीचर ₹ 250 में बेचा। साझेदार लाभ–हानि का विभाजन बराबर अनुपात में करते हैं। विघटन पर आवश्यक खाते खोलिए।

Ans. : वसूली खाते की हानि – ₹ 1200

7. X, Y और Z क्रमशः 4 : 3 : 3 के अनुपात में लाभ–हानि को बाँटते हुए एक फर्म में साझेदार है। 31 दिसम्बर, 2015 को साझेदारी का विघटन करने का निर्णय लेते हैं उनका चिट्ठा निम्न है–

Balance Sheet As on 31 Dec., 2015

Liabilities		Amount ₹	Assets		Amount ₹
Creditors		80,000	Cash		6000
Capital		1,40,000	Debtors	90,000	
X	80,000		Less : P.F B.D.	5000	85,000
Y	60,000		Stock		1,20,000
			Z Overdrawn		9000
		2,20,000			**2,20,000**

Y को सम्पत्तियों की वसूली करने और प्राप्य राशि का वितरण करने के लिए नियुक्त किया गया। यह स्टॉक और देनदारों से प्राप्त राशि का 5 प्रतिशत पारिश्रमिक के रुप में प्राप्त करेगा तथा वसूली के समस्त खर्चे स्वयं वहन करेगा। Y वसूली के परिणाम की इस प्रकार रिपोर्ट करता है कि स्टॉक से ₹ 96,000 वसूल हुए, देनदारों से ₹ 72,000 वसूल हुए। लेनदारों को पूर्ण भुगतान में ₹ 76,000 चुकाये। ₹ 1000 के अदत्त लेनदार जो कि चिट्ठे में शामिल नहीं है, चुकाये गये। Z दिवालिया हो गया, उसकी जायदाद से ₹ 7720 से प्राप्त हुए। गार्नर बनाम मर्रे नियम लागू होता है, वसूली खाता, पूँजी खाते एवं रोकड़ खाता बनाइये।

Ans. : वसूली खाते की हानि – ₹ 42,400

8. A, B और C साझेदार है जो लाभ–हानि 5 : 3 : 2 के अनुपात में बाँटते हैं। 31 मार्च 2008 को व्यवसाय समाप्त कर दिया गया, तब चिट्ठा निम्न हैं– **Balance Sheet As on 31 March, 2008**

Liabilities		Amount ₹	Assets	Amount ₹
Creditors		2,00,000	Cash at Bank	10,000
Capital		1,40,000	Debtors	90,000
A	20,000		Stock	1,20,000
B	80,000		Motor Car	20,000
C	40,000		Machinery	1,00,000
		3,40,000		**3,40,000**

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

मशीन से ₹ 50,000 एवं स्टॉक से ₹ 36000 वसूल हुए। मोटरकार B द्वारा ₹ 24000 में ली गयी। देनदारों से ₹ 40,000 वसूल हुए। किसी भी साझेदार की पूँजी की कमी अन्य साझेदारों द्वारा लाभ विभाजन अनुपात में वहन की जायेगी। A दिवालिया हो गया, उससे कुछ भी राशि प्राप्त नहीं हो सकी। आवश्यक खाते बनाइये।

Ans. : वसूली खाते की हानि – ₹ 1,80,000

9. राम और श्याम के मध्य साझेदारी का 31 मार्च 2010 को विघटन हो गया। राम की पूँजी ₹ 17000 और श्याम की पूँजी ₹ 3000 थी। ₹ 2000 श्याम द्वारा फर्म को देय थे। ₹ 10,000 फर्म द्वारा राम को देय थे और ₹ 20,000 लेनदारों को देय थे। फर्म की पुस्तकों में नकद और फर्नीचर क्रमशः ₹ 300 एवं ₹ 1200 पर दिखाये गये थे। लाभ–हानि क्रमशः 2 : 1 के अनुपात में विभाजित करते थे। उक्त दायित्वों का प्रतिनिधित्व करने वाली सम्पत्तियों से ₹ 40,000 (नकद और फर्नीचर तथा श्याम द्वारा ₹ 2000 देय के अलावा) वसूल हुए। फर्नीचर राम द्वारा ₹ 800 की कीमत पर ले लिया गया। दायित्वों का पुस्तक मूल्य पर निपटारा कर दिया गया। वसूली खर्च ₹ 200 थे। विघटन की तिथि को वसूली के पहले का चिट्ठा और विघटन पर आवश्यक खाते बनाइये।

Ans. : वसूली खाते की हानि – ₹ 7100

10. 31 मार्च 2014 को राम, श्याम एवं मोहन का चिट्ठा निम्न था–

Balance Sheet As on 31 March, 2014

Liabilities	Amount ₹	Assets	Amount ₹
Creditors	40,000	Cash at Bank	12,000
General Reserve	30,000	Debtors	20,000
Capital	80,000	Stock	40,000
Ram 50,000		Plant & Machinery	40,000
Shyam 30,000		B/R	20,000
		Mohan Capital overdrawn	18,000
	1,50,000		**1,50,000**

मोहन दिवालिया हो गया, वह केवल ₹ 4000 का ही भुगतान कर सका। साझेदारी विघटन का निश्चय किया गया। सम्पत्तियों से निम्न प्रकार वसूली हुई – विविध देनदार ₹ 1,50,000, प्राप्य विपत्र ₹ 14,000, स्टॉक ₹ 32,000, प्लांट एवं मशीनरी ₹ 28,000, समापन व्यय ₹5000 हुए। फर्म की पुस्तकें बन्द करने पर खाते बनाइये।

Ans. : वसूली खाते की हानि – ₹ 36000

11. A, B और C एक फर्म में बराबर के साझेदार है। 31 मार्च 2012 को चिट्ठा निम्न था–

Balance Sheet As on 31 March, 2012

Liabilities	Amount ₹	Assets	Amount ₹
Creditors	90,000	Cash	10,000
Capital	1,10,000	Debtors	1,10,000
A 10,000		Stock	60,000
B 60,000		Goodwill	20,000
C 40,000			
	2,00,000		**2,00,000**

उक्त तिथि को फर्म का समापन हो गया। A दिवालिया हो जाता है, फर्म के देनदार से ₹ 80,000 व स्टॉक से ₹ 50,000 वसूल होते है। लेनदारों को पूर्ण भुगतान में ₹ 86,000 चुकाये गये। वसूली व्यय ₹ 4000 थे। A से कुछ भी वसूल नहीं हो सका। वसूली खाते, साझेदारों के पूँजी खाते व रोकड़ खाते बनाइये।

Ans. : वसूली खाते की हानि ₹ 60,000

12. कपिल, भरत, विवेक और भावेश बराबर के साझेदार है, 31 मार्च 2006 को फर्म का समापन हो गया। इस तिथि का चिट्ठा निम्न है–

Balance Sheet As on 31 March, 2006

Liabilities	Amount	Assets	Amount
Creditors	16,000	Debtors	50,000
Bank overdraft	4000	Stock	30,000
Capital	90,000	Kapil Capital overdrawn	20,000
Vivek 60,000		Bharat Capital overdrawn	10,000
Bhavesh 30,000			
	1,10,000		**1,10,000**

देनदारों से पुस्तक मूल्य का 20 प्रतिशत कम वसूल हुआ। स्टॉक केवल ₹ 4000 में ही बेचा जा सका। ₹ 2000 का संदिग्ध दायित्व था, जिसका पुस्तकों में लेखा नहीं हुआ जिसके लिये ₹ 1600 चुकाने पड़े। A दिवालिया हो गया, उससे केवल ₹ 6000 वसूल हुए। वसूली व्यय ₹ 4800 हुए। गार्नर बनाम मर्रे नियम लागू करते हुए आवश्यक खाते बनाइये।

Ans. : वसूली खाते की हानि ₹ 42,400

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

5

कम्पनी लेखेः अंशों एवं ऋणपत्रों का निर्गमन
(Company Accounts : Issue of Shares and Debentures)

अध्ययन उद्देश्य (Learning Objectives)

इस अध्याय के अध्ययन के पश्चात् आप यह समझने योग्य हो जाते हैं :–

- कम्पनी का अर्थ एवं विशेषताएँ
- कम्पनियों के विभिन्न प्रकार
- कम्पनियों का वर्गीकरण
- अंश एवं अंशों के प्रकार
- समता अंश एवं पूर्वाधिकार अंश में अन्तर
- कम्पनी की अंश पूँजी के प्रकार
- कम्पनी की अंश पूँजी का स्थिति विवरण में प्रकटीकरण
- अंशों के सम मूल्य और प्रीमियम पर निर्गमन का लेखांकन व्यवहार
- अंशों का रोकड के बदले एवं प्रतिफल के बदले निर्गमन का लेखांकन व्यवहार
- अंशों का न्यून–अभिदान एवं अधि–अभिदान
- स्वेट समता अंश,अधिकार अंश, कर्मचारी स्टॉक विकल्प योजना, कर्मचारी स्टॉक क्रय योजना, एसक्रो खाता
- ऋणपत्रों का अर्थ,विशेषताएँ एवं प्रकार
- अंश एवं ऋणपत्र में अन्तर
- ऋणपत्रों के निर्गमन का लेखांकन व्यवहार
- ऋणपत्रों का चिट्ठे में प्रकटीकरण
- नकद के अतिरिक्त प्रतिफल के रूप में ऋणपत्रों के निर्गमन का अर्थ एवं लेखांकन व्यवहार
- प्रतिभूति के रूप में, शोधन की शर्तों के आधार पर ऋणपत्रों का निर्गमन
- ऋणपत्रों पर ब्याज का अर्थ एव लेखांकन
- ऋणपत्रों के निर्गमन पर बट्टा या हानि को अपलिखित करना

कम्पनी का अर्थ एवं परिभाषाऐं
(Meaning and Definitions of Company)

कम्पनी या संयुक्त स्कन्ध (Joint stock) वाली कम्पनी एक ऐसा संगठन है जिसका निर्माण सामान्यतः एक व्यवसाय को चलाने के लिए व्यक्तियों के एक समूह द्वारा कानून की एक प्रक्रिया पूर्ण करने पर होता है। कम्पनी एक कृत्रिम व्यक्ति होती है जो अपने सदस्यों से पृथक होती है। कम्पनी की पूँजी अनेक भागों में विभक्त होती है जिसका एक हिस्सा अंश(Share) कहलाता है। कम्पनी की अंश पूँजी के हिस्से/हिस्सों के मालिक को सदस्य या अंशधारी कहते हैं।

कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 2(20) के अनुसार,''कम्पनी से आशय इस अधिनियम के अन्तर्गत या पूर्व के किसी कम्पनी अधिनियम के अन्तर्गत पंजीकृत कम्पनी से है।''

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

प्रो. हैने के अनुसार "कम्पनी विधान द्वारा निर्मित कृत्रिम व्यक्ति है जिसका पृथक अस्तित्व एवं अविच्छिन्न उत्तराधिकार होता है और एक सार्वमुद्रा होती है।"

इस प्रकार सरल शब्दों में कह सकते हैं कि कम्पनी विधान द्वारा निर्मित कृत्रिम व्यक्ति है जिसका अपने सदस्यों से पृथक अस्तित्व एवं अविच्छिन्न उत्तराधिकार होता है जो अपना कार्य सार्वमुद्रा द्वारा करती है।

कम्पनी की विशेषताएँ (Characteristics of Company):–एक कम्पनी की विशेषताएँ निम्नलिखित हैं –

1. यह कम्पनी अधिनियम, 2013 या इसके पूर्व के किसी अधिनियम के अन्तर्गत समामेलित संस्था होती है। **2.** यह विधान द्वारा निर्मित कृत्रिम एवं अदृश्य व्यक्ति है। **3.** कम्पनी का अस्तित्व अपने सदस्यों से पृथक होता है। **4.** एक कम्पनी का उत्तराधिकार सतत् होता है। **5.** अंशों द्वारा सीमित कम्पनी में उसके सदस्यों का दायित्व सीमित होता है। **6.** निजी कम्पनी को छोडकर एक कम्पनी के अंशों का हस्तान्तरण स्वतंत्र रूप से किया जा सकता है। **7.** कम्पनी का संचालन उसके स्वामियों के द्वारा चुने गये संचालकों के माध्यम से किया जाता है। **8.** कम्पनी की अपनी एक सार्वमुद्रा होती है।

कम्पनियों के प्रकार (Kinds of Companies) :– कम्पनियाँ तीन प्रकार की होती है :–

(1) एक व्यक्ति वाली कम्पनी; (2) निजी कम्पनी और (3) सार्वजनिक कम्पनी।

(1) एक व्यक्ति वाली कम्पनी(One Person Company):– कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 2(62) के अनुसार एक व्यक्ति वाली कम्पनी से आशय उस कम्पनी से है जिसमें एक ही व्यक्ति सदस्य के रूप में हो। इस प्रकार की कम्पनी का समामेलन निजी कम्पनी के रूप में होता है।

एक व्यक्ति वाली कम्पनी एकल स्वामित्व(Sole Proprietary) से भिन्न होती है क्योंकि एक व्यक्ति वाली कम्पनी(OPC)में सदस्यों के सीमित दायित्व के साथ–साथ पृथक वैधानिक अस्तित्व होता है, जबकि एकल स्वामी का दायित्व उसकी निजी एवं व्यावसायिक सम्पत्तियों तक विस्तृत होता है।

(2) निजी कम्पनी (Private Company):– कम्पनी अधनियम,2013 की धारा 2(68) के अनुसार, निजी कम्पनी से आशय ऐसी कम्पनी से है जिसकी न्यूनतम पूँजी ₹1 लाख या अधिक, जो निर्धारित की जाये, होती है, जो अपने अन्तर्नियमों द्वारा: **(अ)** अंशों के हस्तान्तरण अधिकार पर प्रतिबन्ध लगाती है; **(ब)** एक व्यक्ति वाली कम्पनी को छोडकर,सदस्यों की संख्या 200 तक सीमित करती है (वर्तमान व भूतपूर्व कर्मचारी सदस्यों को छोडकर); तथा **(स)** अपनी किसी भी प्रतिभूति के क्रय हेतु जनता को आमंत्रित करने पर रोक लगाती है।

एक निजी कम्पनी में न्यूनतम सदस्य संख्या–2 होती है। निजी कम्पनी को अपने नाम के अन्त में 'Private Limited' लिखना होता है।

(3) सार्वजनिक कम्पनी (Public Company):– कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 2(71) के अनुसार सार्वजनिक कम्पनी से आशय ऐसी कम्पनी से है जो कि **(अ)** एक निजी कम्पनी नहीं है; **(ब)** जिसकी न्यूनतम पूँजी ₹ 5 लाख होती है; **(स)** कम्पनी के निर्माण हेतु 7 या अधिक सदस्य होने चाहिए; तथा **(द)** जो एक निजी कम्पनी है किन्तु यह कम्पनी एक ऐसी कम्पनी की सहायक कम्पनी है जो कि निजी कम्पनी नहीं है। अर्थात् इस धारा के तहत् एक निजी कम्पनी जो सार्वजनिक कम्पनी की सहायक कम्पनी हो तो वह भी सार्वजनिक कम्पनी मानी(Deemed Public Company) जायेगी। सार्वजनिक कम्पनी में अधिकतम सदस्य संख्या पर कोई प्रतिबन्ध नहीं है। सार्वजनिक कम्पनी को अपने नाम के अंत में 'Limited' लिखना होता है।

कम्पनियों का वर्गीकरण (Classification of Companies) :–

(अ) दायित्व के आधार पर कम्पनियों के प्रकार : कम्पनियॉ तीन प्रकार की हो सकती हैं (1) अंशों द्वारा सीमित कम्पनी (2) गारन्टी द्वारा सीमित कम्पनी। (3) असीमित कम्पनी।

(1) अंशों द्वारा सीमित कम्पनी (Company Limited by Shares) : कम्पनी अधिनियम,2013 की धारा 2(22) के अनुसार,एक कम्पनी के सदस्यों का दायित्व,उसके पार्षद सीमानियम द्वारा, उनके द्वारा धारित अंशों पर अदत्त राशि की सीमा तक ही सीमित रहता है तो वह अंशों द्वारा सीमित कम्पनी कहलाती है। उदाहरणार्थ – यदि राम के पास X Ltd. के ₹ 10 वाले 6000 अंश हैं जिन पर ₹ 7 प्रति अंश पूर्व में ही भुगतान कर चुका है,तो उसका दायित्व शेष राशि (₹ 3 x 6000)= ₹ 18000 तक ही सीमित रहेगा।

(2) गारन्टी द्वारा सीमित कम्पनी (Company Limited by Guarantee) : कम्पनी अधिनियम,2013 की धारा 2(21) के अनुसार ऐसी कम्पनी जिसके सदस्यों का दायित्व उसके सीमानियम में निर्धारित उस राशि तक सीमित रहता है, जो वे कम्पनी के समापन के समय कम्पनी की सम्पत्तियों के लिए अंशदान करने का वचन देते हैं। अर्थात् गारन्टी द्वारा

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

सीमित कम्पनी में सदस्यों का दायित्व पार्षद सीमानियम में वर्णित राशि तक सीमित होता है। सीमानियम में उल्लिखित राशि से अधिक राशि का भुगतान करने के लिए सदस्यों से मांग नहीं की जा सकती है।

(3) असीमित कम्पनी (Unlimited Company) : कम्पनी अधिनियम की धारा 2(92)के अनुसार,एक कम्पनी जिसके सदस्यों के दायित्व की कोई सीमा निर्धारित नहीं होती, असीमित कम्पनी कहलाती है। अर्थात् ऐसी कम्पनी के सदस्यों का दायित्व असीमित होता है।

कम्पनी की अंश पूंजी (Share Capital of a Company)

अंश पूँजी से आशय उस राशि से है जिसे एक कम्पनी अंशों का निर्गमन कर एकत्रित कर सकती हैं या एकत्रित कर चुकी है। एक कम्पनी की पूँजी निर्धारित मूल्य वाली छोटी–छोटी इकाईयों में विभक्त होती है (जैसे– ₹ 1, ₹ 2, ₹ 5, ₹ 10 या ₹ 100) और ऐसी प्रत्येक इकाई अंश कहलाती है। उदाहरण के लिए एक कम्पनी की कुल पूँजी ₹ 100,00,000 है जो ₹ 10 वाले 10,00,000 अंशों में विभक्त हैं तो ऐसी दशा में इस कम्पनी की कुल पूँजी ₹ 10 वाले 10,00,000 अंश होगी तथा अंश का अंकित मूल्य(Nominal Value) ₹ 10 होगा।

अंशों के प्रकार (Kinds of Shares)

धारा–43 के अनुसार,एक कम्पनी की अंश पूँजी दो प्रकार की हो सकती है– (1) पूर्वाधिकार अंश पूँजी (2) समता अंश पूँजी

(1) पूर्वाधिकार अंश (Preference Shares):– पूर्वाधिकार अंश वे अंश होते हैं जिन्हें निम्न दो पूर्वाधिकार होते है:–

(i) लाभांश प्राप्त करने का पूर्वाधिकार, जो कि समता अंशधारियों को लाभांश भुगतान से पूर्व निश्चित राशि या निश्चित दर से परिकलित कर चुकाया जायेगा, जो आयकर को ध्यान में रखकर अथवा आयकर से मुक्त हो सकता हैं, एवं **(ii)** कम्पनी के समापन के समय समता अंशधारियों से पूर्व पूँजी वापस प्राप्त करने का पूर्वाधिकार।

पूर्वाधिकार अंशों के धारकों को पूर्वाधिकार अंशधारी कहा जाता है।

पूर्वाधिकार अंशों के प्रकार (Classes of Preference Shares):–कुछ विशेष अधिकारों के आधार पर पूर्वाधिकार अंश निम्न प्रकार के हो सकते हैं :–

(1) असंचयी पूर्वाधिकार अंश (Non-Cumulative Preference Shares):– असंचयी पूर्वाधिकार अंश वे पूर्वाधिकार अंश होते हैं जिनके धारकों को बकाया लाभांश को भविष्य में प्राप्त करने का अधिकार नहीं होता है, अर्थात् यदि कोई कम्पनी अपने पूर्वाधिकार अंशों पर लाभ न होने या अपर्याप्त लाभ होने के कारण किसी वर्ष का लाभांश देने में असमर्थ रही हो तो इन पूर्वाधिकार अंशों के धारकों को भविष्य में ऐसे लाभांश को प्राप्त करने का अधिकार नहीं होता हैं।

(2) संचयी पूर्वाधिकार अंश (Cumulative Preference Shares): संचयी पूर्वाधिकार अंश वे पूर्वाधिकार अंश होते हैं जिनके धारकों को समता अंशधारियों को लाभांश भुगतान से पूर्व अपने बकाया लाभांश को प्राप्त करने का अधिकार होता है।

(3) अवशिष्टभागी पूर्वाधिकार अंश (Participating Preference Shares):–यदि कम्पनी के अन्तर्नियमों में इस प्रकार की व्यवस्था हो कि समता अंशधारियों को लाभांश भुगतान करने के पश्चात् शेष बचे लाभों में से पूर्वाधिकार अंशों के धारकों को भी हिस्सा प्राप्त करने का अधिकार हो तो उन्हें अवशिष्टभागी पूर्वाधिकार अंश कहते हैं।

(4) अनावशिष्टभागी पूर्वाधिकार अंश (Non-Participating Preference Shares):–ऐसे पूर्वाधिकार अंश, जिनके धारकों को समता अंशधारियों को लाभांश भुगतान करने के पश्चात् शेष बचे लाभों में से हिस्सा प्राप्त करने का अधिकार नहीं होता है, अनावशिष्टभागी पूर्वाधिकार अंश कहते हैं।

(5) परिवर्तनीय पूर्वाधिकार अंश (Convertible Preference Shares): ऐसे पूर्वाधिकार अंश जिनके धारकों को यह अधिकार प्रदान किया जाता है कि वो एक निश्चित तिथि तक अपने अंशों को समता अंशों में परिवर्तन करा सकते हैं, परिवर्तनीय पूर्वाधिकार अंश कहलाते हैं।

(6) अपरिवर्तनीय पूर्वाधिकार अंश (Non-Convertible Preference Shares): अपरिवर्तनीय पूर्वाधिकार अंश ऐसे पूर्वाधिकार अंश होते हैं जिनके धारकों को, अपने अंशों को समता अंशों में परिवर्तन कराने का अधिकार नहीं होता है।

(7) शोधनीय पूर्वाधिकार अंश (Redeemable Preference Shares): पूर्वाधिकार अंश जिनका शोधन (भुगतान), कम्पनी द्वारा एक निश्चित तिथि को या उससे पूर्व किया जा सकता है शोधनीय पूर्वाधिकार अंश कहलाते हैं।

(8) अंशोधनीय पूर्वाधिकार अंश (Irredeemable Preference Shares) : अशोधनीय पूर्वाधिकार अंश जिनका शोधन कम्पनी के समापन के समय ही किया जा सकता है, अशोधनीय पूर्वाधिकार अंश कहलाते हैं। कम्पनी अधिनियम,2013 अशोधनीय पूर्वाधिकार अंश निर्गमन की अनुमति प्रदान नहीं करता है।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

(2) समता अंश (Equity Share):–कम्पनी अधिनियम,2013 के अनुसार समता/सामान्य अंश वे अंश हैं, जो अधिमान अंश नहीं हैं। समता अंश ही सर्वाधिक निर्गमित किये जाते है, इनके धारक ही कम्पनी के वास्तविक स्वामी होते है जो कम्पनी की अधिकतम 'जोखिम व ईनाम' के हकदार होते है। इनकी पूँजी कम्पनी के समापन की दशा में पूर्वाधिकार अंश पूँजी का भुगतान करने के पश्चात् लौटाई जाती है।

समता अंश और पूर्वाधिकार अंश में अन्तर
(Difference between Equity Shares and Preference Shares)

क्र.सं.	अन्तर का आधार	समता अंश	पूर्वाधिकार अंश
1	लाभांश की दर	लाभांश की दर संचालक मण्डल द्वारा निश्चित की जाती है जिसे सदस्य अनुमोदित करते है।	लाभांश की दर पूर्व निर्धारित एवं निश्चित होती है।
2	लाभांश प्राप्ति का अधिकार	पूर्वाधिकार अंशों पर लाभांश देने के पश्चात् इन्हें लाभांश दिया जाता है।	समता अंशों से पूर्व लाभांश दिया जाता है।
3	बकाया लाभांश	यदि किसी वर्ष लाभांश घोषित नहीं किया है तो आगे के वर्षो में उस वर्ष का लाभांश का भुगतान नहीं किया जाता हैं। अर्थात यहां बकाया लाभांश होती ही नहीं है।	'संचयी पूर्वाधिकार अंशों पर ही बकाया लाभांश का भुगतान किया जाता है।
4	परिवर्तनीयता	समता अंश अपरिवर्तनीय होते हैं।	यदि निर्गमन की शर्तों में वर्णित हो तो पूर्वाधिकार अंशों को समता अंशों में परिवर्तित किया जा सकता है।
5	शोधन	ये कम्पनी के जीवन काल में शोधनीय नहीं हैं।कम्पनी इनकी पुनर्खरीद कर सकती है।	ये कम्पनी के जीवन काल में निश्चित अवधि के पश्चात् शोधनीय होते हैं।
6	मताधिकार	समता अंशधारियों को हर परिस्थिति में मताधिकार होता है।	पूर्वाधिकार अंशधारियों को सामान्यतः मताधिकार नहीं होता है।
7	पूँजी	समापन पर पूँजी की वापसी पूर्वाधिकार अंश पूँजी की वापसी के पश्चात् की जाती है।	समापन पर पूर्वाधिकार अंश पूँजी की वापसी समता अंश पूँजी से पूर्व की जाती है।

कम्पनी की अंश पूँजी के प्रकार
(Kinds of Share Capital of Company)

कम्पनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची– III (Schedule-III) के अनुसार एक कम्पनी को प्रत्येक वर्ग की अंश पूँजी को, **(i)** अधिकृत पूँजी; **(ii)** निर्गमित पूँजी; और **(iii)** प्रार्थित पूँजी के रूप में दर्शाना आवश्यक है।

(i) अधिकृत पूँजी (Authorised Share Capital):– कम्पनी अधिनियम,2013 की धारा–2(8)के अनुसार,''अधिकृत पूँजी(Authorised Capital) या पंजीकृत पूँजी(Registered Capital) से आशय ऐसी पूँजी से है जो कम्पनी के पार्षद सीमानियम द्वारा अधिकृत पूँजी की अधिकतम राशि हो। ''कम्पनी के पार्षद सीमानियम में पूँजी की जो अधिकतम राशि व्यक्त की जाती है,उसे अधिकृत पूँजी कहते हैं। इसमें प्रत्येक प्रकार के अंशों यथा पूर्वाधिकार अंश तथा समता अंशों को पृथक–पृथक दर्शाया जाता है।

(ii) निर्गमित पूँजी (Issued Capital):– कम्पनी अधिनियम,2013 की धारा 2(50) के अनुसार,''निर्गमित पूँजी से आशय ऐसी पूँजी से है जिसे कम्पनी द्वारा समय–समय पर अभिदान(Subscription)के लिए निर्गमित किया जाता हो।'' इस प्रकार निर्गमित पूँजी अधिकृत पूँजी का एक भाग है जिसे कम्पनी द्वारा अभिदान के लिए निर्गमित किया गया हो। कम्पनी द्वारा जनता को नगद धन या अन्य किसी प्रतिफल के बदले निर्गमित किये गये अंशों के अंकित मूल्य को निर्गमित पूँजी कहते हैं।

(iii) प्रार्थित पूँजी (Subscribed Capital):– कम्पनी अधिनियम,2013 की धारा 2(86) के अनुसार, ''प्रार्थित पूँजी से आशय पूँजी के उस भाग से है जो समय–समय पर कम्पनी के सदस्यों द्वारा प्रार्थित की गई हो।'' इस प्रकार प्रार्थित या अभिदत्त पूँजी निर्गमित पूँजी का एक भाग है जिसके लिए अभिदान किया जा चुका है।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

(iv) मांगी गई पूँजी (Called-up Capital) :– कम्पनी अधिनियम,2013 की धारा 2(15) के अनुसार,''मांगी गई पूँजी से आशय पूँजी के उस भाग से है, जिसे भुगतान हेतु मांगा जा चुका हो।'' इस प्रकार प्रार्थित पूँजी का वह भाग जिसे कम्पनी द्वारा अंशधारियों से मांगा जा चुका हो।

(v) प्रदत्त पूँजी (Paid-up Capital):– कम्पनी अधिनियम,2013 की धारा 2(64) के अनुसार,''प्रदत्त अंश पूँजी से आशय जमा की गई उन धनराशियों के योग के समतुल्य से है जो निर्गमित किये गये अंशों पर प्रदत्त रूप में प्राप्त हो गई हो तथा इसमें कम्पनी के अंशों के संदर्भ मे प्रदत्त रूप में जमा की गई राशि भी शामिल है लेकिन इसमें ऐसे अंशों के सम्बन्ध में प्राप्त अन्य राशि जिसे किसी भी नाम से जाना जाता हो,को शामिल नहीं किया जायेगा।''

उदाहरण 1: X लि. की अधिकृत पूँजी ₹ 10,00,000 है जो कि ₹ 10 वाले 50,000 समता अंश एवं 50000, 9% पूर्वाधिकार अंशों में विभाजित है। कम्पनी ने समस्त अंशों के लिए आवेदन आमन्त्रित किये। कम्पनी को समस्त पूर्वाधिकार अंशों एवं 45,000 समता अंशों के लिए आवेदन प्राप्त हुए। कम्पनी द्वारा अंशों के सम्बन्ध में समस्त राशि मांगी जा चुकी है एवं प्राप्त हो गई है। राम के 5000 समता अंशों पर अन्तिम मांग ₹ 2 प्रति अंश के हिसाब से नहीं चुकाई गई हैं। बताइये, अंश पूँजी कम्पनी के चिट्ठे में किस प्रकार प्रदर्शित होगी। साथ ही लेखांकन टिप्पणियाँ भी दीजिए।

X Ltd. has Authorised Capital of ₹ 10,00,000 divided into 50000 Equity Shares and 50000, 9% Preference Shares of ₹ 10 each. The Company invited applications for all these shares. Applications were received for all the Preference Shares and for 45000 Equity Shares by the company. All the amount regarding shares has been called and received to the company. Ram holds 5000 Equity Shares, has not paid final call of ₹ 2 per Share. Explain how capital will be shown in the Balance Sheet. Give Note to Accounts also.

हल :

X Ltd.

Extract of Balance Sheet as at.....

Particulars	Note No.	Amount of Current Yr. ₹	Amount of Previous Yr. ₹
1. Equity and Liabilities			
1. Share holder's Fund:			
(a) Share Capital		9,40,000	

लेखांकन टिप्पणियाँ (Note to Accounts) :-

Particulars		Amount ₹
1. Share Capital- Authorised Capital:		
50000 Equity Shares of ₹ 10 each.		5,00,000
50000, 9% Preference Shares of ₹ 10 each.		5,00,000
		10,00,000
Issued Capital:		
50000 Equity Shares of ₹ 10 each		5,00,000
50000, 9% Preference Share of ₹ 10 each.		5,00,000
		10,00,000
Subscribed and Paid up Capital:		
45,000 Equity Shares of ₹ 10 each Fully Called up	4,50,000	
Less: Calls in Arrear (5000x2)	10,000	4,40,000
50000, 9% Preference Shares of ₹ 10 each. Fully Called & Paid up		5,00,000
		9,40,000

बकाया मांग (Calls-in-Arrears)– अंश पूँजी के सम्बन्ध में कम्पनी द्वारा मांगी गई वह राशि जिसका अंशधारी ने भुगतान नहीं किया है, बकाया मांग कहलाती है। इस राशि को लेखांकन टिप्पणी में अंश पूँजी शीर्षक में मांगी गई

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

पूँजी में से घटाकर दर्शाया जाता है। सारणी–F के अनुसार कम्पनी बकाया मांग पर 10% वार्षिक दर से ब्याज वसूल कर सकती है।

अग्रिम मांग (Calls-in-Advance)– एक कम्पनी को यदि उसके अन्तर्नियमों में वर्णित हो तो न मांगी गई मांग राशि के सम्बन्ध में प्राप्त राशि को स्वीकार कर सकती है जो अग्रिम मांग कहलाती है। चिट्ठे में इसे 'चालू दायित्व शीर्षक' के उपशीर्षक 'अन्य चालू दायित्वों' के अन्तर्गत दर्शाया जाता है। सारणी–F के अनुसार कम्पनी अग्रिम मांग की राशि पर 12% वार्षिक की दर से ब्याज दे सकती है।

(vi) संचित पूँजी (Reserve Capital)– संचित पूँजी से आशय न मांगी गई पूँजी के उस भाग से है, जिसे एक विशेष प्रस्ताव पास करके भविष्य में समापन के समय ही मांगने के लिए सुरक्षित कर दिया जाता है।

कम्पनी के चिट्ठे का प्रारूप
(Format of Company's Balance Sheet)

कम्पनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची III के भाग I में चिट्ठे का निर्धारित प्रारूप निम्न है:–

Name of the Company
Balance Sheet as at……..

Particulars	Note No.	Figures for the current year(₹)	Figures for the Previous Year(₹)
EQUITY AND LIABILITIES			
1. Share holders' Funds			
a) Share Capital			
b) Reserves and Surplus			
c) Money received against share warrants			
2. Share Application Money Pending Allotment			
3. Non-Current Liabilities			
a) Long term borrowings			
b) Defered Tax Liabilities(Net)			
c) Other Long-Term Liabilities			
d) Long-Term Provisions			
4. Current Liabilities			
a) Short Term Borrowings			
b) Trade Payables			
c) Other Current Liabilities			
d) Short term Provisions			
Total			
ASSETS			
1. Non-Current Assets			
a. Fixed Assets			
i. Tangible Assets			
ii. Intangible Assets			
iii. Capital work-in-progress			
iv. Intangible Assets under Development			
b. Non-Current Investments			
c. Defered Tax Assets(Net)			
d. Long-Term Loans and Advances			
e. Other Non-Current Assets			
2. Current Assets			
a. Current Investments			

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

b. Inventories **c.** Trade Receivables **d.** Cash and Cas Equivalents **e.** Short-term Loans and Advances **f.** Other Current Assets			
Total			

अंशों का निर्गमन (Issue of Shares)

एक कम्पनी अंशों का निर्गमन (1) रोकड़ के अतिरिक्त किसी अन्य प्रतिफल के लिए; या (2) रोकड़ के लिए कर सकती है।

(1) रोकड़ के अतिरिक्त किसी अन्य प्रतिफल के लिए (Issue of Shares for Consideration Other Than Cash): जब किसी कम्पनी द्वारा किसी व्यवसाय अथवा सम्पति या सेवाओं के क्रय के बदले अंशों का निर्गमन किया जाता हैं तो यह रोकड़ के अतिरिक्त अन्य प्रतिफल के बदले अंशों का निर्गमन कहलाता है।

(2) रोकड़ के लिए अंशों का निर्गमन(Issue of Shares for Cash): जब एक कम्पनी को अंशों में निर्गमन की राशि चैक, ड्राफ्ट या अन्य रूप से प्राप्त होती है तो यह रोकड़ के लिए अंशों का निर्गमन कहलाता है। अंशों के निर्गमन पर राशि का भुगतान दो प्रकार से हो सकता हैः– **(i) आवेदन पर एकमुश्तः** जब अंशों के निर्गमन पर समस्त राशि आवेदन पत्र के साथ देय हो। **(ii) सम्पूर्ण राशि किस्तों में देय हो–**जब अंशों के निर्गमन की सम्पूर्ण राशि विभिन्न स्तरों पर यथा–आवेदन, आवन्टन तथा एक या अधिक मांगों पर देय हो।

सार्वजनिक कम्पनी अंशों का निर्गमन दो में से एक प्रकार से कर सकती हैः–

(अ) सम मूल्य पर निर्गमन (Issue at Par)– जब अंशों को उनके अंकित मूल्य (Face or Nominal value) पर ही निर्गमित किया जाता है तो इसे सम मूल्य पर निर्गमन कहते हैं, जैसे एक कम्पनी द्वारा ₹ 10 वाले किसी अंश का निर्गमन ₹ 10 प्रति अंश पर ही करना।

(ब) प्रीमियम/प्रब्याजि पर निर्गमन(Issue at Premium)– जब अंशों को उनके अंकित मूल्य से अधिक मूल्य पर निर्गमित किया जाता है तो यह अंशों का प्रीमियम पर निर्गमन कहलाता है। जैसे एक कम्पनी द्वारा ₹ 10 वाले अंशों का निर्गमन ₹ 15 प्रति अंश की दर पर करना।

पूर्व में कम्पनियॉ अपने अंशों का निर्गमन बट्टे पर भी कर सकती थी लेकिन कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 53 के अनुसार ''कोई भी कम्पनी अपने अंशों का बट्टे पर निर्गमन नहीं कर सकती। धारा–54 के अनुसार स्वेट समता अंश(Sweat Equity Shares) बट्टे पर निर्गमित किये जा सकते हैं।

अंश निर्गमन की प्रक्रिया (Procedure for Issue of Shares)

एक सार्वजनिक कम्पनी द्वारा अंशों का निर्गमन करने हेतु कम्पनी अधिनियम, 2013 तथा भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड(Securities and Exchange Board of India) द्वारा इस सम्बन्ध में जारी दिशा निर्देशों का पालन करना पड़ता है। अंशों के निर्गमन हेतु निम्न प्रक्रिया अपनायी जाती हैः–

(1) प्रविवरण का निर्गमन (Issue of Prospectus)– अंश निर्गमन हेतु एक सार्वजनिक कम्पनी प्रविवरण का निर्गमन करती है। धारा 2(70) के अनुसार प्रविवरण एक लिखित सूचना, परिपत्र या अन्य प्रलेख होता है जो एक समामेलित संस्था की प्रतिभूतियों का क्रय या अभिदान करने हेतु जनता से प्रस्ताव आमन्त्रित करता है अर्थात् प्रविवरण जनता को कम्पनी की प्रतिभूति क्रय करने के लिए दिया जाने वाला आमंत्रण है। प्रविवरण में सामान्यतः कम्पनी का इतिहास, मुख्य उद्देश्य, वर्तमान व्यापार, परियोजना की जानकारी एवं प्रबन्ध आदि का विवरण दिया जाता है।

(2) अंशों के लिए आवेदन (Application for Shares)– प्रविवरण के आधार पर जो व्यक्ति कम्पनी के अंश खरीदना चाहते हैं वे निर्धारित आवेदन पत्र भरकर आवश्यक निर्धारित राशि के साथ कम्पनी के बैंक में जमा कराते हैं। आवेदन पत्र के साथ जो राशि जमा की जाती है उसे आवेदन राशि (Application Money) कहा जाता है। धारा 39(2) के अनुसार आवेदन पर प्रत्येक प्रतिभूति के अंकित मूल्य का कम से कम 5% राशि प्राप्त करना आवश्यक है या वह धनराशि जो सेबी(SEBI) द्वारा इस सम्बन्ध में कानून बनाकर निर्धारित की जाए, तदानुसार अंश आवेदन राशि अंश के निर्गमन मूल्य के 25% से कम नहीं होनी चाहिए।

(3) अंशों का आवन्टन (Allotment of Shares)– अंशों के आवन्टन से आशय अंशों का आवेदकों के मध्य बटंवारा करने से है। यह कार्य संचालक मण्डल द्वारा अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों के तहत किया जाता है। एक आवेदक को

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

अंश आवन्टित होने के उपरान्त ही वह अंशधारी बनता है। एक सार्वजनिक कम्पनी द्वारा निम्न प्रावधानों का पालन करने के उपरान्त ही अंशों का आबन्टन किया जा सकता है:–

(i) न्यूनतम अभिदान(Minimum Subscription)– धारा 39(1) के अनुसार कम्पनी द्वारा अपनी प्रतिभूतियों का आबन्टन तब तक नहीं किया जा सकता है जब तक कि प्रविवरण में वर्णित न्यूनतम राशि के लिए अभिदान प्राप्त न हो जाऐ। सेबी के निर्देशों के अनुसार कम्पनी अंशों का आवन्टन तब तक नहीं कर सकती जब तक कि उसे सम्पूर्ण निर्गमन के कम से कम 90% के बराबर अभिदान प्राप्त नहीं हो जाता है।

(ii) धारा 40(3) के अनुसार कम्पनी द्वारा जनता से प्रतिभूति के अभिदान हेतु आवेदन पर प्राप्त राशि को अनुसूचित बैंक में पृथक से खोले गये खाते में जमा रखना आवश्यक है।

(iii) न्यूनतम अभिदान राशि प्राप्त करने की अवधि– धारा 39(3) के अनुसार, यदि किसी कम्पनी को प्रविवरण निर्गमन की तिथि से 30 दिनों या सेबी (SEBI) द्वारा निर्धरित समय सीमा के अन्दर न्यूनतम राशि प्राप्त नहीं होती है तो कम्पनी को आवेदन पर प्राप्त धनराशि को निर्धारित समय में निर्धारित की गई विधि से लौटाना होगा। न्यूनतम अभिदान राशि की गणना के लिए अंशों की उन रकमों को शामिल नहीं किया जाएगा जो मुद्रा के अतिरिक्त किसी अन्य रूप में देय हो।

(iv) स्टॉक एक्सचेंज को आवेदन– जनता को अंश निर्गमन से पूर्व एक कम्पनी को एक या अधिक मान्यता प्राप्त स्टॉक एक्सचेंज में उन अंशों के लेन–देन की अनुमति हेतु आवेदन करना होगा। इन स्टॉक एक्सचेंज/एक्सचेंजों के नाम प्रविवरण में देना होगा, जहॉ ऐसा आवेदन किया गया हैं।

(v) आबंटन पत्र जारी करना (Dispatch of Allotment Letter)– जिन आवेदकों को अंशों का आवंटन किया गया है सचिव उन आवेदकों को आबंटन पत्र भेजता है। जिन आवेदकों को कोई अंश आवंटित नहीं किये गये हैं तो उन्हें खेद पत्र के साथ उनसे प्राप्त आवेदन राशि उचित माध्यम द्वारा वापस लौटा दी जाती हैं।

(vi) रजिस्ट्रार को आबन्टन रिटर्न भेजना (Filling Allotment Return to Registrar)– आवटंन कार्य पूर्ण हो जाने के बाद कम्पनी को आवन्टन के 30 दिनों के भीतर अथवा रजिस्ट्रार द्वारा बढ़ाई गई अवधि के भीतर कम्पनी रजिस्ट्रार के पास आवंटन रिटर्न भेजना होता है। इस रिटर्न के साथ ही कम्पनी सचिव या एक संचालक द्वारा इस आशय का घोषणा पत्र भी भेजा जाता है कि कम्पनी द्वारा आबन्टन सम्बन्धी समस्त वैधानिक आवश्यकताओं की पूर्ति कर ली गई है।

(vii) अंश प्रमाण पत्र (Share Certificate)– अंश प्रमाणपत्र उसमें निर्दिष्ट अंशों पर किसी सदस्य के अधिकार होने के मूल प्रमाण है। धारा 46(1) के अनुसार,''कम्पनी की सार्वमुद्रा के अधीन जारी किया गया प्रमाण पत्र इस बात का प्रथम दृष्टया साक्ष्य है कि उसमें लिखित अंशों का वह स्वामी है। ये प्रमाण पत्र अंशधारी के स्वामित्व का प्रथम दृष्टया साक्ष्य है। संयुक्त स्वामियों में से प्रथम नामित स्वामी को अंश प्रमाण पत्र की दी गई सुपुर्दगी सभी को सुपुर्दगी मानी जाती है।

(viii) प्रारम्भिक सार्वजनिक निर्गमन (Initial Public Offer or IPO)– अंशों के अभिदान हेतु जनता को आमन्त्रित करने हेतु किये गये प्रस्ताव को प्रारम्भिक सार्वजनिक निर्गमन प्रस्ताव कहा जाता है।

(4) अंशों पर मांग (Calls on Shares)– आवेदन पत्र के साथ एवं अंश आबटंन पर मांगी गई राशियों के पश्चात् यदि अंशों पर देय राशि का कुछ भाग शेष रहता है तो कम्पनी इस राशि को किस्तों में वसूल करती है। ऐसी प्रत्येक किस्त ''अंशों पर याचना/मांग'' कहलाती है। अंशों पर मांग कम्पनी के अन्तर्नियमों में दिये गये प्रावधानों के अनुरूप की जाती है। यदि किसी कम्पनी के अन्तर्नियम न हों या अन्तर्नियमों में इस सम्बन्ध में प्रावधान न हों तो उस पर कम्पनी अधिनियम, 2013 की सारणी–F के प्रावधान लागू होंगे, जो कि निम्न है:–

(i) दो मांगों के मध्य कम से कम एक माह का अन्तर होना आवश्यक है। **(ii)** किसी भी मांग की राशि अंशों के अंकित मूल्य के 25% से अधिक नहीं होगी। **(iii)** अंशधारकों को राशि चुकाने के लिए कम से कम 14 दिन पूर्व सूचना दी जायेगी। **(vi)** एक ही वर्ग के सभी अंशों पर मांग की राशि एक समान होनी चाहिए। **(v)** यदि कोई अंशधारी अंशों पर देय मांग की राशि का निर्धारित तिथि तक भुगतान नहीं करता है तो कम्पनी बकाया राशि पर भुगतान की देय तिथि से भुगतान की वास्तविक तिथि तक की अवधि पर 10% वार्षिक की दर से ब्याज वसूल कर सकती है।

कभी–कभी कुछ अंशधारी कम्पनी द्वारा न मांगी गई राशि को आबंटन या मांग राशि के साथ भेज देते है जो भविष्य को मांगों से सम्बन्धित होती है। यदि कम्पनी के अन्तर्नियमों मे वर्णित हो तथा संचालक मण्डल उचित समझे तो इस अग्रिम याचना राशि को स्वीकार कर सकता है इस अग्रिम प्राप्त राशि पर अग्रिम अवधि के लिए अधिकतम 12% वार्षिक की दर से ब्याज देय होगा।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

अंशों के निर्गमन की प्रविष्टियाँ
(Journal Entries for Issue of Shares)

1. रोकड के अतिरिक्त किसी अन्य प्रतिफल के लिए अंशों का निर्गमन की दशा में किसी व्यवसाय, सम्पत्ति या सेवाओं को क्रय के बदले अंशों का निर्गमन किया जाता है तो निम्न प्रविष्टियॉ की जा सकती है –

i. किसी व्यापार अथवा सम्पति के क्रय करने पर –

Individual Assets A/c Dr.
To Vendor's A/c

ii. विक्रेता को प्रतिफल के रूप में अंशों का निर्गमन करने पर

(i) यदि अंश सम मूल्य पर निर्गमित किये जाये–

Vendor's A/c Dr.
To Equity Share Capital A/c

(ii) यदि अंश प्रीमियम पर निर्गमित किये जाये–

Vendor's A/c Dr.
To Equity share Capital A/c
To Securities Premium A/c

निर्गमित किये जाने वाले अंशों की संख्या की गणना = $\frac{\text{क्रय प्रतिफल / देय मूल्य}}{\text{प्रति अंश निर्गमन मूल्य}}$

iii. प्रवर्तकों को उनकी सेवाओं के प्रतिफलस्वरूप अंशों का निर्गमन–

Incorporation Expenses / Goodwill A/c Dr.
To Share Capital A/c

2. रोकड के लिए अंशों का निर्गमन–

1. जब सम्पूर्ण धनराशि आवेदन पत्र के साथ एक मुश्त देय हो–

i. यदि अंश सम मूल्य पर निर्गमित किये जायें– आवेदन राशि प्राप्त होने पर –

Bank A/c Dr.
To Share Application & Allotment A/c

–अंश आबन्टन करने पर

Share Application & Allotment A/c Dr.
To Share Capital A/c

ii. यदि अंश प्रीमियम पर निर्गमित किये जायें–

– आवेदन राशि प्राप्त होने पर –

Bank A/c Dr.
To Share Application & Allotment A/c

–अंश आबन्टन करने पर

Share Application & Allotment A/c Dr.
To Share Capital A/c
To Securities Premium A/c

2. जब सम्पूर्ण धनराशि किस्तों में देय हो–

i. आवेदन राशि प्राप्त होने पर

Bank A/c Dr.(आवेदन पर प्राप्त कुल राशि से)
To Share Application A/c

ii. आवेदन की राशि पूँजी में अन्तरण करने पर–(अधि–अभिदान(Over subscription) की दशा में निर्गमित किये जाने वाले अंशों पर देय आवेदन राशि से तथा अन्य की दशा में वास्तविक प्राप्त आवेदन राशि से)

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Share Application A/c Dr.
To Share Capital A/c

iii. आबन्टन की राशि देय होने पर–

1. सम मूल्य पर निर्गमन की दशा में –

Share Allotment A/c Dr.
To Share Capital A/c

2. प्रीमियम पर निर्गमन की दशा में–

Share Allotment A/c Dr.
To Share Capital A/c
To Securities Premium A/c

iv. अधि अभिदान की दशा में आवेदन पर प्राप्त आधिक्य राशि का बंटन पर समायोजन करने पर

Share Application A/c Dr.
To Share Allotment A/c

v. आवेदन पर प्राप्त आधिक्य राशि लौटाने पर– (जिन आवेदकों को बंटन से मना कर दिया गया हो या आवेदन पर राशि अधिक प्राप्त हो गयी हो)

Share Application A/c Dr.
To Bank A/c

vi. आबन्टन राशि प्राप्त होने पर

Bank A/c Dr.
To Share Allotment A/c

vii. प्रथम मांग की राशि देय होने पर

Share First Call A/c Dr. (आवंटित अंश x प्रति अंश मांग)
To Share Capital A/c

viii. प्रथम मांग की राशि प्राप्त होने पर

Bank A/c Dr. (वास्तविक प्राप्त राशि)
To Share First call A/c

ix. द्वितीय/अंतिम मांग की राशि देय होने पर

Second/Final Call A/c Dr. (आवंटित अंशों पर मांगी गई राशि से)
To Share Capital A/c

x. द्वितीय/अंतिम मांग की राशि प्राप्त होने पर

Bank A/c Dr. (वास्तविक प्राप्त राशि से)
To Share Second/Final Call A/c

xi. किसी अंशधारी से उसके द्वारा धारित अंशों पर अग्रिम मांग प्राप्त होने पर:

Bank A/c Dr. (अग्रिम प्राप्त राशि से)
To Calls-in-Advance A/c

नोटः यह राशि आबंटन या जिस मांग के साथ प्राप्त हो तो उस समय बैंक की प्रविष्टि के साथ की जा सकती है। **उपरोक्त अग्रिम मांग समायोजन करने पर :** जब यह मांग वास्तव में की जाती हैं तो उक्त मांग की राशि जब अन्य अंशधारियों से प्राप्त होती हैं तब की जाने वाली बैंक प्रविष्टि में उक्त अग्रिम मांग राशि खाता डेबिट कर दिया जाता हैं। इस प्रकार उक्त खाता बन्द हो जाता है।

xii. अग्रिम प्राप्त मांग पर ब्याजः अग्रिम मांग प्राप्त होने की तिथि से देय तिथि तक की अवधि पर ब्याज के लिए यदि सारिणी F लागू होती है तो अधिकतम 12% वार्षिक दर से ब्याज देय होगा अन्यथा यह दर संचालक मण्डल द्वारा भी निर्धारित की जा सकती हैं, जो 12% वार्षिक से अधिक नहीं हो सकती हैं। यदि ब्याज का भुगतान नगद किया है तो प्रविष्टि होगीः

Interest on Calls-in-Advance A/c Dr.
To Bank A/c

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

उक्त राशि को वर्ष के अन्त में लाभ हानि खाते में डेबिट कर इसे बन्द कर देंगे।

xiii. बकाया मांगः सामान्यतया इसके लिए कोई पृथक से प्रविष्टि नहीं की जाती हैं फिर भी यदि प्रश्न में स्पष्ट निर्देश हो तो निम्नांकित प्रविष्टियां होगीः

(i) बकाया मांग राशि के लिएः Call-in-Arrears A/c Dr.
To Share Allotment or Share Call A/c

नोटः उक्त प्रविष्टि सम्बन्धित मांग की प्रविष्टि के साथ सयुंक्त प्रविष्टि के रूप में भी की जा सकती है।

(ii) बकाया राशि प्राप्त होने परः Bank A/c Dr.
To Calls-in-Arrears A/c

xiv. बकाया मांग पर ब्याजः भुगतान देय तिथि से वास्तविक भुगतान तिथि तक की अवधि का ब्याज सारणी F के अनुसार 10% वार्षिक दर से या इससे कम दर से, जो बोर्ड निर्धारित करे लिया जाता है। उक्त ब्याज प्राप्त होने पर प्रविष्टि होगीः Bank A/c Dr.
To Interest on Calls-in-Arrears A/c

नोटः उक्त ब्याज राशि वर्ष के अन्त में लाभ हानि खाते में क्रेडिट कर ब्याज खाता बन्द कर दिया जायेगा।

उदाहरण-1: xyz लि0 ने बीकानेर लि0 से मशीनरी ₹ 600000 में खरीदी और भुगतान में xyz लि0 ने ₹ 10 वाले पूर्णदत्त समता अंश निर्गमित किये। xyz लि0 की पुस्तकों में जर्नल प्रविष्टियॉ दीजिये, यदि अंशों का निर्गमन (1) सम मूल्य पर (2) 20% प्रीमियम पर किया जावे।

xyz Ltd. purchased a machine worth ₹ 6,00,000 from Bikaner Ltd. and issued Equity Shares of ₹ 10 each, fully paid in satisfaction of payment. Give the journal entries in the books of xyz Ltd., if shares are issued **(i)** at par, **(ii)** at 20% premium.

हल : **In the Books of XYZ Ltd. Journal Entries**

Date	Particulars	L.F.	Amount Dr. (₹)	Amount Cr. (₹)
Date of Purchase	Machinery A/c Dr. To Bikaner Ltd. (Being machinery purchased from Bikaner Ltd.)		6,00,000	 6,00,000
Date of Allotment	(i)यदि अंशों का निर्गमन सम मूल्य पर हो– Bikaner Ltd. Dr. To Equity share capital A/c (Being 60000 equity shares of ₹10 each fully paid issued to Bikaner Ltd.)		6,00,000	 6,00,000
	(ii) यदि अंशों का निर्गमन 20% प्रीमियम पर हो– Bikaner Ltd. A/c Dr. To Equity Share Capital A/c To Securities Premium A/c (Being 50000 equity shares of ₹10 each issued at a premium of 20%)		6,00,000	 5,00,000 1,00,000

Working Note: 20% प्रीमियम पर अंश निर्गमन की दशा में, निर्गमित किये जाने वाले अंशों की संख्या

$$= \frac{Amount\ Payable}{Issue\ Price\ of\ share} = \frac{600000}{10+(20\%of\ 10)} = \frac{600000}{12} = 50000 \text{ अंश}$$

उदाहरण 2: 1 अप्रैल 2016 को गामा लि0 ने ₹100 वाले 2000 समता अंश सम मूल्य पर जनता में निर्गमित किये। सम्पूर्ण राशि आवेदन पर देय थी। सभी अंशों के लिए आवेदन पत्र प्राप्त हुए। आवेदन की अन्तिम तिथि 30 अप्रैल, 2016 थी। अंशों का आबन्टन 15 मई 2016 को किया गया। गामा लि0 की पुस्तकों में आवश्यक जर्नल प्रविष्टियॉ दीजिये।

Gama Ltd. issued 2,000 equity shares of ₹100 each at par to public on 01 April, 2016. Whole amount was payable at the time of application. Applications were received for all shares. Last date

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

of application was 30 April, 2016. Allotment of the shares was made on 15 May, 2016. Give necessary journal entries in the books of Gama Ltd.

हल: **In the Book of Gama Ltd.**

Journal Entries

Date	Particulars	L.F.	Amount Dr. ₹	Amount Cr. ₹
2016 April 30	Bank A/c Dr.		2,00,000	
	To Equity Share Application & Allotment A/c			2,00,000
	(Being application money received for 2000 shares of ₹ 100 each)			
May, 15	Equity Share Application & Allotment A/c Dr.			
	To Equity Share Capital A/c		2,00,000	
	(Being application money transferred to equity share capital a/c)			2,00,000

उदाहरण 3: जयपुर लि0 ने ₹10 वाले 20000 समता अंश सम मूल्य पर निर्गमित किये जो कि आवेदन पत्र पर ₹ 3, बंटन पर ₹ 4 तथा शेष राशि मांग पर देय थी। सभी अंश बिक गये तथा यथा समय भुगतान प्राप्त हो गया। आवश्यक जर्नल प्रविष्टियॉ दीजिये।

Jaipur Ltd. issued 20000 equity shares of ₹10 each at par payable at ₹ 3 on application, ₹4 on allotment and the balance on call, all the shares were taken up and all the payments were duly received. Give necessary journal entries.

हल : **In the Book of Jaipur Ltd. Journal Entries**

Date	Particulars	L.F.	Amount Dr. ₹	Amount Cr. ₹
	Bank A/c Dr.		60,000	
	To Equity Share Application A/c			60,000
	(Being application money received for 20000 equity shares of ₹3 each)			
	Equity Share Application A/c Dr.			
	To Equity Share Capital A/c		60,000	
	(Being application money transferred to equity share capital a/c)			60,000
	Equity Share Allotment A/c Dr.		80,000	
	To Equity Share Capital A/c			80,000
	(Being allotment money due on 20,000 shares of ₹ 4 each)			
	Bank A/c Dr.		80,000	
	To Equity Share Allotment A/c			80,000
	(Being allotment money received)			
	Equity Share First & Final Call A/c Dr.		60,000	
	To Equity Share Capital A/c			60,000
	(Being First and final call money due on 20000 equity shares of ₹ 3 each)			
	Bank A/c Dr.		60,000	
	To Equity Share First & Final Call A/c			60,000
	(Being Equity share first & final call money received)			

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

प्रीमियम पर अंशों का निर्गमन
(Issue of Shares at Premium)

जब अंशों को उनके अंकित मूल्य से अधिक पर निर्गमित किया जाता है यह प्रीमियम पर अंशों का निर्गमन कहलाता है। जैसे ₹ 10 वाले समता अंशों का निर्गमन ₹14 प्रति अंश की दर पर करना। यहाँ (14–10)=₹4 प्रति अंश प्रीमियम कहा जायेगा।

प्रीमियम का लेखा आवेदन, बंटन या मांग किसी भी स्तर पर किया जा सकता है तथापि सूचना के अभाव में प्रीमियम का लेखा बंटन स्तर पर किया जाता है। प्रतिभूति प्रीमियम कम्पनी के लिए पूँजीगत लाभ है। इसे चिटठे के "समता एवं दायित्व भाग" में 'अंशधारियों के कोष' शीर्षक के 'संचय एवं आधिक्य' उप शीर्षक में प्रतिभूति प्रीमियम संचय के रूप में दर्शाया जाता है।

प्रतिभूति प्रीमियम का उपयोग (Utilization of Securities Premium): भारतीय कम्पनी अधिनियम की धारा 52(1) के अनुसार,प्रतिभूतियों के निर्गमन पर प्राप्त प्रीमियम की राशि को प्रतिभूति प्रीमियम खाते में जमा किया जाता है। धारा 52(2) के अनुसार प्रतिभूति प्रीमियम का प्रयोग निम्न कार्यो में किया जा सकता है–

i. सदस्यों को पूर्ण प्रदत्त बोनस अंश निर्गमित करने के लिए, **ii.** कम्पनी के प्रारम्भिक व्ययों(Preliminary Expenses) को अपलिखित करने में, **iii.** अंशों या ऋणपत्रों के निर्गमन व्यय या दिये गये कमीशन या ऋणपत्रों पर दिये गये बटटे को अपलिखित करने में, **iv.** कम्पनी के किसी भी शोधनीय पूर्वाधिकार अंशों या ऋणपत्रों के शोधन पर देय प्रीमियम का प्रबन्ध करने में, **v.** अपने अंशों के क्रय करने (buy-back) में

अंशों का न्यून–अभिदान(Under Subscription of Shares):– जब एक कम्पनी को प्रस्तावित अंशों की तुलना में कम अंशों के लिए आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं तो उसे अल्प या न्यून अभिदान कहा जाता है। इस दशा में न्यूनतम अभिदान के प्रावधानों को ध्यान में रखते हुए, सामान्यतः प्रत्येक को आवेदित अंशों के बराबर अंश बंटित कर दिये जाते हैं।

अंशों का अधि–अभिदान(Over Subscription of Shares):– जब एक कम्पनी को प्रस्तावित अंशों की तुलना में अधिक अंश खरीदने के लिए आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं तो यह स्थिति अधि–अभिदान कहलाती हैं। कोई भी कम्पनी निर्गमित अंशों से अधिक अंशों का बन्टन नहीं कर सकती हैं। अधि–अभिदान की स्थिति में एक कम्पनी निम्न तीन विकल्पों में से किसी एक विकल्प के आधार पर अंशों का आबन्टन कर सकती है:–

(i) कुछ आवेदकों को पूर्ण अंश आबन्टित करना तथा ऐसे आवेदक जिन्हें कोई भी अंश आबन्टित नहीं किये हैं, उनकी आवेदन पर प्राप्त राशि को लौटा दिया जाता हैं। **(ii)** समस्त आवेदकों को आनुपातिक आधार पर अंशों का बंटन करना। **(iii)** कुछ को पूर्ण तथा कुछ को आनुपातिक आधार पर अंश आबंटित करना।

आनुपातिक आधार पर बंटन(Pro-rata Allotment): आनुपातिक आधार पर बंटन से आशय उस वर्ग के कुल आवेदकों को बंटित किये गये कुल अंशों का उस वर्ग के कुल आवेदनों के अनुपात से है। माना कि R Ltd. ने 10,000 अंश जनता को निर्गमित किये। कुल 15000 अंशों के आवेदन पत्र प्राप्त हुए। यह निर्णय किया गया कि सभी आवेदकों को आनुपातिक बन्टन किया जाये अर्थात 15000 अंशों के आवेदकों को कुल 10000 अंश बंटित किये जायेंगे। आवेदन व आबंटन अनुपात 15000 : 10000 अर्थात 3 : 2 होगा। प्रत्येक 3 अंशों के आवेदक को 2 अंश बन्टित किये जाऐंगे।

आवेदन पर प्राप्त आधिक्य राशिः आनुपातिक आधार पर आबन्टन की दशा में आवेदन पत्र के साथ चुकाई गई आधिक्य राशि का प्रयोग, एक सूचीबद्ध कम्पनी द्वारा स्टॉक एक्सचेंज की अनुमति प्राप्त कर, आबन्टन तथा याचना पर किया जा सकता हैं।

एक गैर सूचीबद्ध कम्पनी आवेदन पर प्राप्त अधिक्य राशि का प्रयोग आबन्टन तथा याचना राशि के समायोजन में कर सकती है। यदि प्रश्न में स्पष्ट उल्लेख न हो तो आवेदन पर प्राप्त अधिक्य राशि में से बंटन पर देय राशि के समायोजन के उपरान्त शेष धनराशि अंशधारियों को वापिस लौटा दी जानी चाहिए।

उदाहरण 4: सार्थक लि0 ने ₹ 10 वाले 10,000 समता अंश जनता को निर्गमित किये। 15,000 अंशों के लिए आवेदन प्राप्त हुए। राशि का भुगतान क्रमशः आवेदन पर 3₹, बंटन पर ₹3, प्रथम मांग पर ₹2 तथा अंतिम मांग पर ₹2 देय था। 14000 अंशों के आवेदकों को यथानुपात बंटन किया गया तथा शेष आवेदकों को राशि लौटा दी गई। आवेदन पर प्राप्त आधिक्य राशि का उपयोग बंटन राशि के समायोजन में किया गया। सभी राशियॉ यथा समय प्राप्त हो गयी। कम्पनी की पुस्तकों में जर्नल प्रविष्टियॉ दीजिए।

Sarthak Ltd. issued 10,000 equity shares of Rs 10 each to public. Application were received for 15000 shares. Amount was payable as follows: On Application ₹3, on Allotment ₹3, on First Call

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

₹2 and on Second and final call ₹2. Applicants of 14000 shares were made pro-rata allotment and amount of remaining applicants were refunded. Excess application money was utilized to adjust allotment. All the amount was received in time. Give Journal entries in the books of company.

हल:–

Analytical Table

Category	Shares Applied	Shares Alloted	Amount Received (₹)	Application money transferred (₹)	Excess Application Money (₹)	Allotment Due@ ₹ 3 (₹)	Net Amt. Received (₹)	First Call ₹2 (₹)	Second & Final Call @ ₹2
Pro-rata	14,000	10,000	42,000	30,000	12,000	30,000	18,000	20,000	20,000
Refund	1000	-	3000	(Returned)	-	-	-	-	-

Journal Entries

Date	Particulars	L.F.	Amount Dr. ₹	Amount Cr. ₹
	Bank A/c Dr. To Equity Share Application A/c (Being application money received on 15000 Shares @ ₹3 each)		45,000	45,000
	Equity Share Application A/c Dr. To Equity Share Capital A/c (Being application money transferred of 10,000 Shares to Capital A/c)		30,000	30,0000
	Equity Share Application A/c Dr. To Bank A/c (Being excess application money of 1000 shares refunded)		3,000	3,000
	Equity Share Allotment A/c Dr. To Equity Share Capital A/c (Being Allotment money due on 10000 shares @ ₹ 3 each)		30,000	30,000
	Bank A/c Dr. Equity Share Application A/c Dr. To Equity Share Allotment A/c (Being amount received for allotment and balance of application money adjusted on Allotment)		18,000 12,000	30,000
	Equity Share First Call A/c Dr. To Equity Share Capital A/c (Being First Call money due @ ₹ 2 each)		20,000	20,000
	Bank A/c Dr. To Equity Share First Call A/c (Being First Call money received)		20,000	20,000
	Equity Share Second & Final Call A/c Dr. To Equity Share Capital A/c (Being Second & Final Call money due @ ₹ 2 each)		20,000	20,000
	Bank A/c Dr. To Equity Share Second & Final Call A/c (Being Second & Final Call money received)		20,000	20,000

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

उदाहरण 5: सनसाइन लि0 की पूँजी ₹ 100 वाले 5000 अंशों में विभाजित थी। कम्पनी ने ₹100 वाले 2000 अंश ₹10 प्रति अंश प्रीमियम पर निर्गमित किये। अंशों पर भुगतान इस प्रकार देय था– आवेदन पर ₹30, आंबटन पर(प्रीमियम सहित) ₹40, प्रथम मांग पर ₹20 तथा शेष राशि आवश्यकता पड़ने पर। राम के पास 30 अंश थे, उसने प्रथम मांग के साथ सम्पूर्ण रकम भी चुका दी। रहीम जिसके पास 20 अंश थे, प्रथम याचना का भुगतान करने में असमर्थ रहा। सनसाइन लि0 की पुस्तकों में जर्नल प्रविष्टियॉ दीजिये तथा इन मदों को चिट्ठे में बताइये। यह मानिये कि सभी अंशों के लिए अभिदान प्राप्त हुआ।

The capital of Sunshine Ltd. was divided into 5,000 shares of ₹100 each. The Company issued 2,000 Shares of ₹100 each at a premium of ₹10 per share, payable as follows: On application ₹30; On Allotment(including premium) ₹40; On First Call ₹20 and balance as and when required. Ram holds 30 shares, has paid all the amount along with first call. Rahim holds 20 shares failed to pay first call. Pass journal entries in the books of the Company and show these items in the Balance Sheet. Assume all shares were subscribed.

हल: **Journal Entries**

Date	Particulars	L. F.	Amount Dr. ₹	Amount Cr. ₹
	Bank A/c Dr.		60,000	
	To Share Application A/c			60,000
	(Being application money received on 2000 shares @ ₹30 each)			
	Share Application A/c Dr.		60,000	
	To Share Capital A/c			60,000
	(Being application money transfer to Share Capital A/c)			
	Share Allotment A/c Dr.		80,000	
	To Share Capital A/c			60,000
	To Securities Premium A/c			20,000
	(Being allotment due @ ₹40 each including ₹10 premium)			
	Bank A/c Dr.		80,000	
	To Share Allotment A/c			80,000
	(Being allotment money received)			
	Share First Call A/c Dr.		40,000	
	To Share Capital A/c			40,000
	(Being Share First Call due @ ₹20 each)			
	Bank A/c Dr.		40,200	
	To Share First Call A/c			39,600
	To Calls-in-Advance A/c			600
	(Being First call amount received from 1980 shares @ ₹20 each and ₹20 each on 30 shares received in advance)			

नोट: First call amount received=(2000-20) x ₹20 = ₹39,600; Calls in advance on 30 shares of Ram @ ₹20 = ₹600

Name of the Company: Sunshine Ltd.

Balance Sheet as at_ _ _ _ _ _ _ _ _ _

Particulars	Note No.	Figures for the current year (₹)	Figures for the Previous year (₹)
I. Equity and Liabilities			
1. Share holders Fund:			
(a) Share Capital	1	1,59,600	
(b) Reserves and Surplus	2	20,000	

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

4. Current Liabilities			
(c) Other Current Liabilities	3	600	
Total		**1,80,200**	
II. Assets			
2. Current Assets			
(d) Cash and Cash Equivalents		1,80,200	
Total		**1,80,200**	

Notes to Accounts:		
1. Share Capital:		
Authorised Capital:		
5000 Equity Shares of ₹100 each.		5,00,000
Issued, Subscribed and Paid up Capital:		
2,000 Equity Shares of ₹100 each and ₹80 per share called up	1,60,00	
Less: Calls-in-arrears (20 x 20)	400	1,59,600
2. Reserves & Surplus:		
Securities Premium		20,000
3. Other Current Liabilities:		
Calls-in-Advance		600

उदाहरण 6: के.एस. लि0 ने 15 अप्रैल, 2016 को ₹100 वाले 1,50,000 समता अंश ₹25 प्रति अंश प्रीमियम पर निर्गमित किए। भुगतान इस प्रकार देय थाः आवेदन पर ₹50, आबन्टन पर ₹50 (प्रीमियम सहित) तथा प्रथम व अंतिम मांग पर ₹25। कम्पनी के पास 1,40,000 अंशों के लिए आवेदन पत्र आये। 1 जून 2016 को संचालकों ने सभी आवेदकों को पूर्ण आबन्टन कर दिया। आबन्टन राशि के भुगतान की अन्तिम तिथि 30 जून 2016 निर्धारित की। प्रथम मांग की तिथि 1 अक्टूबर, 2016 थी, जिसका भुगतान 20 अक्टूबर, 2016 तक किया जा सकता था। निम्न के अतिरिक्त समस्त राशियॉ देय तिथि पर प्राप्त हुईः महेश जो 1000 अंशों का धारक हैं आबन्टन राशि का समय पर भुगतान नहीं कर सका किन्तु इसका भुगतान उसने प्रथम मांग के साथ कर दिया। रमा ने जिसके पास 800 अंश हैं, प्रथम मांग राशि आबन्टन के साथ ही दे दी। आवश्यक जर्नल प्रविष्टियॉ दीजिए। ब्याज का भुगतान एवं वसूली सारणी–F के अनुसार करना है।

K.S. Ltd. issued 1,50,000 equity shares of ₹100 each at a premium of ₹ 25 per share on 15th April 2016, payable as follows: on Application ₹50, on Allotment ₹50(including premium) and on first and final call ₹25. Applications were received for 1,40,000 shares by the company. On 1st June, 2016 the Directors made full allotment to the applicants. The last date for allotment money was 30th June, 2016. First and final call was made on 01st October, 2016 and payable up to 20th October, 2016. All the amounts due were received on due dates except in the following cases: Mahesh holds 1000 shares failed to pay allotment money on due dates but paid this amount with the first & final call. Rama holds 800 shares, has paid first & final call money along with allotment money. Pass necessary Journal entries. Interest was charged and paid according to table-F.

Journal Entries

Date	Particulars	L.F.	Amount Dr. ₹	Amount Cr. ₹
2016 April, 15	Bank A/c Dr. To Equity share application A/c (Being Application money received for 1,40,000 Shares @ ₹50 each)		70,00,000	70,00,000

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

June,1	Equity Share Application A/c Dr. To Equity Share Capital A/c (Being Application money transfered to Share Capital)		70,00,000	 70,00,000
June,1	Equity Share Allotment A/c Dr. To Equity Share Capital A/c To Securities Premium A/c (Being Equity Share allotment money due on 140000 shares @ ₹50 each including ₹25 premium)		70,00,000	 35,00,000 35,00,000
June, 30	Bank A/c Dr. To Equity Share Allotment A/c To Calls-in-Advance A/c (Being Allotment money received on 1,39,000 Shares and calls-in-Advance received 800 shares @ ₹25 each)		69,70,000	 69,50,000 20,000
Oct., 1	Equity Share First & Final Call A/c Dr. To Equity Share Capital A/c (Being First and Final Call due on 140000 Shares @ ₹25 each)		35,00,000	 35,00,000
Oct., 1	Interest on Calls-in-Advance A/c Dr. To Bank A/c (Interest on calls-in-Advance paid for 3 months)		600	 600
Oct., 20	Bank A/c Dr. Calls in Advance A/c Dr. To Equity Share First & Final Call A/c To Equity Share Allotment A/c (First & Final Call money and arrear of Allotment money received and calls-in-advance adjusted)		35,30,000 20,000	 35,00,000 50,000
Oct., 20	Bank A/c Dr. To Interest on calls-in-Arrear A/c (Being Interest on calls in arrear received)		1534	 1534

कार्यशील टिप्पणीः– 1. अग्रिम मांग पर ब्याज की गणना (30 जून से 01 अक्टूबर)= $20,000 \times \frac{12}{100} \times \frac{3}{12}$ =₹600

2. बकाया मांग पर ब्याज की गणना(30 जून से 20 अक्टूबर तक)= $50,000 \times \frac{112}{365} \times \frac{10}{100}$ =₹1,534

उदाहरण 7: चिण्टू एण्ड कम्पनी लि0 ने ₹10 वाले 1000 समता अंश निर्गमित करने के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किये। राशियॉ आवेदन पर, बंटन पर, प्रथम मांग, द्वितीय एवं अंतिम मांग पर समान रूप से देय थी। 2000 अंशों के लिए आवेदन पत्र प्राप्त हुए जिसमें से 200 अपूर्ण आवेदन पत्र रद्द कर दिये गये और उनकी राशि लौटा दी गई। मिन्टू को, जिसने 300 अंशों के लिए आवेदन किया था केवल 100 अंश बंटित किये गये। इसने केवल आवेदन राशि ही चुकायी। चिन्टू जिसने 500 अंशों के लिए आवेदन किया था, को भी 100 अंश बंटित किये गये। शेष आवेदनकर्ताओं को यथानुपात आधार पर अंश आबन्टन किये गये। आवेदन राशि को अन्तिम मांग तक काम ले सकते हैं। कम्पनी की मुख्य जर्नल एवं रोकड़ बही में प्रविष्टियॉ कीजिये।

Chintu and Company Ltd. invited applications to issue 1000 Equity shares of ₹10 each. Amount was payable on application, on allotment, on first call and on second & final call in equal. Applications were received for 2000 shares out of which 200 applications were incomplete and rejected and amount of them was refunded. Mintu, who applied for 300 shares has allotted 100 shares only. He paid application money only. Chintu, who applied for 500 shares, was allotted 100 shares also. Remaining applicants were allotted shares on pro-rata basis. Application money can be utilized till final call. Give Journal in Journal Proper and Cash book.(RBSE-2001)

हलः रोकड़ बही एवं मुख्य जर्नल में प्रविष्टियॉ देनी हैं। अतः रोकड़ व्यवहारों की प्रविष्टियॉ रोकड़ पुस्तक में की जाएगी तथा शेष प्रविष्टियॉ मुख्य जर्नल में होगी।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Journal Entries

Date	Particulars	L.F.	Amount Dr. ₹	Amount Cr. ₹
Date of Allotment	Equity Share Application A/c Dr. To Equity Share Capital A/c (Being Allotment money for 1000 shares transfered)		2500	2500
Date of Allotment	Equity Share Allotment A/c Dr. To Equity Share Capital A/c (Being Allotment Money due on 1000 Shares @ ₹25 Rs)		2500	2500
Date of Transfer	Equity Share Application A/c Dr. To Equity Share Allotment A/c To Calls-in-Advance A/c (Being Application money adjusted and balance transfered to calls-in-advance)		1750	1000 750
Date of Calls	Equity Share First Call A/c Dr. To Equity Share Capital A/c (Being first call money due on 1000 shares @ ₹25 each)		2500	2500
Date of Adjust-ment	Calls-in-Advance A/c Dr. To Equity Share First Call A/c (Being calls-in-Advance adjusted against First call)		500	500
Date of Calls	Equity Share Second Call and Final Call A/c Dr. To Equity Share Capital A/c (Being second call money due)		2500	2500
Date of Adjust-ment	Calls-in-Advance A/c Dr. To Equity Share Second and Final Call A/c (Being calls in Advance adjusted against Second and Final call)		500	500

Dr. **Cash Book** **Cr.**

Date	Particulars	J. F.	Amount (₹)	Date	Particulars	J. F.	Amount (₹)
Date of Application	To Equity Share Application A/c		5,000	Date of Refund	By Equity Share Application A/c		750
Date of Receipt	To Equity Share Allotment A/c		1,500	At the End	By Balance c/d		9,750
Date of F.C. Receipt	To Equity Share First Call A/c		2,000				
Date of Second Call Receipt	To Equity Share Second Call A/c		2,000				
			10,500				**10,500**

Working Note:- (i) यथानुपात बंटन वर्ग की आवेदन पत्र संख्या =2000–200(निरस्त)–500–300=1000; **(ii)** यथानुपात बंटन वर्ग की बंटित अंश संख्या =1000–100–100=800 shares; **(iii)** 500 अंशों के आवेदकों को 100 अंश ही देय है। अतः उनके वापसी योग्य आवेदन राशि (500 x 2.5)-(100 x 10) = ₹1250 – ₹1000=₹250. **(iv)** कुल वापसी योग्य आवेदन राशि =[200(Rejected) x 2.5] + ₹250 = ₹750.

उदाहरण 8: निम्नलिखित विवरण आर0एस0लि0 के समता अंश निर्गमन से सम्बन्धित है। प्रति अंश राशि इस प्रकार देय थीः आवेदन पर ₹3, बंटन पर ₹4 एवं शेष राशि मांग पर। 3,00,000 अंशों के लिए आवेदन प्राप्त हुये। श्रेणीवार आबन्टन निम्न प्रकार किया गयाः–

(अ) 5,000 अंशों के आवेदकों को 3,000 अंशों का आबन्टन।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

(ब) 1,07,000 अंशों के आवेदकों को 50,000 अंशों का आबन्टन।

(स) 1,88,000 अंशों के आवेदकों को 47,000 अंशों का आबन्टन।

आवेदन पर प्राप्त आधिक्य राशि का उपयोग बंटन व मांग पर किया जायेगा,इसके अतिरिक्त आधिक्य राशि बेचने पर उसे लौटा दिया जायेगा। आर0 एस0 लि0 की पुस्तकों में आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ दीजिये तथा रोकड़ बही बनाइये।

The following particulars are related to issue of equity shares of RS Ltd.. The amount per share was payable as: on application ₹3, on allotment ₹4 and balance on call. Applications were received for 3,00,000 equity shares. Categorywise allotment was made as follows:

(a) Applicants of 5,000 shares were allotted 3,000 shares.

(b) Applicants of 1,07,000 shares were allotted 50,000 shares.

(c) Applicants of 1,88,000 shares were allotted 47,000 shares.

The excess money received on application was applied towards allotment and call money and balance left was returned.

Give necessary Journal entries in the books of RS Ltd. and prepare Cash Book.

हल:

				Adjusted towards			
Category	**Shares Applied**	**Shares Alloted**	**Amount Received @₹3 per share (₹)**	**Share Application @ ₹3 per share (₹)**	**Share Allotment @ ₹4 per share (₹)**	**Share Call @ ₹3 per share (Call-in-Advance)(₹)**	**Refund**
A	5000	3000	15000	9000	6000	-	-
B	107000	50000	321000	150000	171000	-	-
C	188000	47000	564000	141000	188000	141000	94000
Total	300000	100000	900000	300000	365000	141000	94000

Amount Received on Allotment = (1,00,000 x ₹ 4) - 3,65,000 = ₹ 35,000

Amount Received on Call = (1,00,000 x ₹ 3) - 1,41,000 = ₹ 1,59,000

Journal of RS Ltd.

Date	**Particulars**	**L. F.**	**Debit (₹)**	**Credit (₹)**
Date of Allotment	Equity Share Application A/c Dr. To Equity Share Capital A/c (Being application money on 1,00,000 shares @ ₹ 3 each transferred to equity share capital a/c)		3,00,000	3,00,000
Date of Allotment	Equity Share Allotment A/c Dr. To Equity Share Capital A/c (Being allotment money due @ ₹4 per share)		4,00,000	4,00,000
Date of Allotment	Equity Share Applicaion A/c Dr. To Equity Share Allotment A/c To Calls-in-Advance A/c (Being application money transferred to allotment a/c and to calls in advance a/c)		5,06,000	3,65,000 1,41,000
Date of First & Final Call	Equity Share First and Final Call A/c Dr. To Equity Share Capital A/c (Being equity share first and final call due @ ₹3 per share)		3,00,000	3,00,000
Date of First & Final Call	Calls-in-Advance A/c Dr. To Equity Share First and Final Call A/c (Being calls-in-advance adjusted on equity share first and final call)		1,41,000	1,41,000

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Dr. **Cash Book(Bank Column)** **Cr.**

Date	Particulars	J.F.	Amount ₹	Date	Particulars	J.F.	Amount ₹
Date of Receipt	To Equity Share Application A/c		9,00,000	Date of Refund	By Equity Share Application A/c		94,000
Date of Allotment Receipt	To Equity Share Allotment A/c		35,000	At the end	By Balance c/d		10,00,000
Date of call Receipt	To Equity Share first and final call A/c		1,59,000				
			10,94,000				10,94,000

स्वेट समता अंशों का निर्गमन (Issue of Sweat Equity Shares):-

कम्पनी अधिनियम 2013, की धारा 2(88) के अनुसार स्वेट समता अंशों से आशय ऐसे समता अंशों से हैं जो किसी कम्पनी द्वारा अपने संचालकों या कर्मचारियों को बट्टे पर या रोकड़ के अतिरिक्त अन्य प्रतिफल के लिए, तकनीकी जानकारी देने या बौद्विक सम्पदा अधिकारों (Intellectual Property Rights) की प्रकृति के अधिकार उपलब्ध कराने या उपयोगिता वृद्धि करने के लिए जारी किये जाते हैं। कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 54 में उन शर्तों का उल्लेख है जिनके पूर्ण होने पर एक कम्पनी स्वेट समता अंशों का निर्गमन कर सकती है, जो कि निम्न हैं:– (अ) निर्गमन कम्पनी द्वारा विशेष प्रस्ताव पारित कर अधिकृत किया जाता हो। (ब) विशेष प्रस्ताव में अंशों की संख्या, वर्तमान बाजार मूल्य, प्रतिफल यदि कोई हो तथा संचालकों या कर्मचारियों के वर्ग जिनको ऐसे अंश निर्गमित किये जाने हैं, का उल्लेख होना चाहिए।(स) स्वेट समता अंशों के निर्गमन की तिथि को कम्पनी को व्यवसाय प्रारम्भ करने का अधिकार प्राप्त हुए कम से कम एक वर्ष पूर्ण हो जाना चाहिए। (द) यदि कम्पनी के अंश किसी मान्यता प्राप्त स्कंध विपणी पर सूचीबद्ध हो तो स्वेट समता अंशों का निर्गमन सेबी (SEBI) द्वारा इस सम्बंध में बनाये नियमों के अनुसार ही करना चाहिए।

अधिकार अंश (Right Shares):- कभी– कभी एक कम्पनी को अपने व्यवसाय में वृद्धि या अन्य कारण से अधिक वित्तीय संसाधनों की आवश्यकता होती हैं। ऐसी स्थिति में कम्पनी अपनी सम्पूर्ण अनिर्गमित अंश पूँजी या उसके एक भाग को निर्गमित कर सकती है तथा आवश्यक वित्तीय संसाधन जुटा सकती है। कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 62 के अनुसार अंश पूँजी वाली कम्पनी जब भी अपनी अभिदत्त पूँजी में वृद्धि करने के लिए अतिरिक्त अंश निर्गमित करना प्रस्तावित करती है, तो ऐसे अंश प्रस्तावित किये जायेंगे: (अ) ऐसे व्यक्तियो को जो, प्रस्ताव की तिथि को कम्पनी के ईक्विटी अंशों के धारक हैं, प्रदत्त पूँजी के एक निश्चित अनुपात में उन अंशों के लिए एक प्रस्ताव का पत्र निम्नलिखित शर्तों की पूर्ति करते हुए भेजा जाएगा–**(i)** ऐसा प्रस्ताव एक नोटिस के रूप में होगा जिसमें प्रस्तावित अंशों की संख्या तथा प्रस्ताव की तिथि से समय सीमा जो 15 दिन से कम नहीं होगी एवं 30 दिन से अधिक नहीं होगी। यदि प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाता हैं तो उसे अस्वीकार मान लिया जाएगा। **(ii)** जब तक अन्तर्नियमों में कोई विपरीत व्यवस्था न हो तो सम्बन्धित अंशधारी की, कम्पनी द्वारा उसे प्रस्तावित अंशों को किसी भी अन्य व्यक्ति के पास परित्याग करने का अधिकार होगा, एवं वाक्यांश **(i)** में वर्णित नोटिस में इस अधिकार का विवरण भी होगा। **(iii)** यदि पूर्वोक्त प्रस्ताव में निर्धारित अवधि में विद्यमान अंशधारी उन अंशों को लेने की स्वीकृति नहीं देता है या ऐसे व्यक्ति से जिसे नोटिस दिया गया हो, पूर्व में ही लिखित में इस प्रस्ताव को स्वीकार करने की अनिच्छा प्राप्त हो गई हो, तो कम्पनी का संचालक मण्ड़ल कम्पनी तथा अंशधारियों के हितों को ध्यान रखते हुए उन अंशों का अन्य व्यक्तियों को आबंटन कर सकता है।

इन अंशों के निर्गमन पर लेखा प्रविष्टियाँ उसी प्रकार से की जाती हैं, जिस प्रकार समता अंशों के निर्गमन पर की जाती है।

कर्मचारी स्टॉक विकल्प योजना (Employees Stock Option Plan-ESOP):- कम्पनियों के द्वारा अपने संचालकों, अधिकारियों, एवं कर्मचारियों को अपने समता अंश प्रचलित बाजार मूल्य से कम मूल्य पर खरीदने का अधिकार दिया जाता हैं। ये व्यक्ति अपनी इच्छानुसार इन प्रस्तावित अंशों को खरीद सकते हैं। कम्पनी द्वारा अपने संचालकों, अधिकारियों व कर्मचारियों को अंश देने का उद्देश्य उनकी कार्यक्षमता तथा अपनत्व की भावना को बढाना होता हैं।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

इस योजना के अन्तर्गत आबन्टित अंशों को सम्बन्धित व्यक्ति आबन्टन की तिथि से एक वर्ष के अन्दर खुले बाजार में नहीं बेच सकता है।

कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 2 (37) के अनुसार 'कर्मचारी स्टॉक विकल्प' से आशय कम्पनी के संचालकों, अधिकारियों या कर्मचारियों को कम्पनी के अंश भावी तिथि को पूर्व निर्धारित मूल्य पर खरीदने के दिये गये अधिकार या लाभ, के विकल्प से है।

एस्क्रो या निलंब खाता(Escrow Account): 'एस्क्रो' शब्द से आशय एक अनुबन्ध के तहत किसी विनिर्दिष्ट शर्त के पूरा हो जाने तक गारन्टी के रूप में तृतीय पक्षकार के पास जमा की गई नकदी या प्रतिभूतियॉ। सेबी के दिशा निर्देशों के अनुसार जो कम्पनी 'अपने अंशों का क्रय' योजना के तहत अंश वापिस खरीद रही है उसे किसी बैंक में 'एस्क्रो' खाता खोलना होता हैं। इसमें निम्न शामिल है :– **(i)** किसी व्यावसायिक बैंक के पास जमा राशि **(ii)** किसी व्यापारिक बैंक के पक्ष में बैंक गारन्टी **(iii)** उचित मार्जिन के साथ स्वीकार्य प्रतिभूतियों का निक्षेप अर्थात जमा **(iv)** या उक्त (i) से (iii) का मिश्रण। यदि क्रय वापसी के रूप में चुकायी जाने वाली राशि ₹100 करोड़ से अधिक नहीं हो तो एस्क्रो खाते में ऐसी राशि का 25% जमा कराना होगा और यदि चुकायी जाने वाली राशि ₹100 करोड़ से अधिक हो तो आधिक्य का 10% भी जमा कराना होगा।

एस्क्रो खाते में जमा की गई राशि या प्रतिभूतियों को क्रय वापसी पूरी हो जाने पर सेबी की आज्ञा से वापिस कर दिया जाता है और अनुपालना न होने पर जब्त कर लिया जाता है।

ऋणपत्रों का निर्गमन
(Issue of Debentures)

सामान्य अर्थ में ऋण पत्र से आशय एक कम्पनी द्वारा लिये गये ऋण के बदले दी गई अभिस्वीकृति से है। इस प्रकार ऋण पत्र कम्पनी की सार्वमुद्रा के अन्तर्गत निर्गमित किया एक प्रलेख है जिसमें निर्धारित समय पर मूलधन के भुगतान और एक निश्चित तिथि पर (सामान्यतः छमाही) पूर्व निश्चित दर से ब्याज के भुगतान की शर्तों का उल्लेख रहता है।

टोफॉम के अनुसार,"ऋण–पत्र एक प्रलेख है जो कम्पनी के द्वारा प्रायः धारक से प्राप्त ऋण के प्रमाण के रूप में दिया जाता है और सामान्यतः एक प्रभार द्वारा सुरक्षित होता है।"

कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 2(30) के अनुसार,"ऋणपत्रों में ऋणपत्र स्कन्ध (स्टॉक), बॉन्ड्स तथा ऋण के प्रमाण के रूप में कम्पनी की अन्य प्रतिभूतियों को सम्मिलित किया जाता है चाहे वे कम्पनी की सम्पत्तियों पर प्रभार उत्पन्न करती हो या नहीं।"

ऋणपत्रों की विशेषताएं (Features of Debentures): 1. ऋणपत्र एक प्रमाण–पत्र या प्रलेख है जो कम्पनी द्वारा लिये गये ऋण की पावती है। 2. ऋणपत्र में मूलधन की अदायगी अवधि एवं शोधन तिथि पूर्व निर्धारित होती है। 3. ऋणपत्र में ब्याज की दर निश्चित होती है एवं निश्चित समय अन्तराल से ब्याज दिया जाता हैं। 4. ऋणपत्र धारकों को मत देने का अधिकार नहीं होता है। 5. यह कम्पनी के दीर्घकालीन ऋण होते हैं। 6. ऋणपत्र कम्पनी की सम्पत्तियों पर प्रभार से सुरक्षित हो सकते हैं।

ऋणपत्रों के प्रकार (Types of Debentures): एक कम्पनी विभिन्न प्रकार के ऋणपत्रों का निर्गमन कर सकती हैं,उनकी विशेषताओं के आधार पर वर्गीकरण निम्न हैं:–

1. सुरक्षा के आधार पर (On the Basis of Security): (अ) सुरक्षित ऋणपत्र (Secured Debentures)– वे ऋणपत्र जो कम्पनी की सम्पत्तियों पर स्थाई या चल प्रभार से सुरक्षित होते हैं, सुरक्षित ऋणपत्र कहलाते हैं। कम्पनी द्वारा इन ऋणपत्रों का भुगतान न कर पाने की दशा में वे इन सम्पत्तियों को बेचकर अपने ऋण का भुगतान प्राप्त कर सकते हैं। (ब) असुरक्षित ऋणपत्र (Unsecured Debentures)– वे ऋणपत्र जो कम्पनी की सम्पत्तियों पर प्रभार द्वारा सुरक्षित नहीं होते हैं,असुरक्षित या नग्न ऋणपत्र कहलाते हैं।

2. शोधन के आधार पर (On the Basis of Redemption): (अ) शोधनीय ऋणपत्र (Redeemable Debentures)– वे ऋणपत्र जिनका भुगतान कम्पनी द्वारा एक निश्चित अवधि के पश्चात् कर दिया जाता है, शोधनीय ऋणपत्र कहलाते हैं। (ब) अशोधनीय ऋणपत्र (Irredeemable Debentures)– वे ऋणपत्र जिनका भुगतान कम्पनी के जीवनकाल में नहीं होता है वरन कम्पनी के समापन पर ही किया जाता है, अशोधनीय ऋणपत्र कहलाते हैं।

3. पंजीयन के आधार पर (On the Basis of Registration): (अ) पंजीकृत ऋणपत्र (Registered Debentures)– वे ऋणपत्र जिनके धारकों का नाम कम्पनी की पुस्तकों में दर्ज रहता है। कम्पनी द्वारा ब्याज एवं मूलधन का भुगतान इस रजिस्टर्ड धारक को ही किया जाता है। इन ऋणपत्रों का हस्तान्तरण, हस्तान्तरण प्रलेख के माध्यम से होता हैं। (ब) वाहक ऋणपत्र (Bearer Debentures)– वे ऋणपत्र जिनके धारकों का नाम कम्पनी की पुस्तकों में दर्ज नहीं

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

होता है। इन ऋणपत्रों का हस्तान्तरण सुपुर्दगी द्वारा ही किया जा सकता है। ब्याज की तिथि को जो धारक ऋणपत्रों के साथ संलग्न ब्याज का कूपन प्रस्तुत करता है उसे ब्याज का भुगतान कर दिया जाता हैं।

4. पुनर्भुगतान प्राथमिकता के आधार पर (On the Basis of Repayment Priority): (अ) प्रथम ऋणपत्र(First Debentures)– वे ऋणपत्र जिनका पुनर्भुगतान अन्य ऋणपत्रों से पहले किया जाता है, प्रथम ऋणपत्र कहलाते हैं। (ब) द्वितीय ऋणपत्र (Second Debenture)– वे ऋणपत्र जिनका शोधन अर्थात् पुनर्भुगतान प्रथम ऋणपत्रों के बाद किया जाता है, द्वितीय ऋणपत्र कहलाते हैं।

5. ब्याज की दर के आधार पर (On the Basis of Interest Rate): (अ) निश्चित ब्याज दर वाले ऋणपत्र (Specific Coupon Rate Debentures)– वे ऋणपत्र जिनका निर्गमन करते समय ही ब्याज दर निश्चित कर दी जाती हैं इस ब्याज दर को कूपन दर भी कहते हैं। जैसे– 14% Debenture या 12% Debenture में 14% या 12% ब्याज की दर है। (ब) शून्य ब्याज दर वाले ऋणपत्र (Zero Coupon Rate Debentures)– ऐसे ऋणपत्रों को बिना किसी ब्याज की दर के साथ निर्गमित किया जाता है। विनियोक्ताओं की क्षति की पूर्ति हेतु इन ऋणपत्रों को बट्टे पर निर्गमित किया जाता है। ऋणपत्र के अंकित मूल्य व निर्गमन मूल्य का अंतर ऋणपत्रों की अवधि का कुल ब्याज माना जाता है।

6. परिवर्तनशीलता के आधार पर (On The Basis of Conversion): (अ) परिवर्तनीय ऋणपत्र(Convertible Debentures)– वे ऋणपत्र जिन्हें एक निश्चित समय के पश्चात् अंशों या अन्य प्रतिभूति में परिवर्तन कराया जा सकता हैं,परिवर्तनीय ऋणपत्र कहलाते हैं। यदि ऋणपत्रों की राशि के एक भाग का ही समता अंशों में परिवर्तन कराया जा सके,तो वह आंशिक परिवर्तनशील ऋणपत्र (PCD or Partly Convertible Debentures) कहलाते हैं और यदि सम्पूर्ण ऋणपत्र राशि का परिवर्तन समता अंशों में कराया जा सके तो वह पूर्ण परिवर्तनशील ऋणपत्र (FCD or Fully Convertible Debentures) कहलाते हैं। (ब) अपरिवर्तनीय ऋणपत्र (Non-Convertible Debentures)– वे ऋणपत्र जिनका परिवर्तन अंश या अन्य प्रतिभूति में नहीं किया जा सकता हो, अपरिवर्तनीय ऋणपत्र कहलाते हैं।

अंश और ऋणपत्र में अन्तर (Difference Between Share and Debenture)

अंशा व ऋणपत्र में निम्न अन्तर हैं:–

क्र. सं.	अन्तर का आधार	अंश	ऋणपत्र
1.	स्वामित्व	अंशों के धारक कम्पनी के स्वामी होते हैं।	ऋणपत्रों के धारक ऋणदाता कहलाते हैं।
2.	हिस्सा	अंश कम्पनी की पूँजी का हिस्सा है।	ऋणपत्र ऋण की स्वीकृति है।
3.	अवधि	अंश निर्गमन द्वारा दीर्घकालीन स्थायी पूँजी प्राप्त की जाती है।	ऋणपत्रों के द्वारा दीर्घकालीन एवं मध्यकालीन अस्थायी पूँजी प्राप्त की जाती है।
4.	लाभांश या ब्याज	लाभ की स्थिति में ही अंशों पर लाभांश दिया जाता है।	कम्पनी को लाभ हो या न हो, ऋणपत्रों पर ब्याज हमेशा दिया जाता है।
5.	पुनर्भुगतान	कम्पनी के जीवनकाल में सामान्यतः अंशों का भुगतान नहीं किया जाता है।	एक निश्चित अवधि के पश्चात् ऋणपत्रों का शोधन/पुनर्भुगतान कर दिया जाता है।
6.	बट्टे पर निर्गमन	अंशों का बट्टे पर निर्गमन नहीं किया जा सकता है।	ऋणपत्रों के बट्टे पर निर्गमन पर कोई प्रतिबन्ध नहीं हैं।
7.	सुरक्षा	अंश सुरक्षित नहीं होते हैं।	ऋणपत्र कम्पनी की सम्पत्तियों पर प्रभार द्वारा सुरक्षित हो भी सकते हैं और नहीं भी।
8.	परिवर्तन	अंश सामान्यतः अन्य प्रकार की प्रतिभूति में परिवर्तित नहीं किये जाते हैं।	ऋणपत्र अंशों में परिवर्तित किये जा सकते हैं।
9.	मताधिकार	अंशधारी को साधारण सभा में उपस्थित होने एवं मतदान का अधिकार होता है।	मताधिकार नहीं होता है।
10.	जोखिम	अंशों में विनियोग पर जोखिम अधिक होती है।	ऋणपत्रों में अंशों की अपेक्षा जोखिम कम होती है।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

ऋणपत्रों के निर्गमन पर लेखांकन (Accounting for Issue of Debentures)

एक कम्पनी ऋणपत्रों का निर्गमन करके अपनी दीर्घकालीन ऋण पूंजी में वृद्धि कर सकती है। ऋणपत्रों का निर्गमन भी ठीक उसी तरीके से किया जाता हैं जिस प्रकार अंशों का। कम्पनी द्वारा प्रविवरण के माध्यम से ही जनता को ऋणपत्रों में अभिदान हेतु आमंत्रण दिया जाता है। इच्छुक ऋणदाता निर्धारित प्रारूप में आवेदन राशि के साथ आवेदन करता है। कम्पनी द्वारा ऋणपत्रों की राशि एक मुश्त अथवा किश्तों यथा आवेदन, आबंटन, प्रथम मांग, द्वितीय मांग आदि में ली जा सकती है।

ऋणपत्रों का निर्गमन सम–मूल्य पर, प्रीमियम पर अथवा बट्टे पर किया जा सकता है। कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 52 व 53 ऋणपत्रों के निर्गमन पर लागू नहीं होती है अर्थात् एक कम्पनी अपने ऋणपत्रों का बट्टे पर निर्गमन कर सकती है। कम्पनी अधिनियम,2013 में ऋणपत्रों के निर्गमन पर बट्टे की अधिकतम दर नहीं दी गई हैं। अतः कम्पनी उसके द्वारा निर्धारित बट्टे पर ऋणपत्रों का निर्गमन कर सकती है। ऋणपत्रों के निर्गमन पर बट्टा "Discount on Issue of Debentures" A/c को डेबिट किया जाता है। बट्टे की राशि को ऋणपत्रों के जीवनकाल में पूँजीगत लाभ से या लाभ–हानि विवरण से अपलिखित कर दिया जाना चाहिये।

ऋणपत्रों के निर्गमन पर लेखांकन प्रविष्टियाँ (Accounting Entries on the Issue of Debentures)

(अ) ऋणपत्रों की राशि आवेदन पर एक मुश्त प्राप्त होने पर–

(i) ऋणपत्रों का निर्गमन सम–मूल्य पर किया जाए :

Bank A/c Dr. (Nominal Value of Debentures)
To Debenture Application & Allotment A/c
(Being application money received for Debentures)

Debentures Application &Allotment A/c Dr. (Nominal Value)
To Debentures A/c
(Being transfer of application money to Debentures A/c)

(ii) ऋणपत्रों का निर्गमन प्रीमियम पर किया जाए

Bank A/c Dr. (Amount Received)
To Debenture Application & Allotment A/c
(Being application money received for Debentures)

Debentures Application &Allotment A/c Dr. (Amount Received)
To Debentures A/c (Nominal Value)
To Securities Premium A/c (Amount of Premium)
(Being application money transferred to Debentures A/c and Securities Premium A/c)

(iii) ऋणपत्रों का निर्गमन बट्टे पर किया जाए–(जब ऋणपत्रों को उनके अंकित मूल्य से कम मूल्य पर निर्गमित किया जाए)

Bank A/c Dr. (Amount Received)
To Debenture Application and Allotment A/c
(Being application money received)

Debenture Application & Allotment A/c Dr. (Amount Received)
Discount on Issue of Debenture A/c Dr. (Amount of Discount)
To Debenture A/c (Nominal Value)
(Being application money transferred to Debenture A/c)

(ब) ऋणपत्रों की राशि किश्तों में प्राप्त होने पर लेखा अंशों के निर्गमन के अनुरूप ही किया जाता है जो इस प्रकार है:

(i) आवेदन राशि प्राप्त होने पर

Bank A/c Dr. (Amount Received)
To Debentures Application A/c
(Being Debenture application money received)

(ii) आवेदन राशि ऋणपत्र खाते में अंतरण पर

Debenture Application A/c Dr. (Amount Transferred)

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

To Debentures A/c
(Being Debenture application money transferred)

(iii) आबंटन राशि देय (Due) होने पर

(a) सम मूल्य पर निर्गमन की दशा में

Debenture Allotment A/c Dr. (Amount of Call)
To Debentures A/c

(b) प्रीमियम पर निर्गमन की दशा में

Debenture Allotment A/c Dr. (Amount of Call)
To Debentures A/c
To Securities Premium A/c (Amount of Premium)

(c) बट्टे पर निर्गमन की दशा में

Debentures Allotment A/c Dr. (Net Amount of Call)
Discount on Issue of Debenture A/c Dr. (Amount of Discount)
To Debentures A/c

(iv) आबंटन राशि प्राप्त होने पर

Bank A/c Dr.
To Debentures Allotment A/c
(Being debenture allotment money received)

(v) मांग राशि देय होने पर

Debenture Call A/c Dr. (Amount of Call)
To Debentures A/c
(Being Debentures call money due on --- Debentures @-----₹each)

(vi) मांग राशि प्राप्त होने पर

Bank A/c Dr.
To Debentures Call A/c
(Being Debentures call money received)

उदाहरण 9 : अरविन्द लि० ने ₹100 वाले 5000 8% ऋणपत्र जनता में निर्गमित किये। समस्त ऋणपत्रों को क्रय करने के लिए प्रार्थना पत्र आये। कम्पनी की पुस्तकों में जर्नल प्रविष्टियाँ दीजिये। ऋणपत्रों की समस्त राशि आवेदन पर देय थी। यदि ऋणपत्रों का निर्गमन **(i)** सममूल्य पर **(ii)** 10% प्रीमियम पर **(iii)** 5% बट्टे पर किया जाए।

Arvind Ltd. issued 5000 8% Debentures of ₹100 each to the public. Applications were received for all these Shares. All the amount of Debentures was payable on application. Give Journal entries in the books of Company. If Debentures are issued: **(i)** At Par **(ii)** At 10% Premium **(iii)** At 5% Discount.]

हल: **Journal of Arvind Ltd.**

(i) यदि ऋणपत्रों का निर्गमन सममूल्य पर किया जाए:

Date	Particulars	L.F.	Amount Dr. ₹	Amount Cr. ₹
	Bank A/c Dr. To Debentures Application A/c (Being application money received for 5000 Debentures @ ₹100 each)		5,00,000	5,00,000
	Debentures Application A/c Dr. To 8% Debentures A/c (Being Debentures application money transferred to Debentures A/c)		5,00,000	5,00,000

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

(ii) यदि ऋणपत्रों का निर्गमन 10% प्रीमियम पर किया जाए

Date	Particulars	L.F.	Amount Dr. ₹	Amount Cr. ₹
	Bank A/c Dr. To Debentures Application A/c (Being Application money received for 5000 Debentures @ ₹110 each,including premium)		5,50,000	5,50,000
	Debentures Application A/c Dr. To8% Debentures A/c To Securities Premium A/c (Being Application money transferred)		5,50,000	5,00,000 50,000

(iii) यदि ऋणपत्रों का निर्गमन 5% बट्टे पर किया जाए:

Date	Particulars	L.F.	Amount Dr. ₹	Amount Cr. ₹
	Bank A/c Dr. To Debentures Application A/c (Being Application money received for 5000 Debentures @ ₹95each,net of Discount)		4,75,000	4,75,000
	Debentures Application A/c Dr. Discount on issue of Debentures A/c Dr. To 8% Debentures A/c (Being Debentures application money transferred)		4,75,000 25,000	5,00,000

अधि अभिदान (Over Subscription) होने पर: यदि निर्गमित किये जाने वाले ऋणपत्रों की अपेक्षा अधिक ऋणपत्रों के क्रय हेतु आवेदन प्राप्त होते हैं तो यह स्थिति अधि अभिदान की कहलाती है। एक कम्पनी प्रस्तावित ऋणपत्रों से अधिक ऋणपत्रों का आबंटन नहीं कर सकती है। ऐसी दशा में अधि अभिदान पर प्राप्त अतिरिक्त राशि का निपटारा निम्न में से किसी एक तरीके से किया जा सकता है: (1) अतिरिक्त आवेदनों को निरस्त (Reject) कर उनकी राशि लौटा दी जाए। (2) निर्गमित किये जाने वाले समस्त ऋणपत्रों को आये हुए कुल आवेदनों के प्रार्थियों के मध्य आनुपातिक आधार (Pro-rata) पर आबंटित कर दिया जाए तथा आवेदन पर प्राप्त अतिरिक्त राशि का समायोजन बंटन पर करना। (3) उपरोक्त दोनों विकल्प (1) व (2) के संयोजन (Combination) के आधार पर करना।

ऋणपत्रों का चिट्ठे में प्रकटीकरण (Disclosure of Debentures in Balance Sheet): ऋणपत्र एवं उनसे सम्बंधित निर्गमन पर बट्टे की राशि को चिट्ठे में निम्न तरीके से दर्शाया जायेगा:–

ऋणपत्र (Debentures)– ऋणपत्रों की राशि को चिट्ठे के Equity and Liabilities भाग में Long Term Liabilities शीर्षक के उपशीर्षक Long-Term Borrowings के अन्तर्गत दर्शाया जाता है। यदि बकाया ऋणपत्रों का भुगतान चिट्ठे की तिथि से आगामी 12 माह में होना हो तो ऐसे ऋणपत्रों को Current Liabilities शीर्षक के उप शीर्षक Other Current Liabilities के अन्तर्गत दर्शाया जाता है।

ऋणपत्रों के निर्गमन पर बट्टा (Discount on Issue of Debentures)– ऋणपत्रों के निर्गमन पर बट्टे की वह राशि जो चिट्ठे की तिथि तक अपलिखित नहीं हुई हो,उसे चिट्ठे के Assets भाग में Non-Current Assets शीर्षक के उपशीर्षक other Non-Current Assets के अन्तर्गत दर्शाया जाता है। यदि बट्टे की राशि का कोई भाग चिट्ठे की तिथि से 12 माह के अन्दर अपलिखित होना हो तो बट्टे की राशि के उस भाग को Current Assets शीर्षक के उप शीर्षक Other Current Assets के अन्तर्गत दर्शाया जाता है।

उदाहरण 10 : गगन लि० ने ₹100 वाले 5000 8% ऋणपत्रों को 20% प्रीमियम पर निर्गमित किया। राशि इस प्रकार देय थी: आवेदन पर 25%, आबंटन पर 50% (प्रीमियम सहित) तथा शेष प्रथम एवं अंतिम मांग पर। 6500 ऋणपत्रों के लिए आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से 500 ऋणपत्रों के आवेदनों को रद्द कर दिया गया तथा शेष आवेदकों को यथानुपात बंटन किया गया। कम्पनी की पुस्तकों में जर्नल प्रविष्टियाँ दीजिये तथा मदों को चिट्ठे में भी प्रदर्शित कीजिये।

Gagan Ltd. issued 5000 8% Debentures of ₹100 each at 20% premium. Amount was payable as follows: 25% on Application, 50% (including premium) on Allotment, and balance on first and

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

final call. Applications were received for 6500 Debentures, out of which 500 application for debentures have been cancelled and remaining applicants were allotted on pro-rata basis. Give journal entries in the books of the Company and show the items in the Balance Sheet.

हल: **Journal of Gagan Ltd.**

Date	Particulars	L.F.	Amount Dr. (₹)	Amount Cr. (₹)
	Bank A/c Dr.		1,95,000	
	To Debentures Application A/c			1,95,000
	(Being Application money for 6500 Debentures received @ 30 each)			
	Debentures Application A/c Dr.		1,65,000	
	To 8% Debentures A/c			1,50,000
	To Bank A/c			15,000
	(Being Debentures application money transferred and application money of 500 debentures refunded)			
	Debentures Allotment A/c Dr.		3,00,000	
	To 8% Debentures A/c			2,00,000
	To Securities Premium A/c			1,00,000
	(Being allotment money due @ ₹60each)			
	Debentures Application A/c Dr.		30,000	
	Bank A/c Dr.		2,70,000	
	To Debentures Allotment A/c			3,00,000
	(Being excess application money adjusted and balance of allotment money received in cash)			
	Debentures First and Final Call A/c Dr.		1,50,000	
	To 8% Debentures A/c			1,50,000
	(Being first and final call money due)			
	Bank A/c Dr.		1,50,000	
	To Debentures First and Final Call A/c			1,50,000
	(Being first and final call money received)			

Name of the Company: Gagan Ltd.

Balance Sheet as at_____

Particulars	Note No.	Figures for the current year (₹)	Figures for the previous year (₹)
EQUITY AND LIABILITIES			
1. Shareholder's Fund			
(b) Reserve and Surplus		1,00,000	
3. Non Current Liabilities			
(a) Long-Term borrowings		5,00,000	
		6,00,000	
ASSETS			
2. Current Assets			
(d) Cash and Cash Equivalents		6,00,000	
		6,00,000	

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Notes to Accounts:

(1) Reserves & Surplus

Securities Premium 1,00,000

(2) Long Term Borrowings

8% Debentures 5,00,000

Working Note:- 1. Issue Price = 100+20% of 100 = ₹120; **2.** Amount due on Application 25% of 120 = ₹30; **3.** Amount due on Allotment 50% of 120 = ₹60, out of which ₹20 is for premium and balance (60-20) ₹40 for Debentures;

4. Amount of Application money adjusted on allotment:

Received 6,500 x ₹30	= ₹ 1,95,000
Less: Transfer to Debenture A/c (5000 x ₹30)	= ₹ 1,50,000
	= ₹ 45,000
Less: Refund (500 x ₹30)	= ₹ 15,000
Excess application money adjust on Allotment	= ₹ 30,000

उदाहरण 11 : शक्ति लि० ने ₹ 100 वाले 10,000 7% ऋणपत्रों का निर्गमन 5% बट्टे पर किया, जिन पर ₹30 आवेदन पर, ₹45 आवंटन पर तथा शेष राशि प्रथम एवं अंतिम मांग पर देय है। ऋणपत्रों के निर्गमन पर आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ दीजिये तथा सम्बंधित मदों को चिट्ठे में प्रदर्शित कीजिये। यह मानिए समस्त ऋणपत्रों के लिए आवेदन प्राप्त हुए।

Shakti Ltd. issued 10,000 7% Debentures of ₹100 each at 5%discount, on which ₹30 on Application, ₹45 on allotment and balance amount on first and final call was payable. Give necessary journal entries on the issue of debentures and show the relevant items in the Balance Sheet. Assuming applications were received for all the debentures.

Date	Particulars	L. F.	Amount Dr. (₹)	Amount Cr. (₹)
	Bank A/c Dr.		3,00,000	
	To Debentures Application A/c			3,00,000
	(Being application money received for 10,000 Debentures)			
	Debentures Application A/c Dr.		3,00,000	
	To 7% Debentures A/c			3,00,000
	(Being Debentures application money transferred)			
	Debentures Allotment A/c Dr.		4,50,000	
	Discount on issue of Debentures A/c Dr.		50,000	
	To 7% Debentures A/c			5,00,000
	(Being Debenture allotment money due @ ₹45 each and discount @ ₹5 each debited to discount A/c)			
	Bank A/c Dr.		4,50,000	
	To Debentures Allotment A/c			4,50,000
	(Being the amount of allotment received)			
	Debentures First and Final Call A/c Dr.		2,00,000	
	To 7% Debentures A/c			2,00,000
	(Being the first & final call money due on 10,000 Debentures)			
	Bank A/c Dr.		2,00,000	
	To Debentures First & Final Call A/c			2,00,000
	(Being the amount received on first & final call)			

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Balance Sheet of Shakti Ltd. as at----------

Particulars	Note No.	Figures for the current year (₹)	Figures for the previous year (₹)
EQUITY AND LIABILITIES			
(3) Non Current Liabilities			
(a) Long-Term Borrowings (7% Debentures)		10,00,000	
		10,00,000	
ASSETS			
(1) Non Current Asset			
(e) Other Non-Current Assets (Dis. on Debentures)		50,000	
(2) Current Assets			
(d) Cash and Cash Equivalents		9,50,000	
		10,00,000	

Working Note: 1. Amount of first Call = 100 – [30+45+5(Discount)] = ₹20per Debenture

ऋणपत्रों का नकद के अतिरिक्त प्रतिफल के रूप में निर्गमन

(Issue of Debentures for Consideration other than Cash)

जब कोई कम्पनी किसी संपत्ति को खरीदती है या कोई चालू व्यापार खरीदती है, तो उस विक्रेता को भुगतान के रूप में ऋणपत्रों का निर्गमन करती है। ऐसे ऋणपत्रों का निर्गमन नकद के अतिरिक्त प्रतिफल के रूप में माना जाता है। कभी–कभी ऐसा भुगतान आंशिक रूप से नकद,आंशिक रूप से अंशों या ऋणपत्रों के रूप में भी किया जा सकता है। यदि भुगतान ऋणपत्रों के रूप में किया जाता है तो निम्न प्रविष्टि होगी :

(i) संपत्ति क्रय करने पर: Asset A/c Dr.
To Vendors A/c
(Being purchase of asset)

(ii) व्यापार क्रय करने पर: Asset A/c Dr. (with value of Asset's)
To Liabilities A/c (with value of Liabilities)
To Vendor's A/c (Purchase Consideration)
(Being Assets and Liabilities purchased)

(iii) विक्रेता को ऋणपत्र निर्गमन द्वारा भुगतान करने पर: Vendor's A/c Dr.
To Debentures A/c
(Being debentures issued to vendors at par)

नोट:– 1. यदि विक्रेताओं को ऋणपत्रों का निर्गमन प्रीमियम पर किया गया हो तो प्रीमियम की राशि से 'Securities Premium A/c' को Cr. और यदि बट्टे पर किया गया हो तो बट्टे की राशि से 'Discount on issue of Debentures A/c' को Dr. किया जायेगा।

2. क्रय प्रतिफल के भुगतानस्वरुप निर्गमित किये जाने वाले ऋणपत्रों के अंकित मूल्य की गणना–

ऋणपत्रों का अंकित मूल्य = क्रय प्रतिफल या विक्रेता को देय राशि / प्रति ऋणपत्र निर्गमन मूल्य x ऋणपत्रों का अंकित मूल्य

उदाहरण 12 : अशोका लि० ने 1 अप्रैल 2016 को अनुज से ₹10,00,000 की संपत्ति एवं ₹1,20,000 के दायित्वों के साथ चालू व्यापार ख़रीदा। क्रय प्रतिफल का भुगतान अनुज को 1 मई 2016 को ₹100 वाले 6% ऋणपत्र निर्गमित कर किया गया। अशोक लि० की पुस्तकों में आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ दीजिए, यदि ऋणपत्रों का निर्गमन **(क)** सममूल्य पर **(ख)** 10% प्रीमियम; या **(ग)** 12% बट्टे पर किया गया हो।

Ashoka Ltd. bought a running business from Anuj on 01st April, 2016 with the assets of ₹10,00,000 and liabilities of ₹ 1,20,000. The purchase consideration was paid to Anuj on 01st May, 2016 by the

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

issue of 6% Debentures of ₹100 each. Give necessary Journal entries in the books of Ashoka Ltd., if debentures are issued: **(A)** At par **(B)** At 10% premium; **(C)** At 12% Discount.

Journal of Ashoka Ltd.

Date	Particulars	L. F.	Amount Dr. (₹)	Amount Cr. (₹)
1April, 2016	Assets A/c Dr. To Liabilities A/c To Anuj's A/c (Being Assets & Liabilities of Anuj purchased for ₹8,80,000)		10,00,000	 1,20,000 8,80,000
(क) 1 May, 2016	यदि ऋणपत्रों का निर्गमन सममूल्य पर किया गया हो Anuj's A/c Dr. To 6% Debentures A/c (Being 8800 6% debentures of ₹100each issued at par to Anuj)		 8,80,000	 8,80,000
(ख) 1 May, 2016	ऋणपत्रों का निर्गमन 10% प्रीमियम पर किया गया हो Anuj's A/c Dr. To 6% Debentures A/c To Securities Premium A/c (Being 8000, 6% debentures of ₹100each issued to Anuj at a Premium of 10%)		 8,80,000	 8,00,000 80,000
(ग) 1 May, 2016	ऋणपत्रों का निर्गमन 12% बट्टे पर किया गया हो Anuj's A/c Dr. Discount on issue of Debentures A/c Dr. To 6% Debentures A/c (Being 10,000 6% debentures of ₹100 each issued to Anuj at discount of 12%)		 8,80,000 1,20,000	 10,00,000

Working Notes:– (1) विक्रेताओं/अनुज को भुगतान शुद्ध संपत्ति के बराबर किया जायेगा।

Purchase Consideration = Assets taken over – Liabilities taken over = 10,00,000 – 1,20,000 = ₹8,80,000

(2) निर्गमित किये जाने वाले ऋणपत्रों का अंकित मूल्य: (क) सममूल्य पर = ₹8,80,000 x 100/100 = ₹8,80,000 (ख) 10% प्रीमियम पर = ₹8,80,000 x 100/110 = ₹8,00,000 (ग) 12% बट्टे पर = ₹8,80,000 x 100/88 = ₹10,00,000

समपार्श्विक प्रतिभूति के रूप में ऋणपत्रों का निर्गमन
(Issue of Debentures as Collateral Securities)

समपार्श्विक या सहायक प्रतिभूति से आशय उस अतिरिक्त प्रतिभूति से हैं जो ऋणदाता को मुख्य प्रतिभूति के अतिरिक्त दी जाती है। जब किसी कम्पनी द्वारा बैंक से ऋण लेते समय अपनी कोई संपत्ति गिरवी रखी जाती है। साथ ही ऋण की अतिरिक्त जमानत के रूप में कम्पनी द्वारा बैंक को अपने ऋणपत्र भी निर्गमित किये गये हों तो ये ऋणपत्र समपार्श्विक प्रतिभूति के रूप में निर्गमन कहलाते हैं।

यदि बैंक मुख्य प्रतिभूति से अपने ऋण की वसूली करने में असमर्थ रहता है तो वह इस समपार्श्विक प्रतिभूति के रूप में रखे गये ऋणपत्रों को बेचकर अपने ऋण राशि की वसूली कर सकता है। यदि निर्धारित समय पर कम्पनी बैंक ऋण का भुगतान कर देती है तो बैंक को इन ऋणपत्रों को लौटना होगा।

कम्पनी द्वारा बैंक को मूल ऋण राशि पर ही ब्याज का भुगतान किया जाता है। समपार्श्विक प्रतिभूति के रूप में रखे गये ऋणपत्रों पर कोई ब्याज का भुगतान नहीं किया जाता है।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

समपार्श्विक प्रतिभूति के रूप में निर्गमित ऋणपत्रों का लेखांकन व्यवहारः– ऐसे ऋणपत्रों के निर्गमन का लेखांकन व्यवहार निम्न दो में से किसी एक तरीके से किया जा सकता हैः

(1) प्रथम विधिः इसके अन्तर्गत कम्पनी द्वारा समपार्श्विक प्रतिभूति के रूप में ऋणपत्र निर्गमन पर पुस्तकों में कोई प्रविष्टि नहीं की जाती है। केवल बैंक या वित्तीय संस्था से ऋण लेने की प्रविष्टि की जाती है। चिट्ठे में कम्पनी द्वारा लिए गये ऋण को 'समता एवं दायित्व' भाग में 'Non-Current Liabilities' शीर्षक के उप शीर्षक 'Long-Term Borrowings' के अन्तर्गत दर्शाया जाता है। उसी स्थान पर Bank Loan के नीचे कोष्ठक में समपार्श्विक प्रतिभूति के रूप में निर्गमित ऋणपत्रों को दर्शाया जाता हैं।

(2) द्वितीय विधिः इस विधि के अन्तर्गत समपार्श्विक प्रतिभूति के रूप में ऋणपत्र निर्गमन पर लेखा प्रविष्टि की जाती है।

(i) ऋणपत्र निर्गमन पर: Debenture Suspense A/c Dr. (ऋणपत्रों का अंकित मूल्य)
To Debentures A/c
(Being issue of Debentures as Collateral Security)

(ii) ऋण का भुगतान हो जाने पर: Debentures A/c Dr.
To Debenture Suspense A/c
(Being Debentures issued as Collateral Security withdrawn)

जब तक ऋण का भुगतान नहीं किया जाता तब तक Debentures A/c को समता एवं दायित्व भाग में 'Non-Current Liabilities शीर्षक के उप शीर्षक 'Long-Term Borrowings के अन्तर्गत दर्शाया जाता है तथा 'Debenture Suspense A/c को इन ऋणपत्रों में से घटाकर दर्शाया जाता है।

उदाहरण 13 : एस.पी. लि. ने बैंक ऑफ बडौदा से ₹4,00,000 का ऋण लिया तथा समपार्श्विक प्रतिभूति के रूप में ₹5,00,000 के 6% ऋणपत्र बैंक के पास रखे। एस पी लि० की पुस्तकों में जर्नल प्रविष्टियाँ दीजिये एवं चिट्ठा बनाईये। यदि **(i)** समपार्श्विक प्रतिभूति के रूप में निर्गमित ऋणपत्रों की प्रविष्टि नहीं की जाती है। **(ii)** यदि इनके निर्गमन पर प्रविष्टि की जाती है।

SP Ltd. has took a loan of ₹ 4,00,000 from Bank of Baroda and put 6% Debentures of ₹5,00,000 to the bank as Collateral Security. Give Journal entries in the books of SP Ltd. and prepare Balance Sheet if **(i)** Entry have not passed for issue of debentures as Collateral Security. **(ii)** Entry has passed for the issue.

हल: (i) यदि ऋणपत्र निर्गमन की प्रविष्टि नहीं की जाती है :

Journal Entries

Date	Particulars	L.F.	Amount Dr. (₹)	Amount Cr. (₹)
	Bank A/c Dr. To Bank Loan A/c (Being Loan taken from BOB on the Collateral Security of 6% Debentures of ₹5,00,000)		4,00,000	4,00,000

Balance Sheet of SP Ltd. as at----------

Particulars	Note No.	Figures for the current year (₹)	Figures for the previous year (₹)
I. EQUITY AND LIABILITIES			
3. Non Current Liabilities			
(a) Long Term Borrowings			
(Bank Loan (6% Debentures of Rs 5,00,000 deposited as Collateral Security)		4,00,000	
Total		4,00,000	

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

II. ASSETS			
2. Current Assets			
(d) Cash and Cash Equivalents		4,00,000	
Total		4,00,000	

(ii) यदि ऋणपत्र निर्गमन पर प्रविष्टि की जाती हैं :

Date	Particulars	L.F.	Amount Dr. (₹)	Amount Cr. (₹)
	Bank A/c Dr. To Bank Loan A/c (Being Bank Loan taken from Bank of Baroda)		4,00,000	4,00,000
	Debenture Suspense A/c Dr. To 6% Debentures A/c (Being 6% Debentures of ₹5,00,000 issued as collateral security)		5,00,000	5,00,000

Notes to Accounts

1. Long Term Borrowings			
6% Debentures	5,00,000		
Less: Debenture Suspense A/c	5,00,000	- Nil-	
Bank Loan (Secured by 6% Debentures)		4,00,000	
		4,00,000	

उदाहरण 14 : आदर्श लि० ने ₹ 4,00,000 के 7% ऋणपत्रों का निर्गमन निम्न प्रकार किया–**(i)** ₹2,00,000 के 7% ऋणपत्रों को 10% बट्टे पर नकद के लिए, **(ii)** रमेश से ₹90,000 की स्थाई सम्पत्ति क्रय की,उसके प्रतिफलस्वरुप उसको ₹ 1,00,000 अंकित मूल्य के 7% ऋणपत्र निर्गमित किये, **(iii)** बैंक से ₹ 50,000 का ऋण लिया। समपार्श्विक प्रतिभूति के रूप में बैंक के पास ₹ 1,00,000 के 7% ऋणपत्र जमा कराये। आदर्श लि० की पुस्तकों में जर्नल प्रविष्टियाँ दीजिये एवं चिट्ठा तैयार कीजिये।

Adarsh Ltd. issued 7% Debentures of ₹4,00,000 as follows: **(i)** 7% Debentures of ₹2,00,000 at 10% discount for cash. **(ii)** A fixed asset of ₹90,000 purchased from Ramesh. For the consideration of it, issued 7% Debentures with a nominal value of ₹1,00,000. **(iii)** Taken a loan of ₹50,000 from Bank and deposited to the bank 7% Debentures of ₹1,00,000 as collateral security. Give journal entries in the books of Adarsh Ltd. and draw the Balance Sheet.

Journal of Adarsh Ltd.

Date	Particulars	L.F.	Amount Dr. (₹)	Amount Cr. (₹)
	Bank A/c Dr. Discount on issue of Debentures A/c Dr. To 7% Debentures A/c (Being 7%Debentures issued for cash at 10% discount)		1,80,000 20,000	2,00,000
	Fixed Assets A/c Dr. To Ramesh's A/c (Being fixed Assets purchased from Ramesh)		90,000	90,000
	Ramesh's A/c Dr. Discount on issue of Debentures A/c Dr. To 7% Debentures A/c (Being 7% Debentures issued to Ramesh at discount)		90,000 10,000	1,00,000
	Bank A/c Dr.		50,000	

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

	To Bank Loan A/c (Being bank loan taken)			50,000
	Debenture Suspense A/c Dr. To 7% Debentures A/c (Being 7% Debentures issued as collateral security)		1,00,000	 1,00,000

Balance Sheet of Adarsh Ltd. as at----------

Particulars	Note No.	Figures for the current year (₹)	Figures for the previous year (₹)
I. EQUITY AND LIABILITIES			
Non Current Liabilities			
Long Term Borrowing	**1**	3,50,000	
Total		3,50,000	
II. ASSETS			
Non Current Assets			
Fixed Assets		90,000	
Other Non Current Assets	**2**	30,000	
Current Assets			
Cash and Cash Equivalents		2,30,000	
Total		3,50,000	

Notes to Accounts

1. Long Term Borrowings			
7% Debentures	4,00,000		
Less: Debenture Suspense A/c	1,00,000	3,00,000	
Bank Loan		50,000	
		3,50,000	
2. Other Non Current Assets			
Discount on issue of Debentures	(20,000 + 10,000)	30,000	
		30,000	

शोधन की शर्तों के आधार पर ऋणपत्रों का निर्गमन

(Issue of Debentures according to the conditions of redemption)

एक कम्पनी द्वारा ऋणपत्रों का निर्गमन सममूल्य पर, बट्टे पर या प्रीमियम पर किया जा सकता है तथा उन ऋणपत्रों का शोधन भी सममूल्य पर या प्रीमियम पर किया जा सकता है। यदि ऋणपत्रों का शोधन प्रीमियम पर किया जाता है तो इसका आशय यह है कि कम्पनी ऋणपत्र धारकों को अंकित मूल्य से अधिक भुगतान करेगी। यह अधिक राशि कम्पनी के लिए हानि है। अतः इस राशि के लिए आयोजन कर लिया जाता है। इस हेतु ऋणपत्रों के निर्गमन के समय ही 'Loss on Issue of Debentures A/c को Dr. कर 'Premium on Redemption of Debentures A/c को Cr. किया जाता हैं। विभिन्न परिस्थितियों में ऋणपत्रों के निर्गमन की प्रविष्टियाँ निम्नानुसार होंगी:–

(1) जब ऋणपत्रों का निर्गमन सममूल्य पर हो तथा शोधन भी सममूल्य पर हो

उदाहरण 15 : राधे लि० ने 5000 6% ऋणपत्र प्रत्येक ₹100 वाला सममूल्य पर निर्गमित किये, जिनका शोधन 5 वर्ष पश्चात् सम मूल्य पर होना है। राधे लि० की पुस्तकों में ऋणपत्रों के निर्गमन की प्रविष्टियाँ दीजिये।

Radhey Ltd. issued 5000 6% Debentures of Rs 100 each at par, which were repayable at par after 5 years. Give journal entries for the issue of Debentures in the books of Radhey Ltd. .

हल: **Journal of Radhey Ltd.**

Date	Particulars	L. F.	Amount Dr. (₹)	Amount Cr. (₹)
	Bank A/c Dr.		5,00,000	

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

	To Debentures Application A/c (Being Application money received for 5000 debentures @ ₹100)			5,00,000
	Debentures Application A/c Dr. To 6% Debentures A/c (Being application money transferred to 6% debentures A/c)		5,00,000	 5,00,000

(2) जब ऋणपत्रों का निर्गमन बट्टे पर हो किन्तु शोधन सममूल्य पर हो:

उदाहरण 16 : श्याम लि० ने 5000 7% ऋणपत्र प्रत्येक ₹100 वालों को 2% बट्टे पर निर्गमित किये। जिनका शोधन सम मूल्य पर होना है। श्याम लि० की पुस्तकों में ऋणपत्रों के निर्गमन की प्रविष्टियाँ दीजिये।

Shyam Ltd. issued 5000 7% Debentures of ₹100 each at a discount of 2%, which were repayable at par. Give journal entries for the issue of Debentures in the books of Shyam Ltd..

हल : **Journal of Shyam Ltd.**

Date	Particulars	L. F.	Amount Dr. (₹)	Amount Cr. (₹)
	Bank A/c Dr. To Debentures Application A/c (Being application money received for 5000 debentures @ ₹98 each)		4,90,000	 4,90,000
	Debentures Application A/c Dr. Discount on Issue of Debentures A/c Dr. To 7% Debentures A/c (Being application money transferred to 7% debentures A/c)		4,90,000 10,000	 5,00,000

(3) जब ऋणपत्रों का निर्गमन प्रीमियम पर किया गया हो किन्तु शोधन सम मूल्य पर होना हो:

उदाहरण 17 : ग्रीन लि० ने ₹100 वाले 2000 10% ऋणपत्रों का निर्गमन ₹ 105 प्रति ऋणपत्र की दर से किया। जिनका शोधन सम मूल्य पर किया जाना हैं। ग्रीन लि० की पुस्तकों में निर्गमन की प्रविष्टियाँ कीजिये।

Green Ltd. issued 2000 10% Debentures of ₹10 each at ₹105 per Debentures, which were repayable at par. Give journal entries for the issue in the books of Green Ltd..

हल: **Journal of Green Ltd.**

Date	Particulars	L. F.	Amount Dr. (₹)	Amount Cr. (₹)
	Bank A/c Dr. To Debentures Application A/c (Being Application money received for 2000 Debentures @ ₹105 each)		2,10,000	 2,10,000
	Debentures Application A/c Dr. To 10% Debentures A/c To Securities Premium A/c (Being Application money transferred to 10% Debentures)		2,10,000	 2,00,000 10,000

(4) जब ऋणपत्रों का निर्गमन सममूल्य पर हो तथा शोधन प्रीमियम पर होना हो:

उदाहरण 18 : सीता लि० ने ₹100 वाले 5000 6% ऋणपत्र सम मूल्य पर निर्गमित किये, जिनका शोधन 5% प्रीमियम पर होना हैं। सीता लि० की पुस्तकों में निर्गमन की प्रविष्टियाँ दीजिये।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Sita Ltd. issued 5000 6% Debentures of ₹100 each at par, which were repayable at 5% premium. Give journal entries for the issue in the books of Sita Ltd.

हल : **Journal of Sita Ltd.**

Date	Particulars	L. F.	Amount Dr. (₹)	Amount Cr. (₹)
	Bank A/c Dr.		5,00,000	
	To Debentures Application A/c			5,00,000
	(Being application money received for 5000 Debentures)			
	Debentures Application A/c Dr.		5,00,000	
	Loss on Issue of Debentures A/c Dr.		25,000	
	To 6% Debentures A/c			5,00,000
	To Premium on Redemption of Debentures A/c			25,000
	(Being the Debentures issued at par and provided for premium on redemption of debentures)			

(5) जब ऋणपत्रों का निर्गमन बट्टे पर हो तथा शोधन प्रीमियम पर होना हो:

उदाहरण 19 : राम लि० ने ₹100 वाले 4000 7% ऋणपत्र 2% बट्टे पर निर्गमित किये। जिनका शोधन 4% प्रीमियम पर होना हैं। राम लि० की पुस्तकों में निर्गमन से सम्बंधित प्रविष्टियाँ दीजिये।

Ram Ltd. Issued 4000 7% Debentures of ₹100 each at a discount of 2% which were repayable at 4% premium. Give journal entries for the issue of Debentures in the books of Ram Ltd.

हल: **Journal of Ram Ltd.**

Date	Particulars	L. F.	Amount Dr. (₹)	Amount Cr. (₹)
	Bank A/c Dr.		3,92,000	
	To Debentures Application A/c			3,92,000
	(Being application money received for 4000 debenture @ ₹98each)			
	Debentures Application A/c Dr.		3,92,000	
	Discount on Issue of Debentures A/c Dr.		8,000	
	Loss on Issue of Debentures A/c Dr.		16,000	
	To 7% Debentures A/c			4,00,000
	To Premium on Redemption of Debentures A/c			16,000
	(Being 7% debentures issued at discount and provided for premium payable on redemption)			

(6) जब ऋणपत्रों का निर्गमन प्रीमियम पर हो तथा शोधन भी प्रीमियम पर होना हो:

उदाहरण 20 : व्हाइट लि० ने ₹ 100 वाले 10,000 8% ऋणपत्रों का निर्गमन ₹ 104 प्रति ऋणपत्र की दर पर किया। जिनका शोधन 5% प्रीमियम पर किया जाना है। व्हाइट लि. की पुस्तकों में ऋणपत्रों के निर्गमन की प्रविष्टियाँ दीजिये।

White Ltd. issued 10,000 8% Debentures of ₹ 100each at ₹104 per debenture, which repayable at 5% premium. Give journal entries for the issue of Debentures in the books of White Ltd..

हल : **Journal of White Ltd.**

Date	Particulars	L. F.	Amount Dr. (₹)	Amount Cr. (₹)
	Bank A/c Dr.		10,40,000	
	To Debentures Application A/c			10,40,000
	(Being application money received for 10,000 Debentures)			
	Debentures Application A/c Dr.		10,40,000	

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

	Loss on Issue of Debentures A/c Dr.		50,000	
	To 8% Debentures A/c			10,00,000
	To Securities Premium A/c			40,000
	To Premium on Redemption of Debenture A/c			50,000
	(Being 8% debentures issued at premium and provided for premium payable on redemption)			

चिट्ठे में प्रकटीकरण (Disclosure in Balance Sheet): यदि ऋणपत्रों का भुगतान चिट्ठे की तिथि से अगले 12 माह के पश्चात् होना हो तो ऋणपत्रों के **शोधन पर देय प्रीमियम (Premium on Redemption of Debentures)** खाते को चिट्ठे के समता एवं दायित्व भाग में 'Non-Current Liabilities' शीर्षक के उप शीर्षक 'Other Long-Term Liabilities' के अन्तर्गत दर्शाया जाता है और यदि ऋणपत्रों का भुगतान चिट्ठे की तिथि से 12 माह के अन्दर होना हो तो ऐसे ऋणपत्रों को 'Current Liabilities' शीर्षक के उप शीर्षक 'Other Current Liabilities' के अन्तर्गत 'Current Maturities of Long Term Debt' के रूप में दर्शाया जाता है। ऐसी दशा में 'Premium on Redemption of Debentures' को भी 'Current Liabilities' शीर्षक के उप शीर्षक 'Other Current Liabilities' के अन्तर्गत दर्शाया जाता है। **ऋणपत्रों के निर्गमन पर हानि (Loss on Issue of Debentures)** का वह भाग जो चिट्ठे की तिथि से अगले 12 माह के पश्चात् अपलिखित होना है उसे 'संपत्ति' भाग में 'Non-Current Assets' शीर्षक के उप शीर्षक 'Other Non-Current Assets' के अन्तर्गत दर्शाया जाता है तथा ऋणपत्रों के निर्गमन पर हानि (Loss on Issue of Debentures) का वह भाग जो चिट्ठे की तिथि से 12 माह के अन्दर अपलिखित होना हो उसे 'Current Assets' शीर्षक के उपशीर्षक ' Other Current Assets' के अन्तर्गत दर्शाया जाता है।

ऋणपत्रों पर ब्याज
(Interest on Debentures)

कम्पनी द्वारा ऋणपत्रों पर ब्याज का भुगतान निर्गमन की शर्तों के अनुसार तिमाही, छमाही या वार्षिक आधार पर पूर्व निश्चित दर से ऋणपत्रों के रजिस्टर्ड स्वामी को किया जाता है। ऋणपत्रों पर ब्याज भुगतान से सम्बंधित निम्न बिंदु ध्यान देने योग्य है :– (1) ऋणपत्रों पर ब्याज कम्पनी के लोभों पर प्रभार (charge against the Profit) है। अतः कम्पनी को लाभ हो या न हो, ब्याज का भुगतान किया जायेगा। (2) ऋणपत्रों पर ब्याज की गणना उनके अंकित मूल्य पर निश्चित दर से की जाती है। (3) समपार्श्विक प्रतिभूति के रूप में निर्गमित ऋणपत्रों पर ब्याज का भुगतान नहीं होता है। (4) वर्ष के अंत में ऋणपत्रों पर ब्याज खाते का शेष 'Statement of Profit and Loss' में अंतरित किया जाता है। (5) वर्ष के अंत में ऋणपत्रों पर बकाया ब्याज 'Interest Accrued and Due' या 'Interest Accrued but not Due' को चिट्ठे के समता एवं दायित्व भाग में 'Current Liabilities' शीर्षक के उप शीर्षक 'Other Current Liabilities' के अन्तर्गत दर्शाया जाता है।

ऋणपत्रों पर ब्याज की लेखांकन प्रविष्टियाँ (Accounting Entries of Interest on Debentures): आयकर अधिनियम के अनुसार किसी ऋणपत्रधारी को दिए जाने वाला ब्याज एक निश्चित सीमा से अधिक होता है तो उस पर 10% आयकर काटकर (Tax Deducted at Source) भुगतान किया जाता हैं। कम्पनी द्वारा इस काटे गये कर की राशि को अगले माह की 7 तारीख तक सरकारी खजाने में जमा कराना आवश्यक हैं। यह कर ऋणपत्रधारी की ओर से चुकाया माना जाता है। जिसके लिए कम्पनी उसे कर कटौती का प्रमाण पत्र जारी करती है। ब्याज भुगतान की निम्न प्रविष्टियाँ होंगी:–

(1) ब्याज के देय होने पर : Debenture Interest A/c Dr. (Gross Amount of Interest)
To Debenture holder's A/c (Net Amount Payable)
To Tax Deducted at Source A/c (Amount of TDS)
(Being debenture interest due and income tax deduted)

नोट:– यदि उद्गम स्थान पर कर कटौती की कोई सूचना नहीं हो तो ब्याज की सम्पूर्ण राशि का ऋणपत्रधारियों के खाते में जमा कर भुगतान कर दिया जाएगा।

(2) ब्याज का भुगतान करने पर: Debenture holder's A/c Dr. (Amount paid)
To Bank A/c
(Being amount of debentures interest paid)

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

(3) आयकर का भुगतान करने पर: Tax Deducted at Source A/c Dr. (Amount of Tax)
To Bank A/c
(Being payment of income tax made)

(4) वर्ष के अंत में ऋणपत्रों पर ब्याज को लाभ–हानि विवरण में अंतरण पर:
Statement of Profit and Loss A/c Dr. (Total amount of interest)
To Debenture Interest A/c
(Being debenture interest A/c transferred)

उदाहरण 21 : चांदनी लि० ने 01 अप्रैल ,2016 को 5000 ₹100 वाले 14% ऋणपत्र निर्गमित किये निर्गमन पूर्ण अभिदत्त हुआ। निर्गमन की शर्तों के अनुसार ऋणपत्रों पर ब्याज का भुगतान, छमाही आधार पर 30 सितम्बर व 31 मार्च को 10% आयकर काटकर किया जाना है। कम्पनी की पुस्तकों में ब्याज के भुगतान एवं लाभ–हानि विवरण में अंतरण की प्रविष्टि कीजिये।

Chandani Ltd. issued 5000 14% Debentures of ₹100 each on 01st April, 2016. The issue was fully subscribed. As per terms of the issue, debenture interest was payable half yearly basis on 30th September and 31st March after deducting income tax at the rate 10%. Give journal entries for the payment of interest and transfer to Statement of Profit and Loss.

हल : **Journal of Chandani Ltd.**

Date	Particulars	L.F.	Amount Dr. (₹)	Amount Cr. (₹)
30 Sep.2016	Debentures Interest A/c Dr.		35,000	
	To Debenture holder's A/c			31,500
	To Tax Deducted at Source A/c			3,500
	(Being debenture interest due & income tax deducted)			
	Debenture holder's A/c Dr.		31,500	
	Tax Deducted at Source A/c Dr.		3,500	
	To Bank A/c			35,000
	(Being debenture interest & income tax paid)			
31 Mar,2017	Debenture Interest A/c Dr.		35,000	
	To Debenture Holder's A/c			31,500
	To Tax Deducted at Source A/c			3,500
	(Being debenture interest due & Income tax deducted)			
31 Mar,2017	Debenture holder's A/c Dr.		31,500	
	Tax Deducted at Source A/c Dr.		3,500	
	To Bank A/c			35,000
	(Being debenture interest & income tax paid)			
31 Mar,2017	Statement of Profit & Loss A/c Dr.		70,000	
	To Debenture Interest A/c			70,000
	(Being amount of debenture interest transferred to P&L)			

ऋणपत्रों के निर्गमन पर बट्टा / हानि को अपलिखित करना
(Writing off Discount / Loss on Issue of Debentures)

ऋणपत्रों के निर्गमन पर बट्टा तथा हानि (Discount on Issue of Debentures) तथा (Loss on Issue of

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Debentures) पूँजीगत हानि है जिसे प्रतिभूति प्रीमियम, पूँजीगत लाभ या पूँजीगत संचय में से अपलिखित किया जा सकता हैं अथवा Statement of Profit and Loss से अपलिखित किया जा सकता हैं। वैसे इन हानियों को अपलिखित करने का समय कम्पनी अधिनियम में निर्धारित नहीं हैं तथापि इन्हें ऋणपत्रों की अवधि में अपलिखित कर दिया जाना चाहिए। अपलेखन की निम्न प्रविष्टि की जाती है:–

(1) पूँजीगत लाभों से अपलेखन पर: Securities Premium A/c Dr.
Capital Reserve A/c Dr.
Capital Profit's A/c Dr.
To Discount on Issue of Debentures A/c
To Loss on Issue of Debentures A/c

(2) लाभ–हानि विवरण से अपलेखन पर: Statement of Profit and Loss A/c Dr.
To Discount on Issue of Debentures A/c
To Loss on Issue of Debentures A/c

लाभ–हानि विवरण (Statement of Profit and Loss) से हानि को अपलिखित करने की दो विधियाँ हैं:–

(1) बराबर किश्त विधि (Equal Instalment Method)– जब ऋणपत्रों का शोधन एक निश्चित अवधि के पश्चात् एकमुश्त किया जाता हैं तो उस स्थिति में कुल हानि को उस अवधि में बराबर–बराबर बांटकर अपलिखित किया जाता है।

Yearly Amount to be Written Off = Total Loss/Period of Debentures

मान लीजिये– रमेश लि० 1,00,000 ₹ के ऋणपत्र 10% बट्टे पर जारी करती है जिनका शोधन 5 वें वर्ष के अंत में होना है। इस दशा में लाभ–हानि विवरण से प्रतिवर्ष (10% of 1,00,000) / 5 = ₹ 2000 अपलिखित किये जायेंगे।

(2) बकाया ऋणपत्रों का अनुपात विधि (Ratio of Outstanding Debentures Method) – जब ऋणपत्रों का शोधन किश्तों में किया जाता है तो हानि की राशि का अपलेखन, प्रतिवर्ष ऋणपत्रों की प्रयुक्त की गई राशि के अनुपात में किया जायेगा।

उदाहरण 22 : सचिन लि० ने 01 अप्रैल, 2013 को ₹100 वाले 1000 6% ऋणपत्र 5% बट्टे पर निर्गमित किये जिनका शोधन भी 5% प्रीमियम पर होना हैं।कम्पनी की पुस्तकों में Loss on Issue of Debentures A/c बनाईये, यदि :

(अ) ऋणपत्रों का शोधन 5वें वर्ष के अंत में किया जाना है।

(ब) ऋणपत्रों का शोधन 5 वर्षों में प्रतिवर्ष बराबर राशि में किया जाना हैं।

Sachin Ltd. issued 1000 6% Debentures of ₹100each at 5% discount on 01st April, 2013. Which were repayable at 5% premium. Prepare 'Loss on Issue of Debentures A/c' in the books of the company If

(A) Debentures are repayable at the end of 5th year.

(B) Debentures are repayable in each year with equal amounts during 5 years

हल: ऋणपत्रों के निर्गमन पर कुल हानि = ₹ 5,000 (बट्टा) + ₹ 5,000 (शोधन पर प्रीमियम) = ₹ 10,000 होगी। इसे अपलिखित किया जाना है।

(अ) जब ऋणपत्रों का शोधन 5वें वर्ष के अंत में किया जाना हो :

तो 5 वर्षों के दौरान ऋणपत्रों की समान राशि प्रयुक्त हुई। अतः कुल हानि भी 5 वर्षों में बराबर बांटी जाएगी। प्रतिवर्ष (10,000 / 5) = ₹ 2000 हानि अपलिखित होगी।

Dr. Loss on Issue of Debentures A/c Cr.

Date	Particulars	Amount ₹	Date	Particulars	Amount ₹
2013 1 April	To 6% Debentures A/c	5,000	2014 31 Mar.	By Statement of Profit & Loss A/c	2,000
	To Premium on Redemption of Debentures A/c	5,000	2014 31 Mar.	By Balance c/d	8,000

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

		10,000			**10,000**
2014 1 April	To Balance b/d	8,000	2015 31 Mar. 31 Mar.	By Statement of Profit & Loss A/c By Balance c/d	2,000 6,000
		8,000			**8,000**
2015 1 April	To Balance b/d	6,000	2016 31 Mar.	By Statement of Profit & Loss A/c By Balance c/d	2,000 4,000
		6,000			**6,000**
2016 1 April	To Balance b/d	4,000	2017 31 Mar.	By Statement of Profit & Loss A/c By Balance c/d	2,000 2,000
		4,000			**4,000**
2017 1 April	To Balance b/d	2,000	2018 31 Mar.	By Statement of Profit & Loss A/c	2,000
		2,000			**2,000**

(ब) ऋणपत्रों का शोधन 5 वर्षो में प्रतिवर्ष बराबर राशि का किया जाना है :

अर्थात प्रतिवर्ष 1,00,000 ÷ 5 = ₹ 20,000 का शोधन किया जाना है तो प्रत्येक वर्ष के अंत में शोधन से पूर्व बकाया ऋणपत्रों की राशि (उस वर्ष में प्रयुक्त ऋणपत्र राशि) क्रमशः ₹ 100000 , ₹ 80000 , ₹ 60000 , ₹ 40000 एवं ₹ 20000 होगी। इसी राशि के अनुपात अर्थात 5: 4 : 3 : 2 : 1 में ऋणपत्र निर्गमन की कुल हानि = ₹ 10000 को विभाजित किया जायेगा एवं तदनुसार लाभ – हानि विवरण खाते में अंतरण कर अपलिखित किया जायेगा ।

2013 – 14 = $\frac{5}{15}$ X 10000 = ₹ 3333 ;

2014 – 15 = $\frac{4}{15}$ X 10000 = ₹ 2667

2015 – 16 = $\frac{3}{15}$ X 10000 = ₹ 2000 ;

2016 – 17 = $\frac{2}{15}$ X 10000 = ₹ 1333

2017 – 18 = $\frac{1}{15}$ X 10000 = ₹ 667

Loss on Issue of Debentures Account

Date	Particulars	Amount ₹	Date	Particular	Amount ₹
2013 April,1	To 6% debentures A/c To Premium on Redemption of Debentures a/c	5000 5000	2014 Mar. 31	By Statement of P & L A/c By balance c/d	3333 6667
		10,000			**10,000**
2014 April,1	To balance b/d	6,667	2015 Mar. 31	By Statement of P & L A/c By balance c/d	2,667 4,000
		6,667			**6,667**
2015 April,1	To balance b/d	4,000	2016 Mar. 31	By Statement of P & L A/c By balance c/d	2,000 2,000
		4,000			**4,000**

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

2016 April,1	To balance b/d	2,000	2017 Mar. 31	By Statement of P & L A/c By balance c/d	1,333 667
		2,000			**2,000**
2017 April,1	To balance b/d	667	2018 Mar. 31	By Statement of P & L A/c	667
		667			**667**

उदाहरण – 23 : सौरभ लि. ने 01 अप्रैल 2013 को ₹100 वाले 3000, 7% ऋणपत्रों का 12% बट्टे पर निर्गमन किया। जिनका शोधन 31मार्च 2016 से प्रतिवर्ष ₹1,00,000 करना है। प्रथम 5 वर्षों का ''ऋण पत्र निर्गमन बट्टा खाता'' बनाइये।

Sourabh Ltd. issued 3000, 7% Debentures of ₹100 each at 12% discount on 01st April,2013 ,which were repayable ₹1,00,000 per year from 31st March 2016. Prepare Discount on Issue of Debentures A/c for first 5 years.

हल : कुल बट्टा = 12% of 3,00,000 = ₹ 36000 है। चूँकि ऋणपत्रों का शोधन तीसरे वर्ष के अंत से प्रतिवर्ष ₹ 1,00,000 करना है। अतः ऋणपत्रों की प्रयुक्त हुई राशि के अनुपात में बट्टे का अपलेखन किया जायेगा।

Statement showing amount of discount to be written off

Year endeed on (1)	Normal value of debentures outstanding before redemption (₹) (2)	Ratio (3)	Amunt of discount to be written off (₹) (4)
31.03.2014	300000	3	$36000\ X \frac{3}{12} = 9000$
31.03.2015	300000	3	$36000\ X \frac{3}{12} = 9000$
31.03.2016	300000	3	$36000\ X \frac{3}{12} = 9000$
31.03.2017	200000	2	$36000\ X \frac{2}{12} = 6000$
31.03.2018	100000	1	$36000\ X \frac{1}{12} = 3000$

Discount of Issue of Debentures Account

Date	Particulars	Amount ₹	Date	Particulars	Amount ₹
2013, April 1	To 7% Debenture A/c	36,000	2013, Mar. 31	By Statement of P & L By balance b/d	9,000 27,000
		36,000			**36,000**
2014, April 1	To balance b/d	27,000	2014, Mar. 31	By Statement of P & L By balance b/d	9,000 18,000
		27,000			**27,000**

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

2015, April 1	To balance b/d	18,000	2015, May 31	By Statement of P & L	9,000
				By balance b/d	9,000
		18,000			**18,000**
2016, April 1	To balance b/d	9,000	2016, May 31	By Statement of P & L	6,000
				By balance b/d	3,000
		9,000			**9,000**
2017, April 1	To balance b/d	3000	2017, May 31	By Statement of P & L	3,000
		3,000			**3,000**

सारांश (Summary)

- **कंपनी का अर्थ** – कंपनी एक ऐसा संगठन है जिसका निर्माण एक व्यवसाय को चलाने हेतु व्यक्तियों के समूह द्वारा कानून की एक प्रकिया पूर्ण करने पर होता है इसके सदस्यों को अंशधारी कहा जाता है–
- **कंपनी के प्रकार** – कंपनियाँ तीन प्रकार की होती हैं
  (1) एक व्यक्ति वाली कंपनी (2) निजी कंपनी और (3) सावर्जनिक कंपनी
- **दायित्व के आधार पर कंपनी के प्रकार**

(1) अंशों द्वारा सीमित कंपनी (2) गारंटी द्वारा सीमित कंपनी (3) असीमित कंपनी

- **अंशों के प्रकार** – अंश दो प्रकार के होते हैं : 1. पूर्वाधिकार अंश 2. समता अंश
- **पूर्वाधिकार अंशों के प्रकार** – पूर्वाधिकार अंश अनेक प्रकार के होते हैं : 1. असंचयी पूर्वाधिकार अंश 2. संचयी पूर्वाधिकार अंश 3. अवशिष्ट भागी पूर्वाधिकार अंश 4. अनावशिष्ट भागी पूर्वाधिकार अंश 5. परिवर्तनीय पूर्वाधिकार अंश 6. अपरिवर्तनीय पूर्वाधिकार अंश 7. शोधनीय पूर्वाधिकार अंश 8. अशोधनीय पूर्वाधिकार अंश
- **अंश पूँजी के प्रकार** – चिट्ठे में निरूपण की दृष्टि से अंश पूँजी के निम्न वर्ग है :

1. अधिकृत पूँजी 2. निर्गमित पूँजी 3. प्रार्थित पूँजी 4. मांगी गई पूँजी 5. प्रदत्त पूँजी

- **संचित पूँजी** – संचित पूँजी से आशय न मांगी गई पूँजी के उस भाग से है जिसे कंपनी द्वारा विशेष प्रस्ताव पारित करके भविष्य में समापन के समय ही मांगने के लिए सुरक्षित कर दिया गया है।
- **अंशों का निर्गमन** – एक कंपनी अंशों का निर्गमन निम्न उद्देश्य से कर सकती हैं : 1. रोकड़ के अतिरिक्त अन्य प्रतिफल के लिए 2. रोकड़ के लिए
- **अंशों का निर्गमन मूल्य** – 1. सम मूल्य पर निर्गमन 2. प्रीमियम पर निर्गमन
- **अंशों पर भुगतान** – रोकड़ हेतु निर्गमित अंशों पर कंपनी द्वारा भुगतान निम्न प्रकार से प्राप्त किया जा सकता है 1. आवेदन पर एक मुश्त , 2. संपूर्ण राशि किश्तों में (यथा – आवेदन , बंटन , मांग पर)
- **अंश निर्गमन की प्रक्रिया** – 1. प्रविवरण का निर्गमन 2. अंशों के लिए आवेदन 3. अंशों का आबंटन 4. आबंटन पत्र भेजना 5. रजिस्टार को आबंटन रिटर्न भेजना
- **प्रतिभूति प्रीमियम के उपयोग** – एक कंपनी प्रतिभूति प्रीमियम का प्रयोग सदस्यों को पूर्णप्रदत बोनस अंश देने में , प्रारंभिक व्यय , अंशों एवं ऋणपत्रों के निर्गमन पर दिए गए कमीशन , ऋणपत्रों के निर्गमन पर बट्टा , पूर्वाधिकार अंशों एवं ऋणपत्रों के शोधन पर देय प्रीमियम को अपलिखित करने में तथा अपने अंश क्रय करने में कर सकती है
- **ऋणपत्रों के प्रकार** – ऋणपत्र अनेक प्रकार के होते हैं: 1. सुरक्षित ऋणपत्र 2. असुरक्षित ऋणपत्र 3. शोधनीय ऋणपत्र 4. अशोधनीय ऋणपत्र 5. पंजीकृत ऋणपत्र 6. वाहक ऋणपत्र 7. प्रथम ऋणपत्र 8. द्वितीय ऋणपत्र 9. निश्चित ब्याज दर वाले ऋणपत्र 10. शून्य ब्याज दर वाले ऋणपत्र 11. परिवर्तनीय ऋणपत्र 12. अपरिवर्तनीय ऋणपत्र
- **ऋणपत्रों का निर्गमन** – ऋणपत्रों का निर्गमन सममूल्य पर, प्रीमियम पर अथवा बट्टे पर किया जा सकता हैं। जब ऋणपत्रों को अंकित मूल्य से कम मूल्य पर जारी किया जाये तो यह बट्टे पर निर्गमन कहलाता है।
- **ऋणपत्रों का रोकड़ के अतिरिक्त प्रतिफल के रूप में निर्गमन** – जब कंपनी द्वारा विक्रेताओं , आपूर्तिकर्ताओं को या सम्पति के बदले ऋणपत्रों का निर्गमन किया जाये तो यह रोकड़ के अतिरिक्त प्रतिफल के रूप में ऋणपत्रों का निर्गमन कहलाता है।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

- **समपार्श्विक प्रतिभूति के रूप में ऋणपत्र –** जब किसी कंपनी द्वारा बैंक आदि से लिए गए ऋण की मुख्य प्रतिभूति के अलावा अतिरिक्त जमानत के रूप में बैंक को ऋणपत्र निर्गमित किये जाते हैं तो वे समपार्श्विक प्रतिभूति ऋणपत्र कहलाते हैं।
- **बांड –** किसी भी सरकारी, अर्धसरकारी संस्था या गैर सरकारी संस्था द्वारा ऋण की अभिस्वीकृति के रूप में बांड जारी किये जाते हैं। बांड व ऋणपत्र में प्रमुख अंतर है कि ऋणपत्र पूर्व निश्चित ब्याज दर के साथ निर्गमित किये जाते है जबकि बांड बिना पूर्व निर्धारित ब्याज दर के जारी किये जाते हैं। जैसे – डीप डिस्काउंट बांड तथा शून्य कूपन बांड।

शब्दावली (Glossary)

अंश(Share)– एक कंपनी की पूँजी निर्धारित मूल्य वाली छोटी छोटी इकाइयों में विभक्त होती है (जैसे ₹1 , ₹5 , ₹10, ₹100 आदि) और ऐसी प्रत्येक इकाई अंश कहलाती है।

अंश पूँजी (Share Capital)– अंश पूँजी से आशय उस राशि से है जिसे एक कंपनी अंशों का निर्गमन कर एकत्रित कर सकती है या एकत्रित कर चुकी है।

पूर्वाधिकार अंश (Preference Share)– वे अंश जिनके धारकों को समता अंशधारियों से पूर्व लाभांश प्राप्त करने का तथा समापन की दशा में समता अंशधारियों से पूर्व पूँजी वापिस प्राप्त करने का पूर्वाधिकार होता है।

समता अंश (Equity Share)– वे अंश जो पूर्वाधिकार अंश नहीं है। सामान्यतः समता अंशों के धारक ही कंपनी के वास्तविक स्वामी कहलाते है।

अधिकृत पूँजी (Authorised Capital)– कंपनी के पार्षद सीमानियम में वर्णित पूँजी की वह अधिकतम राशि , जिससे अधिक अंशों का निर्गमन कंपनी नहीं कर सकती।

निर्गमित पूँजी (Issued Capital)– अधिकृत पूँजी का वह भाग जिसे कंपनी द्वारा अभिदान के लिये जनता में निर्गमित किया गया हो।

प्रार्थित पूँजी (Subscribed Capital) – निर्गमित पूँजी का वह भाग जिसके लिए अभिदान किया जा चुका हो।

मांगी गई पूँजी (Called up Capital)– प्रार्थित पूँजी का वह भाग जिसे कंपनी द्वारा अंशधारियों से माँगा जा चुका हो।

प्रदत्त पूँजी (Paid up Capital)– कंपनी द्वारा मांगी गई पूँजी का वह भाग जिसका भुगतान अंशधारियों द्वारा कर दिया गया हो अर्थात मांगी गई पूँजी में से बकाया मांग घटाकर बची शेष राशि ही प्रदत्त पूँजी होगी।

न्यूनतम अभिदान राशि (Minimum Subscription) – कंपनी के प्रविवरण में वर्णित वह न्यूनतम राशि जिसके लिए अभिदान प्राप्त होने तथा इस अभिदान के आवेदन पत्रों पर देय राशि प्राप्त होने पर ही अंशों का आबंटन किया जा सकता है। सामान्यतः न्यूनतम अभिदान संपूर्ण निर्गमन का कम से कम 90% के बराबर अभिदान होता है।

अंश प्रमाण पत्र (Share Certificate) – कंपनी की सार्वमुद्रा के अधीन जारी किया वह प्रमाण पत्र जो इस बात का प्रथम दृष्टया साक्ष्य है कि उनमें वर्णित अंशधारी उन अंशों का स्वामी है।

प्रारंभिक सार्वजनिक प्रस्ताव(Initial Public Offer or IPO)– कंपनी द्वारा अंशों के अभिदान हेतु जनता को आमंत्रित करने हेतु किये गए प्रस्ताव को प्रारंभिक सार्वजनिक प्रस्ताव कहा जाता है।

बकाया मांग (Calls-in-Arrear)– कंपनी द्वारा अंशों के सम्बन्ध में मांगी गई वह राशि जिसका भुगतान अंशधारी द्वारा नहीं किया गया हो , बकाया मांग कहलाता है।

अग्रिम मांग (Calls-in-Advance)– कंपनी द्वारा न मांगी गई ऐसी राशि जिसका भुगतान अंशधारी द्वारा कर दिया गया हो तथा अन्तर्नियमों के अनुसार कंपनी ने स्वीकार कर लिया हो, अग्रिम मांग कहलाती हैं।

न्यून अभिदान (Under Subscription)– जब एक कंपनी को प्रस्तावित अंशों की तुलना में कम अंशों के लिए आवेदन प्राप्त होते हैं तो इसे न्यून अभिदान कहा जाता है।

अधि अभिदान (Over Subscription)– जब एक कंपनी को प्रस्तावित अंशों की तुलना में अधिक अंशों के लिये आवेदन प्राप्त होते हैं तो यह स्थिति अधि अभिदान कहलाती है।

आनुपातिक आधार पर बंटन (Pro-rata Allotment) – आनुपातिक बंटन से आशय किसी वर्ग के समस्त आवेदकों को बंटित किये गए कुल अंशों का उस वर्ग के कुल आवेदनों से अनुपात, से है।

अंशों का आबंटन (Allotment of Shares)– कंपनी के संचालकों द्वारा विभिन्न प्रावधानों के तहत अंशों के आवेदकों के मध्य अंशों का बंटवारा करने से है।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

अंशों की निजी व्यवस्था (Private Placement)– ऐसा निर्गमन जो सार्वजानिक निर्गमन नहीं है बल्कि अंश चुने हुए व्यक्तियों या व्यक्तियों के समूह को निर्गमित किये जाते हैं, अंशों का निजी रूप से निर्गमन कहलाता है।

स्वेट समता अंश (Sweat Equity Share)– ऐसे समता अंश जो किसी कंपनी द्वारा अपने संचालकों, कर्मचारियों को बट्टे पर या रोकड़ के अतिरिक्त प्रतिफल के लिये , तकनीकी ज्ञान या बौद्धिक संपदा अधिकार उपलब्ध कराने के लिए जारी किये जाते हैं।

अधिकार अंश (Right Share)– अंश पूँजी वाली कंपनी जब भी अपनी अभिदत्त पूँजी में वृद्धि के लिए अतिरिक्त अंश निर्गमित करने का प्रस्ताव रखती हैं तो ये अंश प्रस्ताव की तिथि को कंपनी के समता अंशधारियों को प्रस्तावित किये जाते हैं। ये अंश वर्तमान अंशधारियों को कंपनी अधिनियम द्वारा प्रदत्त अधिकार के अंतर्गत मिलते हैं अतः ये अधिकार अंश कहलाते हैं।

कर्मचारी स्टॉक विकल्प योजना (Employee Stock Option Plan or ESOP)– कर्मचारी स्टॉफ विकल्प से आशय कंपनी के संचालकों, अधिकारियों या कर्मचारियों को कंपनी के अंश भावी तिथि को पूर्व निर्धारित मूल्य पर क्रय करने के दिए गए अधिकार के विकल्प से है।

एस्क्रो खाता (Escrow Account)– एस्क्रो खाते से आशय उस खाते से है जिसमें राशि उस समय तक जमा रखी जाती है, जब तक की निश्चित शर्त या कार्य पूरा नहीं हो जाए। कंपनियों द्वारा "अपने अंशों का क्रय" योजना के तहत राशि बैंक में खोले गए एस्क्रो खाते में तब तक जमा रखनी होती है जब तक दायित्वों का निर्वहन न हो जाए।

ऋणपत्र (Debenture)– ऋणपत्र से आशय एक कंपनी द्वारा जारी प्रलेख से है जो धारक से प्राप्त ऋण के प्रमाण के रूप में दिया जाता है।

अभ्यासार्थ प्रश्न(Questions for Excercise)

बहुचयनात्मक प्रश्न (Multiple Choice Questions)

1. चिट्ठे के समता एवं दायित्वों के भाग की कुल राशि में सम्मिलित होती है।
(Total amount of equity and liabilities part of the Balance Sheet includes the following):
(अ) अधिकृत पूँजी (authorised capital) (ब) निर्गमित पूँजी (issued capital)
(स) प्रार्थित पूँजी (subscribed capital) (द) चुकता पूँजी (paid up capital)

2. अंशों के निर्गमन पर प्राप्त प्रीमियम को दर्शाया जाता हैं(Premium received on issue of shares is shown on)
(अ) चिट्ठे के समता एवं दायित्व भाग पर (Equity & Liabilities part of the balance sheet)
(ब) चिट्ठे के सम्पति भाग पर (Assets part of the balance sheet)
(स) लाभ–हानि विवरण के आय भाग पर (Income part of the statement of profit & loss)
(द) लाभ–हानि विवरण के व्यय भाग पर (Expenses part of the statement of profit & loss)

3. समता अंशधारी होते हैं (Equity shareholders are) :
(अ) कंपनी के ग्राहक (customers of the company) (ब) कंपनी के अधिकारी (officers of the company) (स) कंपनी के लेनदार(creditors of the company) (द) कंपनी के स्वामी (owners of the company)

4. अंशों के निर्गमन पर प्रीमियम का उपयोग नहीं किया जा सकता
(Premium on issue of shares cannot be used for) :
(अ) सदस्यों को बोनस अंश निर्गमित करने के लिए(For issuing bonus shares to members)
(ब) सदस्यों को लाभांश बांटने के लिए(For paying dividend to members)
(स) प्रारंभिक व्ययों के अपलेखन के लिए(For writing off preliminary expenses)
(द) ऋणपत्रों के निर्गमन पर बट्टा अपलेखन के लिए(For writing off discount on issue of debentures)

5. सारणी एफ के अनुसार कंपनी अग्रिम मांग पर ब्याज दे सकती है
(As per table F a company can pay interest on calls-in-advance at) :
(अ) 8% (ब) 10% (स) 12% (द) 14%

6. न मांगी गई पूँजी का वह भाग जिसे कंपनी के समापन पर ही माँगा जा सकता है, कहलाता है।(The part of uncalled capital which can be called up only when the company being wound up is called):
(अ) निर्गमित पूँजी (Issued capital) (ब) संचित पूँजी (Reserve capital)

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

(स) पूँजी संचय (capital reserve) (द) अनिर्गमित पूँजी (Unissued capital)

7. ऋणपत्रधारी होते है (Debenture holders are) :

(अ) कंपनी के स्वामी (owners of the company) (ब) कंपनी के ग्राहक (Customers of the company)

(स) कंपनी के ऋणदाता (Loan providers of the company) (द) इनमें से कोई नहीं (None of these)

8. ऋणपत्रधारी प्राप्त करते है (Debenture holders receive):

(अ) लाभ (Profit) (ब) लाभांश (Dividend) (स) किराया (Rent) (द) ब्याज (Interest)

9. ऋणपत्रों के निर्गमन पर बट्टा या हानि, जो चिट्ठे की तिथि से 12 माह पश्चात् या संचालन चक्र की अवधि के पश्चात् अपलिखित होगा, दर्शाया जाता है (Discount or loss on issue of debentures to be written off after 12 months from the date of balance sheet or after the period of operating cycle is shown as):

(अ) अन्य गैर चालू संपत्तियां (Other non-current assest)

(ब) अन्य गैर चालू दायित्व (Other non-current liabilities)

(स) अन्य चालू सम्पत्तियां (other current assets)

(द) अन्य चालू दायित्व (other current liabilities)

10. ऐसे ऋणपत्र जो समता अंशों में परिवर्तित किये जा सकते है, कहलाते हैं (The debentures which can be converted into equity shares are called):

(अ) शोधनीय ऋणपत्र (Redeemable debentures) (ब) पंजीकृत ऋणपत्र (Registered debentures)

(स) वाहक ऋणपत्र (Bearer debentures) (द) परिवर्तनीय ऋणपत्र (Convertible debentures)

11. ऋणपत्रों के समपार्श्विक प्रतिभूति के रूप में निर्गमन की स्थिति में, यदि प्रविष्टि की जाती है तो किस खाते को नामे किया जाएगा (In the case of issue of debentures as collateral security, if entry is pass which account will be debited):

(अ) ऋण खाता (Loan account) (ब) ऋणपत्र खाता (Debenture account)

(स) ऋणपत्र उचन्त खाता (Debenture suspense account) (द) बैंक खाता (bank account)

बहुचयनात्मक प्रश्नों के उत्तर

उत्तर :	(1) द	(2) अ	(3) द	(4) ब	(5) स	(6) ब	(7) स	(8) द	(9) अ	(10) द	(11) स

अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न (Very Short Answer Type Questions) :

1. कंपनी को परिभाषित कीजिये। (Define a company?)
2. एक व्यक्ति वाली कंपनी क्या है?(What is one person company?)
3. अंश से क्या आशय है?(What is meant by share?)
4. अंशों के दो प्रकारों के नाम बताइये?(Name of two types of share.)
5. पंजीकृत पूँजी का अर्थ बताईये।(Give the meaning of registered capital.)
6. निर्गमित पूँजी से क्या आशय है?(What is meant by issued capital?)
7. अभिदत्त अंश पूँजी से क्या आशय है?(What is meant by subscribed capital?)
8. अधि अभिदान से क्या आशय है?(What do you mean by oversubscription?)
9. परिवर्तनीय पूर्वाधिकार अंश से क्या आशय है?(What is meant by convertible preference share?)
10. अंश आबंटन से क्या आशय हैं ? (What is meant by allotment of shares?)
11. अंशों के यथानुपात बंटन से क्या आशय है?(What is meant by pro-rata allotment of shares?)
12. अंशों के प्रीमियम पर निर्गमन से क्या आशय है?(What is meant by issue of share at premium?)
13. कंपनी अधिनियम ,2013 के अन्तर्गत क्या एक कंपनी अपने अंश बट्टे पर निर्गमित कर सकती है?(Under the Companies Act 2013, can a company issue it's shares at discount?)
14. बकाया मांग का अर्थ बताईये।(Give the meaning of calls-in-arrears.)
15. ऋणपत्र का अर्थ बताइये। (Give the meaning of debenture?)
16. बांड क्या है? (What is bond?)
18. सुरक्षित ऋणपत्र से क्या आशय है?(What is meant by secured debenture?)

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

19. अपरिवर्तनीय ऋणपत्रों से क्या आशय है?(What is meant by non convertible debentures?)
20. अंश एवं ऋणपत्र में क्या अन्तर है?(What is the difference between shares and debentures?)
21. समपार्श्विक प्रतिभूति के रूप में ऋणपत्रों के निर्गमन से क्या आशय है?(What is meant by issue of debentures as collateral security?)
22. ऋणपत्रों पर ब्याज की प्रकृति क्या है?(What is the nature of interest on debentures?)
23. ऋणपत्रों के निर्गमन पर हानि से क्या आशय है?(What is meant by loss on issue of debentures?)

लघूत्तरात्मक प्रश्न (Very Short Answer Type Questions) :

1. कंपनी की मुख्य विशेषताएं क्या है?(What are the main characteristics of a company?)
2. निजी कंपनी क्या है?(What is private company?)
3. अंशों द्वारा सीमित कंपनी से आपका क्या आशय है?
   (What do you mean by the company limited by shares?)
4. समता अंश व पूर्वाधिकार अंश में चार अंतर बताइये?
   (Give four differences between equity share and preference shares).
5. अधिमान अंशों के तीन प्रकार स्पष्ट करिये।(Explain three types of the preference shares.)
6. संचित पूँजी से क्या आशय है?(What is meant by reserve capital?)
7. प्रतिभूति प्रीमियम खाते के उपयोग से सम्बंधित धारा–52 के प्रावधान बताइये।
   State the provisions in section 52 for the utilisation of Securities Premium Account.)
8. न्यूनतम अभिदान से आप क्या समझते है?(What do you mean by minimum subscription?)
9. स्वेट समता अंशों से क्या आशय है?(What is meant by Sweat Equity Shares?)
10. कर्मचारी स्टॉक विकल्प योजना का अर्थ लिखिए।(Write meaning of the Employee Stock Option Plan.)
11. एस्क्रो खाते के बारे में समझाइये।(Explain about Escrow Account.)
12. ऋणपत्र कितने प्रकार के होते है?(What are the types of debentures?)
13. अंश एवं ऋणपत्र में चार अंतर बताइये।(Give any four points of difference between shares and debentures.)
14. समपार्श्विक प्रतिभूति के रूप में ऋणपत्रों का निर्गमन का अर्थ एवं लेखांकन व्यवहार समझाइये।
Explain the meaning and accounting treatment of issue of debentures as collateral security.
15. तरुणा लि० ने ₹4,00,000 का भवन और ₹2,60,000 का संयंत्र एवं मशीनरी हरी से खरीदी । क्रय मूल्य का भुगतान ₹100 वाले 8% ऋणपत्रों का 10% प्रीमियम पर निर्गमन द्वारा किया गया। आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ दीजिऐ।
Tarun Ltd. purchased building for ₹4,00,000 and plant and machinery for ₹2,60,000 from Hari. The purchase price was paid by issuing 8% debentures of ₹100 each at a premium of 10%. Give necessary journal entries.
16. अभिनव लिमिटेड ने ₹100 वाले 2000, 9% ऋणपत्र 4% बट्टे पर निर्गमित किये, जिनका शोधन 5% प्रीमियम पर होगा। अभिनव लिमिटेड की पुस्तकों में ऋणपत्रों के निर्गमन के समय की जाने वाली जर्नल प्रविष्टियाँ दीजिये।
Abhinav Ltd. issued 2000, 9% debentures of ₹100 each at 4% discount which will be redeemed at 5% premium. Pass journal entries in the books of Abhinav Ltd. at the time of issue of debentures.
17. 'बकाया ऋणपत्र' एवं 'ऋणपत्रों के निर्गमन पर हानि' को चिट्ठे में किन शीर्षकों के अंतर्गत दर्शाया जायेगा।
'Debentures outstanding' and 'Loss on Issue of Debenture' will be shown under which heads of the balance sheet.

निबंधात्मक प्रश्न (Essay Type Questions)

1. कंपनी से आप क्या समझते हैं? इसकी आवश्यक विशेषताएँ एवं कंपनी के विभिन्न प्रकारों को बताइये।
   What do you mean by company. State it's essential features and different types of companies?
2. समता अंश एवं पूर्वाधिकार अंश में क्या अंतर है? बताइये।
   What is the difference between Equity Shares and Preference Shares? Explain.
3. अंश पूँजी के विभिन्न प्रकारों का वर्णन कीजिए?

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Describe the different types of share capital.

4. पूर्वाधिकार अंश से क्या आशय है? पूर्वाधिकार अंश के विभिन्न प्रकारों का वर्णन कीजिए।

What is meant by Preference Shares? Describe the different kinds of Preference Shares.

5. ऋणपत्र से क्या आशय है? ऋणपत्र के विभिन्न प्रकारों का वर्णन कीजिये।

What is meant by Debentures? Describe the different kinds of debentures.

6. अंश एवं ऋणपत्र में अंतर लिखिये?

Write the differences between Shares and Debentures?

आंकिक प्रश्न (Numerical Questions)

1. सोना लि. ने मोना लि. से ₹ 10,00,000 की मशीन एवं ₹ 5,00,000 का फर्नीचर खरीदा। सोना लि0 ने 40% राशि का चैक से एवं शेष राशि के लिए ₹10 वाले समता अंश 20% प्रीमियम पर जारी कर भुगतान किया। उक्त व्यवहारों को दर्ज करने के लिए सोना लि0 की पुस्तकों में आवश्यक जर्नल प्रविष्टियां दीजिये।

Sona Ltd. purchased machinery of ₹10,00,000 and furniture of ₹ 5,00,000 from Mona Ltd.. Sona Ltd. paid 40% of the amount by the cheque and for the balance amount by issue equity shares of ₹10 each at a premium of 20%. Pass necessary journal entries to record the above transactions in the books of Sona Ltd..

उत्तर : (75,000 equity shares to be issued)

2. जैन लि. ने 6,00,000 की मशीन कमल से खरीदी। 50% भुगतान चैक द्वारा किया गया तथा शेष राशि के लिए कंपनी ने समता अंश ₹10 वाले 20% प्रीमियम पर निर्गमित किये। उपर्युक्त व्यवहारों की जैन लि0 की पुस्तकों में आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ दीजिये।

Jain Ltd. purchased a machine of ₹6,00,000 from Kamal - 50% of the payment was made by cheque and for the remaining the company issued equity shares of ₹10 each at a premium of 20%. Give necessary journal entries in the books of Jain Ltd. for the above transactions.

उत्तर : (25000 equity share to be issued)

3. कोहिनूर लि0 की अधिकृत पूँजी ₹10,00,000 थी जो की ₹100 वाले 10000 समता अंशों में विभक्त है। इन अंशों में से 8000 समता अंश जनता को निर्गमित किये गए। समस्त अंकित मूल्य आवेदन पर देय था। जनता के द्वारा सभी अंशों के लिये अभिदान किया गया एवं समस्त धनराशि चुका दी। कोहिनूर लि0 की पुस्तकों में आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ दीजिये।

The authorised capital of Kohinoor Ltd. was ₹10,00,000 which is divided into 10000 equity shares of ₹ 100 each. Out of these shares 8000 equity shares were issued to the public. The full nominal value is payable on application. All the shares were subscribed by the public and total amount was paid for. Give necessary journal entries in the books of Kohinoor Ltd..

4. राखी लि. का पंजीयन ₹20,00,000 की अधिकृत पूँजी जो ₹100 वाले 12000 समता अंशों एवं ₹100 वाले 8000, 8% पूर्वाधिकार अंशों में विभाजित थी, से हुआ। कंपनी ने 5000 समता अंश एवं 2000 पूर्वाधिकार अंश जनता को निम्न शर्तों पर प्रस्तावित किये

Rakhi Ltd. was registered with an authorized capital of ₹20,00,000 divided into 12000 equity shares of ₹100 each and 8000, 8% preference shares of ₹100 each. 5000 equity shares and 2000 preference shares were offered to public on the following terms:

	Equity Share (₹)	Preference Share (₹)
Payable on application per share (आवेदन पर देय प्रति अंश)	25	25
Payable on allotment per share (बंटन पर देय प्रति अंश)	25	45
Payable on first call per share (प्रथम मांग पर देय प्रति अंश)	25	30
Payable on second and final call per share (अंतिम मांग पर देय प्रति अंश)	25	-

सभी अंशों के लिए आवेदन किया गया एवं बंटन किया गया। समस्त देय राशियाँ समय पर प्राप्त हो गई। राखी लि0 की पुस्तकों में उक्त व्यवहारों को दर्ज करने के लिए आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ दीजिये तथा अंश पूँजी को चिट्ठे में प्रदर्शित कीजिये।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

All the shares were applied for and allotted. All money was duly received. Give necessary journal entries to record the above transactions in the books of Rakhi Ltd. and show the share capital in the balance sheet.

उत्तर: (paid up share capital ₹ 7,00,000)

5. गजेंद्र लि0 ने ₹10 वाले 30000 समता अंश अभिदान के लिए जनता को प्रस्तावित किये। प्रति अंश राशि इस प्रकार देय थीः आवेदन पर ₹3, बंटन पर ₹4 तथा शेष आवश्यकता पड़ने पर। 50,000 अंशों के लिए प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। 10,000 अंशों के आवेदकों को कोई अंश बंटित नहीं किये, उनकी आवेदन राशि लौटा दी गई। शेष आवेदकों को अंशों का यथानुपात बंटन किया गया। आबंटन राशि समय पर प्राप्त हो गई। उक्त व्यवहारों की जर्नल प्रविष्टियाँ दीजिये तथा चिठ्ठा तैयार कीजिये।

Gajendra Ltd. offered for subscription 30,000 equity shares of ₹ 10 each to public. Per share amount was payable as follows: on application ₹ 3 , on allotment ₹ 4 and balance as and when required. Applications were received for 50,000 shares, No share was allotted to the applicants of 10,000 shares, their application money was refunded. Shares were allotted to remaining applicants on pro-rata basis, allotment money was received in due time. Give journal entries for above transactions and prepare the balance sheet.

उत्तर : (चिटठे का योग ₹ 2,10,000)

6. ललिता लि0 की स्थापना ₹ 10,00,000 की अधिकृत पूँजी से की गई जो कि ₹ 10 वाले 1,00,000 समता अंशों में विभाजित थी। कंपनी ने जनता में 75,000 समता अंश ₹ 11 प्रति अंश के हिसाब से निर्गमित किये , जो इस प्रकार देय हैः आवेदन पर ₹ 3 , बंटन पर ₹ 4 (प्रीमियम सहित), शेष प्रथम एवं अंतिम मांग पर। जनता से 70,000 अंशों के लिए आवेदन प्राप्त हुए। निम्न के अतिरिक्त सभी धनराशियाँ समय पर प्राप्त हो गई। रमेश जिसके पास 1,000 अंश थे, बंटन तथा प्रथम मांग राशियाँ नहीं दी। सुरेश जिसके पास 2,000 अंश थे, प्रथम मांग राशि का भुगतान करने में असमर्थ रहा। उक्त व्यवहारों को कंपनी की जर्नल एवं रोकड़ बही में दर्ज कीजिये तथा चिठ्ठा तैयार करिये।

Lalita Ltd. was established with an authorised capital of ₹ 10,00,000 divided into 1,00,000 equity shares of ₹10 each, Company issued 75,000 shares to the public at ₹ 11 per share , which was payable as follows: ₹3 on application, ₹4 (including premium) on allotment and balance on first & final call. Applications were received for 70,000 shares from public, All the amount were received in time except the following: Ramesh who holds 1,000 shares, failed to pay the allotment & first and final call money. Suresh holds 2,000 shares , failed to pay first and final call money. Record the above transactions in the cash book and journal of the company and prepare balance sheet.

उत्तर : (paid up capital ₹ 6,85,000 and securities premium ₹ 69,000)

7. माधव लि0 ने ₹10 वाले 60,000 अंश जनता को निर्गमित किये, जो इस प्रकार देय थे : आवेदन पर ₹2, (1 अप्रैल 2016 को देय) , आबंटन पर ₹ 3 (1 जून 2016 को देय), प्रथम मांग पर ₹ 2.50 (1 सितंबर 2016 को देय), द्वितीय एवं अंतिम मांग ₹ 2.50 (1 फरवरी 2017 को देय) 1,00,000 अंशों के लिए आवेदन प्राप्त हुए तथा बंटन निम्न प्रकार किया गया : 50,000 अंशों के आवेदकों को पूर्ण ; 45,000 अंशों के आवेदकों को 10,000 अंश तथा 5,000 अंशों के आवेदकों को शून्य अंश बंटित किये। आवेदन पर प्राप्त अतिरिक्त राशि का उपयोग आबंटन तथा मांग राशियों पर किया गया। अग्रिम पर ब्याज सारणी–F के अनुसार चुकाया गया। उपरोक्त व्यवहारों को दर्ज करने के लिए जर्नल प्रविष्टियाँ दीजिये , यह मानते हुए कि सभी राशियाँ समय पर प्राप्त हो गयी।

Madhav Ltd. issued 60,000 shares of ₹10 each to the public, which were payable as follows : on application ₹ 2 (payable on 1st April, 2016) on allotment ₹ 3 (payable on 1st june , 2016) , on first call ₹ 2.5 (payable on 1st September,2016) , and on second & final call ₹ 2.5 (payable on 1st February,2017). Application were received for 1,00,000 shares & allotment was made as under: To applicants for 50,000 Shares-Full; to applicants for 45,000 shares- 10,000 shares and to applicants for 5,000 shares nil. Excess money received on application was utilised towards allotment and subsequent calls. Interest on calls in advance was paid as per table F. Give journal entries to record the above transactions, assuming all amounts due were received in time.

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

उत्तर : (interest on calls-in-advance ₹ 1950)

8. हिन्दुस्तान लि0 ने ₹10 वाले 50,000 समता अंश ₹ 2 प्रति अंश प्रीमियम पर जनता को निर्गमित किये, जो इस प्रकार देय थे:

आवेदन एवं बंटन पर	₹ 5 प्रति अंश (प्रीमियम सहित)
प्रथम मांग पर	₹ 3.50
द्वितीय एवं अंतिम मांग पर	₹ 3.50

85,000 अंशों के लिए प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। 10,000 अंशों के आवेदकों को मना कर दिया गया एवं उनकी आवेदन राशि लौटा दी गई। शेष आवेदकों को यथानुपात अंश बंटित किये गये। आवेदन एवं बंटन पर प्राप्त आधिक्य राशि का प्रयोग प्रथम मांग राशि के समायोजन में किया गया। 150 अंशों पर प्रथम मांग राशि प्राप्त नहीं हुयी। 400 अंशों पर द्वितीय एवं अंतिम मांग राशि प्राप्त नहीं हुई।

हिंदुस्तान लि0 की पुस्तकों में जर्नल प्रविष्टियां दीजिये तथा चिठ्ठे में अंश पूँजी को प्रदर्शित करिये।

Hindustan Ltd. issued 50,000 equity shares of ₹10 each at ₹2 per shares premium, to the public, which were payable as follows:

On application and allotment	:	₹5 per share (including premium)
On first call	:	₹3.5 per share
On second and final call	:	₹3.5 per share

Application were received for 85,000 shares. Applicants for 10,000 shares were refused and application money there on were returned. Shares were allotted to remaining applicants on pro rata basis. Allotment money was adjusted on the sums due on first call. First call was not received on 150 shares. Second and final call money was not received on 400 shares. Give journal entries in the books of Hindustan Ltd. and show the share capital in the balance sheet.

उत्तर : (calls-in-arrears ₹1550)

9. राजेश लि. ने 30,000 समता अंश ₹10 वाले ₹ 30 प्रति अंश प्रीमियम पर निर्गमित करने हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये। राशि इस प्रकार देय थी : आवेदन पर ₹10 प्रति अंश (₹8 प्रीमियम सहित); आबंटन पर ₹ 12 प्रति अंश (₹ 9 प्रीमियम सहित); प्रथम एवं अन्तिम मांग पर – शेष राशि। 28,000 अंशों के लिए आवेदन पत्र प्राप्त हुए। सभी मांगे मांग ली गई एवं तदानुसार प्राप्त हो गई सिवाय हरी द्वारा धारित 3000 अंशों के, जो कि बंटन एवं मांग राशि का भुगतान करने में असमर्थ रहा और ओम द्वारा धारित 2000 अंशों के, जो कि मांग राशि चुकाने में असमर्थ रहा। राजेश लि. की पुस्तकों में आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ दीजिए तथा उक्त मदों को चिट्ठे में प्रदर्शित कीजिए।

Rajesh Ltd. invited applications for issuing 30,000 Equity Shares of ₹10 each at a premium of ₹30 per share. The amount was payable as follows : on Application ₹10 per share (including ₹8 premium); on Allotment ₹ 12 per share (including ₹ 9 premium); on First and final call – Balance. Applications for 28000 shares were received. All the calls were made and were duly received except on 3000 shares held by Hari who failed to pay allotment and first and final call money and on 2000 shares held by Om who did not pay the first and final call. Give necessary journal entries in the books of Rajesh Ltd. and show the items in the Balance Sheet.

उत्तर : (Amtt. Received on Allotment ₹ 3,00,000 and on call ₹ 4,14,000. Total of Balance Sheet 9,94,000)

10. मॉर्डन लि. ने ₹10 वाले 10,000 समता अंशों को ₹11 प्रति अंश की दर पर जनता में प्रस्तावित किया। राशि इस प्रकार देय थी : आवेदन पर ₹ 3, आबंटन पर ₹4 (प्रीमियम सहित) तथा प्रथम एवं अन्तिम मांग ₹4. 12000 अंशों के लिए आवेदन प्राप्त हुए तथा संचालकों ने आनुपातिक बंटन किया। राकेश जिसने 240 अंशों के लिए आवेदन किया था, ने बंटन राशि के साथ ही मांग राशि का भुगतान कर दिया। सुकेश जिसे 100 अंश बंटित किये थे, ने बंटन राशि का भुगतान मांग राशि के साथ किया। आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ दीजिए।

Modern Ltd. offered to public 10,000 equity shares of ₹10 each at ₹11 per share. Amount was payable as follows : on Application ₹3; on Allotment ₹4 (including premium) and on first and final call ₹4. Applications were received for 12,000 shares and directors alloted on pro rata basis.

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Rakesh, Who applied for 240 shares paid call money alongwith allotment money. Sukesh to whom 100 shares were alloted paid allotment money alongwith call money. Give necessary journal entires.

उत्तर : (Arrear of allotment received with call ₹340, calls in advance ₹800.)

11. अग्रसेन लि. ने ₹10 वाले 20,000 समता अंश जनता को आवेदन हेतु प्रस्तुत किये जिनका भुगतान निम्न प्रकार देय था : आवेदन पत्र पर ₹3, आबंटन पर ₹4 तथा प्रथम एवं अन्तिम मांग पर ₹3। 41,000 अंशों के लिए आवेदन पत्र प्राप्त हुए, आबंटन निम्नानुसार किया गया– 3000 अंशों के आवेदकों को कोई आबंटन नहीं तथा 10,000 अंशों के आवेदकों को शत–प्रतिशत, 12000 अंशों के आवेदकों को 50 प्रतिशत तथा 16000 अंशों के आवेदकों को 25 प्रतिशत। आवेदन पर प्राप्त आधिक्य राशि का उपयोग बंटन तथा मांग राशि के समायोजन में किया गया। जिन आवेदकों को कोई अंश बंटित नहीं किये गये उनकी आवेदन राशि लौटा दी गई। सभी राशियां निर्धारित समय पर वसूल हो गयी। कम्पनी की पुस्तकों में जर्नल प्रविष्टियाँ दीजिए।

Agrasen Ltd. offered 20,000 equity shares of ₹10 each to public for application, on these payment was payable as follows : ₹3 on Application, ₹4 on Allotment and ₹ 3 on first and final call. Applications were received for 41,000 shares and allotment was made as follows-Applicants of 3000 shares were allotted non shares, Applicants of 10,000 shares were allotted 100 percent shares, applicants of 12000 shares were allotted 50 percent shares and Applicants of 16000 shares were allotted 25 percent shares. Excess money received on application was adjusted on allotment and call money. The applicants to whom no shares were allotted, application money was refunded, all money was received in time. Give journal entries in the books of company.

उत्तर : (Amount refund ₹17000, Adjusted on Allotment ₹34,000 and Adjusted on call ₹12,000)

12. एक कम्पनी ने प्रत्येक ₹ 100 वाले 25,000 समता अंश जनता को निर्गमित किये। अंशों पर राशियाँ इस प्रकार देय थी– **(क)** प्रार्थना पत्र पर ₹ 30, **(ख)** बंटन पर ₹ 50 (₹10 प्रीमियम सहित), **(ग)** प्रथम एवं अन्तिम मांग पर ₹30. 60,000 अंशों के लिए आवेदन प्राप्त हुए। 10,000 अंशों के प्रार्थियों को कोई बंटन नहीं किया गया और उनकी आवेदन राशि लौटा दी गई। शेष प्रार्थियों को यथानुपात बंटन किया गया। गणेश ने, जिसको 250 अंशों का बंटन किया गया था, प्रथम एवं अन्तिम मांग राशि नहीं चुकायी। अन्य सभी अंशधारियों ने समय पर भुगतान कर दिया। उपर्युक्त व्यवहारों की कम्पनी की पुस्तकों में जर्नल प्रविष्टियाँ दीजिए।

A company issued 25000 Equity Shares of ₹100 each to public. Amount on shares were payable as follows: **(a)** ₹ 30 on Application **(b)** ₹ 50 (including premium) on Allotment **(c)** ₹ 30 on first and final call. Applications were received for 60,000 shares. No shares was allotted to the applicants of 10,000 shares and their application money was refunded. Remaining applicants were made prorata allotment. Ganesh, to whom 250 shares were allotted failed to pay first and final call money, other shareholders has paid with in time. Give journal entries for above transactions in the books of the company.

उत्तर : (Amount refund ₹3,00,000, Amount Adjusted on Allotment ₹7,50,000 and Amount received on call ₹7,42,500)

13. यतेन्द्र लि० ने ₹100 वाले 6000, 11% ऋणपत्र जनता में निर्गमित किये। सम्पूर्ण राशि 01 जुलाई 2016 को आवेदन पर देय थी। कम्पनी को 8000 ऋणपत्रों के लिए आवेदन प्राप्त हुए। संचालकों ने 31 जुलाई 2016 को यथानुपात बंटन किया तथा आधिक्य आवेदन राशि लौटा दी। कम्पनी की पुस्तकों में आवश्यक जर्नल प्रविष्टियां दीजिए, यदि ऋणपत्रों का निर्गमन **(i)** सम मूल्य पर **(ii)** 5% प्रीमियम **(iii)** 4% बट्टे पर किया जाये।

Yatendra Ltd. issued 6000, 11% Debentures of ₹100 each to the public. Whole of the amount was payable on application on 1st July 2016. The company received applications for 8000 debentures- The directors made pro-rata allotment on 31st July 2016 and refunded the excess application money- Give necessary journal entries in the books of the company, if debentures are issued **(i)** at par **(ii)** at 5% premium **(iii)** at 4% discount.

उत्तर: Excess application money will be refunded (i) ₹200000 (ii) ₹210000 (iii) ₹192000

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

14. तन्मय लि० ने ₹100 वाले 2000, 9% ऋणपत्र 20% प्रीमियम पर निर्गमित किये जिन पर राशि इस प्रकार देय थी। आवेदन पर ₹40, बंटन पर ₹45 (प्रीमियम सहित) तथा शेष राशि प्रथम एवं अंतिम मांग पर 4,000 ऋणपत्रों के लिए आवेदन पत्र प्राप्त हुए। 1000 ऋणपत्रों के आवेदकों को बंटन से मना कर दिया गया तथा शेष आवेदको में 2000 ऋणपत्रों का यथानुपात बंटन किया गया। आधिक्य आवेदन राशि बंटन पर समायोजित की गई। समस्त देय राशियाँ समय पर प्राप्त हो गई। आवश्यक जर्नल प्रविष्टियां दीजिये।

Tanmay Ltd. issued 2000, 9% debentures of ₹100 each at 20% premium, payable as follows: ₹40 on application, ₹45 (including premium) on allotment and balance on first and final call. Applications were received for 4000 debentures. Applicants for 1000 debentures were refused to allot debentures and 2000 debentures were allotted among remaining applicants. Excess application money was adjusted on allotment. All the amount was received in time. Give necessary journal entries.

उत्तर: [Amount received on allotment ₹50000]

15. राजेंद्र लि० ने ₹100 वाले 15000 12% ऋणपत्र 5% बट्टे पर निर्गमित किये, जिन पर राशि इस प्रकार देय थी : आवेदन पर 30%, बंटन पर 35% तथा शेष प्रथम एवं अंतिम मांग पर। समस्त ऋणपत्रों के लिए आवेदन प्राप्त हुए तथा बंटन किया गया। समस्त राशियाँ समय पर प्राप्त हो गयी, सिवाय 500 ऋणपत्रों के एक धारक के जिसने प्रथम एवं अन्तिम मांग का भुगतान नहीं किया। कम्पनी की जर्नल व रोकड़ बही में प्रविष्टियाँ दीजिये।

Rajendra Ltd. issued 15000 12% debentures of ₹100 each at a discount of 5%, payable as follows 30% on application, 35% an allotment and balance on first and final call. Applications were received for whole of the debentures and debentures were allotted. All the amount was received in time except one debenture holder who hold 500 debentures did not pay the first & final call. Give entries in journal and cash book of the company.

उत्तर: [balance of cash book ₹14,10,000]

16. विष्णु लि० ने विपिन से ₹12,00,000 की सम्पत्ति एवं ₹,1,92,000 के दायित्वों के साथ चालू व्यापार खरीदा। क्रय प्रतिफल का भुगतान ₹100 वाले 7% ऋणपत्र निर्गमित कर किया गया। विष्णु लि0 की पुस्तकों में व्यापार क्रय व ऋण पत्रों के निर्गमन की प्रविष्टियाँ दीजिये, यदि ऋणपत्रों का निर्गमन (अ) सममूल्य पर (ब) 5% प्रीमियम पर (स) 4% बट्टे पर किया गया हो।

Vishnu Ltd. purchased the business of Vipin with the assets of ₹12,00,000 and liabilities of ₹1,92,000. Purchase consideration was paid by issuing 7% debentures of ₹100 each. Give journal entries in the books of Vishnu Ltd., for purchase of business and issue of debentures, if debentures are issued (A) at par (B) at 5% premium (C) at 4% discount.

उत्तर : No. of debentures to be issued (A) 10,080 (B) 9,600 (C) 10,500.

17. गजेन्द्र लि० ने बैंक ऑफ़ इंडिया से ₹5,00,000 का ऋण लिया तथा समपार्श्विक प्रतिभूति के रूप में ₹ 6,00,000 के 7% ऋण पत्र बैंक के पास रखे। गजेन्द्र लि० की पुस्तकों में जर्नल प्रविष्टियां दीजिये तथा चिट्ठा बनाइये। यदि, **(i)** समपार्श्विक प्रतिभूति के रूप में निर्गमित ऋणपत्रों की प्रविष्टि नहीं की जाती है। **(ii)** यदि ऋणपत्र निर्गमन पर प्रविष्टि की जाती है।

Gajendra Ltd. took a loan of ₹ 5,00,000 from Bank of India and put 7% Debentures of ₹6,00,000 to the bank as collateral security. Give journal entries in the books of Gajendra Ltd. and draw balance sheet. If (i) no entry was made (ii) entry was passed for issue of debentures as collateral security.

18. सतीश लि० ने ₹6 00 000 के 8% ऋणपत्रों का निर्गमन निम्न प्रकार किया–**(i)** ₹3,00,000 के 8% ऋणपत्रों को 20% प्रीमियम पर नकद के लिये। **(ii)** अर्नव लि० से ₹1,25,000 का कम्प्यूटर ख़रीदा, प्रतिफल स्वरुप उसको ₹1,50,000 अंकित मूल्य के 8% ऋणपत्र निर्गमित किये। **(iii)** बैंक से ₹1,00,000 का ऋण लिया। बैंक के पास समपार्श्विक प्रतिभूति के रूप में ₹1,50,000 के 8% ऋणपत्र जमा कराये। सतीश लि० की पुस्तकों में जर्नल प्रविष्टियाँ दीजिये एवं चिट्ठा तैयार कीजिये।

Satish Ltd. issued 8% debentures of ₹6,00,000 as follows: **(i)** 8% Debentures of ₹3,00,000 at 20% premium for cash. **(ii)** a computer of ₹1,25,000 purchased from Arnav Ltd., for the consideration of

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

it, issued 8% debentures with a nominal value of ₹1,50,000. **(iii)** taken a loan of ₹1,00,000 from bank- deposited to the bank 8% debentures of ₹1,50,000 as collateral security. Give journal entries in the books of Satish Ltd. and prepare balance sheet.

उत्तर : [Total of balance sheet ₹6,10,000],

19. निम्नलिखित परिस्थितियों में ऋणपत्रों के निर्गमन की आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ दीजिये–

(i) एक कम्पनी ने ₹100 वाले 1000 12% ऋणपत्र सम मूल्य पर निर्गमित किये जो सममूल्य पर शोध्य हैं।

(ii) एक कम्पनी ने ₹100 वाले 2000 8% ऋणपत्र 10% बटटे पर निर्गमित किये जो सममूल्य पर शोध्य हैं।

(iii) एक कम्पनी ने ₹100 वाले 5000 7% ऋणपत्र 5% प्रीमियम पर निर्गमित किये जो सम मूल्य पर शोध्य हैं।

(iv) एक कम्पनी ने ₹100 वाले 3000 6% ऋणपत्र सम मूल्य पर निर्गमित किये जो 5% प्रीमियम पर शोध्य हैं।

(v) एक कम्पनी ने ₹100 वाले 4000 8% ऋणपत्र 2% बट्टे पर निर्गमित किये जो 6% प्रीमियम पर शोध्य हैं।

(vi) एक कम्पनी ने ₹100 वाले 5000 7% ऋणपत्र 5% प्रीमियम पर निर्गमित किये जो की 6% प्रीमियम पर शोध्य हैं।

Give necessary journal entries for issue of debentures in the following cases :

(I) A company issued 1000 12% debentures of ₹100 each at par, redeemable at par.

(II) A company issued 2000 8% debentures of ₹100 each at discount of 10%, redeemable at par.

(III) A company issued 5000 7% debentures of ₹100 each at a premium of 5%, redeemable at par.

(IV) A company issued 3000 6% debentures of ₹100 each at par, redeemable at 5% premium.

(V) A company issued 4000 8% debentures of ₹100 each at a discount of 2%, redeemable at 6% premium.

(VI) A company issued 5000 7% debentures of ₹100 each at a premium of 5%, redeemable at 6% premium.

20 राकेश लि० ने 01 अप्रैल 2016 को ₹8,00,000 को 12% ऋणपत्र जनता को प्रस्तावित किये प्रत्येक ₹100 वाला, सम्पूर्ण भुगतान आवेदन पर 01 मई 2016 को या इससे पूर्व देय था। निर्गमन की शर्तों के अनुसार ऋणपत्रों पर ब्याज का भुगतान छमाही आधार पर प्रतिवर्ष 30 सितम्बर व 31 मार्च को 10% आयकर काटकर किया जायेगा। जनता से 8,000 ऋणपत्रों के लिए प्रस्ताव आये। कम्पनी ने 01 जून 2016 को बंटन किया। कम्पनी की पुस्तकों में वर्ष 2016–17 में ब्याज के भुगतान एवं लाभ– हानि विवरण में अंतरण की प्रविष्टियाँ दीजिये।

Rakesh Ltd. offered to public 12% debentures of ₹8,00,000, ₹100 each. Whole amount was payable on application on or before. 1st May 2016. As per term of issue debentures interest was payable half yearly basis on 30th September and 31st March each year, after deducting income tax at the rate of 10%. Public offered to purchase 8,000 debentures. Company made allotment of debentures on 01st june 2016. Give journal entries in the books of the company for payment of debentures interest for the year 2016-17 and transferred it to Statement of Profit & Loss.

उत्तर: [debentures interest will be transfer to statement of P&L ₹80,000 on 31st March 2017]

21. जी लि० ने 01 अप्रैल 2015 को ₹100 वाले 5000 12% ऋणपत्र 4% बट्टे पर निर्गमित किये। ऋणपत्रों का शोधन ₹1,00,000 की वार्षिक क़िस्तों में 31 मार्च 2017 से प्रारम्भ किया गया। प्रतिवर्ष अपलिखित की जाने वाली बट्टे की राशि की गणना कीजिये और कम्पनी की पुस्तकों में बट्टा खाता बनाइये।

Z Ltd. issued 5000 12% debentures of ₹100 each at a discount of 4% on 01st April 2015. The debentures were repayable by annual drawing of ₹1,00,000 starting on 31st March 2017. Calculate the amount of discount to be written off each year and also prepare discount on debentures account in the books of the company.

उत्तर: [31 मार्च 2017 से प्रतिवर्ष अपलिखित किया जाने वाला बट्टा क्रमशः ₹ 5,000 , ₹ 5,000 , ₹ 4,000 , ₹3,000 , ₹ 2,000 एवं ₹ 1,000]

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

6

कम्पनी के वित्तीय विवरण एक परिचय
[Introduction of Financial Statement of Company]

अध्ययन उद्देश्य (Learning objectives)

इस अध्याय के अध्ययन के बाद आप जान पाऐंगे:

- वित्तीय विवरणों का अर्थ
- वित्तीय विवरणों की विशेषताऐं
- वित्तीय विवरणों के उद्देश्य
- कम्पनी का चिटठा/ स्थिति विवरण का प्रारूप एवं चिटठा तैयार करने के लिए सामान्य निर्देश
- कम्पनी के लाभ–हानि विवरण का प्रारूप एवं कम्पनी के लाभ–हानि विवरण तैयार करने के लिए सामान्य निर्देश

वित्तीय विवरणों का अर्थ [Meaning of Financial Statements]

वित्तीय विवरणों का आशय उन विवरणों से है जो लेखा वर्ष के अन्त में व्यवसाय की लाभदायकता (Profitability) एवं वित्तीय स्थिति (Financial Position) को प्रकट करते हैं। वित्तीय विवरण वित्तीय लेखांकन कार्य के अन्तिम उत्पाद है। ये विवरण किसी संस्था की वित्तीय सूचनाओं को संक्षिप्त रूप में प्रस्तुत करते हैं।

इस प्रकार ''वित्तीय विवरण से आशय ऐसे विवरण से है जो लेखा अवधि की समाप्ति पर व्यवसाय की वित्तीय स्थिति एवं व्यावसायिक कार्यों के परिणाम को प्रकट करता है।''

जॉन एन. मॉयर के अनुसार"वित्तीय विवरण शब्द, जैसा कि आधुनिक व्यवसाय में प्रयुक्त किया जाता है, जो दो विवरण, जिनको कि लेखापाल व्यावसायिक संस्था के लिए निश्चित अवधि के अन्त में तैयार करता है, के लिए प्रयुक्त होता है। ये विवरण चिट्ठा या वित्तीय स्थिति का विवरण और आय विवरण या लाभ–हानि विवरण है।"

कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 2(40) के अनुसार कम्पनी के वितीय विवरणों में निम्नलिखित को शामिल किया जाता है :-

(i) वित्तीय वर्ष के अन्त में स्थिति विवरण (Balance Sheet); **(ii)** वितीय वर्ष के लिए लाभ–हानि का विवरण (Statement of Profit & Loss); **(iii)** वित्तीय वर्ष के लिए रोकड प्रवाह विवरण (Cash Flow Statement); **(iv)** यदि लागू हो तो, समता में परिवर्तनों का विवरण (Statement of Changes in Equity); **(v)** स्पष्टीकरण नोट (Explanatory Note)

एक व्यक्ति कम्पनी (one person company), लघु कम्पनी (small company), एवं निष्क्रिय/गुप्त कम्पनी (dormant company) को अपने वित्तीय विवरणों के साथ रोकड प्रवाह विवरण बनाने से मुक्त रखा गया है।

वित्तीय वर्ष (Financial Year):कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 2(41) के अनुसार कम्पनी या निगमित संस्था की दृष्टि से प्रत्येक वर्ष 31 मार्च को समाप्त होने वाली अवधि को वित्तीय वर्ष कहा जाता है। इस प्रकार यदि इसका समामेलन 01 जनवरी या इसके बाद हुआ है, तो अगले वर्ष 31 मार्च को समाप्त होने वाली अवधि जिसके सम्बन्ध में कम्पनी के वित्तीय विवरण तैयार किये जाते हैं, वित्तीय वर्ष कहलायेगा।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 129(1) के अनुसार कम्पनी के वित्तीय विवरणों को कम्पनी की वितीय स्थिति का (i) सही एवं उचित चित्र (True and Fair view) प्रस्तुत करना चाहिए:**(ii)**धारा 133 के अनुसार लेखांकन प्रमापों का पालन करना चाहिए, तथा **(iii)** यह अनुसूची III में दिये गये निर्धारित प्रारूप में होने चाहिए।

वित्तीय विवरणों की विशेषताएँ (Characteristics of Financial Statements)

(i) वित्तीय विवरणों में सूचनाओं को मौद्रिक रूप में प्रस्तुत किया जाता है। **(ii)** वित्तीय विवरण ऐतिहासिक प्रपत्र कहलाते हैं क्योंकि ये पिछली अवधि से सम्बंधित होते हैं। **(iii)**वित्तीय विवरण संस्था की लाभप्रदता को लाभ–हानि विवरण के माध्यम से तथा वित्तीय स्थिति को चिट्ठा/विवरण के माध्यम से प्रस्तुत करते हैं। **(iv)** वित्तीय विवरण सूचनाओं के प्रयोगकर्ताओं को अनेक प्रकार की सूचनाऐं उपलब्ध कराते हैं।

वित्तीय विवरणों के उददेश्य (Objectives of Financial Statements)

वित्तीय विवरण सूचनाओं के ऐसे स्त्रोत होते है जो इनके उपयोगर्ताओं को विभिन्न प्रकार की सूचना उपलब्ध कराते हैं। वित्तीय सूचनाओं को उपयोग करने वाले अनेक वर्ग जैसे– अंशधारी, लेनदार, ऋणदाता, प्रबन्धक, कर्मचारी, सरकार, बैंक एवं वित्तीय संस्थान, कर अधिकारी अनुसंधानकर्ता आदि अनेक प्रकार के निर्णयों के लिए इन सूचनाओं का उपयोग करते हैं। इस प्रकार वित्तीय विवरणों का मुख्य उद्देश्य संस्था की वित्तीय स्थिति, निष्पादन तथा रोकड प्रवाह के बारे में सूचना देना है ताकि विभिन्न उपयोगकर्ता आर्थिक निर्णय ले सकें। संक्षेप में वितीय विवरणों के उददेश्य निम्न है :–

1.व्यावसायिक संस्था की वित्तीय स्थिति से सम्बन्धित आवश्यक सूचनाऐं उपलब्ध करवाना। **2.** व्यावसायिक संस्था की लाभदायकता से सम्बन्धित आवश्यक सूचनाऐं प्रस्तुत करना। **3.**वित्तीय विवरणों में रुचि रखने वाले विभिन्न वर्गों को पर्याप्त एवं वांछित सूचनाऐं उपलब्ध करवाना।**4.**भावी निर्णयों के लिए आधार प्रस्तुत करना। **5.** व्यवसाय की वित्तीय स्थिति एवं लाभ–हानि का सही एवं उचित चित्र (True and fair view) प्रस्तुत करना। **6.**संस्था द्वारा सामाजिक वातावरण को उन्नत करने हेतु किये गये कार्यों की जानकारी उपलब्ध कराना।

कम्पनी का चिटठा–स्थिति विवरण
(Balance Sheet of a Company)

प्रत्येक वर्ष के अन्त में कम्पनी द्वारा स्थिति विवरण एवं लाभ–हानि विवरण तैयार किये जाते हैं, जिन्हें वार्षिक खाते कहते हैं। कम्पनी के ये आधारभूत विवरण कम्पनी अधिनियम 2013 की अनुसूची III में दिये गये प्रारूप के अनुसार होने चाहिए। अनुसूची III के भाग I में स्थिति विवरण (Balance Sheet) का प्रारूप दिया गया है और भाग II में लाभ–हानि विवरण (Statement of Profit & Loss) का प्रारूप दिया गया है। इसके साथ ही इसको तैयार करने हेतु आवश्यक निर्देश (General Instructions for Preparation of Balance Sheet/ Statement of Profit&Loss) भी दिये गये हैं। अनुसूची III के अनुसार कम्पनी का चिटठा–स्थिति विवरण तैयार करने का नया शीर्ष प्रारूप (Vertical Form) निम्न प्रकार है:

PART – I
FORM OF BALANCE SHEET
Name of Company
Balance Sheet as at

Particulars	Note No.	Figures as at the end current reporting period	Figures as at the end of the previous reporting period
1	2	3	4
I. EQUITY AND LIABILITIES			
(1) Share holder's funds			
(a) Share capital			
(b) Reserves and surplus			
(c) Money received against share warrants			
(2) Share application money pending allotment			
(3) Non-Current Liabilities			
(a) Long-term borrowings			

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

(b) Deferred tax Liabilities (Net)			
(c) Other Long term Liabilities			
(d) Long-term provisions			
(4) Current Liabilities			
(a) Short-term borrowings			
(b) Trade Payables			
(c) Other current Liabilities			
(d) Short-term provisions			
Total			
II . Assets			
(1) Non-current assets			
(a) Fixed assets			
(i) Tangible assets			
(ii) Intangible assets			
(iii) Capital work-in-progress			
(iv) Intangible assets under Development			
(b) Non-current Investments			
(c) Deferred tax assets (Net)			
(d) Long-term Loan and Advances			
(e) Other non-current assets			
(2) Current assets			
(a) Current Investments			
(b) Inventories			
(c) Trade Receivables			
(d) Cash and cash equivalents			
(e) Short-term loans and Advances			
(f) Other current assets			
Total			

चिट्ठा–स्थिति विवरण तैयार करने के लिए सामान्य निर्देश
(General Instructions for Preparation of Balance Sheet)

1. चालू सम्पति (Current Assets) - किसी भी सम्पति को चालू सम्पति (Current Assets) तभी माना जाएगा जब वह निम्न में से किसी एक कसौटी को पूरा करती हो : **(a)** इसके कम्पनी के सामान्य संचालन चक्र (Normal operating cycle) में वसूल होने की सम्भावना है या यह विक्रय करने (sale) या उपभोग (consumption) करने के लिए है। **(b)** यह मुख्यत; व्यापार करने के लिए रखी गई है। **(c)** इसके विवरण तैयार होने की तिथि के 12 माह के अन्दर वसूल होने की सम्भावना है। शेष सभी सम्पतियों को गैर चालू सम्पति (Non-Current Assets) माना जाएगा।

2. संचालन चक्र (Operating Cycle) –संचालन चक्र वह समयावधि है जो किसी सम्पति के क्रय करने और इसके नकद अथवा नकद तुल्यों में परिवर्तन होने के बीच की अवधि है। जब संचालन चक्र की अवधि को मापा नहीं जा सकता है तो यह अवधि 12 माह की मान ली जाती है।

3. चालू दायित्व (Current Liability):किसी दायित्व को **चालू दायित्व** (Current Liability) तभी माना जाएगा जब वह निम्न में से किसी एक कसौटी को पूरा करता हो : **(a)** इसके कम्पनी के सामान्य संचालन चक्र (Normal operating cycle) की अवधि में भुगतान की सम्भावना है। **(b)** यह मुख्यतः व्यापार करने के उददेश्य से रखा गया हो। **(c)** इसके विवरण तैयार करने की तिथि के 12 माह के अन्दर भुगतान किये जाने की सम्भावना है।
शेष सभी दायित्वों को **गैर चालू दायित्व** (Non Current) माना जायेगा।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

4. व्यापारिक प्राप्यताएं (Trade Receivables) : एक प्राप्य को व्यापारिक प्राप्यताएं के रूप में वर्गीकृत किया जाएगा, यदि वह व्यवसाय की सामान्य व्यावसायिक क्रियाओं के अन्तर्गत माल के विक्रय अथवा सेवाएं प्रदान करने के सम्बन्ध में प्राप्य राशि से सम्बन्धित है। व्यापारिक प्राप्यों में विविध देनदार (Sundry Debtors) एवं प्राप्य बिलों (Bills Receivables) को शामिल किया जाता है।

5. व्यापारिक देयताएं (Trade Payables): एक देयता को व्यापारिक देयताएं के रूप में वर्गीकृत किया जायेगा, यदि यह व्यवसाय की सामान्य व्यावसायिक क्रियाओं के अन्तर्गत **माल के क्रय** अथवा **सेवाएं प्राप्त करने** के सम्बन्ध में देय राशि से सम्बन्धित है। व्यापारिक देयताओं में विविध लेनदार (Sundry Creditors) एवं देय बिलों (Bills Payables) को शामिल किया जाता है।

6. स्थिति विवरण में दी गई मदों के स्पष्टीकरण के लिए पहले अनुसूची (Schedule) शब्द का प्रयोग किया जाता था परन्तु अब **'Notes to Accounts'**शब्द का प्रयोग किया जाता है।

अब कम्पनी निम्नलिखित को लेखांकन की टिप्पणी (Notes to Accounts) के रूप में दिखायेंगी:

समता एवं दायित्वों का स्पष्टीकरण (Explanation of Equity and Liabilities)

1. अंशधारी कोष (Shareholders Funds); (a) अंश पूँजी(Share Capital):- अंश पूँजी शीर्षक के अन्तर्गत दिखाई जाने वाली कुछ मदें निम्नलिखित हैं :–

(i)अधिकृत (Authorised) अंशों की संख्या एवं राशि; **(ii)** निर्गमित (Issued), प्रार्थित (Subscribed) और पूर्णतया चुकता (Fully paid up), और प्रार्थित परन्तु पूर्णतया चुकता नहीं(Subscribed but not fully paid) अंशों की संख्या; **(iii)** प्रति अंश का सम मूल्य (Par value); **(iv)**प्रतिवेदित अवधि के प्रारम्भ व अन्त में अदत्त अंशों की संख्या का मिलान; **(v)** कम्पनी के 15% से अधिक अंश धारण करने वाले प्रत्येक अंशधारी द्वारा धारित अंशों की संख्या को निर्दिष्ट करते हुए; **(vi)** स्थिति विवरण तैयार करने के तुरन्त पूर्व 5 वर्षों की अवधि में **(A)** अनुबंधों के पालन में बिना रोकड प्राप्त किये, पूर्णतया चुकता अंशों के रूप में अतंरित किये गये अंशों की संख्या एवं प्रकार; **(B)**बोनस अंशों के रूप में पूर्णतया चुकता अंशों के रूप में आबंटित किए गए अंशों की संख्या एवं प्रकार; **(C)** वापस क्रय किये गये (Buy Back) अंशों की संख्या एवं प्रकार। **(vii)** अदत याचनाएँ (Calls unpaid) संचालकों एवं अधिकारियों द्वारा न चुकाई गई याचनाओं की राशि को प्रदर्शित करते हुए। अदत याचनाओं को Subscribed Capital में से घटाया जायेगा। **(viii)** हरण किये गये अंशों (Forfeited shares) पर प्राप्त राशि। अंश पूँजी को लेखांकन टिप्पणी (Notes to Accounts) में इस प्रकार दर्शाया जाएगा:

Note No.	Particulars			Amount ₹
1.	**(A) Share Capital:**			
	Authorised Capital			
	…. Shares of ₹ …..each			xxx
	Issued Capital			
	… Shares of ₹ ….each			xxx
	Subscribed and Fully paid up			
	... Shares of ₹ …. Each		xxx	
	Subscribed but not Fully paid up			
	… Shares of ₹ each ₹ … colled up	xxx		
	Less: Calls in Arrears	xxx	xxx	
	Add: Shares Forfeited A/c		xxx	xxx
	Total			**xxx**

नोट:–समता अंश पूँजी (Equity share Capital) एवं पूर्वाधिकार अंश पूँजी (Preference share Capital) को पृथक–पृथक दर्शाना है।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

उदाहरण 1: सर्वेश्वर लि. का पंजीकरण ₹ 1,20,00,000 की अधिकृत पूँजी से हुआ जो कि ₹ 10 वाले 10,00,000 समता अंशों में तथा ₹ 100 वाले 20,000 9% पूर्वाधिकार अंशों में विभाजित थी। कम्पनी द्वारा ₹ 10 वाले 2,00,000 समता अंश विक्रेताओं को सम्पति की आपूर्ति के बदले जारी किये जा चुके है तथा ₹ 100 वाले 20,000 9% पूर्वाधिकार अंश जारी किये जिनके बदले सम्पूर्ण नकद राशि प्राप्त हो चुकी है।

अब कम्पनी ने ₹ 10 वाले 4,00,000 समता अंश ₹ 3 प्रति अंश प्रीमियम पर जारी किये, भुगतान इस प्रकार देय था: आवेदन पर ₹ 4, आबंटन पर (प्रीमियम सहित)₹ 5, शेष आवश्यकता पडने पर कम्पनी को समस्त अंशों के लिए आवेदन पत्र प्राप्त हुए तथा बंटन किया गया। एक अंशधारी जिसके पास 5,000 अंश थे, उसने आबंटन राशि का भुगतान नहीं किया तथा शेष अंशधारियों द्वारा आबंटन का भुगतान कर दिया गया। उक्त सूचनाओं को कम्पनी के चिट्ठे में 'समता एवं दायित्व' भाग में दर्शाइये।

Sarvesahwar Ltd; was registered with an authorized capital of ₹ 1,20,00,000 divided in 10,00,000 equity shares of ₹ 10 each and 20,000 9% preference shares of ₹ 100 each. Company has issued 2,00,000 equity shares of ₹ 10 each to vendors in consideration for supply of assets and it has issued 20,000; 9% preference shares of ₹ 100 each on which all amount has received in cash.

Now the Company issued 4,00,000 equity shares of ₹ 10 each at a premium of ₹ 3 per share, payable as follows ₹ 4 on Applications; ₹ 5 on Allotment (including premium); balance as and when required. The Company received applications for all these shares and allotment was done by the company. A share holder holds 5,000 shares did not pay the allotment money and remaining share holders has paid allotment money. Show the above informations in the Balance Sheet of the company under. "Equity and Liabilities part."

हल: **Balance Sheet of Sarvesahwar Ltd.**

As at……

Particulars	Notes No.	Current Year ₹	Previous Year ₹
EQUITY AND LIABILITIES			
(I) Share holders' Funds			
(a) Share Capital	1	63,90,000	
(b) Reserves & Surplus	2	11,85,000	
		75,75,000	

Notes to Accounts:

(1) Share Capital			
Authorised Capital:			
20,000 9% Preference Shares of ₹ 100 each		20,00,000	
10,00,000 Equity Shares of ₹ 10 each		1,00,00,000	
		1,20,00,000	
Issued Capital			
20,000, 9% Preference shares of ₹ 100 each		20,00,000	
2,00,000 Equity shares of ₹ 10 each fully paid up issued to vendors		20,00,000	
4,00,000 Equity shares of ₹ 10 each issued to Pubilc		40,00,000	
		80,00,000	
Subscribed Capital			
Subscribed and fully paid capital			
20,000, 9% Preference shares of ₹ 100 each		20,00,000	

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

20,000 Equity shares of ₹ 100 each Fully paid up issued to vendors		20,00,000	
Subscribed but not Fully paid capital:			
4,00,000 Equity shares of ₹ 10 each issued to public, ₹ 6 Called up	24,00,000		
Less: Calls in Arrear on 5,000 shares @ ₹ 2	10,000	23,90,000	
		63,90,000	
(2) Reserves and Surplus:			
Securities premium (4,00,000 shares@₹3 each	12,00,000		
Less: Calls in Arrear on 5,000shares@₹3each	15,000	**11,85,000**	

(b) संचय एवं आधिक्य (Reserves and Surplus): (i) संचय एवं आधिक्य को निम्न प्रकार वर्गीकृत किया जायेगा: **(a)** पूँजी संचय (Capital Reserves); **(b)** पूँजी संशोधन संचय (Capital Redemption Reserves); **(c)** प्रतिभूति प्रीमियम संचय (Securities Premium Reserves); **(d)** ऋणपत्र शोधन संचय (Debenture Redemption Reserves); **(e)** पुनर्मूल्यांकन संचय (Revaluation Reserves); **(f)** अंश विकल्प अदत्त खाता (Share option outstanding Account); **(g)** अन्य संचय (other Reserves) (प्रत्येक संचय की प्रकृति, उददेश्य एवं राशि स्पष्ट करते हुए); **(h)** आधिक्य (Surplus) अर्थात लाभांश (Dividend), बोनस अंश एवं संचयों में हस्तान्तरण के पश्चात लाभ–हानि विवरण (Statement of Profit & Loss) का शेष।

(ii) ऐसा संचय (Reserve) जिसे विनियोग कर दिया गया हो, कोष (Fund) कहलायेगा।

(iii) लाभ–हानि विवरण (Profit & Loss Statement) के डेबिट शेष को आधिक्य (Surplus) शीर्षक के अन्तर्गत ऋणात्मक (Negative) संख्या के रूप में दिखाया जाएगा अर्थात घटाया जाएगा। इस प्रकार 'Surplus के 'Negative' शेष को Reserves and Surplus में समायोजित करने के बाद यदि Reserves and Surplus का ऋणात्मक शेष बचता है तो भी इसी शीर्षक के अन्तर्गत दिखाया जायेगा।

नोट :- 1. अंश विकल्प अदत्त खाता, कर्मचारी क्षतिपूर्ति की ऐसी योजना है जिसके अन्तर्गत कम्पनी के कर्मचारियों को यह विकल्प दिया जाता है कि वे भविष्य में निश्चित अवधि पर पूर्व निर्धारित मूल्य पर निश्चित मात्रा में अंश खरीदने के लिए आवेदन कर सकते हैं। ये अंश सामान्यतया बाजार मूल्य से कम (रियायती दर) पर दिये जाते हैं। **2. प्रारम्भिक व्यय–** भारतीय लेखा मानक AS-26 के अनुसार प्रारम्भिक व्ययों को चिट्ठे में नहीं दिखाया जाएगा अपितु जिस वर्ष वे खर्चे हुए है उसी वर्ष अपलिखित किया जाना चाहिए। प्रथम प्रतिभूति प्रीमियम से तत्पश्चात लाभ–हानि विवरण से। **3.** ऋणपत्रों के निर्गमन पर बट्टा तथा हानि को ऋणपत्रों की अवधि में या 5 वर्षो में पूँजीगत लाभों से अथवा लाभ–हानि विवरण से अपलिखित किया जाना चाहिए। **4.** अंशों के निर्गमन व्यय तथा अभिगोपन कमीशन को भी 3 से 5 वर्षो में पूँजीगत लाभों में से अथवा लाभ हानि विवरण (surplus) में से अपलिखित किया जाना चाहिए।

अनुसूची III के अनुसार Profit & Loss Appropriation Account नहीं बनाया जाएगा। इसका आशय है कि समायोजनों (Appropriations) को Notes में दिखाया जाएगा। इस हेतु अग्र उदाहरण देखें–

उदाहरण 2. विशाखा लि. की पुस्तकों में 01 अप्रैल, 2016 को निम्न शेष थे:

	₹
प्रतिभूति प्रीमियम (Securities Premium)	1,00,000
ऋणपत्र शोधन संचय (Debenture Redemption Reserves)	2,00,000
लाभ–हानि विवरण (Statement of Profit & Loss)	(4,00,000)

कम्पनी ने 31.03.2017 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए ₹ 15,00,000 का लाभ कमाया। इसमें से सामान्य संचय (General Reserves) में ₹ 4,00,000, ऋणपत्र शोधन संचय (Debenture Redemption Reserves) में ₹ 4,00,000 अन्तरण (Transfer) करने का निश्चय किया। संचालकों ने ₹ 2,00,000 अन्तिम लाभांश (Final Dividend) का प्रस्ताव किया। उक्त मदों को स्थिति विवरण एवं लेखांकन टिप्पणी (Notes to Accounts) में दर्शाइये।

Vishakha Ltd. has the following balance on 1st April, 2016;	₹
Securities Premium	1,00,000
Debenture Redemption Reserves	2,00,000

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Statement of Profit and Loss (4,00,000)

Company earned a profit of ₹15,00,000 for the year ended 31st March,2017. It is decided to transfer ₹ 4,00,000 to General Reserves and ₹ 4,00,000 to Debenture Redemption Reserves. Directors proposed a final dividend of ₹ 2,00,000. Show the above items in the Balance Sheet and Notes to Accounts.

Extract of Balance Sheet of Vishakha Ltd.
as at 31 March, 2017

Particulars	Note No.	31-03-2017	31-03-2016
I EQUITY AND LIABILITIES:			
(1)Share holders Funds			
Reserves and Surplus	**1**	**12,00,000**	**(1,00,000)**
(2) Current Liabilities			
Short term Provisions	**2**	**2,00,000**	

Notes to Accounts

Particulars	₹	₹	31-03-2017 ₹
(1) Reserves and Surplus			
(a) Securities Premium			1,00,000
(b) Debenture Redemption Reserves			
Opening Balance		2,00,000	
Transfer from Surplus		4,00,000	6,00,000
(c) General Reserves			
Opening Balance		-	
Transfer from Surplus		4,00,000	4,00,000
(d) Surplus			
Balance of Statement of P&L (opening)		(4,00,000)	
Surplus for the period		15,00,000	
Available for Appropriations		11,00,000	
Less: Appropriations:			
Debenture Redemption Reserves	4,00,000		
General Reserves	4,00,000		
Proposed Dividend	2,00,000	10,00,000	1,00,000
			12,00,000
(2) Short term Provisions:			
Proposed Dividend			**2,00,000**

(c) अंश वारंट के बदले प्राप्त नकद राशि (Money received against share warrants) :- अंश वारंट एक सार्वजनिक कम्पनी द्वारा जारी किया गया ऐसा वित्तीय प्रलेख है जो इसके धारक को बाद की किसी तिथि पर एक निश्चित संख्या में समता अंश प्राप्त करने का अधिकार प्रदान करता है। अंश वांरट के बदले प्राप्त राशि को अंश पूँजी के रूप में नहीं दिखाया जाता है क्योंकि अभी अंशों का आबंटन होना बाकी है। अत: इसे पृथक रूप से दर्शाते हुए shareholders'fund में सम्मिलित किया जाता है।

2. अंश आवेदन राशि, जब तक आबन्टन न हो (Share Application Money Pending Allotment) :- यदि किसी कम्पनी द्वारा अंशों पर आवेदन राशि को प्राप्त कर ली गई हो, परन्तु चिटठा बनाने की तिथि तक अंशों का आबन्टन नहीं किया गया हो तो इस राशि तो इस शीर्षक के अन्तर्गत दर्शाया जाता है।

3. गैर चालू दायित्व (Non Current Liabilities):- गैर चालू दायित्व वह दायित्व है, जो चालू दायित्व नहीं है। इनका वर्गीकरण निम्न प्रकार किया गया है: **(i)** दीर्घ कालीन ऋण (Long-term Borrowings):- दीर्घकालीन ऋणों

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

से आशय कम्पनी द्वारा लिये गये ऐसे ऋणों से है जो ऋण लेने की तिथि से 12 माह पश्चात देय हो। इनका वर्गीकरण इस प्रकार है; **(a)** बॉण्ड/ऋणपत्र (Bonds/Debenture)

(b) अवधि ऋण (Term Loans) **(क)** बैंकों से **(ख)** अन्य पक्षकारों से

(c) स्थगित भुगतान दायित्व (Deferred Payment Liabilities)

(d) जमाऐं (Deposits) जो 12 माह पश्चात देय है।

दीर्घकालीन ऋणों को सुरक्षित (Secured) एवं असुरक्षित (Unsecured) उपवर्गों में भी वर्गीकृत किया जायेगा। यदि दीर्घकालीन ऋणों का कुछ भाग स्थिति विवरण की तिथि से 12 माह के भीतर देय हो तो उस भाग को अन्य गैर चालू दायित्व (other current Liabilities) शीर्षक के अन्तर्गत 'Current Maturity of Long Term Debts' के रूप में दिखाया जायेगा।

(ii) स्थगित कर दायित्व (Defferd Tax Liabilities) (Net):- लेखांकन आय पर कर और कर योग्य आय पर कर के अन्तर को स्थागित कर कहा जाता है। कर योग्य आय (Taxable Income) की गणना प्रचलित कर कानूनों के आधार पर होती है जबकि लेखांकन आय (Accounting Income) संस्था में प्रचलित लेखांकन प्रणालियों के आधार पर निर्धारित की जाती है। लेखांकन आय संस्था के लाभ हानि विवरण द्वारा प्रदर्शित की जाती है। वर्तमान में प्राय: कर आयोजन (Provision for Tax) की गणना कर योग्य आय के आधार पर की जाती है, परन्तु इसकी गणना लेखांकन आय के आधार पर भी की जा सकती है।

स्थगित कर दायित्व(Deferred Tax Liabilities):- स्थगित कर दायित्व उस समय उत्पन्न होता है जब लेखांकन आय कर योग्य से अधिक होती है।

(iii) अन्य दीर्घकालीन ऋण (Other Long Term Liabilities):- इन्हें निम्न प्रकार वर्गीकृत किया जायेगा:

(a) व्यापारिक देयताएँ (Trade Payable) - यदि ये 12 माह के पश्चात देय है। **(b)** अन्य (Others)

(iv) दीर्घकालीन आयोजन (Long Term Provisions):- वे सभी आयोजन जिनके विरूद्ध दावे स्थिति–विवरण की तिथि से 12 माह पश्चात चुकाये जाने की सम्भावना है, उन्हें 'Long Term Provisions' के अन्तर्गत दर्शाया जाता है। इन्हें निम्न प्रकार वर्गीकृत किया जाता है। **(a)** कर्मचारी हितों के लिए आयोजन (Provision for Employee Benefits) **(b)** अन्य (Others) वारन्टी के लिए आयोजन।

4. चालू दायित्व (Current Liabilities):- वे दायित्व जिनका भुगतान स्थिति विवरण तैयार करने की तिथि से 12 माह के अन्दर किये जाने की सम्भावना है। इन्हें निम्न प्रकार वर्गीकृत किया जाएगा :

(a) अल्पकालीन ऋण (Short Term Borrowings):- (i) मांग पर देय ऋण (Loan repayable on Demand):

(क) बैंकों से (From Banks) – Cash Credit and OverDraft etc; (ख) अन्य पक्षकारों से (From Others)

(ii) जमायें (Deposits); (iii) अन्य ऋण एवं अग्रिम (Other Loans and Advances)

(b) व्यापारिक देयताएँ (Trade Payables) :- यदि यह 12 माह या इससे कम अवधि में देय है। इनके उदाहरण हैं: Creditors and Bills Payable

(c) अन्य चालू दायित्व (Other Current Liabilities):- इन्हें निम्न प्रकार वर्गीकृत किया जाएगा–

(i) दीर्घकालीन ऋण जो वर्तमान में देय है (Current Maturities of Long Term Debts) - ऋणपत्रों या बैंक ऋण की वह राशि जो स्थिति विवरण की तिथि से 12 माह के अन्दर देय है।

(ii) ऋणों पर अदत्त ब्याज, किन्तु देय नहीं (Interest accrued but not due on borrowings)

(iii) ऋणों पर अदत्त एवं देय ब्याज (Interest accrued and due on Borrowings)

(iv) अग्रिम प्राप्त आय (Income Received in Advances) **(v)** न चुकाया गया लाभांश (Unpaid Dividends)

(vi) प्रतिभूतियों के आवेदन के लिए प्राप्त आधिक्य आवेदन राशि जो वापिस करनी है और इस पर देय ब्याज।

(vii) जमा राशियाँ (Deposits) जो भुगतान के लिए देय (matured) हो गयी हों परन्तु चुकाई नहीं गई है और इन पर देय ब्याज।

(viii) ऋणपत्र जो भुगतान के लिए देय (matured) हो गये हैं परन्तु चुकाए नहीं गये है और इन पर देय ब्याज।

(ix) अन्य देय राशियाँ (Other Payables) : बकाया व्यय, अग्रिम मांग एवं उस पर ब्याज, न मांगा गया लाभांश, प्रोविडेण्ट फण्ड आदि।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

(d) अल्प कालीन आयोजन (Short term Provisions) :-ऐसे आयोजन जिनके विरूद्ध दावे स्थिति विवरण की तिथि से 12 माह के अन्दर उत्पन्न होने की सम्भावना है, उन्हें 'Short Term Provisions' के अन्तर्गत दर्शाया जायेगा। उन्हें निम्न प्रकार वर्गीकृत किया जायेगाः **(i)** कर्मचारी कल्याण आयोजन (Provision for Employee benefits) **(ii)**अन्य (जैसे –Provision for Tax, Proposed Dividend) **(iii)** संदिग्ध ऋणों के लिए आयोजन (Provision for Doubtful Debts)

सम्पतियों का स्पष्टीकरण
(Explanation of Assets)

I. गैर चालू सम्पत्तियाँ (Non Current Assets):-वे सम्पत्तियाँ जिन्हें चालू सम्पत्तियाँ के रूप में वर्गीकृत नहीं किया जाता है।

(a) स्थायी सम्पत्तियाँ (Fixed Assets) :- स्थायी सम्पत्तियाँ वे सम्पत्तियाँ हैं जिन्हें व्यवसाय में निरन्तर उपयोग के लिये रखा जाता है न कि विक्रय के लिए।

(i) मूर्त सम्पत्तियाँ (Tangible Assets):- मूर्त सम्पत्तियाँ वे सम्पत्तियाँ हैं जिन्हें भौतिक रूप से देखा या छुआ जा सकता है। इनका वर्गीकरण है:

(A) भूमि (Land) **(B)** भवन (Building) **(C)** संयत्र एवं उपकरण (Plant and Equipment) **(D)** फर्नीचर एवं साज-सज्जा (Furniture and Fixtures) **(E)** वाहन (Vehicles) **(F)** कार्यालय उपकरण (Office Equipment) **(G)** अन्य (Others)

(ii) अमूर्त सम्पत्तियाँ (Intangible Assets):- वे सम्पत्तियाँ जिनका कोई भौतिक अस्तित्व नहीं होता है तथा जिन्हें देखा व छुआ नहीं जा सकता है। इनका वर्गीकरण इस प्रकार है:

(a) ख्याति (Goodwill) **(b)** ब्राण्ड एवं व्यापारिक चिन्ह (Brands/Trade Marks) **(c)** कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर (Computer Software) **(d)** मास्टहैड एवं प्रकाशन अधिकार (Mastheads and Publishing Titles) किसी समाचार पत्र या पत्रिका का नाम जो इसके प्रथम पृष्ठ के ऊपर छपता है, मास्ट हैड कहलाता है। **(E)** खनन अधिकार (Mining rights) **(f)** प्रतिलिप्याधिकार (Copyrights), एकस्व (Patents), अन्य बौद्धिक सम्पत्ति अधिकार (Intellectual Property Rights), सेवाएं एवं संचालन अधिकार (Services and operating rights) **(g)** नुस्खे (Recipes), फॉर्मूला (Formula), डिजाइन एवं मूलरूप (Prototypes) **(h)** लाइसेन्स एवं फ्रैन्चाईज (Licenese and Franchise)

(iii) पूँजीगत कार्य जो प्रगति पर है (Capital Work-in-Progress): पूँजीगत कार्य जो प्रगति पर है से आशय ऐसी स्थायी मूर्त सम्पतियों से है जो निर्माणाधीन है जैसे–भवन, संयत्र एवं उपकरण आदि। **(iv)** अमूर्त सम्पत्तियाँ जो विकास की दशा में है (Intangible Assets under Developments): ऐसे पेटेन्ट आदि जिन पर कार्य जारी है।

(b) गैर चालू विनियोग (Non Current Investment):- एक वर्ष से अधिक की अवधि के ऐसे विनियोग जिन्हें कम्पनी में बेचने के लिए नहीं अपितु अपने पास रखने के लिए क्रय किया हुआ है।

(i) गैर चालू विनियोगों को व्यापारिक विनियोग (Trade Investment) व अन्य विनियेाग (Other Investment) में वर्गीकृत किया जाएगा।

(क) व्यापारिक विनियोग (Trade Investment) :- एक कम्पनी द्वारा अपने व्यापार एवं व्यवसाय में वृद्धि करने के उददेश्य से अन्य कम्पनी के अशोध्य ऋणपत्रों में किये गये विनियोग, व्यापारिक विनियोग कहलाते हैं।

(ख) अन्य विनियोग (Other Investment) :- व्यापारिक विनियांगों को छोडकर शेष सभी विनियोग, अन्य विनियोग कहलाते हैं। विनियोगों को पुन: निम्न प्रकार से वर्गीकृत किया जा सकता है :

(a) सम्पत्ति में विनियोग (Investment in Property):- विनियोग सम्पत्ति से आशय उस भूमि तथा भवन से है जिसे मूल्य वृद्धि अथवा किराया अर्जित करने के उद्देश्य से रखा गया है न कि **(i)** माल के उत्पादन या पूर्ति करने के लिए अथवा सेवाओं अथवा प्रशासनिक कार्यों के लिए अथवा **(ii)** व्यवसाय के सामान्य संचालन के दौरान विक्रय के लिए।

(b) समता प्रपत्रों में विनियोग (Investments in Equity Instruments)

(c) पूर्वाधिकार अंशों में विनियोग (Investments in Preference shares)

(d) सरकारी अथवा ट्रस्ट प्रतिभूतियों में विनियोग (Investments in Government or Trust Securities)

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

(e) ऋणपत्रों या बॉन्डस में विनियोग (Investment in Bonds-Debentures)
(f) म्यूच्युअल फण्डों में विनियोग (Investments in Mutual Funds)
(g) साझेदारी फर्मों में विनियोग (Investments in Partnership firms)
(h) अन्य गैर चालू विनियोग (Other Non-Current Investments)

(ii) लागत मूल्य पर मूल्यांकित न किये गये विनियोगों को इनके मूल्यांकन के आधार सहित अलग से प्रदर्शित किया जाएगा।

(iii) निम्नलिखित का भी प्रकटीकरण किया जाएगा– **(a)** स्टॉक एक्सचेंज पर सूचित विनियोग (Quoted Investments) एव इनका बाजार मूल्य **(b)** स्टॉक एक्सचेंज पर न सूचित विनियोगों (Unquoted Investment) का मूल्य। **(c)** विनियोगों के मूल्य में कमी के लिए आयोजन।

(c) स्थगित कर सम्पत्तियाँ (Deffered Tax Assets):- स्थगित कर सम्पतियां उस समय उत्पन्न होती है जब लेखांकन आय कर योग्य आय से कम होती है। उदाहरणार्थ लेखांकन आय की गणना करते समय डूबत ऋण आयोजन की राशि को घटाया जाता है जबकि कर योग्य आय की गणना करते समय डूबत ऋण आयोजन को व्यय न मानकर वास्तविक डूबत ऋण को ही व्यय माना जाता है। परिणामतः लेखांकन आय कम हो जाती है।

(d) दीर्घकालीन ऋण एवं अग्रिम (Long Term Loans and Advances):- ऐसे ऋण एवं अग्रिम जिनके स्थिति विवरण की तिथि से 12 माह के अन्दर वापिस प्राप्त होने की सम्भावना नहीं है। इन्हें निम्न प्रकार वर्गीकृत किया जाएगा: **(i)**पूँजीगत अग्रिम (Capital Advances):- स्थायी सम्पतियों को क्रय करने के लिए दिये गये अग्रिम पूँजीगत अग्रिम कहलाते है। ये अग्रिम नकद राशि में प्राप्त नहीं होते अपितु स्थायी सम्पत्ति के रूप में परिवर्तित होते हैं। अतः इन्हें दीर्घकालीन ऋण एवं अग्रिम में वर्गीकृत किया जाता है। **(ii)** जमानती जमा (Security Deposits):- स्थिति विवरण की तिथि से 12 माह से अधिक की अवधि के लिए दी गई जमानत राशि इस शीर्षक में आती है, जैसें– बिजली एवं टेलीफोन के लिए दी गई जमानत राशि। **(iii)** अन्य ऋण एवं अग्रिम (Other Loans and Advances) (Specify nature)

(e) अन्य गैर चालू सम्पत्तियाँ (Other Non-Current Assets):- (i) दीर्घकालीन व्यापारिक प्राप्य (Long Term Trade Receivables) (स्थगित उधार शर्तो पर व्यापारिक प्राप्यों सहित) **(ii)** अन्य (Others) **(iii)** दीर्घकालीन व्यापारिक प्राप्यों का वर्गीकरण निम्न प्रकार किया जाएगा– **(A) 1.** सुरक्षित जो अच्छे माने गये है (Secured, considered good), **2.**असुरक्षित जो अच्छें माने गये है (Unsecured, considered good), **3.** संदिग्ध (Doubtful)

(B)डूबत और संदिग्ध ऋणों के लिए आयोजन को उचित शीर्षक में अलग से दिखाया जाएगा।

(C)कम्पनी के संचालकों एवं अन्य अधिकारियों से देय राशियों को अलग से दर्शाया जायेगा।

II. चालू सम्पत्तियाँ (Current Assets):- वे सम्पत्तियाँ जिनके सामान्य संचालन चक्र में अथवा स्थिति विवरण की तिथि से 12 माह के अन्दर वसूल होने की सम्भावना है, जो मुख्यत; व्यापार के लिए रखी गई है। इन्हें निम्न प्रकार वर्गीकृत किया जाएगा:

(A) चालू विनियोग (Current Investments):-वे विनियोग जिन्हें क्रय करने की तिथि से 12 माह के अन्दर नकदी में परिवर्तित करने के उद्देश्य से रखा जाता है। इन्हें निम्न प्रकार वर्गीकृत किया जायेगा:

(a) समता प्रपत्रों में विनियोग (Investment in Equity Instruments), **(b)** पूर्वाधिकार अंशों में विनियोग (Investment in Preference shares), **(c)** सरकारी अथवा ट्रस्ट प्रतिभूतियों में विनियोग (Investment in Government or Trust Securities), **(d)** ऋणपत्रों अथवा बॉण्ड्स में विनियोग (Investment in Debentures or Bonds), **(e)** म्यूच्यूअल फण्डों में विनियोग (Investment in Mutual Funds), **(f)** साझेदारी फर्मो में विनियोग (Investment in Partnership Firms), **(g)** अन्य विनियोग (other Investments)

(B) स्टॉक (Inventories):- स्टॉक को निम्न प्रकार वर्गीकृत किया जाएगा:

(a) कच्चा माल (Raw Materials), **(b)** अर्द्ध निर्मित माल (Work-in-Progress), **(c)** निर्मित माल (Finished goods), **(d)** व्यापारिक रहतिया (Stock-in-Trade) (व्यापार के लिए क्रय किया गया स्टॉक), **(e)** स्टोर्स तथा स्पेयर्स (Stores and Spares), **(f)** छोटे औजार (Loose Tools) । **नोट : (1)** मार्ग में माल (Goods-in-Transit) को स्टॉक के अन्तर्गत अलग उप शीर्षक में दर्शाया जायेगा। **(2)** स्टॉक के मूल्यांकन की तिथि को स्पष्ट किया जायेगा।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

(C) व्यापारिक प्राप्यताएँ (Trade Receivables):-व्यापार के सामान्य संचालन के दौरान माल विक्रय या सेवाएँ प्रदान करने से प्राप्य (Receivables) व्यापारिक प्राप्य कहलाते हैं। इनमें मुख्यत: 12 माह के अन्दर वसूल होने वाले देनदारों (Debtors) एवं प्राप्य बिलों (Bills Receivables) को शामिल किया जाता है।

(i) डूबत ऋण एवं संदिग्ध ऋणों के लिए आयोजन को उचित शीर्षक में दिखाया जायेगा। **(ii)** कम्पनी के संचालकों एवं अन्य अधिकारियों से देय राशियों को पृथक से दर्शाया जायेगा।

(D) नकद एवं नकद तुल्य (Cash and Cash Equivalents) (i) रोकड एवं रोकड तुल्यों को निम्न प्रकार वर्गीकृत किया जाएगा: **(a)** बैंक में शेष (Cash at Bank or Balance with Banks), **(b)** कम्पनी के पास चैक एवं ड्राफ्ट (Cheques/drafts in hands) **(c)** नकद शेष(Cash in hand) **(d)** अन्य (Others)

(ii) बैंक के पास निश्चित उद्देश्य के लिए जमा राशि(उदाहरणार्थ–unpaid dividend) को अलग से दिखाया जाता है।

(iii) बैंकों के पास ऋणों, गारन्टी या अन्य वचनदाताओं आदि के लिए रखी गई जमानत राशि को अलग से दिखाया जायेगा।

(iv) 12 माह से अधिक परिपक्वता अवधि के Bank Deposit को पृथक से दर्शाया जायेगा।

रोकड तुल्य (Cash Equivalents):- ऐसे अल्पकालीन अत्यधिक तरल विनियोग हैं जिन्हें तुरन्त रोकड में परिवर्तित किया जा सकता है और इनके मूल्य में परिवर्तन का जोखिम नहीं के बराबर होता है। किसी भी विनियोग को रोकड तुल्य तभी माना जाता है जबकि इसकी परिपक्वता अवधि कम से कम अर्थात प्राप्त करने की तिथि से 3 माह या इससे कम हो।

(E) अल्पकालीन ऋण एवं अग्रिम (Short term Loans and Advances);

(F) अन्य चालू सम्पत्तियाँ (Other Current Assets):- इस शीर्षक के अन्तर्गत वे सभी चालू सम्पत्तियाँ शामिल की जाएगी, जो उपरोक्त किसी भी शीर्षक में शामिल नहीं की जा सकती है जैसे–पूर्वदत्त व्यय (Prepaid Expenses), आपूर्तिकर्ताओं को अग्रिम (Advance to Suppliers), निवेश पर उपार्जित ब्याज (Interest accrued on Investments), अग्रिम कर (Advance Tax) आदि।

आकस्मिक दायित्वों (Contingent Liabilities) तथा वचनबद्धताओं (Commitments) का स्पष्टीकरण (जिस सीमा तक आयोजन नहीं किया गया है।)

1. आकस्मिक दायित्व (Contingent Liabilities):- ये वे दायित्व है जो वर्तमान में दायित्व नहीं हैं परन्तु जिनका होना या न होना भविष्य की किसी घटना पर आधारित होता है अर्थात दायित्व का होना निश्चित नहीं है। इनकी राशि चिटठे के योग में शामिल नहीं की जाती हैं। अत: इनकी राशि को चिटठे के नीचे Notes to Accounts में दिखाया जाता है। इनमें निम्नलिखित आकस्मिक/सांयोगिक दायित्वों को दिखाया जाता है:

(a) कम्पनी के विरूद्ध किये गये ऐसे दावे जिन्हें अभी तक कम्पनी ने देना स्वीकार नहीं किया है। **(b)** कम्पनी द्वारा यदि कोई गारन्टी ली हुई है तो उसके अन्तर्गत दायित्व। **(c)** अन्य धनराशि जिसके लिए कम्पनी सम्भाव्य रूप से उत्तरदायी है।

2. वचनबद्धताएँ (Commitments):- वचनबद्धताओं से आशय है, 'भविष्य में किन्हीं निश्चित दशाओं में किसी निश्चित समय पर किसी निश्चित कार्य को करने का अनुबन्ध।'' वचनबद्धताओं को निम्न प्रकार वर्गीकृत किया जाएगा:

(a) उन ठेकों की अनुवांछित राशि जो अभी अपूर्ण है और जिनके लिए कोई आयोजन नहीं किया गया है।

(b) आंशिक चुकता अंशों पर न मांगी हुई याचनाओं की राशि (Uncalled liability on partly paid shares)- यदि किसी कम्पनी ने किस अन्य कम्पनी के 'आंशिक चुकता अंश' विनियोग के रूप में क्रय किये हुये है तो इन अंशों पर 'न मांगी गई राशि' कम्पनी के लिए वचनबद्धता है, क्योंकि यह राशि कभी भी चुकानी पड सकती है।

(c) अन्य वचनबद्धताऐं (Other Commitments):- जैसे संचयी पूर्वाधिकार अंशों पर लाभांश की बकाया राशि (Arrear of Dividends on Cumulative Preference shares)

उदाहरण 3 : किसी कम्पनी के आर्थिक चिट्ठे में निम्नलिखित मदों को आप किन शीर्षकों के अन्तर्गत दिखाएंगे ?

Under which heads will you show the following items in the Balance Sheet of Company?

(1) अयाचित लाभांश (Unclaimed Dividend), **(2)** प्रतिभूति प्रीमियम (Securities Premium), **(3)** प्रस्तावित लाभांश (Proposed Dividend), **(4)** प्रारम्भिक व्यय (Preliminary Expenses), **(5)** स्वीकृतियॉ (Acceptances),

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

(6) ऋणपत्र (Debentures), **(7)** भुगतान के लिए ऋणपत्र (Matured Debentures), **(8)** अग्रिम मांग (Calls-in-Advance), **(9)** बकाया मांग (Calls-in-Arrears), **(10)** कर के लिए आयोजन (Provision for Tax), **(11)** पूर्वदत्त बीमा (Prepaid Insurance), **(12)** व्यापारिक चक्र के दौरान नकदी में प्राप्य अग्रिम (Advances recoverable in cash with in the operating cycle), **(13)** आंशिक चुकता अंशों पर न मांगी गई राशि (Uncalled Liability on partly paid shares), **(14)** सुरक्षित ऋणों पर अर्जित एवं देय ब्याज (Interest Accrued and due on Secured Loan), **(15)**लाभ–हानि विवरण का Dr. शेष (Debit Balance of Statement of P&L), **(16)** अंश निर्गमन के व्यय (Share issue Expenses) (To be written off after 12 months)

हल:

S.No.	Items	Heading	Sub heading (if any)
1.	Unclaimed Dividend	Current Liabilities	Other Current Liabilities
2.	Securities Premium	Shareholders Funds	Reserves & Surplus
3.	Proposed Dividend	Current Liabilities	Short term Provision
4.	Preliminary Expenses	(As per Note)	-
5.	Acceptances	Current Liabilities	Trade Payables
6.	Debentures	Non-Current Liabilities	Long term Borrowings
7.	Mutured Debentures	Current Liabilities	Other-Current-Liabilities
8.	Calls-in-Advance	Current Liabilities	Other-Current-Liabilities
9.	Calls-in-Arrears	Shareholders Funds	It is deducted from the subscribed but not fully paid capital
10.	Provision for Tax	Current Liabilities	Short term Provisions
11.	Prepaid Insurance	Current Assets	Other Current Assets
12.	Advances recoverable in cash with in the operating cycle	Current Assets	Short term Loans and Advances.
13.	Uncalled Liability on partly paid shares.	Commitments in Notes to accounts	-
14.	Interest accrued and due on Secured Loans	Current Liabilities	Other Current Liabilities
15.	Debit Balance of Statement of Profit & Loss	Shareholders funds	Reserves & Surplus (Shown as a negative figures) under 'Surplus'
16.	Share Issue Expenses (to written off after 12 months)	Be Non Current Assets	Other Non-Current Assets.

Note : Preliminary Expenses – Not shown in Balance sheet since as per AS-26 these Expenses are to be written off in the year in which they are incurred.

कम्पनी अधिनियम 2013 की अनुसूची **III** के भाग **II** में **Statement of Profit and Loss** का प्रारूप दिया गया है।

नोट : **C.B.S.E** के द्वारा अपने परिपत्र सं 43 दिनांक 02 जुलाई, 2013 में बोर्ड परीक्षाओं के लिए निम्न प्रारूप दिया गया है**:**

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

PART – II
STATEMENT OF PROFIT AND LOSS

Name of the company----------
Profit and Loss Statement for the year ended------ **(₹in……)**

	Particulars	Note No.	Figures for the current reporting period	Figures for the previous reporting period
I	**Revenue from operations**		xxx	xxx
II	**Other Income**		xxx	xxx
III	**Total Revenue (I+II)**		**xxx**	**xxx**
IV	**Expenses:**			
	Cost of Material Consumed		xxx	xxx
	Purchases of stock-in-trade		xxx	xxx
	Changes-in-Inventories of finished goods, Work-in-progress and stock-in-Trade		xxx	xxx
	Employee Benefits Expenses		xxx	xxx
	Finance Costs		xxx	xxx
	Depreciation and Amortization Expenses		xxx	xxx
	Other Expenses		xxx	xxx
	Total Expenses		**xxx**	**xxx**
V	**Profit Before Tax (III-IV)**		xxx	xxx
VI	**Tax**		xxx	xxx
VII	**Profit After Tax (V-VI)**		**xxx**	**xxx**

लाभ–हानि विवरण तैयार करने के लिए सामान्य निर्देश

(General Instructions for Preparation of Statement of Profit and Loss)

I. संचालन क्रियाओं से आगम (प्राप्ति) (Revenue from Operations):-

(अ) वित्तीय कम्पनी के अलावा अन्य कम्पनियों की दशा में संचालन क्रियाओं से आगम शीर्षक के अन्तर्गत (Notes में अलग से) निम्न को दर्शाया जायेगा:

(a) माल के विक्रय से आगम प्राप्ति (सकल), घटाइये : वापसी (Revenue from sale of products (Gross) Less: Returns)

(b) सेवाओं के विक्रय से आगम प्राप्ति (Revenue from sale of services)

(c) अन्य संचालन क्रियाओं से आगम प्राप्ति (Other operating Revenuesa) जैसे– अवशेष का विक्रय, प्राप्त कमीशन आदि। Less:**(d)**उत्पादन शुल्क (Excise Duty)

(ब)वित्तीय कम्पनी की दशा में परिचालन क्रियाओं से आय में निम्नलिखित शामिल होगा:

(a)ब्याज की आय (Interest Income), **(b)** लाभांश की आय (Dividend Income), **(c)**विनियोगों के विक्रय से शुद्ध लाभ–हानि (Net profit/Loss on sale of Investments), **(d)** अन्य वित्तीय सेवाओं से प्राप्त आय (Revenue from other financial services)

II. अन्य आय (Other Income):-अन्य आय को निम्न प्रकार वर्गीकृत किया जाएगा:

(a) ब्याज की आय ((Interest Income), **(b)** लाभांश की आय (Dividend Income). **(c)** विनियोगों के विक्रय से शुद्ध लाभ–हानि (Net profit/Loss on sale of Investment), **(d)** अन्य गैर संचालन आय (Other Non-operating Income) (इस प्रकार की आय में से उससे सम्बधित व्यय घटाकर शुद्ध आय दर्शायी जाएगी) जैसे–**(i)** स्थायी सम्पत्तियों के विक्रय पर लाभ (Profit on Sale of Fixed Assets), **(ii)** बट्टा कटौती प्राप्त की (Discount Received), **(iii)** किराया प्राप्त किया (Rent Received), **(iv)** हस्तांतरण शुल्क (Transfer fees), **(v)** अपलिखित किय गये विविध लेनदार (Sundry Creditors written off), **(vi)** डूबत ऋण आयोजन के आधिक्य का पुनर्लेखन

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

(Excess provision for bad debts written back), **(vii)** प्रोजेक्ट परामर्श से आय (Revenue from project consultancy), **(viii)** ऋण उपलब्ध करवाने से फीस (Fees received from arranging loans), **(ix)** विविध मदों का विक्रय (Sale of miscellaneous Items) जैसे– News papers etc. **(x)**कर वापसी (Refund of Income Tax)

III. व्यय (Expenses):-व्यय वर्ग के अन्तर्गत निम्न मदों को दर्शाया जायेगा:

(a) सामग्री उपभोग की लागत (Cost of Materials Consumed):- सामग्री उपभोग की लागत से आशय वस्तु/माल के निर्माण में प्रयुक्त कच्चे माल (Raw Materials) तथा अन्य सामग्री की लागत से है। प्रयुक्त सामग्री की लागत की गणना इस प्रकार की जाएगी:

Cost of Material consumed = Opening Inventory (stock) of Raw materials + Purchases of materials-closing Inventory (stock) of Raw materials

नोट: ऐसी वस्तुएँ जो भौतिक रूप से निर्मित माल का अंग नहीं बनती हैं जैसे– स्टोर्स (Stores), ईंधन (Fuel), अतिरिक्त पुर्जे (Spares parts) आदि को कच्चे माल में शामिल नहीं किया जाता। इन्हें 'Other Expenses' के अन्तर्गत दर्शाया जाता हैं।

(b) व्यापारिक रहतिये का क्रय (Purchase of stock-in-Trade):- किसी व्यापारिक संस्था द्वारा जो माल पुन:विक्रय के उद्देश्य से क्रय किया है उसे purchase of stock-in-trade कहा जाता है। इसके अतिरिक्त कोई भी माल किसी अन्य माल के उत्पादन प्रक्रिया में प्रयोग करने हेतु खरीदा गया है, उसकी लागत सामग्री उपभोग की लागत में शामिल होगी।

(c) निर्मित माल, अर्द्ध निर्मित माल तथा व्यापारिक रहतिये के स्टॉक में परिवर्तन (Changes in Inventories of finished goods, work-in-progress and stock-in-Trade) इसे निम्न प्रकार से दर्शाया जायेगा;

(i)	Opening Inventory of finished goods	xxx	
	Less: closing Inventory of finished goods	xxx	**xxx**
(ii)	Opening Inventory of work-in-progress	xxx	
	Less: closing Inventory of work-in-progress	xxx	**xxx**
(iii)	Opening Inventory of stock-in-Trade	xxx	
	Less: closing Inventory of stock-in-Trade	xxx	**xxx**
Total (i+ii+iii)			**xxx**

नोट: प्रारम्भिक रहतिये (Opening Inventory) एवं अन्तिम रहतिये (closing Inventory) का शुद्ध अन्तर धनात्मक/ऋणात्क हो सकता हैं।

(d)कर्मचारियों के हित के व्यय (Employee Benefit Expenses):-इसमें निम्न को अलग–अलग दिखाया जाएगा:

(i) वेतन एवं मजदूरी (Salaries and Wages), बोनस, छुटिटयों के बदले नकद भुगतान **(ii)** भविष्य निधि एवं अन्य कोषों में अंशदान (Contribution to Provident and other Funds) जैसे– Gratuity fund, Superannuation funds **(iii)**कर्मचारी कल्याण व्यय (Staff welfare Expenses) जैसे– केण्टीन व्यय, चिकित्सा व्यय (Medical Expenses), Employees stock option schemesa (ESOS), Employee stock Purchase (ESPP) etc.

(e) वित्तीय लागतें (Finance costs):- वित्तीय लागतों का वर्गीकरण निम्न है जैसे :

(i) ब्याज व्यय (Interest Expenses):–(क) बैंक से लिये गये दीर्घकालीन ऋण पर ब्याज का भुगतान। **(ख)** बैंक अधिविकर्ष नकद साख सीमा (Bank overdraft and cash credit limit) पर ब्याज का भुगतान। **(ग)** ऋणपत्र, वचनपत्र (Bonds) तथा सार्वजनिक जमाओं पर ब्याज का भुगतान।

(ii) अन्य ऋण लेने की लागत (Other Borrowing Costs): जैसे–**(क)** ऋणपत्रों के निर्गमन पर बटटा (Discount) या हानि (Loss) का अपलेखन। **(ख)** ऋणपत्रों के शोधन पर देय प्रीमियम। **(ग)** ऋण प्रोसेसिग फीस (Loan Processing fees) **(घ)** गारन्टी शुल्क (Guarantee charges) (च) जमा एकत्रित करने के दिया लिए जाने वाला कमीशन (Commission paid for deposit mobilization) आदि।

(f) ह्रास एवं प्रत्युत्सर्जन/अपलेखन व्यय (Depreciation and Amortization Expenses)

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

(i) ह्रास (Depereciation)- ह्रास मूर्त सम्पतियों को अपलिखित करने की लागत हैं। **(ii) प्रत्युत्सर्जन/ अपलेखन (Amortization)-** दीर्घकालीन अमूर्त सम्पतियों के अपलेखन की लागत को प्रत्युत्सर्जन कहा जाता हैं। जैसे–Goodwill, Patents, Technical know how, Computer software का अपलेखन।

(g) अन्य व्यय (other Expenses): अन्य सभी व्यय जो उपर्युक्त (a) से (f) शीर्षक में नहीं लिखे गये हैं, उन्हें इस शीर्षक के अन्तर्गत लिखा जाएगा।

(i) गाडी भाडा (Carriage, Carriage Inwards and Carriage outwards), **(ii)** भाडा (Freight), **(iii)** छोटे औजारों, स्पेयर पार्टस, स्टोर्स पावर तथा ईंधन का उपभोग(Consumption of Loose Tools, spare parts, Stores, power & fuel), **(iv)** निर्माण व्यय (Manufacturing Expenses),(**(v)** किराया, दर एवं कर (Rent, Rates and Taxes) (आयकर को छोडकर), **(vi)** बीमा व्यय (Insurance Expenses Less prepaid if any), **(vii)** छूट दी (Discount allowed), **(viii)** कमीशन चुकाया (Commission allowed), **(ix)**संचालकों की फीस (Directors fees), **(x)** अंकेक्षण फीस (Audit fees), **(xi)**व्यापारिक व्यय (Trade Expenses)**(xii)** डूबत ऋण अपलेखन एवं डूबत ऋण आयोजन (Bad debts written off and provision for bad debts), **(xiii)** मशीनरी, भवन एवं अन्य स्थायी सम्पत्तियों की मरम्मत के व्यय (Repairs to machinery, Building and other fixed Assets), **(xiv)**कार्यालय एवं प्रशासन व्यय (Office and Administration Expenses), **(xv)** टेलीफोन व इंटरनेट व्यय (Telephone and Internet Expenses), **(xvi)** यात्रा व्यय (Conveyance Expenses and Travelling Expenses), **(xvii)** बैंक व्यय (Bank charges), **(xviii)** उत्पादन शुल्क का भुगतान (Excise Duty Paid), **(xix)** स्थायी सम्पत्तियों के विक्रय पर हानि (Loss on Sale of fixed Assets), **(xx)**मनोरंजन व्यय (Entertainment Expenses), **(xxi)**व्यवसाय संवर्द्धन व्यय (Business Promotion Expenses), **(xxii)** कोरियर व्यय (Courier Expenses), **(xxiii)** पट्टे का किराया (Lease Rent), **(xxiv)** कम्प्यूटर को किराये पर लेने के व्यय (Computer hiring charges), **(xxv)** अंश निर्गमन व्यय का अपलेखन (Share Issue Expenses written off), **(xxvi)** अंश निर्गमन के अभिगोपन कमीशन का अपलेखन (Underwriting- commission on issue of shares written off).

उदाहरण 4 : निम्नलिखित सूचना से 31 मार्च, 2017 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए लाभ–हानि विवरण में दर्शायी जाने वाली 'रहतिये में परिवर्तन'(Changes in Inventories) की राशि की गणना के लिए लेखा टिप्पणी तैयार कीजिये।

From the following informations for the year ending 31st March, 2017, Prepare Notes to Accounts to calculate the amount to be shown in Statement of Profit & Loss, against 'Changes in Inventory':

	Opening Inventory ₹	Closing Inventory₹
Finished Goods	6,50,000	4,80,000
Work-in-progress	3,60,000	5,00,000
Stock – in- Trade	7,00,000	6,90,000
Materials	2,00,000	3,00,000

हल ; **Notes to Accounts**

Particulars	**₹**	**Year ended 31-03-2017 ₹**
Changes in Inventories of Finished Goods, WIP and Stock-in-Trade		
(a) Opening Inventory of Finished Goods	6,50,000	
Less: Closing Inventory of Finished Goods	4,80,000	1,70,000
(b) Opening Inventory of Work-in-Progress	3,60,000	
Less: Closing Inventory of Work-in-progress	5,00,000	(1,40,000)
(c) Opening Inventory of Stock-in-Trade	7,00,000	
Less: Closing Inventory of Stock-in-Trade	6,90,000	10,000
Total (a+b+c)		**40,000**

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

नोटः सामग्री (Materials) के प्रारंम्भिक व अन्तिम स्टॉक को सामग्री उपभोग की लागत (Cost of Materials Consumed) की गणना में प्रयुक्त किया जाएगा।

उदाहरण 5 : 31 मार्च, 2017 को समाप्त होने वर्ष के लिए अर्नव लि. की पुस्तकों से ली गयी निम्नलिखित सूचनाओं से लाभ–हानि विवरण तैयार कीजिए:

Following informations extracted from the books of Arnav Ltd.. Prepare a Statement of Profit and Loss for the year ending 31st March,2017.

विक्रय(Sales) ₹ 32,00,000 ; व्यापारिक रहतिये का क्रय (Purchase of stock-in-trade) ₹13,20,000; वेतन (Salaries) ₹ 5,40,000 ; मजदूरी (Wages) ₹ 40,000 ; बोनस (Bonus) ₹ 62,000 ; चिकित्सा व्यय (Medical Expenses) ₹ 18,000 ; ग्रेच्युइटी का भुगतान (Gratuity paid) ₹ 60,000 ; भविष्य निधि कोष में अंशदान (Contribution to Provident Fund) ₹ 80,000 ; प्रिटिग एवं स्टेशनरी (Printing & Stationary) ₹ 25,000 ; विक्रय संवर्द्धन व्यय (Sales Promotion Expenses) ₹40,000 ; ऋणपत्रों पर ब्याज का भुगतान (Interest paid on Debentures) ₹ 70,000 ; फर्नीचर पर ह्रास (Depreciation on Furniture) ₹ 25,000 ; प्रारम्भिक व्यापारिक रहतिया (opening Stock-in-Trade) ₹ 1,40,000 ; अन्तिम व्यापारिक रहतिया (Closing Stock-in-Trade) ₹ 2,00,000 ; अवशेष का विक्रय (Sale of scrap) ₹ 90,000 ; एवं ब्याज प्राप्त (Interest Received) ₹ 30,000 ।

हल:

Arnav Ltd.

STATEMENT OF PROFIT AND LOSS

For the year ended 31 March, 2017

Particulars	Note No.	Amount ₹
I. Revenue from Operations	1	32,90,000
II. Other Income	2	30,000
III. Total Revenue (I+II)		**33,20,000**
IV Expenses		
Purchase of stock-in-Trade		13,20,000
Change in Inventories of Stock-in-Trade	3	(60,000)
Employee Benefit Expenses	4	8,00,000
Finance Costs	5	70,000
Depreciation and Amortization	6	25,000
Other Expenses	7	65,000
Total Expenses		**22,20,000**
V Profit Before Tax (III-IV)		**11,00,000**

Notes to Accounts:

Particulars		Amount ₹
1. Revenue From Operations : Sales	**32,00,000**	
Sale of Scrap	90,000	**32,90,000**
2. Other Income		
Interest received	30,000	**30,000**
3. Changes in Inventories of Stock-in-Trade		
Opening Inventory	1,40,000	
Less: Closing Inventory	2,00,000	**(60,000)**
4. Employee Benefit Expenses		
Wages	40,000	
Salaries	5,40,000	
Bonus	62,000	

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Medical Expenses	18,000	
Contribution to Provident fund	80,000	
Gratuity paid	60,000	**8,00,000**
5. Finance Cost:		
Interest on Debenture		**70,000**
6. Depreciation and Amortization		
Depreciation on Furniture		**25,000**
7. Other Expenses:		
Printing and Stationary	25,000	
Sales Promotion Expenses	40,000	**65,000**

उदाहरण 6: निम्नलिखित सूचनाओं से कम्पनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची III के प्रावधानों के अनुसार स्टार लि.का 31 मार्च 2017 का स्थिति विवरण तैयार कीजिए:

From the following informations, prepare Balanace Sheet of Star Ltd. as at 31st March, 2017 according to provisions of schedule III of Companies Act, 2013. (₹ in thousand)

Equity Share Capital ₹ 4,000; Preference Share Capital ₹ 1,000; Discount on issue of Debentures (Amount to be written off in next three year) ₹ 300; Trade Receivables ₹ 6,100; Bills Payables ₹ 2,500; Preliminary Expenses ₹ 300; Securities Premium ₹ 3,000; Debentures₹ 3,500; Statement of profit and loss (Cr.) ₹ 1,200; Depreciation on Fixed Assets ₹ 800; Gross Fixed Assets ₹ 9,100; Goodwill ₹ 50; Inventories ₹ 210; Provision for Tax₹ 60;

STAR LTD.

Balance Sheet (As at 31 March, 2017) **(₹ in Thousand)**

Particulars	Note No.	Amount ₹ 31-03-2017
I EQUITY AND LIABILITIES		
(1) Share holders funds		
(a) Share Capital	1	5,000
(b) Reserves and surplus	2	3,900
(2) Non Current Liabilities		
(a) Long Term Borrowings (Debentures)		3,500
(3) Current Assets		
(a) Trade Payables (Bills Payables)		2,500
(b) Short term provisions (Provision for Tax)		60
Total		**14,960**
II Assets		
(1) Non Current Assets		
(a) Fixed Assets		
(i) Tangible Assets	3	8300
(ii) Intangible Assets		50
(b) Other Non-Current-Assets	4	200
(2) Current Assets		
(a) Inventories		210
(b) Trade Receivables		6,100
(c) Other Current Assets	5	100
Total		**14960**

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Notes to Accounts:

Particulars	₹	₹	31-03-2017 ₹
1. Share Capital			
Equity Share Capital		4,000	
Preference Share Capital		1,000	**5,000**
2. Reserves and Surplus			
Securities Premium	3,000		
Less: Preliminary Expenses	300	2,700	
Surplus: Statement of Profit & Loss		1,200	**3,900**
3. Tangible Assets			
Gross Fixed Assets		9,100	
Less: Depreciation on Fixed Assets		800	**8,300**
4. Other Non Current Assets			
Discount on issue of Debentures (2/3 of ₹ 300)			**200**
5. Other Current Assets			
Discount on issue of Debentures (1/3of ₹300)			**100**

Note :- (1) ऋणपत्रों के निर्गमन पर बटटे को आगामी 3 वर्ष में अपलिखित करना है, अतः 300/3 = ₹ 100 जो आगामी 12 माह में अपलिखित होता है, वह चालू सम्पत्ति माना जाएगा तथा शेष 2/3 गैर चालू दायित्व के रूप में दर्शाया जायेगा। (2)AS-26 के अनुसार प्रारम्भिक व्यय उसी वर्ष अपलिखित किये जाने हैं। प्रथम इन्हें प्रतिभूति प्रीमियम से तथा शेष लाभ हानि विवरण से अपलिखित किया जायेगा।

उदाहरण 7: एक कम्पनी के स्थिति विवरण में आप निम्न मदों को किन शीर्षकों के अन्तर्गत दिखायेंगे :

Under which heads will you show the following items in the Balance Sheet of a company:

(1) कम्प्यूटर (Computer), **(2)** कम्प्यूटर साफ्टेवयर (Computer software), **(3)** खुले औजार (Loose tools), **(4)** कर्मचारी हित आयोजन (Provision for Employee benefits), **(5)** ऋणपत्र शोधन कोष (Debentures sinking fund), **(6)** न चुकाया गया लाभांश (Unpaid Dividend), **(7)** सार्वजनिक जमायें (Public Deposits), **(8)** कम्पनी द्वारा दी गई गारन्टी (Guarantee Given by the Company), **(9)** बंधक ऋण (Mortgage Loan), **(10)** बकाया वेतन (Outstanding Salary), **(11)** चालू कार्य (Work-in-progress), **(12)** निर्माणाधीन भवन (Building under construction)

हल:

S. No.	Items	Heading	Sub Heading
1.	Computer	Non-Current Assets	Fixed Assets-Tangible Assets
2.	Computer Software	Non-Current Assets	Fixed Assets-Tangible Assets
3.	Loose Tools	Current Assets	Investment
4.	Provision for Employee benefits	Non Current Liabilities	Long term provision
5.	Debenture Sinking Fund	Shareholder's Funds	Reserves and Surplus
6.	Unpaid Dividend	Current Liabilities	Other Current Liabilities
7.	Public Deposits	Non Current Liabilities	Long Term Borrowings
8.	Guarantee Given by the Company	Contingent Liabilities and commitment (In Notes to	-

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

		Accounts under contingent Liabilities)	
9.	Mortgage Loan	Non Current Liabilities	Long Term Borrowings
10.	Outstanding Salary	Current Liabilities	Other Current Liabilities
11.	Work-in-Progress	Current Assets	Inventories
12.	Building under Construction	Non Current Assets	Fixed Assets – Capital work-in-progress

उदाहरण 8: निम्नलिखित मदों को कम्पनी के लाभ–हानि विवरण में किस मुख्य शीर्षक (Major Heads) के अन्तर्गत दिखाया जायेगा:–

Under which major heads, the following items will be shown in the Statement of Profit and Loss of a company:

(i) Depreciation on Machine **(ii)** Bonus **(iii)** Purchase of Stock-in-Trade **(iv)** Interest paid on Term Loan **(v)** Computer Software written off **(vi)** Revenue from services rendered **(vii)** Interest paid on overdraft **(viii)** Loss-on-Issue of Debenture written off **(ix)** Contribution to Provident/ Superannuation fund **(x)** Bank Charges **(xi)** Profit on sale of plant **(xii)** Loan processing charges **(xiv)** Canteen Expenses **(xv)** Return of material purchased

हल :

S. No.	Items	Major Head
(i)	Depreciation on Machine	Depreciation and Amortisation Expenses
(ii)	Bonus	Employee Benefit Expenses
(iii)	Purchase of stock-in-Trade	Purchase of Stock-in-Trade
(iv)	Interest paid on Term Loan	Finance Costs:Interest Expenses
(v)	Computer Software written off	Depreciation and Amortization Expenses
(vi)	Revenue from services rendered	Revenue from operations
(vii)	Interest paid on overdraft	Finance Costs:Interest Expenses
(viii)	Loss on issue of Debentures written off	Finance Costs-other Borrowing Costs
(ix)	Comtrubution to Provident/Superannuation fund	Employee Benefits Expenses
(x)	Bank Charges	Other Expenses
(xi)	Profit on sale of plant	Other Income : other Non operating Income
(xii)	Loan Processing Charges	Finance Cost-other Borrowing Costs
(xiii)	Bad Debts written off and Provision for Bad Debts	Other Expenses
(xiv)	Canteen Expenses	Employee Benefit Expenses
(xv)	Return of material purchased	Cost of Mateiral Consumed (Less from Calculations)

नोटः **(1)** Finance Cost शीर्षक के अन्तर्गत चुकाया गया ब्याज Interest Expenses के रूप में दर्शाया जाता है।

(2) ऋण लेने के सम्बन्धित व्यय या ऋण लेते समय हानियॉ (Discount/Loss on Issue of Debentures) Finance Cost शीर्षक के अन्तर्गत Other Borrowing Costs के रूप में दर्शायी जायेगी।

(3) Bank Charges – उक्त के अतिरिक्त व्यय है। अत: इसे Other Expenses के रूप में दर्शाया जायेगा।

(4) Return of Material Purchased को Cost of Material Consumed की गणना करते समय घटाया जायेगा।

सारांश (Summary)

- **वित्तीय विवरणों का अर्थ –** वित्तीय विवरणों से आशय ऐसे विवरणों से है जो निश्चित अवधि के अन्त में तैयार किये जाते हैं। स्थिति विवरण एक निश्चित तिथि को संस्था की सम्पतियों, दायित्वों एवं पूँजी को प्रदर्शित करता है तथा

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

लाभ–हानि विवरण निश्चित समयावधि के कार्य निष्पादन के परिणाम प्रदर्शित करता है। वित्तीय विवरणों के माध्यम से ही सस्ंथा बाहरी उपयोगकर्ताओं को वित्तीय सूचनाओं का सम्प्रेषण करती है।

- **वित्तीय विवरणों में शामिल मुख्य विवरण** – मुख्यतः निम्न को शामिल किया जाता है :
  (i) स्थिति विवरण या चिट्ठा, **(ii)** लाभ–हानि विवरण, **(iii)** रोकड प्रवाह विवरण
- **स्थिति विवरण** – वह विवरण जो एक निश्चित तिथि को सस्ंथा की सम्पत्तियों, दायित्वों एवं पूँजी को दर्शाता है।
- **लाभ–हानि विवरण** – वह विवरण जो संस्था की एक निश्चित समयावधि के कार्य–निष्पादन की स्थिति के निर्धारण हेतु तैयार किया जाता है। इस विवरण में संस्था द्वारा अर्जित आगम एवं आगम के अर्जन पर हुए व्ययों को दर्शाया जाता है। इसका शेष शुद्ध लाभ या हानि प्रदर्शित करता है।
- **रोकड प्रवाह विवरण** – वह विवरण जो एक निश्चित समयावधि के दौरान होने वाली रोकड की प्राप्तियों एवं भुगतानों को प्रदर्शित करता हो। यह रोकड खाते से भिन्न होता है।
- **वित्तीय विवरणों की विशेषताएँ** – वित्तीय विवरणों की विशेषताएँ निम्न है:
  (i) इनमें सूचनाओं को मौद्रिक रूप में प्रस्तुत किया जाता है। **(ii)** ये ऐतिहासिक प्रपत्र होते हैं, **(iii)** ये संस्था की वित्तीय स्थिति एवं लाभ–हानि को दर्शाते हैं, **(iv)** ये सूचनाओं के उपयोगकर्ताओं को आवश्यक सूचना उपलब्ध कराते हैं।
- **वित्तीय विवरणों के उपयोगकर्ता–** वित्तीय विवरणों का उपयोग अनेक वर्गो यथा – अंशधारी, लेनदार, ऋणदाता, प्रबन्धक कर्मचारी, सरकार, बैंक एवं वित्तीय संस्थान तथा कर अधिकारी आदि के द्वारा किया जाता है।
- **वित्तीय विवरणों के उददेश्य** –वित्तीय विवरणों के मुख्य उद्देश्य निम्न है:
  (i) वित्तीय स्थिति से सम्बधित सूचना उपलब्ध करवाना, **(ii)** लाभदायकता से सम्बन्धित सूचना प्रस्तुत करना, **(iii)** विवरणों के उपयोगकर्ताओं को पर्याप्त एवं वांछित सूचना उपलब्ध करवाना,**(iv)**भावी निर्णय के लिए आधार, **(v)** वित्तीय स्थिति एवं लाभ–हानि का सही एवं उचित चित्रण करना, **(vi)** सामाजिक वातावरण के उन्नयन हेतु किये गये कार्यों की जानकारी।

शब्दावली (Glossary)

क्रम संख्या	हिन्दी	अंग्रेजी	विवरण
1.	वित्तीय विवरण	Financial Statements	कम्पनी की वित्तीय स्थिति एवं कार्य निष्पादन के परिणाम प्रदर्शित करने वाले विवरण पत्र।
2.	वित्तीय वर्ष	Financial Year	सामान्यतः प्रत्येक वर्ष 31 मार्च को समाप्त होने वाली अवधि को वित्तीय वर्ष कहते हैं।
3.	चालू सम्पत्ति	Current Assets	वे सम्पत्तियाँ जो व्यवसाय की सामान्य दशा में सामान्य संचालन चक्र की अवधि में या चिटठे की तिथि से 12 माह में नकद में परिवर्तित हो जाती हैं।
4.	गैर चालू सम्पत्तियाँ	Non Current Assets	चालू सम्पत्तियाँ के अतिरिक्त शेष सभी सम्पत्तियाँ गैर चालू सम्पत्तियाँ कहलाती है।
5.	संचालन चक्र	Operating Cycle	संचालन चक्र वह समयावधि है जो किसी सम्पति को क्रय करने और इसके नकद अथवा नकद तुल्य में परिवर्तन होने के बीच लगती हैं।
6.	चालू दायित्व	Current Liablilites	वे दायित्व जिनका भुगतान सामान्य संचालन चक्र की अवधि में या चिटठे की तिथि से 12 माह में करना हॅ।
7.	गैर चालू दायित्व	Non Current Liabilities	वे दायित्व जिनका भुगतान चिट्ठे की तिथि से 12 माह के पश्चात करना है।
8.	स्थगित कर दायित्व	Deffered Tax Liabilities	स्थगित कर दायित्व उस समय उत्पन्न होता है जब लेखांकन आय, कर योग्य आय से अधिक होती है।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

9.	दीर्घकालीन आयोजन	Long Term Provisions	वे सभी आयोजन जिनके विरूद्ध दावे स्थिति विवरण की तिथि से 12 माह पश्चात चुकाये जाने की सम्भावना हैं।
10.	अल्पकालीन ऋण	Short Term Loan	ऐसे ऋण जो ऋण लेने की तिथि से 12 माह के अन्दर चुकाये जाते है, अल्पकालीन ऋण कहलाते हैं।
11.	व्यापारिक देयताएँ	Trade Payables	माल के क्रय अथवा सेवायें प्राप्त करने के सम्बन्ध में देय राशियाँ। इनमें लेनदार एवं देय विपत्रों को शामिल किया जाता है।
12.	दायित्व	Liability	भविष्य में चुकायी जाने वाली वह राशि जो निश्चित हो, दायित्व कहलाती है।
13.	आयोजन	Provisions	ऐसे ज्ञात दायित्व जिनकी राशि का अनुमान सही तरीके से न लगाया जा सके, उनकी पूर्ति के लिये आयोजन बनाया जाता है।
14.	संचय	Reserves	संस्था की आर्थिक स्थिति सुदृढ करने तथा अज्ञात हानियों की पूर्ति हेतु संचय का निर्माण किया जाता है।
15.	स्थायी सम्पत्तियाँ	Fixed Assets	वे सम्पत्तियाँ जिन्हें व्यवसाय में निरन्तर उपयोग के लिए रखा जाता है न कि विक्रय के लिए।
16.	मूर्त सम्पत्तियाँ	Tangible Assets	वे सम्पत्तियाँ जिनका भौतिक अस्तित्व होता है तथा जिन्हें देखा व छूआ जा सकता हैं।
17.	अमूर्त सम्पत्तियाँ	Intangible Assets	वे सम्पत्तियाँ जिनका कोई भौतिक अस्तित्व नहीं होता है तथा जिन्हें देखा व छुआ नहीं जा सकता हैं।
18.	पूँजीगत कार्य जो प्रगति पर हैं	Capital Work-in-Progress	पूँजीगत कार्य जो प्रगति पर है से आशय ऐसी स्थायी मूर्त सम्पतियों से है जो स्वयं निर्मित एवं निर्माणाधीन हो।
19.	व्यापारिक विनियोग	Trade Investment	किसी भी संस्था द्वारा अपने व्यापार एवं व्यवसाय में वृद्धि के उददेश्य से अन्य कम्पनी के अंशों, ऋणपत्रों आदि में किया गया विनियोग व्यापारिक विनियोग कहलाता हैं।
20.	अन्य विनियोग	Other Investments	व्यापारिक विनियोगों के अलावा शेष सभी विनियोग अन्य विनियोग कहलाते है।
21.	सम्पति में विनियोग	Investments in Property	जब किसी भूमि एवं भवन में विनियोग, मूल्य वृद्धि अथवा किराया अर्जित करने के उद्देश्य से किया जाता है न कि व्यवसाय में निरन्तर उपयोग के लिए उस सम्पति को रखा जाता है तो यह सम्पत्ति में विनियोग कहलाता हैं।
22.	स्थगित कर सम्पत्तियाँ	Deffered Tax Assets	स्थगित कर सम्पत्ति उस समय उत्पन्न होती है जब लेखांकन आय कर योग्य आय से कम होती हैं।
23.	स्टॉक	Stock	स्टॉक से आशय उन सभी वस्तुओं माल से है जिन्हें व्यापार के सामान्य संचालन में व्यापारिक उददेश्य से रखा जाता है।
24.	व्यापारिक प्राप्यताएँ	Trade Receivables	व्यापार के सामान्य संचालन में माल का विक्रय करने अथवा सेवायें प्रदान करने से प्राप्य राशियाँ व्यापारिक प्राप्य कहलाते हैं। इनमें देनदार तथा प्राप्य बिल शामिल होते हैं।
25.	रोकड तुल्य	Cash Equivalents	ऐसे अल्पकालीन विनियोग जो अत्यधिक तरल है अर्थात जिन्हें तुरन्त रोकड में परिवर्तित किया जा सकता है और इनके मूल्य में परिवर्तन का जोखिम नहीं के बराबर होता है।
26.	आकस्मिक दायित्व	Contingent Liabilities	वे दायित्व जो वर्तमान में दायित्व नहीं है परन्तु जिनका होना या न होना भविष्य की किसी घटना पर आधारित होता है।
27.	वचनबद्धताएँ	Commitments	भविष्य में किन्हीं निश्चित दशाओं में किसी निश्चित समय पर

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

			किसी निश्चित कार्य को करने का अनुबन्ध, वचनबद्धताएं कहलाता है।
28.	संचालन क्रियाओं से आगम	Revenue from Operations	एक कम्पनी द्वारा कम्पनी की व्यावसायिक क्रियाओं यथा माल के विक्रय एवं सेवा प्रदान करने से अर्जित आगम संचालन क्रियाओं से आगम कहलाता है।
29.	अन्य आय	Other Income	संस्था को व्यावसायिक क्रियाओं के अलावा अन्य साधनों से अर्जित आय, अन्य आय कहलाती है।
30.	रहतिये में परिवर्तन	Changes-in-Inventories	रहतियें में परिवर्तन से आशय संस्था के पास उपलब्ध स्टॉक, अर्द्धनिर्मित माल एवं निर्मित माल के प्रारम्भिक रहतिये व अन्तिम रहतिये के शुद्ध अन्तर से है।
31.	कर्मचारी हित व्यय	Employee Benefit Expenses	वे व्यय जो कर्मचारियों के वेतन, मजदूरी तथा सुविधाओं से सम्बन्धित है।
32.	ह्रास	Depreciation	मूर्त स्थायी सम्पतियों को अपलिखित करने की लागत ह्रास कहलाती है।
33.	प्रत्युत्सर्जन अपलेखन	Amortization	दीर्घकालीन अमूर्त सम्पतियों के अपलेखन की लागत को प्रत्युत्सर्जन कहा जाता है।

अभ्यासार्थ प्रश्न (Questions for Exercise)

बहुचयनात्मक प्रश्न (Multiple choice Questions)

1. वित्तीय विवरण तैयार किये जाते हैं (Financial statements are prepared at the time of) :-
(अ) व्यवसाय के प्रारम्भ के समय (Inception of Business)
(ब) लेखा वर्ष के अन्त में (End of Accounting year)
(स) व्यवसाय के समापन के समय (Winding up of Business)
(द) इनमें से कोई नहीं (None of these)

2. वह विवरण जो कम्पनी की वित्तीय स्थिति को दर्शाता है
The Statement which depicts the financial position of a company:
(अ) स्थिति विवरण (Balance Sheet)
(ब) रोकड प्रवाह विवरण (Cash flow statement)
(स) लाभ–हानि विवरण (Statement of Profit and Loss)
(द) समता में परिवर्तनों का विवरण (Statement of Changes in Equity)

3. निम्न में से किस कम्पनी को रोकड प्रवाह विवरण बनाना अनिवार्य है:
For which of the following company, it is necessary to prepare Cash Flow Statement :-
(अ) निष्क्रिय कम्पनी (Inactive Company)
(ब) सार्वजनिक कम्पनी (Public Company)
(स) एक व्यक्ति कम्पनी (One person Company)
(द) लघु कम्पनी (Small Company)

4. कम्पनी के स्वामी कहलाते हैं : Owners of the Company are :-
(अ) अंशधारी (Shareholders)
(ब) ऋणदाता (Loan providers)
(स) लेनदार (Creditors)
(द) उपर्युक्त सभी (All the above)

5. वित्तीय विवरण उपयोगी होते हैं : Financial Statements are useful for :
(अ) कर्मचारियों के लिए (Employees)
(ब) प्रबन्धकों के लिए (Managers)

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

(स) अंशधारियों के लिए (Shareholders)
(द) सभी के लिए (All of above)

6. कम्पनी की दृष्टि से वितीय वर्ष समाप्त होता है : For a company financial year ends :-
(अ) 30 जून को (On 30 June)
(ब) 30 सितम्बर को (On 30 September)
(स) 31 दिसम्बर को (On 31 December)
(द) 31 मार्च को (On 31 March)

7. आर्थिक चिटठे में सामान्य संचय को किस शीर्षक के अन्तर्गत दिखाया जायेगा :
General Reserves will be shown under which head of the Balance Sheet:
(अ) अल्पकालीन आयोजन (Short Term Provisions)
(ब) अंश पूँजी (Share Capital)
(स) विविध व्यय (Miscellaneous Expenses)
(द) संचय एवं आधिक्य (Reserves and Surplus)

8. कम्पनी के स्थिति विवरण में 'समता एवं दायित्व' भाग में मुख्य शीर्षकों की संख्या है:
Number of main heads under 'Equity and Liabilities' part of Balance Sheet of a company is :-
(अ) 1 (ब) 2 (स) 3 (द) 4

9. जब लेखांकन आय कर योग्य आय से अधिक होती है तो उत्पन्न होता है:
When accounting income exceeds taxable income, it leads to :-
(अ) स्थगित कर दायित्व (Defererd Tax Liability)
(ब) स्थगित कर सम्पति (Deferred Tax Assets)
(स) दीर्घकालीन ऋण (Long Term Loan)
(द) इनमें से कोई नहीं (None of these)

10. निम्न में से कौनसा व्यय कर्मचारी हित का व्यय नहीं है :
Which of the following is not employee benefits expenses :-
(अ) वेतन (Salary)
(ब) भविष्य निधि अंशदान (Provident fund contribution)
(स) कारखाने की मशीन मरम्मत (Repairs of factory machine)
(द) ग्रेच्युइटी भुगतान (Payment of Gratuity)

अति लघुत्तरात्मक प्रश्न (Very Short Answer Type Questions)

1. वित्तीय विवरणों से क्या आशय है ?
What is meant by financial statements ?

2. कम्पनी के द्वारा तैयार किये जाने वाले दो मुख्य वित्तीय विवरणों के नाम बताइये।
Name the two financial statements prepared by a company.

3. एक कम्पनी के स्थिति विवरण के सम्पत्ति भाग के प्रमुख शीर्षकों के नाम बताइये।
Write the name of the major heads of the Assets of the Balance sheet of a company.

4. वित्तीय विवरणों को ऐतिहासिक प्रपत्र क्यों कहा जाता है ?
Why are financial statements called as historical document ?

5. संचालन चक्र क्या है ?
What is operating cycle ?

6. व्यापारिक देयता को परिभाषित कीजिए।
Define Trade Payables.

7. लाभ–हानि विवरण किसे कहते हैं ?
What is meant by Statement of Profit and Loss ?

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

8. चालू दायित्व से क्या आशय है ?
What is meant by Current Liabilities ?

9. स्थिति विवरण में बकाया मांग को कैसे प्रदर्शित किया जाता है ?
How are calls-in-arrear shown in Balance Sheet ?

10. 'अंश आवेदन राशि, जब तक आबन्टन न हो' से क्या आशय है ?
What is meant by 'share application money, pending allotment' ?

लघूत्तरात्मक प्रश्न (Short Answer Type Questions)

1. कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 2(40) के अनुसार वित्तीय विवरणों में कौन–कौन से विवरण शामिल होते हैं ?
Which statement are included in the financial statements under section 2(40) of the Companies Act, 2013 ?

2. वित्तीय विवरणों की प्रमुख विशेषताओं को बताइये।
Write main characteristics of financial statements.

3. वित्तीय विवरणों के चार उद्देश्य बताइये।
Write four objectives of financial statements.

4. चालू सम्पत्ति किसे कहते है ?
What is meant by Current Assets ?

5. व्यापारिक प्राप्यताओं का अर्थ बताइये।
Explain meaning of Trade Receivables.

6. स्थिति विवरण के 'संचय एवं आधिक्य' शीर्षक के अन्तर्गत लिखी जाने वाली चार मदें लिखिये।
Write four items under the head of 'Reserves and surplus' of Balance Sheet.

7. 'अंश विकल्प अदत्त खाता' क्या है ? समझाइये।
What is 'share options outstanding Account' ? Explain.

8. गैर चालू सम्पत्ति शीर्षक के अन्तर्गत आने वाले पांच उप शीर्षकों के नाम लिखिये।
Write the names of five sub heads compring under the heads 'Non Current Assets' ?

9. रोकड तुल्य को समझाइये।
Explain Cash Equivalents.

निबन्धात्मक प्रश्न (Esasay Type Questions)

1. वित्तीय विवरणों से क्या आशय है ? इनकी विशेषताएँ बताते हुये इनके उददेश्य लिखिये।
What do you mean by financial statements ? Describe characteristics and objectives of these.

2. चिट्ठे से क्या आशय है ? इसका प्रारूप दीजिए।
What do you mean by Balance Sheet ? Give its format.

3. लाभ–हानि विवरण का अर्थ बताइये तथा इसका प्रारूप दीजिए।
What is meant by Profit and Loss statement ? Give its format.

4. आकस्मिक दायित्व एवं वचनबद्धताओं को समझाइये।
Explain contingent Liabilities and Commitments.

5. एक कम्पनी के स्थिति विवरण में निम्न मदों को आप किन शीर्षकों के अन्तर्गत दिखायेंगे ?
Under which heads will you show the follwing items in the Balance Sheet of a company ?
(1) अंश वारन्ट के विरूद्ध प्राप्त धनराशि (Money received against share warrants), **(2)** भविष्य निधि के लिए आयोजन (Provision for provident Fund), **(3)** विविध देनदार एवं प्राप्य बिल (Sundry Debtors and B/R), **(4)** मांग पर चुकता ऋण (Loan repayable on demand), **(5)** ख्याति, पेटेन्ट एवं व्यापारिक चिन्ह (Goodwill, Patents and Trade marks), **(6)** सरकारी सहायता संचय (Government subsidy Reserves), **(7)** जब्त अंश (Forfeited shares), **(8)** अंश विकल्प अदत्त (Shares options outstanding), **(9)** ऋणपत्रों के शोधन पर प्रीमियम (Premium on Redemption of Debentures), **(10)** हिण्डाल को. लि. के अंश (Shares in Hindal Co. Ltd.)

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

6. एक कम्पनी के लाभ–हानि विवरण में निम्न मदों को आप किस मुख्य शीर्षक (Major Head) के अन्तर्गत दर्शाएंगे?

Under which major head will you show the following items in the Statement of Profit and Loss of a company ?

(1) प्राप्त किराया (Rent Received), **(2)** प्रोजेक्ट परामर्श से आय (Revenue from project consultancy), **(3)** संचालन क्रियाओं से आगम : वापसी (Revenus from operations : Return), **(4)** व्यापारिक व्यय (Trade Expenses), **(5)** छुट्टियों के बदले नकद भुगतान (Leave Encashment Expenses), **(6)**कर वापसी (Refund of Income Tax), **(7)** हस्तांतरण शुल्क (Transfer fees), **(8)** विनियोगों के विक्रय से हानि (Loss on sale of Investment), **(9)** अवशेष विक्रय (Sale of scrap), **(10)** स्टोर्स एवं स्पेयर पार्टस प्रयुक्त (Stores and Spares parts used), **(11)** वेतन एवं मजदूरी (Salary and Wages), **(12)** निर्माण व्यय (Manufacturing Expenses), **(13)** टेलीफोन व इंटरनेट व्यय (Telephone & Internet Expenses), **(14)** अंश निर्गमन व्ययों का अपलेखन (Share Issue Expenses written off), **(15)** पट्टे का किराया (Lease Rent)

बहुचयनात्मक प्रश्नों के उत्तर

उत्तर :	**(1)** ब	**(2)** अ	**(3)** ब	**(4)** अ	**(5)** द	**(6)** द	**(7)** द	**(8)** द	**(9)** अ	**(10)** स

आंकिक प्रश्न (Numerical Questions)

1. निम्नलिखित सूचना से एक गैर वित्तीय कम्पनी की संचालन से आगम, अन्य आय तथा कुल आय की गणना कीजिए:

From the following informations, calculate Revenue from operations, Other Income and Total Revenue of non financial company :

विक्रय की आगम (Revenue from Sales) ₹ 30,00,000 ; विक्रय वापसी (Sales Return) ₹ 6,50,000 ; स्क्रैप की बिक्री (Sale of Scrap) ₹ 1,50,000 ; बैंक में जमा पर ब्याज (Interest on Bank Deposit) ₹ 2,00,000 ; ऋणपत्रों पर अर्जित ब्याज (Interest earned on Debentures) ₹ 50,000

उत्तर : [₹ 25,00,000 , ₹ 2,50,000 एवं ₹ 27,50,000]

2. निम्नलिखित सूचनाओं से रेलीगेयर लि.(एक वित्तीय कम्पनी) की संचालन से आगम, अन्य आय तथा कुल आगम की गणना कीजिए :

From the following informations of Religare Ltd. (a financial company), calculate Revenue from operations, Other Income and Total Revenue :

विनियोगों की बिक्री से लाभ (Profit on Sale of Investments) ₹ 5,00,000 ; भवन की बिक्री से लाभ (Profit on Sale of Building) ₹ 4,50,000 ; विविध आय (Miscellaneous Income) ₹ 50,000 ; लाभांश प्राप्त (Dividend Received) ₹ 4,00,000 ; ऋणों पर ब्याज (Interest on Loans) ₹ 25,00,000

उत्तर : [₹ 34,00,000 , ₹ 5,00,000 एवं₹ 39,00,000]

3. एक कम्पनी के तलपट से निम्नलिखित शेष लिए गये है :

The following balances are taken from Trial Balance of a company :

IDBI से ऋण (Loan from IDBI) ₹ 5,00,000 ; भूमि एवं भवन (Land and Building) ₹ 3,70,000 ; संयंत्र एवं मशीनरी (Plant and Machinery) ₹ 2,58,000 ; फर्नीचर (Furniture) ₹ 45,000 ; विनियोग (Investments) ₹ 2,47,000 ; लाभ–हानि विवरण का नाम शेष (Dr. Balance of P&L Statement) ₹ 50,000; व्यापारिक प्राप्य (Trade Receivables) ₹ 2,25,000 ; स्कन्ध (Inventory)₹ 1,75,000 ; रोकड एवं रोकड तुल्य (Cash and Cash Equivalents) ₹ 51,000

आपको कम्पनी अधिनियम 2013 के अनुसार चिट्ठे का सम्पति पक्ष तैयार करना है।

You are required to draw up assets side of Balance sheet as per Companies Act, 2013.

उत्तर : [सम्पत्ति पक्ष का योग ₹ 13,71,000]

4. एक कम्पनी के तलपट से निम्नलिखित शेष लिये गये हैं:

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

The following balances are taken from Trial Balance of a company :
1,20,000 Equity shares of ₹ 10 each fully called up ₹ 12,00,000 ; Calls-in-arrears on 5,000 shares @ ₹ 2 each ₹ 10,000 ; General Reserves ₹ 5,80,000 ; Preliminary Expenses ₹ 20,000 ; Provision for Provident fund ₹ 1,20,000 ; Trade Payables ₹ 3,00,000 ; Loan from Bank ₹ 5,00,000 ; Provision for Doubtful Debt ₹ 40,000
1,20,000 समता अंश ₹ 10 वाले पूर्ण प्रदत्त ₹ 12,00,000; बकाया मॉग 5,000 अंशों पर ₹ 2 प्रति अंश ₹ 10,000; सामान्य संचय ₹ 580,000; प्रारम्भिक व्यय ₹ 20,000; भविष्य निधि आयोजन ₹ 1,20,000; व्यापारिक देयताएँ ₹ 3,00,000; बैंक से ऋण ₹ 5,00,000; संदिग्ध ऋण आयोजन ₹ 40,000;
आपको कम्पनी अधिनियम 2013 के अनुसार चिट्ठे का समता एवं दायित्व पक्ष तैयार करना हैं।
You are required to prepare Equity and Liabilities side of Balance sheet as per Companies Act, 2013.
उत्तर : [समता एवं दायित्व पक्ष का योग ₹ 27,10,000]

5. 31 मार्च 2017 को समाप्त होने वाले वर्ष से सम्बन्धित निम्न सूचनाओं से कर्मचारी हित व्यय पर लेखांकन टिप्पणी तैयार कीजिए :
Prepare Notes to Accounts on Employee Benefits Expenses from the following informations for the year ended 31 March, 2017.
(i) Entertainment Expenses ₹ 1,50,000 (ii) Staff Welfare Expenses ₹ 2,70,000 (iii) Travelling Expenses ₹ 80,000 (iv) Bonus ₹ 5,50,000 (v) Salaries ₹ 18,70,000 (vi) Wages ₹ 25,20,000
उत्तर : ₹ 52,10,000

6. 31 मार्च, 2017 को समाप्त होने वाले वर्ष की सुजुकी लि. की निम्नलिखित सूचनाओं से कम्पनी का चिटठा बनाइये।
From the following informations prepare Balance Sheet of Suzuki Ltd. as at 31st March, 2017:
Share Capital ₹ 24,00,000 ; Deferred Tax Liabilites ₹ 60,000 ; General Reserves ₹ 6,00,000 ; Balance of Statement of Profit & Loss (Cr.)₹ 5,20,000; Tangible Fixed Assets ₹ 34,60,000; Trade Receivables ₹ 8,00,000; Provision for Doubtful Debts ₹ 40,000; Trade Payables ₹ 3,20,000; Provision for Tax ₹ 80,000; Proposed Dividend ₹ 2,40,000.
अंश पूँजी ₹ 24,00,000; स्थगित कर देयताएँ ₹ 60,000; सामान्य संचय ₹ 6,00,000; लाभ–हानि विवरण का शेष (क्रेडिट) ₹ 5,20,000; दृश्यनीय स्थायी सम्पत्तियाँ ₹ 34,600,00; व्यापारिक प्राप्यताएँ ₹ 8,00,000; संदिग्ध ऋण आयोजन ₹ 40,000; व्यापारिक देयताएँ ₹ 3,20,000; कर आयोजन ₹ 80,000; प्रस्तावित लाभांश ₹ 2,40,000
उत्तर : चिटठे का योग ₹ 42,60,000

7. शुभम लिमिटेड की 31 मार्च, 2017 को दी गई निम्न सूचनाओं से लाभ–हानि विवरण तैयार कीजिए :-
From the following informations, Prepare Statement of Profit & Loss of Shubham Ltd., for the year ending 31 March, 2017 :
Sales ₹ 45,00,000 ; Cost of Material Consumed ₹ 8,00,000 ; Purchase of Stock-in-Trade ₹ 30,00,000 ; 10% Debentures (Issued on 01-04-2016) ₹ 2,00,000 ; Depreciation on Machinery ₹ 50,000 ; Interest received ₹ 60,000 ; Wages ₹ 1,80,000 ; Salaries ₹ 60,000 ; Sale of Scrap ₹ 10,000 ; Opening Stock-in-Trade ₹ 3,00,000 ; Closing stock-in-Trade ₹ 5,00,000.
विक्रय ₹ 45,00,000; उपभोग की सामग्री की लागत ₹ 8,00,000; स्टॉक का क्रय ₹ 30,00,000; 10% ऋणपत्र (1.4.16 को जारी) ₹ 2,00,000; मशीन पर ह्रास ₹ 50,000; ब्याज प्राप्त ₹ 60,000; मजदूरी ₹ 1,80,000; वेतन ₹ 60,000; स्क्रेप की बिक्री ₹ 10,000; प्रारम्भिक स्टॉक ₹ 3,00,000; अन्तिम स्टॉक ₹ 5,00,000.
उत्तर : कर से पूर्व लाभ ₹ 6,60,000

8. गणेश लि. की निम्नलिखित सूचनाओं से 31 मार्च, 2017 को समाप्त होने वाले वर्ष का चिट्ठा बनाइये :–
From the following informations, Prepare Balance Sheet of Ganesh Ltd. as at 31 March, 2017:-

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Fully paid 50,000 Equity shares ₹ 10 each ₹ 5,00,000; 25,000 8% Preference shares ₹ 10 each fully paid up ₹ 2,50,000 ; 7% Debentures₹ 5,00,000 ; Trade Creditors ₹ 5,72,500 ; Cash and Cash Equivalents ₹ 1,37,500 ; Provision for Tax ₹ 85,000 ; Goodwill at Cost ₹ 1,25,000 ; Balance of Statement of Profit & Loss (Dr.) ₹ 1,50,000 ; Provision for Doubtful Debts ₹ 10,100 ; Tangible Fixed Assets at Cost ₹ 25,00,000 ; Other Current Assets ₹ 3,25,000 ; General Reserves ₹10,25,000 ; Short Term Loans ₹13,50,000 ; Long Term Advances ₹ 1,86,000 ; Short Term Advances ₹ 56,500 ; Securities Premium ₹ 2,37,500 ; Non Current Investments ₹ 1,00,000 ; Current Investments ₹ 12,600 ; Sundry Debtors ₹ 6,12,500 ; Creditors for Expenses ₹ 1,00,000 ; Closing Stock : Stores ₹ 2,00,000 ; and Finished goods ₹ 3,75,000 (Total ₹ 5,75,000); Capital Work-in-Progress ₹ 1,00,000 ; Accumulated Depreciation on Fixed Assets ₹ 2,50,000; ₹ 10 वाले 50,000 पूर्ण प्रदत्त समता अंश ₹ 5,00,000 ; ₹ 10 वाले 25,000 पूर्ण प्रदत 8% पूर्वाधिकार अंश ₹ 2,50,000; 7% ऋणपत्र ₹ 5,00,000; व्यापारिक दायित्व ₹ 5,72,500; रोकड व रोकड तुल्य ₹ 1,37,500; कर आयोजन ₹ 85,000; ख्याति लागत पर ₹ 1,25,000; लाभ–हानि विवरण शेष (डेबिट) ₹ 1,50,000; संदिग्ध ऋण आयोजन ₹ 10,100; दृश्यनीय स्थायी सम्पत्तियाँ लागत पर ₹ 25,00,000; अन्य चालू सम्पत्तियाँ ₹ 3,25,000; सामान्य संचय ₹ 10,25,000; अल्पकालीन ऋण ₹ 13,50,000; दीर्घकालीन ऋण ₹ 1,86,000; अल्पकालीन अग्रिम ₹ 56,500; अंश प्रीमियम ₹ 2,37,500; गैर चालू विनियोग ₹ 1,00,000; चालू विनियोग ₹ 12,600; विविध देनदार ₹ 6,12,500; व्ययों के लिए लेनदार ₹ 1,00,000; अन्तिम स्टॉक: स्टोर्स ₹ 2,00,000; निर्मित माल ₹ 3,75,000; (कुल ₹ 5,75,000); पूँजीगत अर्द्ध निर्मित कार्य ₹ 1,00,000; स्थायी सम्पतियों पर एकत्रित ह्रास ₹ 2,50,000.

उत्तर : चिट्ठे का योग ₹ 44,80,100.

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

7
संयुक्त साहस खाते
(JOINT VENTURE ACCOUNTS)

अध्ययन के उद्देश्य

इस अध्याय के अध्ययन के बाद आप :–

- ❑ संयुक्त साहस का अर्थ एवं परिचय समझ पाऐंगे।
- ❑ संयुक्त साहस व साझेदारी में अन्तर जान पाऐंगे।
- ❑ संयुक्त साहस संबंधी निम्नांकित लेखा विधियां जान पाऐंगे–
- ❑संयुक्त साहस के लिए पृथक लेखा पुस्तकें रखना।
- ❑संयुक्त साहस के लिए पृथक लेखा पुस्तकें नहीं रखना–
  - (क) जब प्रत्येक साहसी द्वारा केवल स्वयं के लेनदेनों का लेखा रखा जाता है।
  - (ख) जब स्वयं के लेनदेनों के साथ ही अन्य सह–साहसियों के लेनदेनों का भी लेखा रखा जाता है।

संयुक्त साहस का अर्थ एवं परिचय
(Meaning and Introduction of Joint Venture)

संयुक्त साहस एक विशेष प्रकार का कारोबार या उपक्रम है जिसे दो या दो से अधिक व्यक्ति मिलकर सम्पन्न करते हैं। ऐसा कारोबार या उपक्रम किसी विशेष प्रकार के व्यवसाय के लिये अथवा एक निश्चित अवधि के लिये किया जाता है। विशेष कार्य पूर्ण हो जाने या पूर्व निश्चित अवधि के समाप्त हो जाने के साथ ही संयुक्त साहस भी स्वतः समाप्त हो जाता है। संयुक्त साहस के अन्तर्गत किये जाने वाले व्यवसाय/कारोबार से प्राप्त लाभ/हानि को निर्धारित अनुपात में साहसियों द्वारा बांट लिया जाता है। संयुक्त साहस में कारोबार करने के लिये प्रत्येक साहसी अपने अपने हिस्से की पूँजी लाता है। संयुक्त साहस में सम्मिलित होने वाले को सह–साहसी (Coventurer) कहते हैं।

संयुक्त साहस एक प्रकार से अस्थायी साझेदारी अथवा व्यक्तियों का समूह हैं। प्रायः किसी विशेष वस्तु के व्यापार, आयात–निर्यात का कार्य, भवन निर्माण, किसी कम्पनी के अंशों एवं ऋण पत्रों का अभिगोपन, जमीन खरीद कर विकसित कर भूखण्डों का विक्रय या उस पर मकान बनाकर बेचना आदि कार्य संयुक्त साहस के अन्तर्गत किया जाता है। प्रायः सभी साहसी मिलकर संयुक्त साहस का कार्य करते हैं। संयुक्त साहस का फर्म की तरह कोई विशेष नाम नहीं होता हैं। इसमें आपसी समझ ही महत्त्वपूर्ण होती है।

संयुक्त साहस की विशेषताएं (Characteristics of Joint Venture)

1. संयुक्त साहस किसी विशेष कार्य या व्यवसाय को पूरा करने के लिये अथवा एक निश्चित समय तक किसी विशेष कार्य को करने के लिये किया जाता है।
2. विशेष कार्य या अवधि समाप्त होने के साथ ही संयुक्त साहस भी स्वतः समाप्त हो जाता है।
3. संयुक्त साहस की समाप्ति के साथ ही लाभ हानि का विभाजन एवं हिसाब किताब का निपटारा कर लिया जाता है।
4. संयुक्त साहस प्रायः अल्पकालीन होता है।
5. संयुक्त साहस का कोई विशेष नाम नहीं होता हैं। इसमें सह–साहसी इसके साथ ही निजी व्यवसाय भी कर सकते है।

संयुक्त साहस एवं साझेदारी में अन्तर
(Difference Between Joint Venture & Partnership)

क्र. स.	अन्तर का आधार	संयुक्त साहस	साझेदारी
1	नाम	संयुक्त साहस का प्रायः कोई नाम नहीं होता है।	साझेदारी संस्था का एक निश्चित नाम होता है।
2	उद्देश्य	संयुक्त साहस का उद्देश्य निश्चित कार्य या निश्चित समय तक व्यवसाय करना है।	साझेदारी का निर्माण निरन्तर संचालन करने हेतु किया जाता है।
3	पंजीयन	संयुक्त साहस में पंजीयन कराना आवश्यक नहीं हैं।	साझेदारी में पंजीयन कराना आवश्यक है।
4	अधिनियम	संयुक्त साहस के लिये कोई पृथक अधिनियम नहीं होता है।	साझेदारी में भारतीय साझेदारी अधिनियम 1932 लागू होता है।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

5	सदस्य	संयुक्त साहस में भाग लेने वाले को सह–साहसी कहा जाता है।	साझेदारी में भाग लेने वाले को साझेदार कहा जाता है।
6	सदस्य संख्या	संयुक्त साहस में कम से कम दो अथवा अधिकतम सदस्यों पर कोई प्रतिबन्ध नहीं होता है।	साझेदार में कम से कम दो, साधारण में अधिकतम 20 सदस्य तथा बैंकिंग व्यवसाय में 10 सदस्य होते है।
7	सम्बन्ध	संयुक्त साहस में साहसियों में परस्पर समझ होती है।	साझेदारी में साझेदारों में आपसी सम्बन्ध होता है।

संयुक्त साहस सम्बन्धी लेखा विधियॉ :–

(Accounting Methods for Joint Venture)

संयुक्त साहस सम्बन्धी लेखा करने के मुख्य रूप से दो लेखा विधियाँ प्रचलन में है –

1. संयुक्त साहस के लिये पृथक से लेखा पुस्तकें रखना।
2. संयुक्त साहस के लिये पृथक से लेखा पुस्तकें नहीं रखना :
   (अ) प्रत्येक साहसी द्वारा केवल स्वयं के लेनदेनों का लेखा रखना।
   (ब) स्वयं के लेनदेनों के साथ ही अन्य साहसियों के लेनदेनों का भी लेखा करना।

(1) संयुक्त साहस के लिये पृथक लेखा पुस्तकें रखना –

जब सभी साहसी प्रायः एक ही स्थान पर रहते हो और संयुक्त साहस का कारोबार भी बड़ा हो अथवा साहसियों द्वारा आपसी निर्णय लिया गया हो, तो संयुक्त साहस के लिये पृथक पृथक लेखा पुस्तकें रखी जा सकती है। ऐसी स्थिति में लेखा पुस्तकों में निम्नानुसार तीन मुख्य खाते खोले जाते है।

(1) संयुक्त साहस खाता (Joint Venture Account)
(2) संयुक्त बैंक खाता (Joint Bank Account)
(3) प्रत्येक साहसी का पूँजी खाता / व्यक्तिगत खाता (Co-venturer's Capital/Personal Account)

इसके अन्तर्गत साहसियों द्वारा अपने अपने हिस्से की पूँजी की रकम लाकर संयुक्त बैंक खाते में जमा करायी जाती है। संयुक्त साहस के सभी भुगतान प्रायः इसी खाते से किये जाते हैं एव बिक्री आदि से प्राप्त रकम भी इसी खाते में जमा करायी जाती है। संयुक्त साहस खाता, व्यापारिक एवं लाभ–हानि खाते की तरह का होता हैं इसमें सभी क्रय एवं खर्चे नाम पक्ष में लिखे जाते हैं तथा बिक्री एवं अन्य आय को जमा पक्ष में लिखा जाता है। इस खाते का अन्तर संयुक्त साहस के लाभ हानि को प्रकट करता है जिसे साहसियों में बांट दिया जाता हैं। संयुक्त साहस की समाप्ति पर व्यक्तिगत खातों में शेष राशि को भुगतान कर लेखा पुस्तकें बन्द कर दी जाती है। लेखा प्रविष्टियां इस प्रकार की जाती है –

1. साहसियों द्वारा अपने हिस्से की पूँजी संयुक्त बैंक खाते में जमा करवाने पर –

Joint Bank A/c Dr.
To Co-venturer's A/c
(Being cash contribution made by co-venturer's)

2. संयुक्त साहस के लिए माल क्रय करने पर (नकद)

Joint Venture A/c Dr.
To Joint Bank A/c
(Being goods purchased for cash)

3.संयुक्त साहस के लिये किये गये खर्चो का भुगतान करने पर

Joint Venture A/c Dr.
To Joint Bank A/c
(Being expenses paid for cash)

विशेष : यदि संयुक्त साहस के लिये माल उधार क्रय किया जावे तो Joint Bank के स्थान पर आपूर्तिकर्ता का खाता क्रेडिट किया जायेगा। यदि माल की पूर्ति कोई साहसी करता हैं तो साहसी का व्यक्तिगत खाता / पूँजी खाता क्रेडिट होगा। इसी प्रकार किसी खर्चे का भुगतान कोई साहसी करता हैं तो Joint Bank के स्थान पर उसका व्यक्तिगत / पूँजी खाता क्रेडिट किया जायेगा।

4. संयुक्त साहस का माल विक्रय होने पर (नकद विक्रय)

Joint Bank A/c Dr.
To Joint Venture A/c

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

(Being goods sold for cash)

5. माल के उधार विक्रय की दशा में

Customer's A/c Dr.

To Joint venture A/c

(Being goods sold on credit)

6. माल विक्रय के पश्चात् ग्राहक से भुगतान प्राप्त होने पर

Joint Bank A/c Dr.

To Customer's A/c

(Being payment received in cash)

नोट : यदि ग्राहक को बट्टा दिया गया है तो संयुक्त साहस खाते को डेबिट करेंगे तथा यदि कोई राशि डूबत हुई हो तो भी संयुक्त साहस खाता डेबिट करेंगे।

7. उधार क्रय की दशा में आपूर्तिकर्ता को भुगतान करने पर

Supplier's A/c Dr.

To Joint Bank A/c

(Being payment made to supplier)

नोट : भुगतान करने पर प्राप्त छूट के लिये Joint venture A/c को credit करेंगे।

8. किसी साहसी द्वारा संयुक्त साहस का बचा हुआ माल लेने पर –

Co-venturer's A/c Dr

To Joint venture A/c

(Being stock taken by co-venturer)

9. यदि किसी साहसी को पूँजी पर ब्याज, कमीशन आदि देय हो तो –

Joint venture A/c Dr.

To co-venturer's A/c

(Being interest /commission credited)

10. संयुक्त साहस समाप्ति पर संयुक्त साहस खाते द्वारा प्रकट लाभ को साहसियों में बांटने पर –

Joint venture A/c Dr.

To co- venturer's A/c

(Being profit on joint venture credited)

11. संयुक्त साहस खाते द्वारा यदि हानि प्रकट हो तो हानि का वितरण करने पर –

Co- venturer's A/c Dr.

To Joint venture A/c

(Being loss on joint venture debited)

12. संयुक्त साहस की समाप्ति पर साहसियों को उनके व्यक्तिगत खाते या पूँजी खाते में शेष के अनुसार अन्तिम भुगतान करने पर –

Co- venturer's A/c Dr.

To Joint Bank A/c

(Being balance of co-venturer's capital A/c paid of)

यदि किसी साहसी का पूँजी खाता/व्यक्तिगत खाता डेबिट शेष बताता है तो अन्तिम भुगतान से पूर्व उस साहसी से शेष रकम वसूल की जायेगी एवं उसके बाद अन्य साहसियों को भुगतान किया जावेगा।

उदाहरण 1 : विवेक, भावेश, पार्थ बराबर लाभ विभाजन के लिए एक संयुक्त साहस में सम्मिलित होते हैं। 1 जनवरी 2016 को वे स्टेट बैंक में अपना अलग बैंक खाता खोलते हैं जिसमें विवेक ₹30000, भावेश ₹40000व पार्थ ₹90000 जमा कराते हैं। यह भी निश्चय किया गया कि इन जमाओं पर 6 प्रतिशत वार्षिक दर से ब्याज दिया जायेगा। अनिल से ₹125000 का माल खरीदा तथा विवेक से ₹25000 का स्टॉक प्राप्त किया। अनिल को चैक द्वारा भुगतान कर दिया। अन्य खर्चो के ₹10600 चुकाये। विवेक ने संयुक्त साहस का कुछ माल ₹80000 नकद व ₹120000 का सुनिल को उधार बेचा। सुनिल ने समान राशि का एक बिल स्वीकार किया जिसे ₹117000 में बैंक से भुना लिया। 31 मार्च 2016 को संयुक्त साहसियों की प्रारम्भिक पूँजी लौटा दी गई। विवेक को उसकी सेवाओं के लिये बिक्री पर 5 प्रतिशत कमीशन दिया गया।

संयुक्त साहस की पुस्तकों में आवश्यक जर्नल प्रविष्टियॉ दीजिये तथा आवश्यक खाते खोलिये यह मानते हुऐ कि हिसाब 31 मार्च 2016 को हो गया।

Vivek, Bhavesh and Parth entered into Joint Venture to divide profit equally. On 1 January 2016 they opened a seperate Bank Account contributing Vivek ₹30,000, Bhavesh ₹40,000 and Parth ₹90,000. It was also decided to charge interest on such contribution @6% p.a. . Goods were purchased from Anil for

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

₹ 1,25,000 and Vivek's stock was taken for ₹25000 by Vivek. They settled their account with Anil by cheque and paid ₹10600 for other expenses.

Vivek sold goods of the Joint Venture partly for cash for ₹80,000 and the remaining goods to sunil on credit for ₹120000, Sunil accepted a bill for the same amount which was then discounted for ₹117000. The initial capital was returned to the co-venturer on 31 March 2016, Vivek was allowed 5% commission on sale for his service.

Pass the Journal entries and open the necessary accounts in the books of Joint Venture assuming the final settlement was made on 31 March 2016.

	Particulars	L/F	Amount (₹)	
			Dr.	Cr.
1	Joint Bank A/c Dr. To Vivek's A/c To Bhavesh's A/c To Parth's A/c (Being cash contributed by co-venturers)		1,60,000	 30,000 40,000 90,000
2	Joint Venture A/c Dr. To Anil's A/c (Being goods purchased)		1,25,000	 1,25,000
3	Joint Venture A/c Dr. To Vivek's A/c (For stock taken from Vivek's)		25,000	 25,000
4	Anil's A/c Dr. To Joint Bank A/c (For payment made to Anil)		1,25,000	 1,25,000
5	Joint Venture A/c Dr. To Joint Bank A/c (For Exepenses paid)		10,600	 10,600
6	Joint Bank A/c Dr. To Joint Venture A/c (Goods sold for cash)		80,000	 80,000
7	Sunil's A/c Dr. To Joint Venture A/c (Goods sold to Sunil on credit)		1,20,000	 1,20,000
8	Bills Receivable A/c Dr. To Sunil's A/c (Acceptance received from Sunil)		1,20,000	 1,20,000
9	Joint Bank A/c Dr. Joint Venture A/c Dr. To B/R A/c (Bill discounted from bank)		1,17,000 3,000	 1,20,000
10	Vivek's A/c Dr. Bhavesh's A/c Dr. Parth's A/c Dr. To Joint Bank A/c (Capital returned to co-ventures)		30,000 40,000 90,000	 1,60,000
11	Joint Venture A/c Dr. To Vivek's A/c (Being commission on sales credited to Vivek)		10,000	 10,000

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

12	Joint Venture A/c Dr.		2,400	
	To Vivek's A/c			450
	To Bhavesh's A/c			600
	To Parth's A/c			1,350
	(Interest on capital credited)			
13	Joint Venture A/c Dr.		24,000	
	To Vivek's A/c			8,000
	To Bhavesh's A/c			8,000
	To Parth's A/c			8,000
	(Being profit on joint venture credited)			
14	Vivek's A/c Dr.		43,450	
	Bhavesh's A/c Dr.		8,600	
	Parth's A/c Dr.		9,350	
	To Joint Bank A/c			61,400
	(Being final payment made to co-venturers)			

Joint Bank Account

Date	Particulars	Amount (₹)	Date	Particulars	Amount (₹)
2016 Jan., 1	To Vivek	30,000	2016 Jan., 1	By Anil	1,25,000
	To Bhavesh	40,000		By Joint Venture A/c	10,600
	To Parth	90,000		By Vivek	30,000
	To Joint Venture A/c	80,000		By Bhavesh	40,000
	To B/R A/c	1,17,000		By Parth	90,000
			Mar., 31	By Vivek	43,450
				By Bhavesh	8,600
				By Parth	9,350
		3,57,000			**3,57,000**

Joint Venture Account

Date	Particulars	Amount (₹)	Date	Particulars	Amount (₹)
	To Anil's A/c	1,25,000		By Sunil's A/c	1,20,000
	To Vivek (stock)	25,000		By Joint Bank A/c	80,000
	To Joint Bank (Exp.) A/c	10,600			
	To B/R A/c (Discounted)	3,000			
	To Vivek (interest)	450			
	To Bhavesh (interest)	600			
	To Parth (interest)	1,350			
	To Vivek (Commission)	10,000			
	To Profit	24,000			
	Vivek 8000				
	Bhavesh 8000				
	Parth 8000				
		2,00,000			**2,00,000**

Vivek's Account

Date	Particulars	Amount (₹)	Date	Particulars	Amount (₹)
2016 Mar., 31	To Joint Bank A/c	30,000	2016 Jan.,1	By Joint Bank A/c	30,000
	To Joint Bank A/c (Final payment) (B.F.)	43,450		By Joint Venture A/c	25,000

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

				By Joint Venture A/c	10,000
				By Joint Venture A/c	450
				By Joint Venrure A/c	8,000
		73,450			**73,450**

Bhavesh's Account

Date	Particulars	Amount (₹)	Date	Particulars	Amount (₹)
Mar.31	To Joint Bank A/c	40,000	2016 Jan. 1	By Joint Bank A/c	40,000
Mar.31	To Joint Bank A/c (Final payment) (B.F.)	8,600		By Joint Venture A/c	600
				By Joint Venture A/c	8,000
		48,600			**48,600**

Parth's A/c

Date	Particulars	Amount (₹)	Date	Particulars	Amount (₹)
2016 Mar., 31	To Joint Bank A/c	90,000	2016 Jan., 1	By Joint Bank A/c	90,000
	To Joint Bank A/c (Final payment) (BF)	9,350		By Joint Venture A/c	1,350
				By Joint Venture A/c	8,000
		99,350			**99,350**

उदाहरण 2 : रमेश एवं नरेश जो अलग अलग भवन निर्माण के ठेके का कार्य करते हैं, एक नवनिर्मित संयुक्त पूँजी वाली कम्पनी का भवन निर्माण संयुक्त रूप से ₹4,00,000 ठेका मूल्य पर लेते हैं जो ₹3,20,000 नकद किश्तों में और ₹80,000 कम्पनी के पूर्ण चुकता अंशों में देय होगा। उन्होंने पंजाब नेशनल बैंक में संयुक्त बैंक खाता खोला तथा नकद व्यवहार बैंक द्वारा किये गये। रमेश ने ₹1,00,000 तथा नरेश ने ₹60,000 बैंक में जमा कराये। लाभ–हानि क्रमशः 2:1 अनुपात में बांटते हैं। संयुक्त साहस के लेनदेन निम्न प्रकार थे – मजदूरी चुकाई ₹1,00,000, निर्माण सामग्री खरीदी ₹1,20,000, विविध व्यय चुकाये ₹48,000, रमेश ने सामग्री दी ₹16,000, नरेश ने सामग्री दी ₹10,000, रमेश ने शिल्पकार की फीस चुकाई ₹8,000,

ठेका कार्य पूरा हो गया और ठेके की राशि प्राप्त हो गई। संयुक्त साहस समाप्त कर दिया गया। रमेश ने संयुक्त पूँजी वाली कम्पनी के सभी अंश ₹72,000 में ले लिये तथा नरेश ने ठेके पर बची हुई सामग्री को ₹12,000 में ले लिया। संयुक्त साहस के लिये आवश्यक खाते खोलिये।

Ramesh and Naresh doing business separately as building contractors under take jointly to construct a building for newly started joint stock company for a contract price of ₹4,00,000 payable ₹3,20,000 by instalments in cash and ₹80,000 in fully paid shares of the company. A Joint Bank Account is opened in Punjab National Bank and all cash transactions are recorded through the Bank. Ramesh and Naresh deposited ₹1,00,000 and ₹60,000 in the Bank respectively. They share profit or loss in the proportion of 2:1 respectively. The transactions of joint venture were as follows :- Wages paid ₹1,00,000; Purchases of material ₹1,20,000; Sundry Expenses paid ₹48,000; Ramesh gave material from his stock ₹16,000; Naresh gave material from his stock ₹10,000; Architect's fees paid by Ramesh ₹8,000.

The contract was completed and the contract price was duly received. The Joint venture was terminated. Ramesh took all the share of Joint stock Company at price of ₹72,000 and Naresh took the remaining stock of material of ₹12000.

Prepare the necessary accounts for the joint venture.

Joint Venture Account

Date	Particulars	Amount (₹)	Date	Particulars	Amount (₹)
	To Joint Bank A/c (Purchase)	1,20,000		By Joint Bank A/c (Contract Money)	3,20,000
	To Joint Bank A/c (Wages)	1,00,000		By Share of company	80,000

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

	To Joint Bank A/c (Exp.)	48,000		By Naresh's A/c (Stock)	12,000
	To Ramesh's A/c (Stock)	16,000			
	To Naresh's A/c (Stock)	10,000			
	To Ramesh A/c (Architect fees)	8,000			
	To Share of Co. (Loss)	8,000			
	To Profit				
	Ramesh 68000				
	Naresh 34000	1,02,000			
		4,12,000			**4,12,000**

Joint Bank Account

Date	Particulars	Amount (₹)	Date	Particulars	Amount (₹)
	To Ramesh's A/c	1,00,000		By Joint venture A/c	1,20,000
	To Naresh's A/c	60,000		By Joint venture A/c	1,00,000
	To Joint Venture A/c (Contract Money)	3,20,000		By Joint venture A/c	48,000
				By Ramesh's A/c (Final Payment)	1,20,000
				By Naresh's A/c (Final Payment)	92,000
		4,80,000			**4,80,000**

Ramesh's Account

Date	Particulars	Amount (₹)	Date	Particulars	Amount (₹)
	To Shares of company	72,000		By Joint Bank A/c	1,00,000
	To Joint Bank A/c (B.F.) (Final Payment)	1,20,000		By Joint Venture A/c	16,000
				By Joint Venture A/c	8,000
				By Joint Venture A/c	68,000
		1,92,000			**1,92,000**

Naresh's Account

Date	Particulars	Amount (₹)	Date	Particulars	Amount (₹)
	To Joint Venture A/c	12,000		By Joint Bank A/c	60,000
	To Joint Bank A/c (B.F.) (Final Payment)	92,000		By Joint Venture A/c	10,000
				By Joint Venture A/c	34,000
		1,04,000			**1,04,000**

उदाहरण 3 : जयपुर के महेश एवं सुरेश ने जमीन खरीदकर उसे विकसित कर भूखण्डों के रूप में बेचने के लिये संयुक्त साहस में काम करने का निश्चय किया। उन्होंनें 1 जनवरी 2015 को एक संयुक्त बैंक खाता खोलकर उसमें क्रमशः ₹5,00,000 एवं ₹3,00,000 जमा कराये। लाभ–हानि अनुपात 5:3 था।

उन्होंनें ₹6,00,000 में जमीन का एक टुकडा खरीदा, पंजीयन शुल्क ₹65,000 का भुगतान किया। जमीन को विकसित करने पर ₹90,000 व्यय किये गये। कुल 40 भूखण्ड बनाये। 25 भूखण्डों का विक्रय ₹35,000 प्रति भूखण्ड की दर से एवं 7 भूखण्डों का विक्रय ₹31,000 प्रति भूखण्ड की दर से किया गया। इस हेतु दलाली का ₹40,000 भुगतान किया। शेष रहे भूखण्डों को महेश एवं सुरेश ने बराबर ₹22,000 प्रति भूखण्ड की दर से ले लिया। संयुक्त साहस की पुस्तकों में आवश्यक खाते तैयार कीजिये।

Mahesh and Suresh of Jaipur entered in a joint venture for a land development scheme. They opened a Bank Account in the joint name by depositing ₹5,00,000 and ₹3,00,000 on 1 Jan., 2015 respectively. They decided to share of profit and loss in the ratio 5:3.

A part of Land purchased for ₹ 6,00,000 and ₹65,000 was paid for its registration charges, ₹90,000

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

were paid for the expenses of development of land. The land was divided in 40 plots.

The plots were sold as under : 25 plots at ₹35000 each. 07 plots at ₹31000 each, brokerage were paid ₹40000. The remaining plots were taken at a price ₹22000 by both equally.

Prepare necessary accounts in the books of Joint Venture.

Joint Venture Account

Date	Particulars	Amount (₹)	Date	Particulars	Amount (₹)
	To Joint Bank A/c (Purchases)	6,00,000		By Joint Bank A/c (Sales) (25x35,000)	8,75,000
	To Joint Bank A/c (Registration fees)	65,000		By Joint Bank A/c (7 x 31,000)	2,17,000
	To Joint Bank A/c (Direct Exp.)	90,000		By Mahesh's A/c (Stock) (4 x 22,000)	88,000
	To Joint Bank A/c (Brokerage)	40,000		By Suresh's A/c (Stock) (4 x 22,000)	88,000
	To Profit				
	Mahesh 2,95,625				
	Suresh 1,77,375	4,73,000			
		12,68,000			**12,68,000**

Joint Bank Account

Date	Particulars	Amount (₹)	Date	Particulars	Amount (₹)
	To Mahesh's A/c	5,00,000		By Joint Venture A/c	6,00,000
	To Suresh's A/c	3,00,000		By Joint Venture A/c	65,000
	To Joint Venture A/c	8,75,000		By Joint Venture A/c	90,000
	To Joint Venture A/c	2,17,000		By Joint Venture A/c	40,000
				By Mahesh's A/c	7,07,625
				By Suresh's A/c	3,89,375
		18,92,000			**18,92,000**

Mahesh's Account

Date	Particulars	Amount (₹)	Date	Particulars	Amount (₹)
	To Joint Venture A/c	88,000		By Joint Bank A/c	5,00,000
	To Joint Bank A/c (B.F.)	7,07,625		By Joint Venture A/c	2,95,625
		7,95,625			**7,95,625**

Suresh's A/c

Date	Particulars	Amount (₹)	Date	Particulars	Amount (₹)
	To Joint Venture	88,000		By Joint Bank A/c	3,00,000
	To Joint Bank A/c (B.F.)	3,89,375		By Joint Venture A/c	1,77,375
		4,77,375			**4,77,375**

संयुक्त साहस के लिए पृथक से लेखा पुस्तकें नहीं रखना
(When separate books are not maintained for Joint Venture)

जब सभी साहसी एक ही स्थान पर नहीं रहते हो एवं संयुक्त साहस का कारोबार भी अधिक बडा नहीं हो तो संयुक्त साहस के लिये अलग से लेखा पुस्तकें नहीं भी रखी जा सकती है। ऐसी दशा में साहसी गण अपनी ही पुस्तकों में संयुक्त साहस के लेनदेन का लेखा रख सकते हैं। इस स्थिति में संयुक्त साहस के लेखांकन हेतु निम्न में से किसी एक विधि का उपयोग किया जा सकता है–

(अ) प्रत्येक साहसी द्वारा केवल स्वयं के लेनदेनों का लेखा रखना –

(1) लेखांकन की इस विधि के अन्तर्गत प्रत्येक साहसी अपनी–अपनी लेखा पुस्तकों में Joint Venture with .....Account के नाम से एक खाता खोलता है। इस खाते की प्रकृति व्यक्तिगत खाते की होती है। संयुक्त साहस की समाप्ति पर इस खाते का शेष अन्य साहसी से बाकी लेना अथवा बाकी देना बताता है।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

(2) साहसी द्वारा संयुक्त साहस के लिये किये जाने वाले भुगतानों, माल के क्रय अथवा अन्य किसी प्रकार के खर्चो के लिये Joint Venture with ..... Account को Debit (नाम) किया जाता है एवं संयुक्त साहस के लिये माल की बिक्री से प्राप्त रकम के लिये इस खाते को Credit किया जाता है।

(3) साहसी द्वारा अन्य साहसी को रकम भेजने पर उपर्युक्त खाता Debit तथा अन्य साहसी से रकम प्राप्त होने पर इस खाते को Credit किया जाता हैं।

(4) संयुक्त साहस की समाप्ति पर प्रत्येक साहसी अपने यहॉ रखे गये Joint Venture with ..... Account की एक नकल दूसरे साहसी को भेज देता है। ऐसी नकल प्राप्त होने पर साहसी अपनी पुस्तकों में स्मरणार्थ संयुक्त साहस खाता खोलते है। यह स्मरणार्थ खाता एक व्यापारिक एवं लाभ–हानि खाते की प्रकृति का होता है।

(5) स्मरणार्थ संयुक्त साहस खाते के Debit में माल का क्रय मूल्य एवं सभी प्रकार के खर्चे लिखे जाते हैं जबकि Credit में विक्रय मूल्य एवं अन्य आय (यदि कोई हो) लिखी जाती हैं। इस खाते का नाम (Debit) शेष हानि एवं जमा (Credit) शेष संयुक्त साहस का लाभ प्रकट करता है।

(6) स्मरणार्थ संयुक्त साहस खाते द्वारा लाभ प्रकट किये जाने पर लाभ विभाजन के लिये Joint Venture with .....Account को Debit एवं Profit & Loss Account को Credit किया जाता है। हानि होने की दशा में विपरीत प्रविष्टि की जाती हैं।

विशेष : एक साहसी द्वारा दूसरे साहसी को संयुक्त साहस का माल भेजने या अन्य साहसी द्वारा माल प्राप्त करने पर कोई लेखा प्रविष्टि नहीं की जाती हैं। इस विधि में निम्न जर्नल प्रविष्टियॉ की जाती हैं :–

1. स्वयं द्वारा माल खरीदने के लिये

Joint Venture with .....Account Dr.
To Cash/Bank A/c

2. स्वयं द्वारा खर्चो का भुगतान करने पर

Joint Venture with ..... Account Dr.
To Cash/Bank A/c

3. स्वयं द्वारा माल बेचने पर

Cash/Bank A/c Dr.
To Joint Venture with .....Account

4. संयुक्त साहस का स्टॉक स्वयं द्वारा रख लेने पर

Purchase A/c Dr.
To Joint Venture with ..... Account

5. स्वयं का ब्याज, कमीशन आदि के लिए :

Joint Venture with ..... Account Dr.
To Interest
To Commission

6. संयुक्त साहस में अपने लाभ के हिस्से के लिये

Joint Venture with..... Account Dr.
To Profit & Loss A/c

7. संयुक्त साहस में अपने हिस्से की हानि होने के लिए

Profit & Loss A/c Dr.
To Joint Venture with .....Account

8. दूसरे सह–साहसी को राशि भुगतान करने पर

Joint Venture with ..... Account Dr.
To Cash/Bank A/c

9. दूसरे सह–साहसी से राशि प्राप्त होने पर

Cash/Bank A/c Dr.
Joint Venture with ..... Account

उदाहरण 4 : कमल एवं विमल ने गेहूँ की खरीद एवं बिक्री के लिये संयुक्त साहस में प्रवेश किया। लाभ हानि 2 : 1 में बाँटने पर सहमति हुए। कमल ने 100 बोरी गेहूं ₹800 प्रति बोरी से खरीदा, गाडी भाडा के ₹800 नकद चुकाये गये। भण्डारण के लिये गोदाम का किराया ₹600 चुकाया गया। विमल द्वारा 80 बोरी गेहूं ₹610 प्रति बोरी की दर से क्रय किया गया। दलाली एवं गाडी भाड़ा के ₹700 चुकाये गये। गोदाम किराया ₹400 एवं बीमा व्यय के ₹300 का भुगतान किया गया।

गेहूँ की बिक्री इस प्रकार की गई। कमल द्वारा कुछ गेहूं ₹77500 में बेचा गया। विमल ने भी कुछ गेहूं को बेचकर ₹49200 प्राप्त

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

किये। बचा हुआ गेहूं कमल ने ₹9200 में ले लिया।

दोनों साहसियों की पुस्तकों में आवश्यक जर्नल प्रविष्टियॉ दीजिये। स्मरणार्थ संयुक्त साहस खाता बनाइये।

Kamal and Vimal entered into Joint Venture for purchase & sales of wheat and their profit and loss sharing ratio is 2:1. Kamal purchased 100 bags of wheat @ ₹800 each bag and paid carriage ₹800 and storage godown rent ₹600 in cash.

Vimal purchased 80 bags of wheat @ ₹610 each bag. Brokerage and carriage paid ₹700 and godown rent ₹400, Insurance premium ₹300 paid in cash.

Kamal sold wheat ₹77,500 and received amount in cash. Vimal sold wheat for ₹49200 and remaining stock took by Kamal for ₹9200.

Prepare necessary Journal and ledger in the books of both parties.

In the Books of Kamal's

Journal

Date	Particulars		L/F	Amount (₹) Dr.	Amount (₹) Cr.
1	Joint Venture with Vimal's A/c	Dr.		80,000	
	To Bank A/c				80,000
	(Being goods purchased)				
2	Joint Venuture with Vimal's A/c	Dr.		1,400	
	To Cash A/c				1,400
	(Being Rent & carriage paid)				
3	Cash A/c	Dr.		77,500	
	To Joint Venture with Vimal's A/c				77,500
	(Being goods sold)				
4	Purchases A/c	Dr.		9,200	
	To Joint Venture with Vimal's A/c				9,200
	(Being stock taken over)				
5	Joint Venture with Vimal's A/c	Dr.		2,867	
	To P&L A/c				2,867
	(Share in profit from Joint Venture)				

Joint Venture with Vimal's Account

Date	Particulars	Amount (₹)	Date	Particulars	Amount (₹)
	To Bank A/c (Purchase)	80,000		By Cash A/c (Sales)	77,500
	To Cash A/c (Expenses)	1,400		By Purchase A/c (Stock)	9,200
	To P&L A/c (Profit)	2,867			
	To Balance c/d (Due to Vimal)	2,433			
		86,700			**86,700**

In the Books of Vimal

Journal

Date	Particulars		L/F	Amount (₹) Dr.	Amount (₹) Cr.
1	Joint Venture with Kamal's A/c	Dr.		48,800	
	To Bank A/c				48,800
	(Being goods purchased)				
2	Joint Venuture with Kamal's A/c	Dr.		1,400	
	To Cash A/c				1,400
	(Being expenses paid)				
3	Cash A/c	Dr.		49,200	
	To Joint venture with Kamal's A/c				49,200
	(Being goods sold)				
4	Joint venture with Kamal's A/c	Dr.		1,433	
	To P&L A/c				1,433
	(Being share of profit on Joint Venture transferred)				

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Joint Venture with Kamal's A/c

Date	Particulars	Amount (₹)	Date	Particulars	Amount (₹)
	To Bank A/c (Purchase)	48,800		By Cash A/c (Sales)	49,200
	To Cash A/c (Expenses)	1,400		By Balance c/d	2,433
	To P&L A/c (Profit)	1,433		(Due to Kamal)	
		51,633			**51,633**

Memorandum Joint Venture A/c

Date	Particulars	Amount (₹)	Date	Particulars	Amount (₹)
	To Purchase A/c (Kamal)	80,000		By Sales A/c (Kamal)	77,500
	To Purchase A/c (Vimal)	48,800		By Sales A/c (Vimal)	49,200
	To Expenses (Kamal)	1,400		By Kamal's A/c (Stock)	9,200
	To Expenses (Vimal)	1,400			
	To Profit	4,300			
	Kamal 2,867				
	Vimal 1,433				
		1,35,900			**1,35,900**

उदाहरण 5 : अहमदाबाद के A और दिल्ली का B बैंगलौर के C को प्रेषण पर 100 गांठे उनकी संयुक्त जोखिम पर बेचने के लिये एक संयुक्त साहस में शामिल होते हैं। वे लाभ–हानि बराबर बांटने के लिये सहमत होते हैं। ए ने ₹60,000 के मूल्य की 50 गांठे भेजी तथा ₹1,200 विभिन्न खर्चो के चुकाये। बी ने ₹56,000 मूल्य की 50 गांठे भेजी तथा ₹1,000 विविध खर्च चुकाये। सभी गांठे समय पर बैंगलोर पहुंच गयी। 5 गांठे रास्ते में खराब हो गयी तथा बी इसके दावे के ₹5,000 बीमा कम्पनी से वसूल कर सका। सी ने शेष गांठे ₹1,30,000 में बेच दी। उसने बिक्री पर 5 प्रतिशत कमीशन व अन्य खर्चो के ₹1,500 काटकर शेष राशि ''ए'' को भेज दी। स्मरणार्थ संयुक्त साहस खाता बनाइये तथा ''ए'' की पुस्तकों में ''बी'' का खाता तथा ''बी'' की पुस्तकों में ए का खाता बनाइये।

A of Ahmedabad and B of Delhi entered into a Joint venture to consign 100 bales to C at Bangalore to be sold on their joint risk. They agree to share profit or losses equally. 'A' sent 50 bales valued ₹60,000 and paid ₹ 1200 for sundry Expenses. 'B' sent 50 bales valued at ₹56,000 and paid ₹1,000 sundry expenses.

All the bales reached to Bangalore in time. However 5 bales were found damaged and 'B' could recover ₹5,000 from insurance company for its claim. 'C' sold remaining bales for ₹1,30,000. He remitted the balance amount to 'A' after deducting 5% commission on sale and ₹1,500 for other expenses. Prepare A's account in the books of B and B's account in the books of A and Memorandum Joint Venture Account.

Memorandum Joint Venture Account

Date	Particulars	Amount (₹)	Date	Particulars	Amount (₹)
	To Purchases A/c (A)	60,000		By Insurance claim (B)	5,000
	To Expenses (A)	1,200		By Sales A/c (C)	1,30,000
	To Purchases A/c (B)	56,000			
	To Expenses (B)	1,000			
	To Commission & Exp. (C)	8,000			
	To Profit				
	A 4400				
	B 4400	8,800			
		1,35,000			**1,35,000**

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

In the Books of A
Joint Venture With B's A/c

Date	Particulars	Amount (₹)	Date	Particulars	Amount (₹)
	To Bank A/c (Purchases)	60,000		By Cash A/c	1,30,000
	To Bank A/c (Expenses)	1,200			
	To P&L A/c	4,400			
	To Commission (C)	8,000			
	To Bank A/c (b/f)	56,400			
		1,30,000			**1,30,000**

In the Books of B
Joint Venture With A's A/c

Date	Particulars	Amount (₹)	Date	Particulars	Amount (₹)
	To Bank A/c (Purchases)	56,000		By Bank A/c	5,000
	To Bank A/c (Expenses)	1,000		By Bank A/c (b/f)	56,400
	To P&L A/c	4,400			
		61,400			**61,400**

उदाहरण 6 : दिल्ली के भरत और भीलवाडा के अनिल पुरानी मशीनों का क्रय विक्रय करने के लिये संयुक्त साहस में शामिल होते हैं। भरत को मशीनों का क्रय करना था व अनिल को बेचना था। लाभ–हानि बराबर बाँटे जाते हैं। अनिल ने भरत को ₹40,000 भेजे। भरत ने ₹45,000 में पुरानी मशीनें खरीदी तथा 2 प्रतिशत क्रय कमीशन एवं इनकी मरम्मत के ₹10,000 व अन्य विविध व्यय के ₹600 चुकाये। उसने इन मशीनों को भीलवाडा भेज दी।

अनिल ने ₹2,000 किराया भाडा व ₹1,000 चुंगी चुकाकर मशीनों की सुपुर्दगी ले ली। उसने कुछ मशीनों को ₹85,000 में बेच दिया तथा बची हुई मशीनों को ₹7,200 में रख लिया। उसके ₹400 गोदाम किराया ₹1,800 विज्ञापन और बिक्री व्यय के थे। संयुक्त साहस निपटारा किया गया।

स्मरणार्थ संयुक्त साहस खाता बनाइये तथा भरत की पुस्तकों में अनिल का खाता व अनिल की पुस्तकों में भरत का खाता बनाइये।

Bharat of Delhi and Anil of Bhilwara entered into Joint Venture to purchase and sale of old machines. It was decided to share profit or losses equally.

Anil remitted ₹40,000 to Bharat. Bharat purchased old machines worth ₹45,000 and paid 2% purchases commission, ₹10,000 for its repairs and ₹600 for other sundry expenses. Then he dispatched machines to Bhilwara.

Anil took the delivery of the machinery paying ₹ 2,000 freight, ₹1,000 octroi. He sold to some machines for ₹85,000 and kept remaining one for himself at an agreed value of ₹7,200. His other expenses were : godown rent ₹400 and ₹1,800 advertisement and selling Expenses. Final settlement was made on joint venture.

Prepare Memorandum Joint Venture Account and Anil's Account in the books of Bharat and Bhrat Account in the books of Anil.

Memorandum Joint Venture Account

Date	Particulars	Amount (₹)	Date	Particulars	Amount (₹)
	To Purchases A/c (Bharat)	45,000		By Sales (Anil)	85,000
	To Expenses (Bharat)	11,500		By Stock A/c (Anil)	7,200
	Purchase Commission 900				
	Repairs 10000				
	Sundry Expenses 600				
	To Expenses (Anil)	5,200			
	Freight 2000				
	Octroi 1000				
	Godown rent 400				
	Advertisement Exp. 1800				

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

	To Profit Bharat 15250 Anil 15250	30,500			
		92,200			**92,200**

In the Books of Bharat
Joint Venture with Anil's Account

Date	Particulars	Amount (₹)	Date	Particulars	Amount (₹)
	To Bank A/c	45,000		By Bank A/c	40,000
	To Bank A/c	11,500		By Bank A/c	31,750
	To P&L A/c	15,250			
		71,750			**71,750**

In the Books of Anil
Joint Venture with Bharat's A/c

Date	Particulars	Amount (₹)	Date	Particulars	Amount (₹)
	To Bank A/c	40,000		By Bank A/c	85,000
	To Bank A/c	5,200		By Purchase A/c	7,200
	To P&L A/c	15,250			
	To Bank A/c (B.F.)	31,750			
		92,200			**92,200**

(ब) स्वयं के लेनदेनों के साथ ही अन्य साहसियों के लेनदेनों का लेखा करना –

संयुक्त साहस के व्यवहारों का लेखा रखने की इस विधि के अन्तर्गत सभी साहसी अपनी अपनी लेखा पुस्तकों में संयुक्त साहस के समस्त व्यवहारों का लेखा रखते हैं। इसके लिये उनकी पुस्तकों में दो खाते संयुक्त साहस खाता एवं अन्य साहसी का व्यक्तिगत खाता खोले जाते हैं। इस दशा में संयुक्त साहस खाता व्यापारिक एवं लाभ–हानि खाते की प्रकृति का होता है और यह संयुक्त साहस का लाभ/हानि प्रकट करता है। प्रत्येक साहसी अपने लेनदेनों का विवरण समय समय पर अन्य साहसी को भेजता है ताकि अन्य साहसी भी अपनी पुस्तकों में उन लेनदेनों का लेखा कर सके। संयुक्त साहस की समाप्ति के साथ ही हिसाब किताब भी निपटा दिया जाता है।

लेखा प्रविष्टियाँ :–

(1) स्वयं द्वारा संयुक्त साहस के लिए माल क्रय करने तथा किसी भी प्रकार का व्यय करने पर

Joint venture A/c Dr.
To Cash/Bank A/c
(Being goods purchased / expenses incurred)

विशेष : उधार क्रय की दशा में (व्यक्ति) Creditors A/c Credit किया जाता हैं।

(2) स्वयं द्वारा संयुक्त साहस का माल बेचने पर –

Cash / Bank A/c Dr.
To Joint Venture A/c
(Being goods sold)

विशेष : उधार विक्रय की दशा में Customer A/c Debit किया जाता हैं।

(3) अन्य साहसी द्वारा संयुक्त साहस के लिये माल क्रय करने एवं किसी प्रकार का व्यय करने की सूचना मिलने पर

Joint Venture A/c Dr.
To Co-venturer's A/c
(Being goods purchased/Expenses incurred)

(4) अन्य साहसी द्वारा संयुक्त साहस का माल बेचने की सूचना मिलने पर

Co-venturer's A/c Dr.
To Joint venture A/c
(Being goods sold by .....)

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

(5) संयुक्त साहस से स्वयं के लिये ब्याज / कमीशन आदि वसूल करने पर

Joint Venture A/c Dr.
To Interest A/c
To Commission A/c
(Being Interest and commission charge)

(6) संयुक्त साहस का बचा हुआ माल स्वयं द्वारा क्रय करने पर

Purchases A/c Dr.
To Joint venture A/c
(Unsold stock taken)

(7) संयुक्त साहस का शेष स्टॉक निर्धारित मूल्य पर अन्य साहसी द्वारा खरीदने पर

10. रमेश ने 400 टी.वी. ₹1500 प्रति टी.वी. के बीजक मूल्य पर नरेश को प्रेषण पर भेजा। इस मूल्य में लागत मूल्य का 25 प्रतिशत जुडा हुआ हैं। रमेश ने ₹2000 प्रेषण व्यय किये तथा नरेश ने 350 टी.वी. ₹1800 प्रति टी.वी. से बेच दिये। उस पर नरेश को विक्रय व्यय के ₹1000 तथा विज्ञापन व्यय ₹2000 चुकाये। बिना बिके स्टॉक का मूल्य ज्ञात करों।
    Ramesh sent 400 T.V. @ ₹1500 per T.V. at invoice price to Naresh on consignment. It includes 25% of cost. Ramesh paid ₹2000 for sundry expenses Naresh sold 350 TV at ₹1800 per TV. Naresh paid ₹1000 sales expenses and ₹2000 advertisement expenses. Calculate the value of unsold stock. (उत्तर : ₹60250)

निबन्धात्मक प्रश्न (Essay Type Questions)

1. प्रेषणी के पास बिना बिके स्टॉक का मूल्यांकन किस प्रकार किया जाता है ?
   How valuvation is done for unsold stock with consignee?
2. माल के प्रेषण से आप क्या समझते है ? प्रेषणी को मिलने वाले विभिन्न प्रकार के कमीशन को उदाहरण सहित समझाइये।
   What do your mean by consignment? Explain with example about various types of commission given to consignee.
3. प्रेषण माल का लेखा लागत मूल्य तथा बीजक मूल्य पर करने में क्या अन्तर है ?उदाहरण सहित समझाइये।
   Write the difference between accounting for goods an consignment at cost price and invoice price. Explain with examples.

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

बहुचयनात्मक प्रश्नों के उत्तर

प्रश्न संख्या	1	2	3	4	5	6	7	8
उत्तर	स	स	ब	अ	अ	द	स	स

आंकिक प्रश्न (Numerical Questions)

1. अलवर के भरत ने उदयपुर के कपिल को ₹1,00,000 का माल प्रेषण पर भेजा तथा ₹20000 विविध व्यय के चुकाये। कपिल ने भरत को ₹60000 अग्रिम भेजे। कपिल ने मजदूरी व ठेला भाडा के ₹4000 तथा गोदाम किराये के ₹3000 चुकाये। कपिल ने सम्पूर्ण माल ₹16000 में नकद बेच दिया। प्रेषणी को विक्रय पर 5 प्रतिशत कमीशन देय है। कपिल ने शेष राशि भरत को भेज दी। भरत व कपिल की पुस्तकों में जर्नल प्रविष्टियॉ दीजिये तथा आवश्यक खाते बनाइये।

   Mr. Bharat of Alwar sent goods to kapil of Udaipur for ₹100000 on consigment and paid sundry expenses ₹20000. Kapil sent ₹60000 to Bharat in advance. Kapil paid wages and cartage ₹4000 and godown rent ₹3000. Kapil sold all the goods for ₹1,60,000 in cash. 5% commission on sales is payable to consignee. Kapil sent remaining amount to Bharat. Prepare Journal entries is the books of consigner and consignee and also prepare necessary ledger accounts. (उत्तर : प्रेषण पर लाभ ₹25000)

2. जयपुर के राकेश ने 100 मोबाइल सेट भीलवाडा के अनिल को ₹3000 प्रति सेट लागत पर भेजे। प्रेषक ने ₹2800 व्यय किये। अनिल ने माल के निस्तारण पर ₹1200 खर्च किये। अनिल ने 70 मोबाईल सेट ₹4000 प्रति सेट पर नकद बेचे तथा 20 मोबाईल सेट ₹4200 प्रति सेट से उधार बेचे। विक्रय व्यय प्रति मोबाईल ₹ 25 हुआ। अनिल ने 6 प्रतिशत सामान्य कमीशन तथा 3 प्रतिशत परिशोध कमीशन (उधार विक्रय पर) का अधिकारी है। उधार विक्रय में से एक सेट की राशि डूब गई। प्रेषक व प्रेषणी की पुस्तकों में आवश्यक खाते बनाइये।

   Mr. Rakesh of Jaipur appoints Mr. Anil of Bhilwara as his selling agent. Rakesh consigned 100 mobile set @ ₹3000 each set sent to Anil. Rakesh paid expenses ₹2800 and Anil paid clearing charges ₹1200. Anil sold 70 mobile @ ₹4000 each set in cash and 20 mobile set ₹ 4200 each sold on credit. Selling expenses per mobile set ₹25 paid. Anil received 6% General commission and 3% Delcredere commission on credit sales. Prepare necessary accounts in the books of consigner & consignee. Value of one set is being bad out of credit sales. (उत्तर : प्रेषण पर लाभ ₹63790, बिना बिके माल का मूल्य ₹30400)

3. भारत साईकिल लि. अजमेर ने चित्तौड़गढ़ के चन्द्रा साईकिल स्टोर को निम्न शर्तो पर अपना प्रतिनिधि नियुक्त किया–

   1. माल बीजक मूल्य या उससे अधिक पर बेचा जा सकता है।
   2. प्रेषणी को बीजक मूल्य पर 5 प्रतिशत तथा उससे अधिक पर 20 प्रतिशत कमीशन देय होगा।
   3. प्रेषणी पर दो माह बाद एक देय विपत्र लिखा जायेगा जो बीजक मूल्य का 60 प्रतिशत होगा।

   चन्द्रा साईकिल स्टोर ने 600 साईकिलें ₹200 प्रति साईकिल की लागत तथा ₹250 प्रति साईकिल के बीजक मूल्य पर भेजी। एजेन्ट ने अपनी स्वीकृति का भुगतान यथासमय कर दिया। चन्द्रा साईकिल स्टोर ने 540 साईकिलें ₹280 प्रति साईकिल के हिसाब से बेच दी। उसके विक्रय व्यय ₹1250 हुए तथा वह शेष राशि का बैंक ड्राफ्ट भेज देता है। बचे हुऐ स्टॉक का वर्षा से हुई क्षति के कारण 80 प्रतिशत पर मूल्यांकन किया गया। प्रेषक की पुस्तकों में आवश्यक खाते बनाइये।

   Bharat Cycle Ltd. of Ajmer appointed to Chandra Cycle Store Chitorgarh as his selling agent on the following terms.

   (i) Goods to be sold at invoice price or over.

   (ii) Chandra cycle store will be entitled to get commission of 5% on invoice price and 20% for commission on the value above invoice price.

   (iii) The principal to draw a bill on the agent for 2 months of 60% of invoice price.

   600 cycles were consigned to Chandra cycles store chittor for ₹200 per cycle which was at invoice price ₹250 per cycle. Chandra cycle store met his acceptance on due date. Chandra cycle store sold 540 cycles @ ₹280 per cycle. His selling expenses ₹1250 and he remitted the amount due by a Bank Draft. The Balance stock was valued at 80% due to damaged caused by rains. Prepare the necessary ledger Accounts in the books of the both parties. (उत्तरः प्रेषण पर लाभ ₹29560)

4. एम. कोल कम्पनी ने राकेश सेल्स लिमिटेड को 1000 क्विन्टल कोयला ₹40 प्रति क्विन्टल के हिसाब से चालानी पर भेजा। कम्पनी ने कोयले की लदाई ₹0.50 प्रति क्विन्टल तथा रेलभाडा ₹3.50 प्रति क्विन्टल चुकाये। राकेश सेल्स लिमिटेड से विवरण खाता प्राप्त हुआ जिसमें 800 क्विन्टल कोयला ₹60 प्रति क्विन्टल के हिसाब से बेचने का विवरण, ₹1600 विक्रय खर्च, ₹200 बीमा, 2 प्रतिशत दलाली और 5 प्रतिशत कमीशन दिखाया गया। एजेन्ट ने देय राशि बैंक ड्राफ्ट द्वारा भेज दी तथा प्रेषण पर कुल 20 क्विन्टल कोयला कम होने की सूचना दी। एम. कोल कम्पनी की पुस्तकों में आवश्यक खाते बनाइये।

   The M. coal co. consigned to Mr. Rakesh sales Ltd. 1000 quintals of coal at invoice price of ₹40 per

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

quintal. The company paid ₹0.50 per quintal for loading and ₹3.50 per quintal for Railway freight, an account sales was received from Mr. Rakesh sales Ltd. showing 800 quintals coal sold at ₹60 per quintal, Sales expenses ₹1600, insurance ₹200, brokrage @ 2% and commission @ 5%. The agent remitted the amount payable by a bank draft and reported a shortage of 20 quintals of coal on the whole consignment. Prepare the necessary accounts in the books of M.coal company. (उत्तर : प्रेषण पर लाभ ₹6921.63 बिना बिका स्टॉक ₹8081.63)

5. कृष्णा ग्लास वर्क्स मुम्बई ने जयपुर के अपने एजेन्ट चन्दन को 100 पेटी सामान की ₹20000 के मूल्य पर भेजी। इस मूल्य में लागत मूल्य का 25 प्रतिशत जुडा हुआ हैं। उन्होंने ₹500 रेलभाडा ₹1000 बीमा व्यय के चुकाये। रास्ते में 20 पेटी खो गई। दावा करने पर बीमा कम्पनी से ₹3200 दावे के मिले। चन्दन ने शेष पेटियॉ प्राप्त की और ₹800 कस्टम ड्यूटी ₹80 चुंगी और ₹40 गाडी भाड़ा चुकाया। चन्दन ने विक्रय किरण अपने प्रधान को भेजा जिसमें 60 पेटियॉ ₹14000 में बेची गई बताई जिस पर 1.5 प्रतिशत दलाली चुकाई गई। एजेन्ट सकल बिक्री पर 5 प्रतिशत कमीशन एवं अपने व्यय काटकर शेष राशि बैंक द्वारा ड्राफ्ट भेज देता है। उपर्युक्त लेनदेनों के लिये दोनो पक्षकारों की बहियों में आवश्यक खाते बनाइये।

   Krishna Glass Works of Mumbai consigned 100 cases of goods to his agent Chandan at ₹20000. It includes 25% on cost price. They also paid freight ₹500 and insurance ₹1000. In course of transit 20 cases were lost and a claim being made, A sum of ₹3200 was received from insurance co.. The agent took delivery of remaining case and Chandan paid ₹800 custom duty, ₹80 octroi and ₹40 cartage.

   Chandan rendered to their principal an account sale showing that 60 cases were sold for ₹14000 and paid brokerage at 1.5% The agent after deducting the expenses incurred by him and his commission at 5% on gross sales proceeds, remitted the balance due by bank draft. Record the above transactions in the ledger of both parties. (उत्तर : प्रेषण पर लाभ ₹1900, असामान्य हानि ₹300, बिना बिका स्टॉक ₹3730)

6. कमल टेड्रर्स ने वनस्पति घी के 2000 पीपे ₹1400 प्रति पीपा लागत पर मेसर्स हिमांशी एण्ड संस को चालानी पर भेजे तथा ₹20000 रेलभाडा चुकाया। मार्ग में 100 पीपे चोरी हो गये जिसके लिये बीमा कम्पनी से ₹100000 दावे के प्राप्त हुए। एजेन्ट ने शेष माल की सुपुर्दगी ली तथा ₹19000 चुंगी तथा ₹3000 बिक्री व्यय के चुकाये। उसने 1700 पीपे ₹1500 प्रति पीपा की दर से बेच दिये तथा बिक्री पर ₹20 प्रति पीपा कमीशन वसूल किया। प्रेषक की पुस्तकों में प्रेषण खाता एवं असामान्य हानि खाता बनाइये।

   Kamal Traders consigned 2000 vegetables oil tin @ ₹1400 per tin at cost to Himanshi traders and paid railway freight ₹20,000. In course of transit 100 tin was theft. A sum of ₹10,000 is received from insurance company as a claim. Agent took delivery of remaining goods and paid to ₹19000 for octroi and ₹3000 as selling expenses. He sold 1700 tins @ ₹1500 per tins and charged ₹20 per tin sold as commission. Prepare Consignment account and Abnormal Loss account in the books of consigner. (उत्तर : प्रेषण पर लाभ ₹99,000, असामान्य हानि ₹41,000, बिना बिका रहतिया ₹2,84,000)

7. मुम्बई के राम एण्ड कम्पनी ने 1000 रेडियों ₹500 प्रति रेडियों की लागत एवं ₹600 प्रति रेडियों बीजक मूल्य पर विक्रय हेतु अपने एजेन्ट मयंक रेडियों कम्पनी अजमेर को भेजे। एजेंन्ट ने 700 रेडियों ₹750 प्रति रेडियों की दर से बेच दिये। 50 रेडियों क्षतिग्रस्त एवं नष्ट हो गये और एजेन्ट ने बीमा कम्पनी पर एक दावा प्रस्तुत किया। एजेन्ट को विक्रय मूल्य पर 10 प्रतिशत एवं बीजक मूल्य से अधिक मूल्य पर 25 प्रतिशत कमीशन दिया जाता हैं। माल का लेखा बीजक मूल्य पर किया जाता हैं। प्रेषक की पुस्तकों में प्रेषण खाता बनाइये।

   Mr. Ram and Co. of Bombay consigned 1000 radio @ ₹500 per Radio on cost and ₹600 per radio at invoice price to Mayank Radio co. Ajmer. Mayank Radio co. sold 700 Radio @ ₹750 per radio. In course of transit 50 Radio damaged and agent claim to insurance co.. Agent recevied commission on invoice price at 10% and above invoice price 25%. Accounting is made at invoice price. Prepare Consignment account in the books consignment. (उत्तर : प्रेषण पर लाभ ₹96250 असामान्य हानि ₹25000 स्टॉक संचय ₹25000)

8. विजय सेल्स कोरपोरेशन के लिये महेश को प्रेषण पर माल भेजता है। 1 जनवरी 2015 को उसके पास प्रेषण का ₹20000 का स्टॉक था। महेश को ऐसे निर्देश थे कि वह लागत में 25 प्रतिशत जोडकर माल बेचेगा तथा वह कुल बिक्री पर 4 प्रतिशत कमीशन, बिक्री की राशि की वसूली की गारंटी के लिये कुल बिक्री पर 1 प्रतिशत अतिरिक्त परिशोध कमीशन का अधिकारी है। 31 दिसम्बर 2015 को समाप्त वर्ष तक नकद बिक्री ₹120000 तथा उधार बिक्री ₹105000 की थी। प्रेषण के संबंध में महेश के कुल व्यय ₹3000 थे। डूबत ऋण ₹3000 तथा प्रेषण पर ₹200000 माल भेजा गया। प्रेषक की पुस्तकों में प्रेषण खाता बनाइये।

   Mahesh sells goods on behalf of Vijai Sales Corporation on consignment basis. On 1 January, 2015 he had with him a stock of ₹20000 on consignment. Mahesh had instructions to sell the goods at cost plus 25% and was entitled to get a commission of 4% on sales in addition to 1% Delcredare commission on total sales for guaranteed collection of all sale proceeds. During the year ended 31 December, 2015 cash sales

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

were ₹120000 and credit sales ₹105000. Expenses paid by Mahesh related to the consignment ₹3000. Bad debts were ₹3000 and goods sent on consignment ₹200000.

From the above particulars prepare Consignment Account in the books of Vijay Sales Corprorations. उत्तरः संकेत – कुल बिक्री 120000 + 105000 = (225000 x 100)/ 125=₹180000, प्रेषण पर लाभ ₹30750, स्टॉक ₹40000

9. दिल्ली का दीपक जयपुर के विवेक को प्रेषण पर माल भेजता हैं। प्रेषित माल पर लागत मूल्य का 25 प्रतिशत लाभ लेता है। एजेन्ट को कुल बिक्री पर 7 प्रतिशत सामान्य कमीशन व कुल बिक्री पर 3 प्रतिशत परिशोध कमीशन दिया जाता है। वर्ष के प्रारम्भ में एजेन्ट के पास ₹5000 के बीजक मूल्य की 20 गांठों का स्टॉक था।

31 दिसम्बर 2015 को समाप्त वर्ष के निम्न व्यवहार हुऐ –

1. गांठें ₹25000 के बीजक मूल्य पर भेजी गई।
2. दीपक द्वारा गाडी भाडा व बीमा चुकाया गया ₹1000।
3. विवेक से अग्रिम प्राप्त हुए ₹10000।
4. विवेक द्वारा की गई बिक्री (अ) 50 गांठे नकद बेची ₹12500। (ब) 40 गांठें उधार बेची ₹10800।
5. विवेक द्वारा चुकाये गये विज्ञापन व्यय ₹1200, दलाली ₹500।
6. रास्ते में 15 गांठें क्षतिग्रस्त हो गई। रेलवे से ₹1400 क्षतिपूर्ति प्राप्त किये। इन गांठों को ₹1100 में बेचा गया।
7. उधार बिक्री से ₹1500वसूल नहीं हो सके।
8. एजेन्ट ने बकाया राशि प्रेषक को भेज दी। दीपक की पुस्तकों में आवश्यक खाते बनाइये।

Deepak of Delhi sent goods on consignment to Vivek of Ranchi and charge profit on proforma invoice price at 25% on cost. The agent received commission @7% plus 3% delcredare commission on all sales made by him.

Stock with agent at the beginning of the year, 20 bales at proforma price of ₹5000, the following transacation took place during the year ended 31st December, 2015

(i) 100 bales consigned at proforma invoice price ₹25000

(ii) Freight and insurance paid by Deepak ₹1000

(iii) Advance received from Vivek ₹10000

(iv) Sales made by Vivek.

(a) 50 bales for cash ₹12500

(b) 40 bales for credit ₹10800

(v) Advertising expenses paid by agent ₹1200 and brokerage allowed by him ₹500

(vi) 15 bales were damaged in transit and ₹1400 received as compensation.. The damaged case were sold for ₹1100

(vii) ₹1500 could not be realized from credit sales.

(viii) The agent remitted the balance amount. Prepare necessary accounts in the books of Deepak.

(उत्तर : असामान्य हानि ₹650, कमीशन ₹2440, बिना बिका माल ₹3150)

10. भारत स्टोर्स ने ₹80000 के सूचनार्थ बीजक मूल्य (लागत मूल्य ₹60000) का माल राजस्थान स्टोर को विक्रय हेतु प्रेषित किया। प्रेषक ने गाडी भाडा व मजदूरी के ₹500, किराया भाडा ₹800 तथा बीमा के ₹600चुकाये। प्रेषणी ने चुंगी व भाडे के ₹200, गोदाम किराया ₹500 एवं अग्नि बीमा शुल्क ₹500 चुकाये। राजस्थान स्टोर ने ₹40000 उधार व ₹24000 का नकद माल बेचा। ₹16000 के बीजक मूल्य का माल बिना बिका रहा। प्रेषणी को कुल बिक्री पर 5 प्रतिशत एवं उधार बिक्री पर 3 प्रतिशत परिशोध कमीशन देय है। भारत स्टोर्स की पुस्तकों में प्रेषण खाता बनाइये।

Bharat store consigned goods worth ₹80000 at invoice price (cost price ₹60000) to Rajasthan Store. He paid carriage and wages ₹ 500, freight ₹800 and insurance ₹ 600. The agent paid octroi and freight ₹200, Godown rent ₹ 500 and fire insurance ₹ 500. Rajasthan store sold goods ₹ 40000 on credit and ₹ 24000 for cash. Stock of invoice price ₹ 16000 remains unsold. 5% commission on total sales and 3% delcredare commission on credit sales is payable to consignee. Prepare Consignment Account in the books of Bharat Stores. (उत्तर : प्रेषण पर लाभ ₹8920, रहतिया ₹12420)

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

9

गैर–व्यापारिक संस्थाओं तथा पेशेवर व्यक्तियों के लेखे
Accounting for Non-Trading Organisations and Professional Persons

अध्ययन उद्देश्य

इस अध्याय के अध्यापन के बाद आप यह समझने योग्य हो जाते हैं।

- गैर– व्यापारिक संस्थाओं का अर्थ एवं उनके द्वारा प्रयुक्त लेखा पुस्तकों के बारे में जान पाएँगे।
- गैर– व्यापारिक संस्थाओं के लेखांकन में प्रयुक्त विशिष्ट मदों की जानकारी एवं उनका लेखांकन व्यवहार समझ सकेंगे।
- प्राप्ति व भुगतान खाता तैयार करने की विधि समझ सकेंगे।
- आय–व्यय खाता तैयार करने की विधि समझ सकेंगे।
- गैर– व्यापारिक संस्थाओं का चिठ्ठा तैयार करना, समझ जाएंगे।
- आय–व्यय खाते से प्राप्ति व भुगतान खाता बनाना सीख जाएंगे।
- प्राप्ति व भुगतान खाते व आय–व्यय खाते से प्रारंभिक व अंतिम चिठ्ठा बनाना जान पाएंगे।
- प्राप्ति व भुगतान खाता एवं आय–व्यय खाते में अन्तर समझ सकेंगे।

व्यावसायिक संस्थाएं लाभ कमाने के उद्देश्य से स्थापित की जाती हैं। इनमें उत्पादन संस्थाएँ, निर्मित माल के क्रय विक्रय करने वाली थोक व फुटकर संस्थाएं व सेवा प्रदाता शामिल हैं। परन्तु दूसरी ओर कई संस्थान ऐसे होते हैं जो लाभ कमाने के उद्देश्य से नहीं बल्कि समाज सेवा व जन सेवा कार्य के उद्देश्य के लिए स्थापित की जाती हैं। जिसमें साहित्यिक संस्थाएं, खेलकूद क्लब, अस्पताल, शिक्षण संस्थाएं, कला व सांस्कृतिक के उत्थान के लिए बनाई गई संस्थाएं, कामगार यूनियन, सामाजिक कल्याणकारी कार्य करने वाली संस्थाएं शामिल होती हैं। इन्हें अपने सेवा कार्यों से लाभ /हानि उत्पन्न होती हैं। इन संस्थाओं की कार्य प्रकृति भिन्न होने के कारण इनके हिसाब किताब रखने की पृथक विधि है, इसे ही गैर व्यावसायिक संस्थाओं के लेखे कहा जाता हैं।

इनके अतिरिक्त वर्तमान में पेशेवर व्यक्ति भी समाज का महत्वपूर्ण अंग होते हैं। जिनमें चिकित्सक, अभिभाषक, सनद्–, लेखापाल, आर्किटेक्ट, आते हैं। ये वस्तुओं का क्रय विक्रय का कार्य न कर अपनी बौद्धिक व पेशेवर योग्यताओं के कारण धनोपार्जन करते हैं। इन व्यक्तियों द्वारा किये गये व्यवहारों की भी पृथक प्रवृति होती हैं अतः इन व्यक्तियों द्वारा रखे गये हिसाब किताब को पेशेवर व्यक्तियों के लेखे कहा गया हैं।

1. गैर व्यापारिक संस्थाओं की विशेषताएं: (Characteristics of Non-Trading Organisations)

1. पृथक कानूनी अभिव्यक्ति **2.** सेवा भावना **3.** कल्याण कारी कार्यों से कुशलता जांच 4. कोष स्त्रोत–सामान्यतया सदस्यों, सरकार व अन्य स्त्रोतों से प्राप्त धन से कोष उत्पन्न होते हैं। **5.** कोषों का पुनर्निवेश– ये संस्थाएं अपनी आय को पुनः कल्याणकारी कार्यों के लिए ही उपयोग करते हैं। सदस्यों में वितरित नहीं करते हैं। **6.** चुने हुए व्यक्तियों द्वारा प्रबंध

आवश्यकता (Need)

इन संस्थाओं के लेखे रखने की आवश्यकता निम्नांकित कारणों से अनुभव होती है।

(1) सामान्यतया ये संस्थाएं लाभ कमाने के उद्देश्य से स्थापित नहीं होती हैं फिर भी इनके द्वारा प्राप्त कोषों व व्ययों में अन्तर के कारण बचत (Surplus) न्यूनता (Deficiency) उत्पन्न होती हैं इसकी जानकारी संस्था के सदस्यों के लिए आवश्यक हैं।

(2) प्रतिदिन के संस्था के लेनदेनों को पुस्तकों में लिखने से उसकी तरल स्थिति ज्ञात होती है तथा उद्देश्यों की पूर्ति के लिए धन की आवश्यकता हेतु समय पर व्यवस्था की जा सकती हैं।

(3) इन संस्थाओ के लेखों रखने में इन्हें अपनी सम्पत्तियों व दायित्वों का बोध होता हैं जिससे वे इन्हें पूँजी कोष की जानकारी मिलती रहती है एवं कोष में कमी होने पर सुधारात्मक उपाय कर सकते हैं।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

व्यापारिक संस्थाओं व गैर– व्यापारिक संस्थाओं में अन्तर
Difference Between Commercial organizations & Non-Commercial Organizations

अन्तर का कारण	व्यापारिक संस्थाएँ	गैर व्यापारिक संस्थाएँ
1. मूल उद्देश्य	लाभ कमाना होता है।	सेवा व कल्याणकारी कार्य होता है।
2. स्वामित्व	पूँजी लगाने वाले व्यक्तियों का होता है।	पूंजी कोष में धन लगाने वाले व्यक्ति जो सामान्यतया Subscriber कहलाते है।
3. आर्थिक स्थिति चित्रण	इन संस्थाओं के लिए व्यापार खाता, लाभ–हानि खाता व चिट्ठा बनाया जाता है।	इन संस्थाओं के प्राप्ति भुगतान खाता आय–व्यय खाता व चिट्ठा बनाया जाता है।
4. प्रतिफल हानि	क्रियाकलापों का प्रतिफल लाभ/हानि के रूप में होता है।	इनका प्रतिफल बचत/न्यूनता कहलाता है।
5. आधिक्य कोष	आय का व्यय पर आधिक्य सदस्यों में वितरित होता है।	यह राशि संस्था की कल्याणकारी योजनाओं में पुनर्निवेश होती हैं।
6. कोष प्राप्ति	स्वामियों द्वारा लगायी गई पूँजी से होता है।	सदस्यों द्वारा व बाहरी व्यक्यिों द्वारा दिये गए चन्दे, फीस, शुल्क, दान आदि से होती है।

गैर–व्यापारिक संस्थाओं द्वारा प्रयुक्त पुस्तकें
Books kept by Non-Trading Organisations

इन संस्थाओं द्वारा मूलभूत सूचनाओं की जानकारी हेतु निम्नांकित पुस्तकें रखी जाती है:

1. रोकड बही (Cash Book) इन संस्थाओं द्वारा अपने हिसाब किताब रखने की मूल व महत्त्वपूर्ण पुस्तक हैं जिससे ये संस्थाएं अपने प्रतिदिन के रोकड़ व्यवहारों का लेखा करती है तथा अपनी तरल स्थिति का निरूपण करती हैं इन संस्थाओं की रोकड बही का प्रारूप व्यापारिक संस्थाओं से भिन्न होता है क्योंकि इनके द्वारा राशि का कॉलम एक न रखकर आय/व्यय की विभिन्न मदों के अनुसार पृथक–पृथक रखा जाता है। इस प्रकार प्रत्येक मद का पृथक पृथक विश्लेषण सुगम हो जाता है इस प्रारुप को आगे प्राप्ति व भुगतान खाता बनाते समय दिखाया गया है।

2. स्टॉक रजिस्टर (Stock Register): गैर–व्यापारिक संस्थाओं द्वारा अपनी भौतिक सम्पतियों व दीर्घकालिक उपयोगी सामग्री को एक रजिस्टर में दिखाया जाता है जिसमें इन वस्तुओं की क्रय तिथि, मात्रा, विशिष्ठ सूचना, मूल्य व दर लिखी होती है। यदि ऐसी वस्तुएं कम है तो एक ही रजिस्टर रखा जाता है तथा यदि बहुत अधिक वस्तुएँ हो तो प्रत्येक प्रकार की सामग्री का पृथक–2 रजिस्टर रखा जाता है जैसे खेलकूद सामग्री, फर्नीचर, पुस्तकें, यंत्र व औजार आदि के लिए पृथक–2 रजिस्टर रखने से सुगमता एवं सत्यापन में सुलभता रहती हैं।

3. सदस्यता रजिस्टर (Membership Register): इन संस्थाओं के नियमित सदस्य होते हैं, इन सदस्यों का लेखा एक पृथक रजिस्टर में रखा जाता है जिससें सदस्यों के सम्बन्ध में पूर्ण जानकारी यथा नाम, पता, टेलीफोन नम्बर, मेल आई डी, सदस्यता शुल्क आदि की विगत लिखी जाती है। इसी में सदस्यों के पृथक होने की सूचना आदि का उल्लेख भी रहता है। वार्षिक सदस्यता/चन्दे की सूचना भी अंकित रहती है।

गैर–व्यापारिक संस्थाओं के वित्तीय विवरण
(Financial Statements Of Non-Trading Organisations)

वैसे तो इन संस्थाओं के लिए लाभ कमाने के उद्देश्य की पूर्ति हेतु की जाने वाली आर्थिक व अन्य क्रियाओं का लेखा–जोखा रखना जरूरी होता है। ये संस्थाएं अपने आकार के आधार पर इकहरी या दोहरी प्रविष्टी प्रणाली अपना सकती है। इन दशाओं में इनके द्वारा निम्नांकित तीन तरह के विवरण पत्र बनाये जाते हैं :–

1. प्राप्ति व भुगतान खाता 2. आय–व्यय खाता 3. चिट्ठा

उपरोक्त सभी विवरण पत्रों के अध्ययन से पूर्व इन संस्थाओं में लेखांकन की विशिष्ट मदों का अध्ययन आवश्यक है।

विशिष्ट मदें (Special Items)

अध्ययन की सुविधा की दृष्टि से इन्हें चार भागों में बाँटा गया है:–

(अ) पूर्णतया आयगत प्रकृति की मदें (ब) पूर्णतया पूँजीगत प्रकृति की मदें (स) परिस्थितियों के अनुसार निर्धारित पूँजीगत/ आयगत मदें मानी जा सकती है। (द) प्रारम्भिक पूँजी कोष ज्ञात करना

(अ) पूर्णतया आयगत प्रकृति की मदें: ऐसे व्यवहार जिसका लाभ एक वित्तीय वर्ष से ही सम्बन्धित होता है इन्हें आवर्तक प्रकृति की मदें भी कहते हैं :–

(1) चन्दा (Subscription) : इन संस्थाओं का यह प्रमुख आय का साधन है। लेखांकन अवधारणा के अनुसार चालू वर्ष में उसी वर्ष की आय का लेखा किया जाना चाहिये अतः निम्नाकित प्रारूप के सहारे इसकी गणना कर सकते है:–

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Calculation of Current Year Subscription

Particulars	Amount ₹
वर्ष के दौरान प्राप्त चन्दा (जैसा कि प्राप्ति व भुगतान खाते में दिखाया गया)	-------
जोडियेः चालू वर्ष का बकाया चन्दा पिछले वर्ष के अन्त में प्राप्त अग्रिम चन्दा (जो चालू वर्ष से सम्बन्धित है)	-------
घटाइयेंः पिछले वर्ष का बकाया चन्दा जो इस वर्ष प्राप्त हुआ आगामी वर्ष का चन्दा जो अग्रिम प्राप्त हुआ	-------
आय–व्यय खाते के जमा पक्ष में दिखाई जाने वाली राशि	-------

उपरोक्त व्यवहारों को चालू वर्ष के चिठ्ठे में निम्नानुसार दिखाया जायेगा।

Balance Sheet (Current Year)

Liabilities	Amount ₹	Assets	Amount ₹
Advance subscription (Received during current Year)	-------	Out Standing Subscription Current Year - ------ Previous Year - ------	-------

उपरोक्त गणनाओं के निम्नांकित उदाहरण से समझेंगेः

उदाहरण 1: 31 मार्च 2017 को समाप्त होने वाले वर्ष के आय–व्यय खाते व चिठ्ठे में निम्नांकित चन्दे को मद को किस प्रकार दिखाया जायेगा।

	31-03-16	31-03-17
सम्बन्धित वर्ष का बकाया चन्दा	₹ 12,000	₹ 10,000
सम्बन्धित वर्ष का अग्रिम चन्दा	₹ 1,100	₹ 2,500

वर्ष के दौरान ₹ 162500 चन्दे के प्राप्त हुए हैं जिससे पिछले वर्ष के बकाया चन्दे के प्राप्त ₹ 5,000 शामिल हैं।

हलः

Income of Expenditure Account
For the year Ending 31-03-17 (an Extract)

Expenditure	Amount ₹	Income	Amount ₹
		By Subscription (as per writing note)	1,66,100

Balance Sheet
As On 31st March, 2017 (An Extract)

Expenditure	Amount ₹	Income	Amount ₹
Advance Subscription	2,500	Outstanding Subscription Current year 10,000 Previous Year 7,000	17,000

कार्यशील टिप्पणीः चन्दे की चालू वर्ष से सम्बन्धित प्राप्त राशि की गणना

	₹
चालू वर्ष से प्राप्त चन्दा	1,62,500
जोडियेः चालू वर्ष का बकाया चन्दा	10,000
	1,72,500
घटाइये पिछले वर्ष का प्राप्त बकाया गया चन्दा	5,000
	1,67,500
जोडियेः पिछले वर्ष प्राप्त अग्रिम चन्दा	1,100
	1,68,600
घटाइयेंः चालू वर्ष में प्राप्त अग्रिम चन्दा	25,000
	1,66,100

उदाहरण 2: निम्नांकित सूचनाओं से चन्दे की राशि 31-3-17 को बनाये जाने वाले आय–व्यय खाता व चिठ्ठे में किस प्रकार दिखायेंगेः–

Expenditure	Amount ₹	Income	Amount ₹
Advance Subscription 2015-16 15,000 2016-17 2,00,000 2017-18 10,000	2,25,000		

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

संस्था में 1800 सदस्य है जिससे ₹ 150 वार्षिक चन्दा लिया जाता है। 31 मार्च 2016 को समाप्त वर्ष का बकाया चन्दा ₹ 2000 था।

हलः

Income & Expenditure Account
For the Year ending 31-03-17

Expenditure	Amount ₹	Income ₹	Amount ₹
		By Subscription 2,00,000 + Out Standing C.Y. 70,000	2,70,000

Balance Sheet As on 31st March, 2017

Liabilities	Amount ₹	Assets ₹	Amount ₹
Advance Subscription	10,000	Outstanding Subscription 2015-16 6,000 2016-17 70,000	76,000

नोटः 1. चालू वर्ष का बकाया चन्दा इस प्रकार ज्ञात कियाः

	₹
चालू वर्ष का प्राप्त होने योग्य चन्दा (1800x150)	2,70,000
घटाइये–चन्दे की चालू वर्ष की प्राप्त राशि	2,00,000
	70,000

2. वर्ष 2015–16 का बकाया चन्दा जो इस वर्ष प्राप्त नहीं हुआ

बकाया चन्दा 2015–16	21,000
घटाइये–चालू वर्ष में 2015–16 का प्राप्त चन्दा	15,000
	6,000

2 उपभोग योग्य वस्तुएँ(Consumable Stores):सामान्यतया संस्थाओं द्वारा बहुत सी उपभोग योग्य वस्तुएँ क्रय की जाती हैं जिनका स्टॉक भी शेष रहता है तथा इनके क्रय भुगतान की राशियां भी वर्ष से अन्त में बकाया रहती हैं। कई बार इन्हें क्रय से अग्रिम भुगतान भी किया जाता है। अतः आय व्यय खातें को इस व्यय को वर्ष के दौरान वास्तविक उपभोग सामग्री मूल्य पर दिखाया जाता है इसकी गणना निम्नानुसार की जा सकती हैं :–

वर्ष के दौरान उपभोग योग्य सामग्री के मूल्य की गणना

Particulars	Amount ₹
वर्ष के दौरान किये गये भुगतान (प्राप्ति व भुगतान खाते में दिखाए अनुसार)	––––––––
जोड़िएः उक्त सामग्री का प्रारम्भ स्टॉक यह मानते हुए कि पहले इसका उपभोग किया	––––––––
घटाइएः उक्त सामग्री का अन्तिम स्टॉक	––––––––
जोड़िएः चालू वर्ष के अन्त में क्रय का बकाया भुगतान	––––––––
घटाइएंः चालू वर्ष के प्रारम्भ में क्रय के लिये बकाया भुगतान राशि	––––––––
जोड़िएः पिछले वर्ष में उक्त सामग्री क्रय के लिए अग्रिम भुगतान (यह मानते हुए कि उक्त सामग्री इस वर्ष उपभोग की गई)	––––––––
घटाइएः चालू वर्ष में आगामी वर्ष क्रय है अग्रिम भुगतान	––––––––
आय व्यय खाते के नामें में दिखाई जाने वाली राशि	––––––––

Balance Sheet (Current Year)

Liabilities	Amount ₹	Assets	Amount ₹
Creditors at the end of current year	––	Closing Stock Advance payment during the year	–– ––

उदाहरणः 3 निम्नांकित सूचनाओं से 31 मार्च 2017 को समाप्त होने वाले वर्ष के आय व्यय खाते व चिठ्ठे में स्टेशनरी व्यय की राशि किस प्रकार दिखाई जायेगीः From the following informations, how expenses on stationary will be shown in Income & Expenditure Account for the year ending 31 March, 2017, & Balance Sheet on that date.

	₹
स्टेशनरी का 1-4-2016 को प्रारम्भिक स्टॉक Stock of stationary on 1-4-2016	5,000
स्टेशनरी के लेनदार 1-4-16 को Creditors for stationary on 1-4-16	2,000
स्टेशनरी के लिए अग्रिम 31-03-16 को Advance paid for stationary on 31-03-16	1,000
वर्ष 2016-17 के दौरान स्टेशनरी के लिए भुगतान Amount Paid for stationary during the year 2016-17	25,000
31-03-17 को स्टेशनरी का स्टॉक Stock of stationary on 31-03-17	3,000

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

31-03-17 को स्टेशनरी के लेनदार Creditors for stationary on 31-03-17 1,200
31-03-17 को स्टेशनरी के लिए अग्रिम Advance paid for stationary on 31-03-17 13,000

हल: वर्ष के दौरान उपभोग की गई स्टेशनरी की राशि की गणना

Particulars	Amount ₹
चालू वर्ष में भुगतान की गई राशि	25,000
जोडिए: प्रारम्भिक स्टॉक	5,000
प्रारम्भिक अग्रिम भुगतान	1,000
चालू वर्ष के अन्त में बकाया भुगतान	1,200
	32,200
घटाइए: चालू वर्ष के प्रारम्भ में बकाया भुगतान	2,000
चालू वर्ष के अन्त में अग्रिम भुगतान	1,300
अन्तिम स्टॉक	3,000
आय व्यय खाते के नामे पक्ष में स्टेशनरी की दिखाई जाने वाली राशि	25,900

Balance Sheet (An Extract)
As on 31-03-17

Liabilities	Amount ₹	Assets	Amount ₹
Creditors at the end	1,200	Closing Stock	3,000
		Advance paid during the current year	1,300

3. उपभोग योग्य सामग्री से प्राप्ति: कई बार इन संस्थाओं को उपभोग योग्य सामग्री के विक्रय से कुछ राशि प्राप्त होती हैं तो इन राशियों को आयगत प्राप्ति मानकर आय–व्यय खाते के जमा पक्ष में दिखाया जाता हैं।

4. अवशेष सामग्री की बिक्री से प्राप्त राशि: इन संस्थाओं के पास उपभोग के बाद बची अवशेष सामग्री के विक्रय से प्राप्त राशि आयगत मानते हुए आय–व्यय खाते के जमा पक्ष में दिखायेंगे। जैसे पुराने पेकिंग सामग्री, बोतल, घास आदि का विक्रय।

5.समाचार पत्र–पत्रिकाओं का क्रय–विक्रय: इनके क्रय की राशि आयगत व्यय मानते हुए आय–व्यय खाते के नामे पक्ष में दिखाते हैं तथा पुराने अखबार व पत्रिकाओं की बिक्री से प्राप्त राशि आयगत आय मानते हुए आय–व्यय खाते के जमा पक्ष में दिखाते हैं।

6. पुरानी खेल सामग्री का विक्रय: मनोरंजन क्लब व खेलकूद क्लब द्वारा पुरानी खेल सामग्री विक्रय से प्राप्त राशि को आयगत आय मानते हुए आय व्यय खाते के जमा पक्ष में दिखाया जाता है।

7. मानदेय (Honorarium) : संस्था में नियमित कार्यों के अतिरिक्त विशिष्ट कार्य कराने हेतु विभिन्न बाहरी व्यक्तियों को किये गये अतिरिक्त भुगतान को आयगत क्रय मानते हुए आय व्यय खाते के नामे पक्ष में दिखाया जाता है।

8. स्थायी सम्पतियों के क्रय–विक्रय से लाभ/हानि: इन संस्थाओं के पास उपलब्ध स्थायी सम्पतियों के विक्रय से प्राप्त राशि जो पुस्तक मूल्य से अधिक हैं तो अधिक राशि आयगत आय मानी जाती है यदि विक्रय पुस्तक मूल्य से कम है तो अन्तर की राशि आयगत व्यय मानी जाती है तथा उक्त राशियाँ आय व्यय खाते में दिखाते हैं। विक्रय से प्राप्त राशि पूँजीगत प्राप्ति है इसे आय व्यय खाते में नहीं दिखाया जाता है किन्तु इसका पुस्तक का मूल्य सम्पति के मूल्य में से चिठ्ठे में घटा कर दिखाते है। विक्रय से प्राप्त सम्पूर्ण राशि प्राप्ति व भुगतान खाते में प्राप्ति पक्ष में दिखाते हैं।

Income & Expenditure Account

Expenditure	Amount ₹	Income	Amount ₹
To Loss on Sale of Fixed Assets		By Profit on Sale of Fixed Assets	

Balance Sheet

Liabilities	Amount ₹	Assets	Amount ₹
		Assets --	
		(-) Book value of assets sold --	--

9. अन्य आयगत आय व व्यय: विभिन्न सामान्य प्राप्तियों जो उस वर्ष से सम्बन्धित है यथा ब्याज व लाभांश की प्राप्त राशि, मनोरंजन से प्राप्त राशि, टिकट विक्रय से प्राप्तियाँ आय व्यय खाते के जमा पक्ष में दिखाई जानी हैं जबकि उस वर्ष से सम्बन्धित सामान्य व्यय जैसे टेलीफोन, बिल, मजदूरी, बिजली बिल, बीमा व्यय, कार्यालय व्यय, वेतन, मूल्य ह्रास, स्टेशनरी आदि व्यय आय–व्यय खाते के नामे पक्ष में दिखाये जाते है। प्राप्ति व भुगतान खाते में सम्बन्धित वर्ष में प्राप्त समस्त राशियां

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

(चाहे वे किसी भी वर्ष की हैं) प्राप्तियों में तथा सम्बन्धित वर्ष के समस्त भुगतान (चाहे वे किसी भी वर्ष की हैं) भुगतान पक्ष में दिखाते है।

(ब) पूर्णतया पूंजीगत प्रकृति की मदें : ऐसे व्यवहार जिनका लाभ एक से अधिक वर्षों तक मिलेगा तथा उन्हें पूँजीगत प्रकृति की मदें कहा जाता है ये गैर आवर्तक मदें होती हैं।

1.वसीयत में प्राप्ति (Legacies): किसी व्यक्ति द्वारा लिखी गई वसीयत के कारण कोई राशि प्राप्त होती है तो इसे आय व्यय खाते में नहीं दिखाया जाता है बल्कि चिठ्ठे में पूँजी कोष में जोड़कर दिखाया जायेगा। प्राप्ति व भुगतान खाते में प्राप्ति में दिखाया जायेगा।

यदि उक्त प्राप्ति किसी विशिष्ट उद्देश्य के लिए हुई है तो उसे चिठ्ठे में पूँजी कोष में न दिखकर विशिष्ट कोष के रूप में दायित्व पक्ष में दिखाया जायेगा।

2. आजीवन वार्षिक सदस्यता शुल्क : यह एक बार प्राप्त होने वाली पूँजीगत प्राप्ति है इसे चिठ्ठे के दायित्व पक्ष में पूंजी कोष में जोड़कर अथवा पृथक से आजीवन सदस्यता खाता के रूप में दिखाया जायेगा।

3. स्थायी सम्पति का क्रय–विक्रय: यह एक पूँजीगत मद है अतः क्रय राशि को केवल चिठ्ठे के सम्पति पक्ष में सम्बन्धित सम्पति के मूल्य में जोडेंगे। यदि उक्त सम्पति पूर्व में नहीं है तो इसे पृथक से सम्पति पक्ष में दिखा देगें। विक्रय की दशा में उक्त सम्पति के पुस्तक मूल्य के बराबर राशि उक्त सम्पति के मूल्य में घटा देंगे। सम्बन्धित सम्पति का चालू वर्ष का मूल्य ह्रास सम्पति पक्ष में सम्पति के मूल्य में से घटा देंगें। मूल्य ह्रास की राशि आय–व्यय खाते के नामे पक्ष में दिखा देंगे।

उदाहरण 4:– निम्नांकित सूचनाओं से फर्नीचर से सम्बन्धित राशि दिनांक 31.3.2017 के आय–व्यय खाते व उस तिथि के चिठ्ठे में किस प्रकार दिखायेंगे। वर्ष के प्रारम्भ में फर्नीचर ₹ 1,00,000, वर्ष के दौरान 31.12. 2016 को ₹ 20,000 के प्रारम्भिक पुस्तक मूल्य का फर्नीचर ₹ 18,000 में बेचा। 1.10.16 को ₹ 25,000 का नया फर्नीचर खरीदा। फर्नीचर पर 10% वार्षिक दर से मूल्य ह्रास लगाया जाता है।

From the following informations, how the information related to furniture will be shown in Income and Expenditure Account for the year ending 31st March, 2017 and the Balance-Sheet On that date: Opening Balance of furniture ₹ 10,000, during the year on 31-12-16 ₹ 20,000 book value (opening) of furniture was sold for ₹ 18,000, new furniture was purchased on 1-10-16. Depreciate furniture @10% p.a..

Income & Expenditure Account (31-3-17)

Expenditure	Amount ₹	Income	Amount ₹
To Depreciation	10,750		
To loss on sale of furniture (20,000-1,500-18,000)	500		

Balance Sheet (as on 31-3-17)

Liabilities	Amount ₹	Assets		Amount ₹
		Furniture	1,00,000	
		(+) purchase of furniture	25,000	
		(-) Sale of furniture	18,500	
		(B.V. On date of sale)		
		(-) Depreciation		
		80,000 x 10% = 8,000		
		20,000x10% x 9/12 = 1,500		
		25,000x10%x6/12 = 1,250	1,075	95,750

प्राप्ति व भुगतान खाते की दशा में केवल विक्रय व क्रय मूल्य क्रमशः प्राप्ति व भुगतान पक्ष में दिखायेगें।

(4) कोष (Funds): विभिन्न प्रकार के कोषों का लेखांकन, व्यवहार निम्नानुसार होगा:

(1) **सामान्य/गैर प्रतिबन्धित कोष**: ऐसे कोषों को पूंजी कोष में जोडकर चिठ्ठे में दिखाया जाता है।

(2) **विशिष्ट/प्रतिबन्धित कोष**: कोष प्रदाता कभी–2 विशिष्ट उद्देश्य पूर्ति हेतु दान देता है तो ऐसी दशा में उसे पृथक चिठ्ठे के दायित्व पक्ष में दिखाया जायेगा जैसे विशिष्ट पारितोषिक कोष, खेलकूद कोष, इस विशिष्ट कार्य के व्यय इसमें से घटा देते हैं तथा प्राप्त दान इसमें जोड देते हैं।

(3) **स्थायी सम्पति कोष**: किसी विशिष्ठ सम्पति को क्रय करने के लिये बनाये गये कोष की राशि चिठ्ठे के पक्ष में उसी उद्देश्य की प्राप्ति हेतु व्यय के लिए दिखाई जाती है।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

(4) अक्षयनिधि कोष (Endowment fund) : किसी विशिष्ठ व्यय की पूर्ति हेतु दिये गये उपहार जिसकी मूल राशि का उपयोग कभी नहीं किया जा सकता केवल उनके विनियोग से प्राप्त राशि का ही उपयोग कर सकते है। ऐसी राशि पूंजीगत प्राप्ति चिठ्ठे के दायित्व पक्ष में दिखाई हैं अतः इस प्रकार उक्त कोष का शेष यदि ऋणात्मक होता है तो आय व्यय खाते के नामे पक्ष में दिखा देगें। धनात्मक होने चिठ्ठे के दायित्व पक्ष में ही दिखायेंगे।

(5) वार्षिकी कोष (Annuity Fund): कभी दानदाता किसी संस्था को एक निश्चित राशि इस शर्त के साथ देता है कि वह संस्था एक निश्चित राशि प्रतिवर्ष उसके द्वारा बताये गये व्यक्ति को निर्धारित समय परिस्थिति तक भुगतान करेगी ऐसी दशा में उक्त राशि चिठ्ठे के दायित्व पक्ष में दिखाई जायेगी तथा निर्धारित समय/परिस्थिति पूरी होने पर यह राशि उस संस्था की सम्पति हो जायेगी तथा उपहार संलेख अनुसार उसका उपभोग किया जायेगा।

उदाहरण 5 : निम्नांकित सूचनाओं से खेल कोष से सम्बन्धित राशि वर्ष के अन्त में चिठ्ठे में किस प्रकार दिखायेंगे :–

From the following, how games fund informations will be shown in the balance sheet at the end.

	₹
प्रारम्भिक खेल कोष (Games Fund)	2,00,000
वर्ष के खेल व्यय (Games Expenditure)	20,000
खेल हेतु प्रारम्भिक खेल कोष विनियोग (Opening balance of Games Fund Investment)	1,50,000
खेल हेतु वर्ष में प्राप्त दान (Donation for sale of games ticket)	3,000
खेल के टिकट विक्रय से प्राप्ति (Received from sale of games ticket)	10,000
खेल कोष विनियोग पर 10% वार्षिक दर से ब्याज प्राप्त हुआ (Interest received on games fund investment 10% p.a.)	

हलः

Balance Sheet

Liabilities		Amount ₹	Assets	Amount ₹
Games fund	2,00,000		Games Fund Investment	1,50,000
(+) Int. on. Investment	15,000			
(+) Donation	3,000			
(+) Sale of Tickets	10,000			
	2,28,000			
(-) Expenditure	20,000	2,08,000		

(स) परिस्थितियों के अनुसार निर्धारित पूंजीगत आयगत मदें :– कुछ आय व्यय परिस्थितियों के अनुसार आयगत व पूंजीगत माने जाते है। जिनमें प्रमुख इस प्रकार हैः–

(1) दान (Donation) इन संस्थाओं के लिए यह एक सामान्य प्राप्ति है। यह दो प्रकार की हो सकती हैः–

(अ) सामान्य दान : बिना किसी निर्धारित उद्देश्य की पूर्ति के लिए दिये गये दान इस श्रेणी में आते है। सामान्यतः बहुत कम राशि होने पर इन्हें सीधे आय– व्यय खाते में ले जाया जाता है। किन्तु बडी राशि होने पर इसे पूंजीगत प्राप्ति मानते हुए चिट्ठे के दायित्व पक्ष में पूँजी कोष में जोड सकते हैं। जैसे ₹ 200 का दान प्राप्त हुआ तो यह आयगत प्राप्ति होगी। पूंजीगत मानने का निर्णय संस्था पर निर्भर करता है।

(ब) विशिष्ठ दान : किसी विशिष्ठ उद्देश्य की पूर्ति के लिए प्राप्त दान पूँजीगत प्राप्ति होंगे तथा चिठ्ठे में दायित्व पक्ष में इसे दिखाया जायेगा तथा सम्बन्धित उद्देश्य पूर्ति के व्यय उसी में से घटा दिये जायेंगे। प्राप्ति व भुगतान खाते की दशा में सभी प्राप्त राशि प्राप्ति पक्ष में ही दिखायेंगे।

(2) प्रवेश शुल्क (Entrance/Admission Fees) : यह राशि गैर आवर्तक आय तक होने के कारण पूँजी कोष में जोड़ कर चिठ्ठे के दायित्व पक्ष में दिखायेंगे। किन्तु कुछ विद्वान इसे नियमित साधन मानते हुए आयगत आय मानते हैं। सीबीएसई ने भी यही निर्देश दिये है कि इसे आयगत माना जाये परन्तु यदि प्रश्न में इसके विपरीत कोई सूचना हो तो तदनुसार दिखाया जायेगा। जैसे प्रश्न में यह कहा गया हो कि प्रवेश शुल्क का 50% पूँजीकृत करनाा है तो प्राप्त राशि का 50% चिठ्ठे में पूँजी कोष में जोडेंगे तथा शेष को आय–व्यय खाते में आय पक्ष में दिखायेंगे।

(3) सहायता (Grants): सरकार या अन्य संस्थाओं द्वारा यदि गैर व्यापारिक संस्था को कोई सहायता राशि दी जाती है तो सामान्य उद्देश्य पूर्ति के लिए प्राप्त होने पर आयगत मानते हुए आय व्यय खाते के जमा पक्ष में दिखायेंगे जैसे नगद सहायता नवीनीकरण हेतु प्राप्त सहायता/विशिष्ट कार्य हेतु यह सहायता मिली है तो पूँजीगत प्राप्ति मानते हुए चिठ्ठे के दायित्व पक्ष में सम्बन्धित कोष के नाम से दिखा देंगे। जैसे सरकार द्वारा भवन बनाने हेतु दी गई राशि को चिठ्ठे के दायित्व पक्ष में भवन कोष के रूप में दिखाया जायेगा। सम्बन्धित कार्य पूर्ण होने पर उसे पूँजी कोष में स्थानान्तरित कर देगें तथा वह भवन सम्पत्ति पक्ष में दिखायेंगे। प्राप्ति व भुगतान खाते में प्राप्ति पक्ष में दिखायेंगे चाहे सहायता आयगत हो या पूँजीगत।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

(4) प्रारम्भिक पूंजी कोष ज्ञात करना (Calculation of Opening Capital Fund): प्रत्येक संस्था को निरन्तर चालू रखने के लिए कोष की आवश्यकता होती है। जिस प्रकार व्यापारिक संस्थाओं में इसे पूंजी के नाम से जाना जाता है जबकि गैर–व्यापारिक संस्थाओं में इसे पूंजी कोष के नाम से जाना जाता है। प्रतिवर्ष क्रियाकलापों से होने वाले आधिक्य को इसमें जोड देते है तथा न्यूनता को इसमें से घटा देते है। जब कभी अन्तिम चिठ्ठा बनाना हो तो हमें सदैव प्रारम्भिक पूंजी कोष की आवश्यकता होती है जो कभी– कभी प्रश्न में उपलब्ध नहीं होती हैं तो ऐसी दशा में प्रारम्भिक चिठ्ठा बनाकर इसकी गणना कर सकते है। प्रारम्भिक पूँजी कोष की गणना हेतु निम्नांकित प्रक्रिया अपनायेंगे :–

(क) चिठ्ठे के सम्पति पक्ष की मदों की गणना:

(i) प्राप्ति व भुगतान खाते के प्रारम्भिक रोकड शेष को सम्पति पक्ष में दिखायेंगे। **(ii)** चालू वर्ष के प्रारम्भ में सम्पतियों का मूल्य सम्पति पक्ष में दिखायेंगे। वर्ष के दौरान क्रय सम्पतियों का मूल्य नहीं लेगें। **(iii)** पिछले वर्ष किये गये अग्रिम भुगतान दिखाये जायेंगे। **(iv)** पिछले वर्ष के अन्त में बकाया आय दिखाई जायेगी। **(v)** उपभोग योग्य सामग्री का पिछले वर्ष के अन्त में स्टॉक दिखायेंगे।

(ख) चिट्ठे के दायित्व पक्ष की मदों की गणना:

(i) पिछले वर्ष के अन्त में प्राप्त अग्रिम आय दिखाई जायेगी। **(ii)** पिछले वर्ष के अन्त में बकाया व्यय दिखाये जायेंगे। **(iii)** उपभोग योग्य सामग्री की पिछले वर्ष के अन्त में देय राशि या अन्य कोई देय राशि **(iv)** पिछले वर्ष के अन्त में विशिष्ट कोषों का शेष।

(ग) अब उपरोक्त **(क)** राशि में से **(ख)** राशि घटाने पर अन्तर की राशि दायित्व पक्ष में 'पूँजी कोष' का शेष होगा। इस राशि को चालू वर्ष के अन्तिम में चिठ्ठे में दायित्व पक्ष में दिखाया जायेगा।

Format of opening Balance Sheet

Liabilities	Amount ₹	Assets	Amount ₹
-Outstanding Expenses (at the end of last year)		-Cash (Op. Balance of Receipt & Payment Account)	
-Income recd. in Advance (at the end of last year)		-Outstanding Incomes at the end of last year	
-Creditors (at the end of last year)		-Prepaid Expenses (Made Last year)	
-Specific funds (at the end of last year)		-Opening Stock of consumable goods	
-Capital Fund (B/F)		-Assets (At the end of last yr.)	

प्राप्ति एवं भुगतान खाता
(Receipts And Payments Account)

किसी वित्तीय वर्ष के अन्त में रोकड़ बही की सहायता से वर्ष के दौरान विभिन्न स्त्रोतों से प्राप्तियों व भुगतानों की मदों के आधार पर बनाया जाता है। प्राप्तियों व भुगतानों की वर्ष के दौरान विभिन्न तिथियों की प्रविष्टियों को एकजाई कर प्रत्येक मद के योग को इसमें दिखाया जाता है। जैसे वर्ष के दौरान विभिन्न तिथियों को 10 बार किराया चुकाया गया तो सभी राशियों का योग करके प्राप्ति व भुगतान खाते के भुगतान पक्ष में दिखाया जायेगा। गैर व्यापारिक संस्थान वर्ष के प्रारम्भ से ही रोकड़ बही में आवश्यक स्तम्भ बनाकर प्राप्तियों व भुगतानों का मदानुसार विश्लेषण करती है इस प्रकार की संस्थाएं इन विश्लेषण स्तम्भों की सहायता से प्राप्ति व भुगतान खाता सुलभता से तैयार कर लेती है। यह एक स्मरणार्थ खाता है तथा दोहरा लेखा पद्धति का अंग नहीं है।

प्राप्ति व भुगतान खाते की विशेषताएँ:
(Characteristics Of Receipts & Payments Acount)

प्रमुख विशेषताएँ निम्नानुसार है:–

1. यह रोकड़ बही का सारांश है यह एक खाते के आकार में बनाया जाता है जिसके बायें पक्ष में प्राप्तियां व दाहिने पक्ष में भुगतान दिखाये जाते है।

2. यह एक वस्तुगत खाते (Real Account) की प्रकृति का है।

3. निर्धारित अवधि के दौरान हुई समस्त प्राप्तियां व भुगतान दिखाये जाते है चाहे ये किसी भी अवधि से सम्बन्धित हो। अर्थात बकाया, का कोई समायोजन नहीं होता है बकाया आय, बकाया व्यय तथा किसी भी प्रकार की गैर रोकड मदें नहीं दिखाई जाती है, जैसे मूल्य ह्रास आदि।

4. प्राप्तियां व भुगतान चाहे आयगत हो या पूँजीगत प्रकृति के हो सभी को दिखाया जाता है।

5. रोकड व बैंक व्यवहारों में कोई अन्तर नहीं किया जाता है अर्थात दोनों व्यवहार दिखाये जाते हैं।

6. इसके प्रारम्भ में प्रारम्भिक रोकड व बैंक शेष (अथवा बैंक अधिविकर्ष) तथा अन्त में अन्तिम रोकड व बैंक शेष दिखाये जाते है। यथा चन्दा, सामान्य दान, वार्षिक शुल्क आदि।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

प्राप्ति व भुगतान खाता तैयार करने की विधि (Procedure of Preparing Receipts & Payments Account)

इस खाते को तैयार करने की विधि निम्नानुसार है:–

1. इसके नामे पक्ष में रोकड व बैंक का प्रारम्भिक शेष दिखाया जाता है यदि बैंक का जमा शेष है (बैंक अधिविकर्ष) तो प्राप्ति व भुगतान खाते के जमा पक्ष में दिखायगें।
2. रोकड बही के नामे पक्ष की विभिन्न प्राप्तियों की मदों का मद–वार वार्षिक योग इसके नामे पक्ष में दिखाया जायेगा। यथा चन्दा, सामान्य दान, वार्षिक शुल्क आदि।
3. रोकड़ बही के जमा पक्ष में भुगतान की विभिन्न मदों का मद–वार वार्षिक योग प्राप्ति व भुगतान खाते के जमा पक्ष में दिखाया जायेगा। यथा किराया, वेतन, स्टेशनरी, बिजली व्यय, कार्यालय व्यय आदि।
4. अन्त में रोकड बही में रोकड़ व बैंक शेष प्राप्ति व भुगतान खाते के जमा पक्ष में दिखाये जायेगें यदि बैंक अधिविकर्ष है तो इसके नामें पक्ष में दिखाया जायेगा।

नोट:– 1. केवल रोकड़ व बैंक सम्बन्धी लेनदेन ही दिखाते हैं चाहे वे पूंजीगत प्रकृति के हो या आयगत प्रकृति के हो। 2. चालू वर्ष की सभी प्राप्तियों व भुगतानों का दिखाया जाता है चाहे वे किसी भी वर्ष से सम्बन्धित हो अर्थात चालू वर्ष की बकाया आय व बकाया व्यय नहीं दिखाये जाते हैं।

प्राप्ति व भुगतान खाते का प्रारूप
Receipts and Payments Account
for the year ended ----

Receipts	Amount ₹	Payments	Amount ₹
To Balance b/d		By Balance b/d (Bank Overdraft)	-------
Cash in hand -------		By Wages & Salaries	-------
Cash at Bank -------	-------	By Rent, Rates & Taxes	-------
To Subscription	-------	By Insurance	-------
To Donations	-------	By Printing Stationary & Postage	-------
To Sale of scrap and other items & materials	-------	By Advertisement	-------
To Interest of Fixed Deposit	-------	By Telephone Expenses	-------
To Interst from Saving Bank Account	-------	By Honorarium	-------
To Proceeds from Sale of Tickets	-------	By Upkeep of ground	-------
To Grant- in- aid	-------	By Repairs & Renewals	-------
To Sale of Assets & Investments	-------	By Conveyance	-------
To Life Membership Fees	-------	By Audit Fees	-------
To legacies	-------	By Sports Expenses	-------
To Entrance Fees	-------	By Entertainment Expenses	-------
To Balance c/d	-------	By Fate Expenses	-------
(Bank Overdraft)	-------	By Purchase of Assets & Investments	-------
		By Deposits in F.D	-------
		By News Papers & Periodicals	-------
		By Balance c/d	
		Cash in hand -------	
		Cash at Bank -------	-------

बैंक की दोनों राशियों में से बैंक की एक राशि दिखाई जाती है।

प्राप्ति व भुगतान खाता व रोकड बही में अन्तर
(Difference Between Receipts and Payments Account and Cash Book)

आधार	प्राप्ति व भुगतान खाता	रोकड बही
1. आधार	यह रोकड बही से बनाया जाता है।	यह प्रत्येक प्राप्ति व भुगतान की मद व बैंक व्यवहारों से बनाया जाता है।
2. अवधि	वर्ष के अन्त में या किसी निश्चित तिथि को तैयार किया जाता है।	यह वर्ष पर्यन्त दैनिक आधार पर लिखा जाता है।
3. तिथि वार	व्यवहार तिथि वार नहीं लिखते हैं।	व्यवहार तिथि वार लिखते हैं।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

4. पक्ष	इसके दो पक्षों में बायें पक्ष को प्राप्ति व दायें पक्ष को भुगतान कहते हैं।	इसके दो पक्षों में बायें पक्ष कों नामें व दायें पक्ष को जमा कहते हैं।
5. प्रकृति	यह स्मरणार्थ खाता है।	यह मुख्य पुस्तक है।
6. संस्थाएँ	यह गैर–व्यापारिक संस्थाएँ तैयार करती हैं।	यह गैर–व्यापारिक व व्यापारिक दोनों प्रकार की संस्थाएँ तैयार करती हैं।

उदाहरण 6 : निम्नांकित रोकड बही से सम्बन्धित अवधि का प्राप्ति व भुगतान खाता बनाइये।
From the Following Cash Book, prepare Receipts and Payments Account for that period.

Cash Book

			Analysis ₹				
Date	Particulars	Total ₹	Subscription	Donation	Fees	Legacies	Sale of old Materials
2016 Apr,-6	To Balance b/d	5,000					
2016 Apr,-5	To Fees	3,000			3,000		
2016 May,-2	To Subscription	6,000	6,000				
2016 May,-5	To Donations	7,000		7,000			
2016 Aug-6	To Subscription	2,500	2,500				
2016Aug-12	To Legacies	8,000				8,000	
2016 Sept-7	To Fees	2,000			2,000		
2016Sept-15	To Donations	10,000		10,000			
2016 Oct-10	To Subscription	9,000	9,000				
2016Nov-11	To Sale of old Material	1,000					1,000
2016Dec-20	To Legacies	2,500				2,500	
2017Jan-25	To Subscription	12,000	12,000				
2017Feb-10	To Subscription	3,500	3,500				
	Total	71,500	3,3000	17,000	5,000	10,500	1,000

Credit-side

			Analysis ₹				
Date		Total ₹	Salaries	Stationary	Rent	Sports Exp.	Sundries
2016 Apr- 3	By Salaries	3,000	3,000				
2016 Apr- 8	By Stationary	2,000		2,000			
2016 May-7	By Sports Exp.	4,000				4,000	
2016 May-15	By Rent	1,000			1,000		
2016 Jun- 6	By Sundries	1,500					1,500
2016 Jun -14	By Sundries	500					500
2016Jul -10	By Salaries	13,000	13,000				
2016Aug -10	By Rent	1,000			1,000		
2016Nov -16	By Sports Exp.	2,500				2,500	
2016Dec -18	By Salaries	12,500	12,500				
2017Jun- 20	By Sundries	3,500					3,500
2017 Feb-23	By Sundries	4,500					4,500
2017 Feb-28	By Stationary	2,500		2,500			
2016 Mar-31	By Balance c/d	20,000					
	Total	71,500	28,500	4,500	2,000	6,500	10,000

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

हलः

Receipts and Payments Account
For the year ended 31st March, 2017

Receipts	Amount ₹	Payments	Amount ₹
To Balance b/d	5,000	By Salaries	28,500
To Subscription	33,000	Br Stationary	4,500
To Donations	17,000	By Rent	2,000
To Fees	5,000	By Sports materials	6,500
To legacies	10,500	By Sundries	10,000
To Sale of old materials	1,000	By Balance c/d	12,000
	71,500		71,500

आय–व्यय खाता
(Income and Expenditure Account)

